छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
SUNDAY
रायपुर, रविवार, 27 अगस्त 2023
वर्ष - 65 | अंक -133 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

सहकारी आंदोलन में भ्रष्टाचार को समाप्त करने की क्षमता : ओम बिरला पृष्ठ 2

मड़ई
भोजली तिहार बहू बेटी के महापरब पृष्ठ 6

नंबर चार के लिए बिल्कुल सही हैं विराट : डिविलियर्स
पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जाएंगे बिन्नी, शुक्ला पृष्ठ 11

देश विदेश
पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के आश्वासन से फरवरी में चुनाव की फिर से जगी उम्मीदें
मेडागास्कर में भगदड़ 12 लोगों की मौत
ब्रिक्स संसदीय फोरम के द. अफ्रीका में आयोजन की संभावना पृष्ठ 7



> भाजपा ने देशभर में नफरत का केरोसीन फैला दिया है। इसे मुहब्बत की आग से ही बुझाया जा सकता है:
> राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### धार्मिक भेदभाव के आधार पर पिटाई का मामला

# भाजपा का केरोसिन देश के कोने-कोने में फैला

**नई दिल्ली**, 26 अगस्त (देशबन्धु)।शनिवार को उत्तर प्रदेश में धार्मिक भेदभाव के आधार पर एक क्लास टीचर द्वारा अन्य बच्चों से एक छात्र की पिटाई कराने की घटना की राहुल गांधी ने निंदा की है। कांग्रेस नेता ने कहा, मासूम बच्चों के मन में भेदभाव का जहर घोलना, स्कूल जैसे पवित्र स्थान को नफरत का बाजार बनाना, एक शिक्षक देश के लिए इससे बुरा कुछ नहीं कर सकता है। यह भाजपा का फैलाया हुआ वही केरोसिन है जिसने भारत के कोने-कोने में आग लगा रखी है। मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में एक प्राइवेट स्कूल है। स्कूल का एक वीडियो वायरल हो रहा है।स्कूल में क्लास टीचर धार्मिक भेदभाव के आधार एक छात्र को अपने टेबल के पास खड़ा करके दूसरे छात्रों से पिटवा रही हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया और कहा कि 'बच्चे भारत का भविष्य हैं। उनको नफरत नहीं, हम सबको मिल कर मोहब्बत सिखानी है। कांग्रेस नेता ने हाल ही में अपने एक बयान में कहा था कि भाजपा ने देशभर में नफरत का केरोसीन फैला दिया है। इसे मुहब्बत की आग से ही बुझाया जा सकता है।

**भारत का भविष्य हैं बच्चे** -मासूम बच्चों के मन में भेदभाव का ज़हर घोलना, स्कूल जैसे पवित्र स्थान को नफरत का बाजार बनाना, एक शिक्षक देश के लिए इससे बुरा कुछ नहीं कर सकता। ये भाजपा का फैलाया वही केरोसिन है जिसने भारत के कोने-कोने में आग लगा रखी है। बच्चे भारत का भविष्य हैं, उनको नफ़रत नहीं, हम सबको मिल कर मोहब्बत सिखानी है।

**अध्यापिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

मुजफ्फरनगर।उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक स्कूल में बच्चे की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद इसकी आलोचना हो रही है। इस मामले पर पुलिस ने अध्यापिका के खिलाफ ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

#### भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी राजनीति का परिणाम : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी अन्य बच्चों से एक छात्र की पिटाई कराने की घटना की निंदा करते हुए इसे भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी राजनीति का परेशान करने वाला परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं देश की वैश्विक छवि को खराब करती हैं और संविधान के खिलाफ हैं। ऐसी घटनाएं हमारी वैश्विक छवि को धूमिल करती हैं। ये संविधान के खिलाफ है।

#### नफरती राजनीति, देश को यहां ले आई: अखिलेश



इस मामले में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को मुजफ्फरनगर जिले की उस शिक्षिका को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की, जिसने अपने छात्रों को अल्पसंख्यक समुदाय के एक छात्र को कथित तौर पर थप्पड़ मारने के लिए कहा था। सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कथित वीडियो को सपा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुए यह मांग उठाई, जिसे पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पुन-पोस्ट किया। 'एक्स' पर सपा ने भाजपा और आरएसएस निशाना साधते हुए कहा, भाजपा और आरएसएस की नफरती राजनीति, देश को यहां ले आई!


# ओडीएफ के बावजूद छत्तीसगढ़ के 15 लाख परिवार उन्नत शौचालयों से वंचित

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जताई चिंता, जांच की मांग

**रायपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चिंताई जताई है कि पिछली सरकार द्वारा राज्य को ओडीएफ घोषित किए जाने के बावजूद 15 लाख परिवार उन्नत शौचालय सुविधा से वंचित हैं। बघेल ने इन परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध कराने की मांग प्रधानमंत्री से की है। साथ ही कहा है कि उन्नत शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि 12000 रुपए प्रति परिवार से बढ़ाकर 30000 रुपए की जानी चाहिए। उन्होंने अतिवाद प्रभावित तथा दुर्गम क्षेत्रों में ऐसे शौचालयों का निर्माण ग्राम पंचायतों के माध्यम से स्वीकृत करने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र में लिखा है कि भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के तत्वावधान में कराये गये राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 6 (2019-21) में यह पाया गया है कि छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में 88.2 प्रतिशत परिवार एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 73.5 प्रतिशत परिवार उन्नत शौचालय सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इस तरह राज्य के कुल परिवारों में से 76.8 प्रतिशत परिवार उन्नत शौचालय सुविधा का उपयोग कर रहे हैं तथा 23.2 प्रतिशत परिवार इस सुविधा से वंचित हैं। विगत माह राज्य सरकार द्वारा कराये गये सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के दौरान शौचालयों के भौतिक सत्यापन से राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के जारी आंकड़ों की पुष्टि होती है।

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में आगे कहा है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में राज्य में 32 लाख से अधिक शौचालय निर्मित किये हुये थे तथा जनवरी 2018 में संपूर्ण राज्य को ओ.डी.एफ घोषित किया गया था। शौचालयों के निर्माण में लगभग 4,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि का व्यय हुआ था। इतनी राशि व्यय करने के बाद भी राज्य के लगभग 15 लाख परिवारों को वर्तमान में उन्नत शौचालय की सुविधा न होना चिंता एवं जांच का विषय है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र के माध्यम से अनुरोध करते हुए लिखा है कि भारत सरकार के प्रशासकीय विभाग द्वारा स्वतंत्र तृतीय पक्ष के माध्यम से वस्तुस्थिति की जांच करायी जाये तथा राज्य की भौगोलिक एवं जनांकिकीय स्थिति को ध्यान में रखते हुये उन्नत शौचालय सुविधा रहित परिवारों के लिए शौचालय निर्माण हेतु प्रति परिवार प्रोत्साहन राशि को 12,000 रू के स्थान पर 30,000 रू करते हुए राशि स्वीकृत की जावे एवं अतिवाद प्रभावित तथा दुर्गम क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से शौचालय निर्माण की सहमति दी जाये।

#### सीएम ने मांगे छत्तीसगढ़ के बकाया 6000 करोड़

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भारत सरकार द्वारा लंबित देनदारियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस पत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा है कि वर्तमान स्थिति में भारत सरकार/भारतीय खाद्य निगम के स्तर पर राज्य की एजेन्सियों की लम्बित देनदारियां लगभग 6,000 करोड़ रूपये की हो चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि केंद्रीय पूल में राज्य सरकार की ओर से जमा चावल के बाद बचे शेष धान के निराकरण में भी राज्य सरकार को बड़ी हानि उठानी पड़ती है, जिसकी भरपाई भारत सरकार द्वारा नहीं की जाती है। इससे राज्य सरकार को अतिरिक्त आर्थिक भार वहन करना पड़ता है।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध करते हुए इस पत्र में कहा है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे राज्य की एजेन्सियों की लम्बे समय से लम्बित समस्त देनदारियों की समय-सीमा निर्धारित कर निराकरण करें तथा राज्य के विधिक क्लेम की राशि शीघ्र राज्य सरकार को अन्तरित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

## सार संक्षेप

### फासीवादी प्रवृत्तियों का विरोध करता रहूंगा: पवार

**नई दिल्ली**। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं फासीवादी प्रवृत्तियों का विरोध करता रहूंगा। उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी में टूट से इनकार किया और कहा कि यह सच है कि कुछ विधायक पार्टी छोड़कर चले गए हैं, लेकिन केवल विधायकों का मतलब पूरी राजनीतिक पार्टी नहीं है।

### मध्य प्रदेश में शिवराज ने किया मंत्रिमंडल विस्तार

**भोपाल**। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में शामिल तीन नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। रीवा से विधायक राजेंद्र शुक्ल, बालाघाट से विधायक गौरीशंकर बिसेन और खरगापुर से विधायक राहुल लोधी को मंत्री बनाया गया।

### राज्यपाल को सरकार को धमकाने का अधिकार नहीं : मान

**चंडीगढ़**। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि एक 'चयनित' राज्यपाल को निर्वाचित प्रतिनिधियों को धमकाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करने की राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित की 'धमकी' पंजाब के 3.5 करोड़ लोगों का अपमान है। वह ऐसी धमकियों के आगे झुकने वाले नहीं हैं।

### ईडी ने गोल्डन बाबा की 1.53 करोड़ की संपत्ति की कुर्क

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने भुवनेश्वर के ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी के मालिक ज्योति रंजना बेउरा उर्फ गोल्डन बाबा द्वारा अपराध की आय के रूप में अर्जित 1.53 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है।

### दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का निधन

**मुंबई**। दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को मुंबई में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कोहली का जन्म पाकिस्तान के रावलपिंडी के एक सिख परिवार में हुआ था।

### कांग्रेस का भाजपा सरकार पर भय मुक्त भ्रष्टाचार का आरोप

# अडानी ने गुजरात ऊर्जा निगम को लगाई 3900 करोड़ की चपत

**नई दिल्ली**, 26 अगस्त (देशबन्धु)।कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर भय मुक्त भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उनके करीबी उद्योगपति मित्र अडानी समूह के हिस्से के 3900 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, लेकिन अब इस पैसे को लौटाया नहीं जा रहा है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड के साथ एक ऊर्जा समझौता किया था, जिसकी शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है और इस वजह से 3900 करोड़ रुपए की भारी राशि का घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा, सरकार ने अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड के साथ एक बिजली खरीद समझौता यानी पीपीए किया। इसमें एक शर्त थी कि इंडोनेशिया से जो भी कोयला आएगा, उसके तय मूल्य के आधार पर एनर्जी चार्जेज अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड को दिए जाएंगे। पीपीए में लिखा गया था कि अडानी जो भी कोयला खरीदेंगे, उसकी कॉम्पिटिटिव बिड और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

- अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड ने 5 साल तक कोई कागजात नहीं सौंपे

# दिल्ली एयरपोर्ट पर कैंसिल हो सकती है 1000 फ्लाइट

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर दिल्ली में जोर शोर से की जा रही तैयारियों के बीच दिल्ली एयरपोर्ट पर एक हजार से अधिक फ्लाइटों को कैंसिल किए जाने की संभावना है। इसके चलते बाहर से आने व दिल्ली से वाले हवाई यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय वीवीआईपी मेहमानों की आवाजाही को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। सम्मेलन के दौरान दिल्ली एयरपोर्ट अच्छी खासी चहल पहल देखने को मिल सकती है। दिल्ली एयरपोर्ट पर वीवीआईपी मेहमानों की आवाजाही के कारण सुरक्षा के मद्देनजर एक हजार से अधिक फ्लाइटों को कैंसिल किए जाने की संभावना है। विमानन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में ये जानकारी साझा की गई है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था अच्छी रहे इसलिए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 1000 फ्लाइटों को कैंसिल किया जा सकता है।

**पार्किंग में भी कटौती करने के निर्देश**

जी-20 शिखर सम्मेलन के विमानों की पार्किंग में कोई समस्या ना हो इसलिए ये फैसला किया गया है। एयरलाइनों को निर्देश दिया गया है कि पार्किंग में वो कटौती करें। इस संबंध में एयरलाइंसों से कहा गया है कि वो अपने एयरक्राफ्ट को दिल्ली एयरपोर्ट पर खड़ा करने के बजाय किसी अन्य एयरपोर्ट पर खड़ा कर सकते है। जी-20 शिखर सम्मेलन नौ सितंबर को आयोजित होना है। इस सम्मेलन में 30 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसे लेकर ही एयरलाइंस के पूरे शेड्यूल में भी बदलाव किया जा रहा है। इस सम्मेलन के कारण माना जा रहा है कि देश भर में भी एयरलाइंस के नेटवर्क पर असर हो सकता है। यहां तक की कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी किया जा सकता है। दिल्ली एयरपोर्ट पर इस शिखर सम्मेलन से संबंधित 50 से अधिक एयरक्राफ्ट पार्क होंगे। इन विमानों से शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दुनिया भर से कई वीवीआईपी गेस्ट हिस्सा लेंगे। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और चीनी प्रधानमंत्री शी जिनपिंग जैसे लोग शामिल होंगे।

गौरतलब है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर लगभग 220 पार्किंग स्टैंड है। इन दिनों एयर ट्रैफिक में बढ़ोतरी हो रही है। गो फर्स्ट के दिवालिया होने के कारण यहां पहले से 50 विमान खड़े हुए है, जिससे पार्किंग में परेशानी हो सकती है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने पार्किंग की समस्या को देखते हुए इसका हल भी खोजा है। एयरलाइंस विमानों को दिल्ली एयरपोर्ट के अलावा अन्य एयरपोर्ट पर भी पार्क करा सकती है। इसमें लखनऊ और जयपुर एयरपोर्ट भी शामिल है।

# भाजपा चाहे कितने भी घोषणा पत्र लाए, कोई फर्क नहीं पड़ेगा : सैलजा

**रायपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु) कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने भाजपा के घोषणा पत्र समिति के काम को लेकर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि एक बहुत बड़ा फर्क है हमारी पार्टी और भाजपा में। छत्तीसगढ़ की जनता को कांग्रेस पर भरोसा है, जो हमने नहीं कहा उससे ज्यादा कर दिखाया है।



सैलजा ने कहा कि 15 साल इन्हें मौका मिला, अब छत्तीसगढ़ की जनता का इनसे विश्वास उठ चुका है।भाजपा सरकार पर बहुत बड़ा निशान लगा हुआ है, जनता कैसे भरोसा करेगी इनपर। वे चाहे कितने भी घोषणा पत्र लायें, कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

वहीं भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के सरगुजा दौरे पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि वह अपना काम करेंगे। जानते हैं यहां कुछ बचा नहीं है।ना उनके पास नेता है और न ही नीति है, ये नीति विहीन हो चुके हैं। उन्हें मौका मिला मगर इन्होंने सत्ता खो दी और लोगों का विश्वास इनसे उठ गया। कुमारी सैलजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने उनकी असलियत को पहचान लिया है। सीनियर नेता हैं, वह अपना काम कर रहे हैं। हम अपनी तरह से उम्मीदवारों का चयन कर रहे हैं। ब्लॉक में इतने आवेदन पत्र आए हैं, यह उत्साह है, क्योंकि हमने काम किया है, काम करना जानते हैं और आगे भी काम करेंगे।

# मदुरै में ट्रेन में लगी आग, नौ की मौत

**चेन्नई**, 26 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक यात्री में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। रेलवे सूत्रों ने बताया कि यह घटना शनिवार तड़के लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस में हुई। सूत्रों ने बताया कि सभी मृतक उत्तर प्रदेश के थे और रामेश्वरम तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। प्रभावित कोच में 55 यात्री थे, जिसे शुक्रवार को नागरकोइल में जोड़ा गया था। सूत्रों ने बताया कि खाना पकाने के लिए अवैध रूप से कोच के अंदर ले जाए जा रहे गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण आग लगी। इस बीच, घायल हुए 20 लोगों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन मदुरै रेलवे स्टेशन से 1 किमी दूर एक यार्ड में खड़ी थी और यात्री दर्शन के लिए मीनाक्षी मंदिर के लिए निकलने वाले थे। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



# ट्रक में भूसा के नीचे ले जा रहे थे 400 पेटी शराब, दो गिरफ्तार

**महासमुंद**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। सिंघोड़ा व साइबर सेल की टीम ने रेहटीखोल बेरियर के पास एक ट्रक से शराब की तस्करी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों से पुलिस ने 400 पेटी शराब कीमत लगभग 23 लाख रुपए जब्त की है। शराब झारखंड से ओडीशा होते हुए बीजापुर ले जाई जा रही थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34;2, 59;क आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश का एक ट्रक भारी मात्रा में शराब लेकर ओडिशा की ओर से महासमुंद की ओर आ रहा है। सूचना पर सिंघोडा व साइबर सेल टीम ने सभी प्वाइंट पर तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग रेहटीखोल के पास आइसर ट्रक क्रमांक यूपी 77 एटी 4876 को रोका गया। ट्रक में दो युवक सवार थे जिन्होंने अपना नाम.पता मानपुर थाना शिवराजपुर, जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश निवासी अजय कुमार 25 चासबोकारो, थाना चासबोकारो, झारखण्ड निवासी बादल मण्डल 25 वर्ष बताया। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो उसमें भूसा भरा था, भूसा बोरी को हटाने पर ट्रॉली में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



### चंद्रयान-3 मिशन पर प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

# लैंडिंग प्वाइंट को 'शिव शक्ति प्वाइंट नाम मिला

**बेंगलुरु**, 26 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां घोषणा की कि चंद्रयान-3 मिशन के लैंडिंग प्वाइंट को 'शिव शक्ति प्वाइंट' के नाम से जाना जाएगा। इसरो आए पीएम ने कहा कि चंद्रयान-2 की लैंडिंग वाले स्थान को तिरंगा बिंदु कहा जाएगा, जबकि चंद्रमा पर विक्रम लैंडर के उतरने का दिन (23 अगस्त) देश में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के इसरो कमांड सेंटर में वैज्ञानिकों की सभा को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं कीं। पीम ने कहा, भारत ने उस टचडाउन प्वाइंट का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट' रखने का फैसला किया है, जहां विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। चंद्रमा का शिव शक्ति प्वांइट हिमालय से कन्याकुमारी तक एकता का प्रतीक होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि शिव शक्ति प्वाइंट भावी पीढ़ियों को मानवता के कल्याण के लिए विज्ञान के उपयोग की दिशा में प्रेरित करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रमा पर वह प्वाइंट जहां चंद्रयान मिशन-2 न ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



■ चंद्रयान-2 की लैंडिंग वाले स्थान को तिरंगा बिंदु कहा जाएगा

### लोस चुनाव 2024

### तीसरी बैठक में और बढ़ेगा इंडिया गठबंधन का कद

# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुंबई बैठक के लिए तैयार

**नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी महत्वपूर्ण बैठक के बाद मजबूत होने के लिए तैयार है। इंडिया (आईएनडीआईए) सदस्य दलों के सूत्रों के मुताबिक, बैठक में महाराष्ट्र शेतकारी दल की भागीदारी होगी। 23 जून को पटना में हुई पहली बैठक में 16 पार्टियों ने हिस्सा लिया था।**

*एक महीने से भी कम समय में, 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में दूसरे दौर की बैठक के दौरान गठबंधन 26 दलों तक पहुंच गया था। तीसरी बैठक में एक और दल को जोड़ने के अलावा राज्य स्तर पर गठबंधन के लिए उप समिति और सामूहिक बैठक पर भी निर्णय लिया जायेगा। पार्टी सूत्रों ने कहा कि उप-समिति के गठन से 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से मुकाबला करने के लिए गठबंधन के कामकाज में मदद मिलेगी।*

*मुंबई की बैठक में गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक को लेकर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, कई नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय संयोजक का पद सृजित करने के बजाय कई दलों की उप समिति इस पद को संभाल सकती है, जो कार्यक्रमों को तय करने का काम भी करेगी और पार्टियों के बीच समन्वय की अहम भूमिका भी निभाएगी। सूत्रों ने आगे कहा कि तीसरी बैठक में न्यूनतम साझा कार्यक्रम के मसौदे और इंडिया पार्टियों के लोगो पर भी चर्चा की जाएगी, जो मुंबई में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना (यूबीटी) के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी द्वारा आयोजित की जा रही है।*

**80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद**

*बैठक में कम से कम 80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा होगी और महंगाई, बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा को घेरने पर चर्चा होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों पर कोई चर्चा होगी, इस पर सूत्रों ने आगे कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना नहीं है क्योंकि पार्टियों को पहले मुद्दों और सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री पद के चेहरे और सीट बंटवारे का फैसला बाद में किया जाएगा, क्योंकि* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

- राष्ट्रीय संयोजक को लेकर लिया जाएगा फैसला
- उप समिति के गठन पर भी हो सकती है चर्चा

**उवाच** "अगर यहां शहरी स्थानीय निकाय, पंचायत व संसद के चुनाव हो सकते हैं, तो जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव क्यों नहीं हो सकते। भाजपा विधानसभा चुनाव कराने से क्यों भाग रही है।

-उमर अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# सहकारी आंदोलन में भ्रष्टाचार को समाप्त करने की क्षमता : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को राजस्थान की गंगापुर सिटी में सहकार किसान सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से इस विजन को वास्तविकता में बदलने के लिए सहकारी आंदोलन का समर्थन करने का आग्रह किया। बिरला ने कहा कि सहकारी आंदोलन अब वास्तव में जमीनी स्तर का आंदोलन बन चुका है जिसमें भ्रष्टाचार को समाप्त करने, पारदर्शिता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की क्षमता है। उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को समारोह में उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया। यह कार्यक्रम उर्वरक सहकारी संस्था इफको द्वारा आयोजित किया गया था और इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा अन्य विशिष्टजनों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने कृषक समुदाय, विशेषकर महिलाओं को धन्यवाद दिया जो बड़ी संख्या में समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। बिरला ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए लोगों के उत्साह से भारत में सहकारी आंदोलन की लोकप्रियता का पता चलता है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सहकारी आंदोलन में केवल किसान ही शामिल नहीं हैं, बल्कि इसमें मजदूर, कर्मचारी, महिलाएं आदि भी शामिल हैं जो एक समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। बिरला ने बताया कि सहकारी आंदोलन का लक्ष्य न केवल किसानों का विकास है, बल्कि बड़े पैमाने पर समाज का विकास भी है। इस आंदोलन से बिना ब्याज के ऋण तथा नैनो उर्वरकों के उपयोग और विकास जैसे विभिन्न प्रयासों के माध्यम से बड़े वित्तीय संस्थानों पर निर्भरता कम होने के साथ ही हमारी आयात देनदारियां कम हुई हैं और ग्रामीण भारत में आर्थिक पुनरुत्थान हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों को ग्राम सहकारी समितियों में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि यह कृषि पद्धतियों, बीजों, उर्वरकों के साथ-साथ वित्तीय सहायता आदि के बारे में जानकारी के प्रसार का एक उत्कृष्ट माध्यम है। बिरला ने एक ऐसे नए भारत के विजन की बात की जिसमें प्रत्येक गांव की अपनी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां होंगी ताकि दूर के इलाकों में उगाए जाने वाले खाद्यान्नों को उसी दिन बड़े शहरों या शहरी क्षेत्रों में पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर कई संसद सदस्य, इफको के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

- **लोस अध्यक्ष ने सहकार किसान सम्मेलन को किया संबोधित**
- **लोस अध्यक्ष ने लोगों को ग्राम सहकारी समितियों में भाग लेने के लिए किया प्रोत्साहित**




**सहकारी आंदोलन का लक्ष्य बड़े पैमाने पर समाज का विकास : ओम बिरला**

### नई नीतिगत पहलों से सहकारी क्षेत्र पुनर्जीवित हुआ : लोस अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय की स्थापना और मंत्रालय द्वारा हाल ही में की गई नीतिगत पहलों से भारत में सहकारी क्षेत्र पुनर्जीवित और मजबूत हुआ है। बिरला ने यह भी कहा कि सहकारी आंदोलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित आत्मनिर्भर भारत का सच्चा रूप है। उन्होंने ऑपरेशन फ्लड की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि इस अभियान से भारत में अमूल जैसे सबसे सफल सहकारी संस्था की स्थापना हुई। उन्होंने यह भी कहा कि हमें ऐसी पहलों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उन्हें हर गांव में दोहराना चाहिए। उनका मानना था कि सहकारी आंदोलन की सफलता सबसे दूर स्थानों के अंतिम किसान को लाभ पहुंचाने में निहित है।

# बंगाल के जलपाईगुड़ी में बाढ़ जैसे हालात

**कोलकाता,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में मूसलाधार बारिश के बाद तीस्ता और कराला नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जिससे शहर में घरों और अन्य जगहों में पानी भर गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड नंबर 25 के अंतर्गत पारस मित्रा कॉलोनी के निचले इलाके हैं, जहां कई लोग विस्थापित हो गए हैं क्योंकि उनके घरों में नदी का पानी भर गया है। जलपाईगुड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष स्वरूप मंडल के नेतृत्व में एक बचाव दल ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है और प्रभावित लोगों को सूखे इलाकों में ले जाया है।



**शहर में घुसने लगा नदी का पानी**

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों के दौरान भारी और लगातार बारिश के कारण दोनों नदियों में जल स्तर बढ़ गया है। वार्ड नंबर 25 की पार्षद पौषाली दास ने पुष्टि की, कि करीब 350 परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को बाढ़ आश्रय स्थलों या अन्य क्षेत्रों में दोस्तों या रिश्तेदारों के घरों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा कई मवेशी भी प्रभावित हुए हैं। हम यथासंभव अस्थायी आश्रय और भोजन प्रदान करके उन्हें बचाने और उनकी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, नदी का पानी बढ़ने से वार्ड नंबर 1 और 3 के कुछ हिस्सों में भी बाढ़ आ गई है। प्रशासनिक बिल्डिंग और जलपाईगुड़ी जिला अस्पताल के सामने के इलाकों में भी भारी जलजमाव देखा जा रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिवार के सदस्यों को भारी परेशानी हो रही है।

# जम्मू-कश्मीर में भूमिहीन योजना पूर तरह रहस्य में डूबी : पीडीपी

**जम्मू कश्मीर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। कश्मीर में विपक्षी पार्टियों ने प्रशासन की भूमिहीन योजना के पात्र लाभार्थियों पर स्पष्टता की मांग करते हुए कहा कि अधिवास का अधिकार केवल प्रदेश के स्थायी निवासियों को दिया जाना चाहिए। जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने भूमिहीन लोगों को पट्टे के आधार पर भूमि के आबंटन को मंजूरी दे दी है। केवल केंद्र शासित प्रदेश के निवासी ही इस योजना के लिए पात्र हैं। राजस्व विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के एक सेट में, प्रशासन ने भूमिहीन पीएमएवाई (जी)/ आवास प्लस लाभार्थियों के पक्ष में पट्टे के आधार पर पांच मरला राज्य भूमि के आवंटन को मंजूरी दे दी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के मुख्य प्रवक्ता सुहैल बुखारी ने योजना के इरादों और निहितार्थों के संबंध में प्रशासन से अधिक पारदर्शिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह पूरी नीति रहस्य में डूबी हुई है। जो आवश्यक जानकारी आनी चाहिए थी, वह लोगों से दूर है। प्रारंभ में प्रशासन ने बताया कि दो लाख भूमिहीन परिवार थे। बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि संख्या कम थी। अब दिशा निर्देश जारी किए तो कहा कि इस योजना की पात्रता जम्मू और कश्मीर का अधिवास होगा। हम जानते हैं कि प्रशासन ने कई ऐसे लोगों को अधिवास प्रमाण पत्र जारी किए हैं, जो मूलरूप से जम्मू और कश्मीर के निवासी नहीं हैं। प्रशासन बताएं कि अब तक कितने अधिवास प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, उनमें से कितने जम्मू-कश्मीर के हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि यह योजना खराब नहीं है, लेकिन निर्णय निर्वाचित सरकार पर छोड़ देना चाहिए था।



- **भूमिहीनों को जमीन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने लाभार्थियों पर सरकार से मांगी स्पष्टता**
- **योजना के इरादों के संबंध में प्रशासन से अधिक पारदर्शिता का किया आह्वान**

ऐसे निर्णय निर्वाचित सरकार द्वारा लिए जाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण सवाल जो लोग पूछ रहे हैं वह यह है कि क्या ये लाभार्थी अगस्त 2019 (जब अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया) से पहले के निवासी हैं या उसके बाद के। अगर यह बाद की बात है, तो यह पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है। सीपीआई (एम) नेता एमवाई तारिगामी ने कहा कि कई राजनीतिक दलों ने मांग की है कि अधिवास का अधिकार केवल स्थायी निवासियों को दिया जाना चाहिए।

## सार संक्षेप

### बारामूला में आरएंडबी इंजीनियर लापता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार के सड़क एवं भवन (आर-बी) विभाग का एक इंजीनियर गत शुक्रवार दोपहर बारामूला जिले से लापता हो गया है। सूत्रों ने बताया कि आरएंडबी विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर गुरुमीत सिंह शुक्रवार को बारामूला शहर में कुछ आधिकारिक बैठक में भाग लेने गए थे, लेकिन शाम को अपने घर वापस रिपोर्ट करने में विफल रहे। लापता इंजीनियर के परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और उसके बाद, पुलिस द्वारा इंजीनियर का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया।

### ममता ने तमिलनाडु ट्रेन दुर्घटना पर जताया शोक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने भारतीय रेलवे से मानव जीवन के प्रति अधिक सतर्क और कम कठोर रहने का आग्रह किया। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा, इस बार शनिवार को मदुरै (तमिलनाडु) में रेलवे की एक और विनाशकारी घटना हुई, जिसमें ट्रेन के एक कोच में भीषण आग लग गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी। इस हादसे में कम से कम 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि मैं मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के लिए प्रार्थना करती हूं, मुझे उम्मीद है कि जांच के बाद जल्द ही जिम्मेदार व्यक्ति का पता चल जाएगा।

### बिहार में अदालत परिसर में चली गोली, दो कैदी घायल

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर न्यायालय परिसर में शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर दी। इस घटना में दो अपराधी घायल हो गए और एक पुलिसकर्मी को भी हल्की चोट लगने की सूचना है। अदालत परिसर में फायरिंग से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस के अनुसार, चार अपराधी पैदल ही अदालत परिसर में आए और शराब माफिया रहे प्रभात चौधरी को निशाना बनाकर गोली चला दी।

### मप्र में मिनी ट्रक पलटने से चार लोगों की मौत

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के नरवर थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक मिनी ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। मिनी ट्रक में सवार लोग भैंस खरीदकर ले जा रहे थे। दुर्घटना में मिनी ट्रक में सवार चार भैंसों की भी मृत्यु हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तड़के धौलपुर पुरानी क्षेत्र के कुछ लोग शिवपुरी जिले के नरवर क्षेत्र से भैंस खरीद कर मिनी ट्रक से धौलपुर ले जा रहे थे।

# बिहार सरकार ने मंत्रियों के निजी सचिवों के पर कतरे

**पटना,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार सरकार ने मंत्रियों के निजी सचिवों के रूप में काम कर रहे लोगों को सलाह दी है कि वे विभागों के कामकाज से संवाद करने से बचे तथा कहा गया है कि स्वयं को मंत्री के गैर-सरकारी कार्यों तक ही सीमित रखें। बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने सभी विभागों के मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव और सचिव को पत्र भेजकर यह कहा है कि मंत्रियों के आप्त सचिव (सरकारी) एवं आप्त सचिव (वाह्य) के कार्यों के आवंटन से संबंधित स्पष्ट आदेश निर्गत नहीं हैं, जिससे इनके कर्तव्यों के निर्धारण से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। पत्र में कहा गया है कि सरकारी आप्त सचिव प्रशासनिक सेवाओं के पदाधिकारी होते हैं। उन्हें सरकारी नियमों, प्रक्रियाओं आदि की विस्तृत जानकारी एवं कार्यानुभव होता है। ऐसे में यह निर्णय लिया गया है कि मंत्रियों के आप्त सचिव (सरकारी) के द्वारा सरकारी संचिकाओं से संबंधी कार्य, मंत्री के आदेशानुसार सरकार के पदाधिकारियों से पत्राचार संबंधी कार्य एवं मंत्री द्वारा सौंपे गये अन्य सरकारी कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आप्त सचिव (वाह्य) का पूर्वानुभव एवं ज्ञान सरकारी आप्त सचिव से भिन्न होने के कारण वे मंत्री के यात्रा, भ्रमण कार्यक्रम से संबंधित कार्य, गैर-सरकारी एवं सामान्य जन से साक्षात्कार के समय निर्धारण सहित अन्य कार्य एवं मंत्री द्वारा सौंपे गए अन्य गैर-सरकारी कार्य करेंगे।



- **अधिकारियों से लिखित-मौखिक संवाद करने से बचने के निर्देश**

### एलएसी विवाद पर कांग्रेस का मोदी सरकार पर आरोप

# भारत-चीन के बीच पीछे हटने का कोई जिक्र नहीं

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने शनिवार को कहा कि चीन की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की बैठक को लेकर जारी बयान में डिसइंगेजमेंट का कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने यह भी पूछा कि अगर कोई डिसइंगेजमेंट हो रहा है तो वह किसकी शर्तों पर हो रहा है। लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि यह दिलचस्प होता कि चीनी पक्ष कहता कि पीएमओ और राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की बैठक हुई, जिसमें सैनिकों की वापसी का कोई जिक्र नहीं हुआ। इसके बदले यह कहा गया कि भारत के अनुरोध पर आयोजित बैठक में दोनों पक्षों को अपने द्विपक्षीय संबंधों के समग्र हितों को ध्यान में रखने और सीमा मुद्दे को ठीक से संभालने पर चर्चा हुई, ताकि सीमा क्षेत्र में शांति की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति मोदी और शी अपने संबंधित अधिकारियों को सैनिकों की शीघ्र वापसी और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश देने पर सहमत हुए। पूर्व केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री मनीष तिवारी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, दो विवरण उतने ही अलग हैं, जितनी कि चॉक और चीज। यदि कुछ हो रहा है तो किसकी शर्तों पर हो रहा है। क्या भारत अब 1959 की चीनी दावा रेखा को स्वीकार करने को तैयार है। संबंधों को सामान्य बनाने के लिए अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल करने की भारत की स्थिति का क्या हुआ? अप्रैल 2020 से चीनी कब्जे के तहत 2,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र का क्या होगा। उन्होंने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के विदेश मंत्रालय के रीड आउट के लिंक को भी अटैच करते हुए अपनी टिप्पणी की। दरअसल, 24 अगस्त को जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर मीडिया को जानकारी देने के दौरान जब विदेश सचिव विनय क्वात्रा से मोदी-शी के बीच बातचीत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि दोनों नेता संबंधित अधिकारियों को शीघ्र विघटन और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने के निर्देश देने पर सहमत हुए। विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए जरूरी है। विदेश सचिव ने आगे बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एलएसी पर अनसुलझे मुद्दों पर भारत की चिंताओं पर प्रकाश डाला। विनय क्वात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि यह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर हुई बातचीत थी, जहां पीएम मोदी ने एलएसी तनाव के बारे में बात की।



**दो विवरण उतने ही अलग हैं, जितनी की चॉक और चीज : मनीष तिवारी**

### पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर गतिरोध बरकरार

बता दें 14 अगस्त को भारतीय सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच कोर कमांडर स्तर की 19वें दौर की वार्ता हुई। बातचीत के दौरान पूर्वी लद्दाख में तनाव वाले इलाके में सैनिकों को पीछे हटाने और तनाव कम करने पर चर्चा हुई। भारत की ओर से देपसांग और डेमचोक इलाके पर चर्चा की गई। पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध बना हुआ है। पिछले तीन साल से भारत और चीन की सेनाओं के बीच टकराव चल रहा है। हालांकि, इस दौरान दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित की है। इसके बावजूद देपसांग और डेमचोक में तनाव है।

# अल्लू अर्जुन ने उच्च स्तरीय अभिनय से जीता देश-विदेश का दिल : केसीआर

**हैदराबाद,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने देश में निर्मित सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाली फिल्मों के लिए केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में तेलुगु फिल्मों द्वारा कई पुरस्कार जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त की। केसीआर ने टॉलीवुड के आइकन स्टार अल्लू अर्जुन को बधाई दी, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। यह गर्व का क्षण है कि किसी तेलुगु नायक ने पिछले 60 वर्षों में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। अल्लू अर्जुन अपनी ब्लॉकबस्टर एक्शन फिल्म पुष्पा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले पहले तेलुगु अभिनेता बन गए। अल्लू अर्जुन ने कई फिल्मों में नायक के रूप में अपने उच्च स्तरीय अभिनय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीएम ने कहा कि अल्लू अर्जुन ने अपने दादा और महान अभिनेता अल्लू रामलिंगैया की विरासत को जारी रखा और प्रसिद्ध तेलुगु अभिनेता चिरंजीवी की प्रेरणा से अपने दम पर एक महान अभिनेता के रूप में उभरे। इसी मौके पर सीएम केसीआर ने अपने रचनात्मक लेखन से तेलुगु फिल्म गीत के बोलों को वैश्विक पहचान दिलाने वाले ऑस्कर पुरस्कार विजेता चंद्र बोस को सर्वश्रेष्ठ फिल्म गीत का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की। सीएम केसीआर ने चंद्र बोस को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक देवी प्रसाद, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक कालभैरव, सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक पुरुषोत्तमाचार्य और कई फिल्मों के निर्माताओं, निर्देशकों, अभिनेताओं और तकनीकी कर्मचारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने अपनी-अपनी श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार जीते।



- **तेलुगु फिल्मों द्वारा कई पुरस्कार जीतने पर जताई खुशी**

# जेयू ने आंतरिक रिपोर्ट में माना, रैगिंग से हुई फ्रेशर की मौत

**कोलकाता,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। रैगिंग के कारण 10 अगस्त को कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के एक नए छात्र की मौत हो गई। यह बात विश्वविद्यालय की आंतरिक जांच समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में कही है। हालाकि, आंतरिक जांच समिति द्वारा शुक्रवार शाम को जेयू के अंतरिम उपाध्यक्ष के कार्यालय को सौंपी गई रिपोर्ट में उन परिस्थितियों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया जो घटना का कारण बनीं। आंतरिक जांच रिपोर्ट में केवल यह बताया गया है कि घटना के पहले छात्र मानसिक दबाव में था। इसने यह भी स्वीकार किया है कि विवि परिसर में इसके पहले भी रैगिंग की घटनाएं हुई थीं, लेकिन ऐसी घटना नहीं हुई थी। आंतरिक रिपोर्ट इस बात पर भी चुप है कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र महीनों बाद भी छात्रावास पर कब्जा क्यों किए रहते हैं। मामले में जेयू के गणित में स्नातकोत्तर के पूर्व छात्र, सौरव चौधरी को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। जेयू के अंदरूनी सूत्रों का एक वर्ग स्वीकार करता है कि विश्वविद्यालय की अपनी जांच समिति की आंतरिक रिपोर्ट प्रशासनिक अक्षमता को स्वीकार करता है, जिसके कारण अप्रिय घटनाएं हो जाती हैं।



# इसरो वैज्ञानिकों ने समय की रेत पर छोड़ी एक अमिट छाप : शाह

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने समय की रेत पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

अमित शाह ने शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, भारत के चंद्र मिशन की ऐतिहासिक सफलता के साथ, हमारे वैज्ञानिकों ने समय की रेत पर एक अमिट छाप छोड़ी है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान -3 के लैंडिंग स्थल को शिवशक्ति और जिस स्थान पर चंद्रयान-2 गिरा था, उसे तिरंगा नाम दिया, ताकि हमें याद दिलाया जा सके कि कोई भी विफलता स्थायी नहीं होती। दूसरी तरफ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने प्रयोग के लिए कार्यस्थल पर एक आर्टिफिशियल (कृत्रिम) चंद्रमा बनाया था। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चाहते थे कि लोग जानें कि वैज्ञानिकों ने सफलता हासिल करने के लिए क्या प्रयास किए हैं। लोगों को यह पता होना चाहिए।




- **चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर शाह ने इसरो वैज्ञानिकों को दी बधाई**

### चिंता | कर्नाटक व केरल के कावेरी घाटी क्षेत्र में खराब दक्षिण-पश्चिम मानसून ने बढ़ाई मुश्किलें

# बेंगलुरु में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना बड़ी चुनौती

बेंगलुरु, 26 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के लिए कावेरी विवाद को संभालना एक झटका साबित हो सकता है। एक के बाद एक अपनी गारंटी योजनाओं के कार्यान्वयन के बाद पार्टी सातवें आसमान पर है। लेकिन, उन्हें दक्षिण कर्नाटक क्षेत्र में कावेरी जलग्रहण क्षेत्र में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। जहां कर्नाटक और केरल के कावेरी घाटी क्षेत्र में दक्षिण पश्चिम मानसून की विफलता के कारण जल वर्ष 2023-24 एक कठिन साल साबित हुआ, वहीं आने वाले दिनों में राज्य सरकार के सामने एक कठिन काम है। जलाशयों में जल भंडारण की कमी के कारण, आने वाले दिनों में आईटी राजधानी बेंगलुरु शहर में पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होने जा रही है। वहीं, कांग्रेस सरकार द्वारा इस संबंध में आयोजित सर्वदलीय बैठक में आम आदमी पार्टी (आप) को आमंत्रित करने की जहमत नहीं उठाने से इंडियन नेशनल डेवेलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर असर पड़ने की संभावना है, क्योंकि आप का केंद्रीय नेतृत्व इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। दक्षिण कर्नाटक क्षेत्र, विशेष रूप से मांड्या, मैसूरु, चामराजनगर और हसन जिले, जिन्हें वोक्कालिगा गढ़ के रूप में भी जाना जाता है, ने जद (एस) के मुकाबले कांग्रेस के उम्मीदवारों को चुना क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने 30 वर्षों के बाद उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को पार्टी के चेहरे के रूप में पेश किया था। जल विवाद पर कांग्रेस सरकार के नरम रुख और देरी से प्रतिक्रिया ने लोगों को नाराज कर दिया है।



- **जलाशयों में जल भंडारण की कमी बनी बड़ी समस्या**

शिवकुमार, जो जल संसाधन मंत्रालय भी संभालते हैं और आक्रामकता के लिए जाने जाते हैं, ने रक्षात्मक रुख अपनाया। कावेरी जलग्रहण क्षेत्र में मानसून की विफलता के बाद भी, कर्नाटक सरकार सोती रही और तमिलनाडु द्वारा अपनी खड़ी कुरुवाई फसल के लिए पानी जारी करने के लिए कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) से संपर्क करने के बाद ही जागी। यहां तक कि जब तमिलनाडु के प्रतिनिधि आदेश को मानने से इनकार करते हुए बैठक से बाहर चले गए और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका दायर करने और तीन-न्यायाधीशों की पीठ का गठन करने में सफल रहे, तो कर्नाटक ने बाद में जल्दबाजी में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई और एक याचिका दायर की। विशेषज्ञों का मानना है कि कर्नाटक, जिसने अब तक पानी छोड़ा है, सुप्रीम कोर्ट की पीठ के आदेश देने के बाद संभवतः उसे और अधिक पानी छोड़ना होगा। आप की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष मुख्यमंत्री चंद्रू के सरकार को कानूनी सहायता की पेशकश करने वाले पत्र का जवाब नहीं देने और सर्वदलीय बैठक के लिए आप को आमंत्रित नहीं करना, कांग्रेस सरकार को महंगा पड़ने की संभावना है।




■ गीतांजलि श्री

कपड़े बदलते हुए राजन ने रीता से कहा, जो रसोई घर में रात की खाने के तैयारी कर रही थी :

''लिफ्ट में आते समय डॉ. पमनानी को लिफ्ट से बाहर निकलते देखा, बिल्डिंग में शायद कोई बीमार है।''

रीता ने हाथ में पकड़ी हुई खाने की चीजें मेज पर रखीं और प्लेटें नेपकिन से पोंछते हुए कहा, ''रति बीमार है, आज ऑफिस भी नहीं गयी।''

खाने का पहला कौर मुँह में डालते हुए राजन के कहा : ''आज ऑफिस में मुझसे काम नहीं हो पा रहा था, ऐसा लग रहा था जैसे तबीयत ठीक नहीं है।''

रीता ने राजन की ओर जाँचती हुई दृष्टि से देखा, फिर खाना खाते हुए कहा, ''बुधवार की छुट्टी है, आप डॉक्टर से जाँच करवा लें।''

''बच्चे क्या कर रहे हैं ?

''पढ़ रहे हैं, टर्मिनल टेस्ट होने वाला है।''

दोनों चुपचाप खाना खा रहे थे। महानगर का कोलाहल धीरे-धीरे कम हो रहा था। रीता ने कहा, ''भगवान के पास न्याय नहीं है।''

राजन भीतर-ही-भीतर जैसे चौंक पड़ा। प्रश्नवाचक दृष्टि से पत्नी की ओर देखने लगा।

रीता ने कहा, ''रति कितनी अच्छी स्त्री है, पर पति कैसा किस्मत में लिखा हुआ था। अच्छे-भले, खाते-पीते घर की लड़की कहाँ आ पड़ी। कहते हैं, उसका पति अब रोज पीकर आता है। पता है, तरक्की के बाद रति की तनख्वाह बढ़ गयी है ?''

राजन कोई भी उत्तर नहीं सोच सका। वह चुपचाप खाना खाता रहा। दूसरे कमरे से बेटी की पुस्तक पढ़ने की आवाज आ रही थी।

बात को आगे बढ़ाते हुए रीता ने कहा, ''रति अब अफसर बन गयी है। उसकी तनख्वाह एक हजार बढ़ गयी है।''

राजन के चेहरे पर कुछ गम्भीरता आ गयी, जैसे कोई खास खबर सुनी हो।

''बेचारी रति, सुबह को जल्दी उठकर घर का कामकाज करके बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करती है। सबको नाश्ता देकर, दोपहर का खाना बनाकर पति को देती है और खुद लेकर दफ्तर जाती है। सारा दिन दफ्तर में काम करने के बाद, घर लौटने पर फिर काम।'' रीता के स्वर में स्त्री की पीड़ा छुपी थी।

राजन ने कोई उत्तर नहीं दिया।

राजन का मन कुछ देर तक अपने भीतर कुछ टटोलता रहा। फिर एकाएक वह चौंक पड़ा। कई दृश्य उसकी आँखों के सामने चलचित्र की तरह घूमने लगे।

रोज सुबह उठने में देर हो जाने के कारण पहला विचार जो राजन के मन में आता है, वह यह कि उसकी रोज वाली बस कहीं छूट न जाए। वह हर काम जल्दी-जल्दी करता है। बार-बार घड़ी देखता है।

जल्बाजी में नाश्ता भी पूरा नहीं करता है। कई बार पेन मेज पर छूट जाता है। बेल्ट भी लिफ्ट में उतरते-उतरते बाँधता है। रास्ते पर उसके पैर चलते नहीं, दौड़ते हैं। उसे अपनी ही फुर्ती पर आश्चर्य होता है। बस स्टॉप पर पहुँचकर रति को वहाँ लगी लाइन में खड़े देखकर उसे राहत-सी होती है। रति का कतार में होना इस बात का संकेत है कि उसकी बस अभी नहीं आयी है। वह कुछ धीमे चलने लगता है। सोचता है चिन्ता करना, अपने आप को रौंदना, उसकी आदत बन गई है। फालतू बातें और भ्रम मन में पालना उसके स्वभाव का हिस्सा बन गये हैं। वह बस के बारे में ऐसे सोचता है, जैसे वह बस स्टैंड उसकी जिन्दगी की दौड़ की मंजिल हो।

रीता ने कहा, ''राजन, भगवान ने स्त्रियों का जीवन इतना दु:खमय क्यों बनाया है ? बदलते हुए इस समय में कहा जाता है कि सब कुछ बदला है, पर स्त्री का भाग्य कहाँ बदला है ?''

राजन कुल्ला करके आ गया था। तौलिए से हाथ पोंछते हुए पूछा, ''क्या मिस्टर साजनानी बहुत ज्यादा पीने लगे हैं ?''

रीता ने कहा, ''सुना है, अब तो धन्धे पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। सारा धन्धा चौपट हो गया है। अब तो पत्नी की तनख्वाह से ही घर चल रहा है।''

राजन ने सूखे स्वर में कहा, ''यह धन्धा भी तो रति के पिता ने ही शुरू करवा कर दिया था।''

रीता ने उसाँस भरते हुए कहा, ''माँ-बाप-बेटी के लिए सौ आशाएँ रखें, हजार कोशिशें करें, पर किस्मत भी साथ दे, तब न।''

राजन को दफ्तर में बिताया दिन याद आया। रीता से बोला, ''मैं आज स्वयं को थका-थका अनुभव कर रहा हूँ। ऑफिस में काम करने में मन नहीं लग रहा था।''

''सोफे पर आराम से बैठकर टी. वी. देखिए, पर आवाज कम रखिएगा। बच्चों की पढ़ाई में डिस्टर्ब होगा। मैं जरा रति को देख आऊँ।''

राजन सोफे पर बैठकर टी. वी. देखने लगा। चित्रहार चल रहा था। फिल्मी गीतों पर नायक-नायिका नाचते-कूदते चक्कर लगा रहे थे। पीछे के दृश्य बार-बार बदल रहे थे। नायिका कभी साड़ी में, कभी सरवार-कुर्ते में तो कभी जींस, टी-शर्ट में नाच रही थी। हमेशा की तरह आज भी यह कार्यक्रम राजन को बहला न सका। उसे लगा कि उसका मन उखड़ा-उखड़ा है। टी. वी. में नाचते लोग उसे मनुष्य न लगकर, बैटरी से चलने वाले प्लास्टिक के खिलौने लग रहे थे। उसने उठकर टी. वी. बन्द कर दिया।

वह सोचने लगा, 'इन्सान की जिन्दगी कितनी बेतुकी और थका देने वाली है। रोज-रोज वही काम करने पड़ते हैं, बिना किसी उद्देश्य के। जिन्दगी का जैसे कोई अर्थ नहीं रह गया है। जीना जैसे एक आदत बन गई है।' आज ऑफिस में काम करते समय, उसका शरीर और आत्मा दोनों थके हुए थे।

उसी समय रीता पास वाले घर से वापस आई, बोली, ''थोड़ी देर हो गई, टी वी. क्यों बन्द कर दिया ?''

''देखने में मजा नहीं आया।''

''आप आज कुछ थके-थके लग रहे हैं। मैं बच्चों को सुलाकर अपना बिस्तर ठीक कर आती हूँ। आप एस्प्रीन की गोली खाकर सोना, नींद आ जाएगी।'' दरवाजे के पास पहुँचकर रीता ने पति की ओर देखा और फिर बोली, ''रति को एक सौ दो बुखार था, पर बुखार में भी वह मुस्कुरा रही थी।''

रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया।

उसे देखकर रति के चेहरे पर एक छोटी-सी, पर अपनत्व भरी, कुछ दु:ख-भरी, कुछ सुख-भरी दूज के पतले चाँद की तरह बारीक मुस्कुराहट दिखाई देती है। राजन जानता है, यह मुस्कान उसके लिए है और उसके अपने चेहरे पर उसकी जानकारी के बिना मुस्कुराहट तैर जाती है। वह सुबह की सारी तकलीफें, सारी परेशानियाँ भूल जाता है। जब वह बस में अपनी सीट पर बैठा रहता है और बस शहर की रणभूमि की सेनाओं के बीच रास्ता बनाती, बँधी आँखों वाले घोड़े की तरह दौड़ती रहती है तब वह नन्हीं मुस्कान, गुब्बारे की तरह फूलकर उसके ह्रदय को अनजानी प्रसन्नता से भर देती है। उसके ह्रदय से प्रवाहित होने वाला रक्त, उस मुस्कान को उसके सारे शरीर में फैला देता है। वह भूल जाता है कि रति भी इसी बस में कहीं बैठी है। सिर्फ वह मुस्कान उसके साथ होती है और उसके शरीर में टॉनिक की तरह ताकत और ताजगी का संचार करती रहती है।

उसने और रति ने आपस में कभी बात नहीं की है। उन्हें इतना पता है कि वे पड़ोसी हैं, एक-दूसरे के पास रहते हैं। उनकी आत्माएँ एक-दूसरे के इर्द-गिर्द फड़फड़ाती रहती हैं। राजन को लगता है, वह मृत नहीं है। बस में बैठे और मनुष्य भी निर्जीव नहीं हैं। रास्ते के दोनों ओर बनी इमारतें महज दीवारें नहीं हैं। उनके भीतर धड़कते ह्रदय है। शायद रति की यह नन्ही मुस्कान, उसके निरर्थक जीवन को थोड़ी देर के लिए अर्थवान बना देती है। बड़े शहरों में बस की यात्रा प्राय: लम्बी होती है। कभी-कभी लगता है कि यह .यात्रा पूरी नहीं होगी, पर हरेक बस किसी मुकाम पर आकर रुक जाती है। सारे यात्री वहाँ उतरते हैं। बस खाली खोका बन जाती है। राजन का दफ्तर आखिरी स्टॉप के पास में है और रति का कुछ और दूर। दोनों बस के आखिरी स्टॉप पर उतरते हैं और लोगों की भीड़ में खो जाते हैं। खो जाने के पहले राजन की निगाहें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं। अनजाने में ही उसके चेहरे पर मुस्कुराहट आ जाती है। प्रत्युत्तर में रति के चेहरे पर भी एक नन्हीं से मुस्कुराहट तैर आती है। यह सब राजन की आदत-सी बन गई है। उसे लगता है कि जब उसका आँखें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं, तब रति भी शायद उसकी निगाहों की प्रतीक्षा में होती है। शायद उसकी मुस्कुराहट न पाकर वह कुछ खो जाने जैसा अनुभव करती है।

रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया। मौका मिलने पर भी हम दोनों बस में कभी पास नहीं बैठे हैं। हम दोनों एक-दूसरे के इतना पास या दूर हैं, जितने दो तारे। राजन ने स्वयं से पूछा, 'क्या यह सत्य हो सकता है कि वह मुस्कुराहट मुझे सारे दिन ताजगी देती है ? सारा दिन मेरे चारों ओर उसका असर बना रहता है ?'

उसी समय रीता कमरे में आयी। बोली, ''मैंने बिस्तर बिछा दिया है।'' दोनों सोने के कमरे में आये। राजन ने रोज की तरह पलंग पर बैठते ही टेबल-लैम्प नहीं जलाया।

रीता ने आश्चर्य से पूछा = ''क्या, आज किताब नहीं पढ़ेंगे ?'' राजन की आदत थी कि सोने से पहले वह कुछ देर तक कोई किताब या पत्रिका पढ़ता था।

'नहीं।' उसने कहा और तकिए पर सिर रख लेट गया।

बत्ती बुझाकर रीता, राजन के पास लेट गयी। बोली, ''रति को डॉक्टर कह गया है कि उसे हफ्ते भर तक आफिस नहीं जाना चाहिए।''

राजन अँधेरे में छत की ओर देखते हुए सोचने लगा कि इस सप्ताह रति की मुस्कुराट पाए बिना, उससे ऑफिस में काम कैसे होगा?



## राखी

■ नज़ीर अकबराबादी

चली आती है अब तो हर कहीं बाज़ार की राखी
सुनहरी सब्ज़ रेशम ज़र्द और गुलनार की राखी

बनी है गो कि नादिर ख़ूब हर सरदार की राखी
सलोनों में अजब रंगीं है उस दिलदार की राखी

न पहुँचे एक गुल को यार जिस गुलज़ार की राखी
अयाँ है अब तो राखी भी चमन भी गुल भी शबनम भी

उठाना हाथ प्यारे वाह-वा टुक देख लें हम भी
तुम्हारी मोतियों की और ज़री के तार की राखी

कहाँ नाज़ुक ये पहुँचे और कहाँ ये रंग मिलते हैं
चमन में शाख़ पर कब इस तरह के फूल खिलते हैं

जो कुछ ख़ूबी में है उस शोख़-ए-गुल-रुख़सार की राखी
फिरें हैं राखियाँ बाँधे जो हर दम हुस्न के तारे

तो उन की राखियों को देख ऐ जाँ चाव के मारे
पहन ज़ुन्नार और क़श्क़ा लगा माथे उपर बारे

'नज़ीर' आया है बाम्हन बन के राखी बाँधने प्यारे
बँधा लो उस से तुम हँस कर अब इस त्यौहार की राखी

लघुकथा ■ प्रभा दीक्षित

## वर्तमान काल-कथा

वह गांव से भाग कर शहर आया है ताकि कुछ मेहनत मजदूरी कर के अपने आपको एवं परिवार को जीवित रख सके। एक सप्ताह भटकने के बाद भी उसे काम नहीं मिला। भूख के कारण उसे दिन में तारे दिखाई दे रहे हैं। वह भीख मांगने की सोच रहा है, मगर भीख मांगने की आदत नहीं है। तभी उसने देखा शहर की चालू सड़क पर एक मंदिर बना है जहां भिखारियों की भीड़ है। उसने सोचा यहां अवश्य कुछ खाने को मिलता होगा। वह भीड़ से कुछ अलग भीड़ में शामिल हो गया है। तभी एक भक्त पाव भर मिठाई के साथ मंदिर के बाहर आते हैं। भिखारियों की भीड़ उन्हें घेरे हैं। वह एक छोटा पेड़ा सबको देते हुए आगे बढ़ते हैं और उस गंवई युवक से कहते हैं 'लो भाई प्रसाद लो।' वह अंजुरी बांधकर दोनों हाथ फैला देता है। एक दस ग्राम का पेड़ा उसके हाथ में है, वह खाने जा रहा था तभी बगल में एक भिखारी बालक गिड़गिड़ा कर कहता है- ''मुझे भूख लगी है।'' युवक के सामने गांव में छोड़ा हुआ उसका बच्चा साकार हो उठता है। वह उसे पेड़ा देकर आगे बढ़ जाता है और एक पार्क में जाकर ढ़ह जाता है।

सुबह के अखबाार में एक छोटी सी खबर है पार्क में लावारिस युवक की लाश पाई गई। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार-भूख, प्यास के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

# बाजारवाद में 'घिस रहा है धान का कटोरा'



समीक्षक : अरविन्द श्रीवास्तव

नागार्जुन अपनी कविता 'सिके हुए दो भुट्टे' में लिखते हैं- 'सिके हुए दो भुट्टे सामने आए तबीयत खिल गई, दाँतों की मौजूदगी का सुफल मिला तबीयत खिल गई' .. नागार्जुन की इस कविता का नायक- अखिलेश ने अपनी मेहनत से जिन पौधों को उगाया था, वार्ड नंबर दस के पीछे जेल की क्यारियों में। ढाई महीने पहले की अखिलेश की खेती इन दिनों अब जाने किस-किस को पहुँचा रही है सुख। बीसियों जने आज अखिलेश को दुआ दे रहे हैं। सिके हुए भुट्टों का स्वाद ले रहे हैं डिस्ट्रिक्ट जेल की चाहरदीवारियों के अंदर नागार्जुन की इन पंक्तियों में जो वेदना छिपी है, वह वर्तमान व्यवस्था को बड़ी मुलायमियत से बेनकाब करती है। यह महज संयोग है कि किसानी संस्कृति पर अपनी बेबाक लेखन के लिए चर्चा में आये कवि लक्ष्मीकांत मुकुल द्वारा नव सृजित संग्रह 'घिस रहा है धान का कटोरा' वर्तमान हालात से दो-दो हाथ करने को उतारू हैं । संग्रह में समाहित कुल पचहत्तर कविताएं समय की कुव्यवस्था को न केवल आईना दिखलाती हैं, बल्कि बहुत कुछ सोचने को विवश भी करती हैं। ठेठ देशज व आंचलिक अंदाज की ये कविताएं बगैर किसी लाग-लपेट के पाठकों के जेहन को एक नए अहसास का आस्वादन कराती हैं। संग्रह में कृषि कर्म, ग्रामीण संस्कृति, हमारी परंपरा और पर्यावरण की चिंता इनकी कविताओं के केंद्र बिंदु रहे हैं, बहरहाल इनकी लेखनी की जद में अनेक ऐसे अछूते विषय भी हैं, जहां एक सधा हुए कवि ही पहुंच सकता है । विकासवाद के अंधी दौड़ में भागती दुनिया में जो पीछे छूट रहा है, उसकी नोटिस कवि बेहद मार्मिकता से करता हैं, जैसे- भलुआहीं मोड़ की फुलेसरी देवी के मन में/ बसी है छोटी लाइन/ वह बालविवाहिता दहेज दानवों से उत्पीड़ित/ खूंटा तोड़कर भागी थी घर से/ इसी रेलगाड़ी पर किसी ने दी थी उसे पनाह।

कवि का मुख्य फोकस कृषि कर्म से जुड़े धरती पुत्र श्रमिकों पर रहा है, उनकी दशा का चित्रण बड़े ही सटीक ढंग से करते हुए वह कहता है - कौन है वह शातिर चेहरा/ जो छीन रहा है जनता से/ कृषि योग्य भूमि का अधिकार/ सेज, हाइवे, बांधों रेलखंडों के नाम/ कौन बुला रहा है विदेशी कम्पनियों को/ कारपोरेट खेती करने, एग्रो प्रोसेसिंग इकाइयां बनाने के लिए/ हमारी छाती पर मूंग दलते हुए/ हाईब्रिड बीजों, केमिकल खादों, जहरीली दवाओं/ महँगे यंत्रों से कौन चीरहरण करना चाहता है, हमारी उर्वरता का ?




कवि का मानना है कि बाजार व्यवस्था की पीठ पर पलथी मारे बैठे हैं जल्लाद, नए अवतार में नई चालबाजियां चलते हुए, हमारा ध्यान भटकते हुए नित्य नई युक्तियों से !

कवि लक्ष्मीकांत मुकुल शांत सहज प्रकृति के कवि हैं, उनकी चिंतन का दायरा समस्त ब्रह्मांड है, स्वभाविक है, पर्यावरण के प्रति उनका नजरिया भी संवेदनशील होगा, 'यह कैसा समय है' शीर्षक कविता में वे कहते हैं- यह कैसा समय है, जब कजरारी घटाएं भूल जाती हैं बरसने की जिम्मेदारी, वनस्पतियां भूल जाती है समयानुसार फूलना-फलना, मौसम बदल रहा है, ऋतु-चक्र का प्रत्यावर्तन, मौसमी हवाएं पल बदलकर, पश्चिमी विक्षोभ में हो रही है शामिल !

कवि ने अभी बीते कोरोना काल के दंश को देखा और भोगा है, जिसके ताण्डव से पूरी दुनिया कांप गयी थी, कवि मानता है कि - गहरी साजिशों के तहत/ वे शैतान उत्पन्न कर रहे हैं मनुष्यता के विरुद्ध जैविक औजार/ जिनके पास गुण नहीं होते, बांझ पपीते में लाने को फल/ जिनके जनमाये रोबोट नहीं बना सकते, मधुमक्खियों जैसे शहद बूंद/ उनके बनाए हाइड्रोजन बमों से बंजर हो चुकी मरुभूमियों पर, नहीं बरसाई जा सकती झमाझम बारिश, जिससे गदाराकर उभर आती, गर्भवती स्त्री सदृश्य इस धरती की काया ! सच में कोरोना काल की भयावहता के लिए शब्द तामिर नहीं हो सकते, कवि अपनी सौभाविक मुलायमियत का परिचय देते हुए कहता है कि कोरोना जैसे दानव-दूतों के आगमन से रोकी जा रही है मिलने-जुलने की संभावनाएं, स्वजनों को छूने-चूमने पर लग गया है कर्फ़्यू !

समकालीन कविता में प्रेम और युद्ध की चर्चा वैश्विक स्तर पर होते रही है, जैसे इसके बगैर कोई संग्रह मुकम्मल नहीं हो सकता ।'घिस रहा है धान का कटोरा' में कवि ने इन विषयों पर गंभीरता से विमर्श किया है 'युद्ध' कविता की बानगी दीगर है- युद्ध की भाषा उन्मादी होती है, जिसमें शामिल होते हैं विध्वंसक तत्व, इमारतों को नष्ट करने, खड़ी फसलों को ख़ाक में मिलाने के लिए, दूधमुहें बच्चों को माँ की आँचल से दूर करने की साज़िश, चरवाहों को उनके पशुओं, किसानों को उनके खेतों से, बेदखल करने की सनक.. तानाशाह का दर्प अट्टहास करता है, युद्ध की भाषा की शैली में, दूसरों से छीन लेने की आजादी.., युद्ध थोपने वाला चाहता है, कि वह छीन ले मासूम बच्चों की हंसी, कामगारों के हाथों से कुदाल, नौजवानों के पास से सपनें, बूढ़ों के सहारे की छड़ी..!

इस संग्रह में कवि ने प्रेम के लिए पर्याप्त स्पेस बचाए रखा है, कवि जानता है कि प्रेम से ही इस धरा पर सुख, शांति और संपन्नता का बीजारोपण हो सकता है और नकारात्मकता को खदेड़ा जा सकता है। प्रेम के अपने अहसास को कवि शब्दों में व्यक्त करते हुए लिखता है कि- मदार के उजले फूलों की तरह, तुम आयी हो कूड़ेदान भरे मेरे इस जीवन में, तितलियों, भौरों जैसा उमड़ता, सूंघता रहता हूँ तुम्हारी त्वचा से उठती गंध, तुम्हारे स्पर्श से उभरती चाहतों की कोमलता, तुम्हारी पनीली आंखों में छाया पोखरे का फैलाव..!




कवि ने अपने कविता कर्म में तनिक भी कोताही नहीं की है। कवि की सक्रियता देश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनके लेखन से भी की जा सकती है, अनेक भाषाओं में अनुदित इनकी कविताएं बिहार के बक्सर जनपद से उठकर विश्व पटल पर अपनी खुशबू बिखेर रही है ! कवि के लिए साधुवाद व स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएं करता हूँ ।

**पुस्तक : घिस रहा है धान का कटोरा (कविता संग्रह)**
**लेखक : लक्ष्मीकांत मुकुल**
**प्रकाशन : सृजनलोक प्रकाशन, बी-1,दुग्गल कॉलनी, खानपुर, नई दिल्ली- 110062.**
**मूल्य : 299 ?**

## हाना

दूध अउ दुहनी दुनो गय।
दू ठन नुकसान होय ले ये हाना ल केहे जाथे। दुहनी दूध रखने के मटकी अउ दूध दूनों के नुकसान होगे। वस्तु अउ धन दूनो गय।

## शब्द अरथ

1. चिपचिपहा- पसीना, धूल धुआं या आंखी के मैल के कारण दृष्टि के धुंधलाने जैसा, चिपचिपा युक्त, लसदार।
2. चिपचिपाना- अधिक जागरण या थकावट के कारण नींद आने के कारण चिपचिपा लगना
3. चिपचिपाल- पसीना, धूल, धुआं या आंख के मैल के कारण दृष्टि धुंधलाया हुआ। चिपचिपाहटपन लिया हुआ
4. चिपचिपासी- अधिक जागरण या थकावट के कारण नींद लगने की क्रिया या भाव। पसीना, धूल, धुआं या आंख के मैल के कारण दृष्टि मिचमिचाने की क्रिया या भाव।
5. चिपटइया- पुड़िया बनाने वाला, संचित करने वाला।
6. चिपटई- पुड़िया बनाने या संचित करने की क्रिया या भाव
7. चिपटउनी- पुड़िया बनाने यांचित करने अथवा करवाने का खर्च या पारिश्रमिक
8. चिपटना-पुड़िया बनाना, संचित करना।
9. चिपटल- पुड़िया बना हुआ, संचित किया हुआ
10. चिपटहा- चिपटल।

# आस्था ऊपर चोट आदिपुरुष

बालीवुड म कोई न कोई फिल्म ऊपर बवाल होते रहिथे। कभू गाना ल ले के त कभू पहनावा या कपड़ा ल ले के कुछ न कुछ चलत रहिथे।

अभी एक फिल्म आये रहिसे 'आदिपुरुष'। ये ह रामायण ऊपर बनाये गे हावय। गुलशन कुमार के प्रोडक्शन म बने फिल्म आश्चर्य ले भरे हावय। ओ गुलशन कुमार जेखर धार्मिक भजन आवय विडियो बनय। येखर बैनर म एक कार्टून तरह के फिल्म बना के पूरा रामायण ल मजाक बनाना बहुत ही आश्चर्य म डार दे हावय।

सब दृश्य मन ल कम्प्यूटर ले बनाये गे हावय। 'प्रभास' दक्षिण के हीरो आये। ये ह बाहुबली के हीरो रहिस हे। ये फिल्म में राम के रुप म बाहुबली के ही आभास देवाथे। कभू लगथे के ये दक्षिण भारत के फिल्म आये। ये ह कोनो मेर ले रामकथा नइ लगय। फिल्मीकरण भी सही तरिका ले नइ होय हावय।

राम लड़ाई राक्षस मन ले होथे तब बहुत अकन आत्मा मन आकाश म आ जथे, आत्मा मन घलो लड़थें। ये कल्पना के कहानी आये। सैफ अली रावण के रुप म ठीक हावय। फेर ओखर राम के लड़ाई राक्षस मन ले होथे तब बहुत अकन आत्मा मन आ जथें। ओमन भी लड़ाई करथें। रावन के लंका तो कोयला के या फेर मैग्नीज के खदान असन लागथे। पूरा करिया हावय। सोना के पीला रंग तो दिखबे नइ करय। ये फिल्म ह न तो लइकामन बर आये अउ न बड़े मन बर आये, येला तो कार्टून बना देतिस त ज्यादा अच्छा होतिस ।

रावण जब सीता हरण करथे तब सीता ह रावण के पाछू-पाछू उड़त जाथे। पुष्पक विमान के पता नइये। ये विमान आज भी हमर विज्ञान के विकास के कहिनी बताथे। बाद म रावण ह चमगादड़ ऊपर म बइठे रहिथे अउ सीता ल बांध के ओखर पीठ म सुताये रहिथे। वानर के साथ म चिंपाजी भी दिखाये गे हावय।

राघव अउ जानकी नाम रख के रामायण के राम-सीता के स्वरुप ल बदल दे गे हावय। कहिनी तो उही हावय फेर जगह, पहनावा, दृश्य मन ल बदल दे गे हावय। हनुमान ले जब मिलथे तब गणित के सवाल पूछथे। ये जगह पूरा कार्टून लगथे। एक जगह लकड़ी के लिफ्ट घलो दिखाये गे हावय। बारुद के उपयोग दिखाये गे हावय तोप के गोला छोड़े जाथे। राम-रावण के लड़ाई म मुखौटा लगा के लड़थें। हवा म मनखे मन उड़त रहिथें।

धर्म या धार्मिक कथा के मजाक बनावत सिनेमा

धर्म या धार्मिक कथा के मजाक बनावत सिनेमा ल सेंसर बोर्ड पास कइसे कर दिस। का उंहा राम कथा ल जानने वाला कोई नइ रहिस हे। आज जब राम मंदिर बनत हे। राम के स्वरूप के फोटो कम्प्यूटर ले निकाले गे हावय। पुष्पक विमान के सत्यता के बात उठत हावय। राम सेतु के सत्यता ऊपर मोहर लगगे हावय। ओ समय म राम कथा के विरुद्ध बहुत ही गंदा तरीका ले राम कथा ल प्रस्तुत करेगे हावय। येखर विरोध होना चाही। आगे से धार्मिक कथा ऊपर फिल्म बनाये ऊपर बैन लगा देना चाही।

ये फिल्म सबके दिमाग म काये असर करही। धर्म या फेर धार्मिक कथा के मजाक बनाना ही ये फिल्म के उद्देश्य आये। पूरा के पूरा रामायण के कथा ल बदल देना का उचित हे? आज के युवा पीढ़ी येला देख के काय धारणा बनाही। रामायण के कहिनी ले अलग एक कहिनी ल देख के काये सोचही। सही गलत के फैसला कइसे करही। आम मनखे बर तो बहुत ही झटका लगने वाला सिनेमा आये जेन ल तुरंत बंद कर देना चाही।

**सुधा वर्मा**

# रक्षा बंधन

**समारु के देश के राजा हा निसंतान रहय। ओहा समारु अऊ ओकर बहिनी के वीरता ले प्रभावित रिहिस। समारु ल राजपाठ सौंप के सन्यास ले लिस। राजा समारु ह बहिनी के सुरता म .. हरेक बछर सावन के आखरी दिन गांव के बहिनी माई के हाथ ले धागा बंधवाय। धीरे-धीरे हरेक भाई मन के कलाई म बहिनी के हाथ ले उही दिन ले धागा बंधवाय के परम्परा बनगे। धागा हा भाई-बहिनी के प्रेम के बीच रक्षा के प्रतीक बन गिस।**

कहिनी

मंगलू नाव के एक झन मनखे हा मंडल घर नौकर लगय। बात तइहा तइहा के आय। ओकर दू झन औलाद रिहिस। एक झन बेटा अऊ एके झन बेटी। घर म जमा पूंजी भले नइ रहय फेर एको बेर खाय बर लाला थापा करे बर नइ लागय। बेटा समारू अऊ बेटी रमौतिन हा देखते देखत बाढ़े लगिस। बेटा हा ददा कस बलकरहा रिहिस। ओहा सियान होवत ददा ला बुता करे बर छेंके लगिस अऊ खुद मंडल के घर म नौकर लगे के मन बना डरिस। एती नोनी रमौतिन हा घला सग्यान होवत रहय ओकरो बर बिहाव बर सगा सोदर उतरे लगिस। मंगलू हा दुनों के बिहाव निपटाय के पाछू बुता काम ला तिरोहित करके मंगली संग तीरथ बरथ के योजना बनावत रहय। ओकर तिर चार काठा के धनहा अऊ नानुक बारी बखरी के अलावा अपन झोपड़ी से लगे बियारा भर रहय। नौकर तिर अऊ कतेक रइहि गा तेमा? अइसन म बने घर के छोकरी कइसे मिलही? घर म पूंजी के नाव म मंगली तिर सांटी करधन अऊ सूता रहय बपरी हा बेटी ला बिहाव म देना हे सोंच-सोंच के संदूक ले बाहिर केवल देखे बर निकालय। बने घर ले बहू पाय बर अपन बेटा समारू ला राज सैनिक बन जाय के इच्छा जाहिर करिस।

उंकर देश राज ह बहुत समृद्ध रहय तेकर सेती परोसी देश केआँखी म गड़य । परोसी हा इँकर देश राज ला अपन म मिलाय बर हमला के तैयारी करे लगिस। इंहा के राजा ला पता चलि। ओ समे काकरो तिर स्थायी सेना के संख्या बल बहुत कम रहय उंकर संख्या बल म काकरो हमला के सामना सम्भव नइ रहय। तेकर सेती जब अइसन स्थिति आवय तब अपन राज के एक घर के एक जवान छोकरा ला लकर-धकर भर्ती कर डरय अऊ आठ दस दिन के प्रशिक्षण म लड़े लइक अस्थायी सेना के निर्माण कर डरय। परोसी के विरोधी गतिविधि जान समझ राजा हा देश के जवान मन ला बलइस। मारो-मारो खेती किसानी के दिन रहय। बतर बियासी के समे रहय। कोन आही? तब राजा हा हरेक घर ले एक जवान ला सेना म भरती होय खातिर फरमान जारी कर दिस।

मंगलू के चाह पूरा होवत दिखे लगिस। बेटा समारू ला घला देश के सेवा करे बर खंधो डरे रिहिस। समारू के इच्छा तो देश सेवा के जरूर रिहिस फेर ओकर मन म बात ये रिहिस के अपन घर के ओहा अकेल्ला बेटा आय। लड़ई म मर जाहि त दाई-ददा के सेवा कोन करही अऊ सग्यान होवत बहिनी के बिहाव घला कइसे होही? बपरा हा असमंजस म परे रिहिस। राज फरमान ह ददा के इच्छा ला मजबूती दिस। एती रमौतिन हा भाई ला ओकर लहुटत ले दाई-ददा के सेवा करे के विश्वास देवावत भाई ल देश सेवा म जाय बर खुशी-खुशी राजी कर डरिस।

बिहिनियां ले समारू ह राजकीय सेना म भर्ती होय बर तैयार होय लगिस। बेटा ह सैनिक बनके सेवा करय ये इच्छा हा दाई-ददा के मन म जरूर रिहिस फेर रहि-रहि के मन के कोना म अज्ञात भय घला पदोवत रिहिस। केऊ बेर लगय को जनि बेटा लहुट के आही या निहि? बेटी घला समझदार हो चुके रिहिस। दाई-ददा के मन ल पढ़ डरिस। दाई-ददा ला प्रेम से समझावत किहिस के बिदाई के बेर रोना गाना नइहे। हमर भाई हा उद्दे जाहि उद्दे लहुटही। जम्मो झन मन ला कठोर करके बिदा के आरती उतारे लगिन। सावन महिना के आखरी दिन झोर-झोर के पानी गिरत रहय। जाय के बेर भाई किथे- तुमन फिकर झन करहू में बहुत जल्दी सकुशल वापिस लहुटहूं। रमौतिन ह भाई के जेवनी हाथ म धागा बांधे लगिस। भाई पूछिस- ये काय या रमौतिन? बहिनी किथे- तोर रक्षा के गारंटी बर मोर बंधन आय भइया। भाई हाँसत किथे-धागा हा मोर काय रक्षा करही पगली? बहिनी किथे- करही भाई। तोरो रक्षा करही अऊ हमरो लाज बचाही। तोला घर वापिस आय के सुरता घला इही धागा हा देवाही। गला भरभरागे कुछ कहि नइ सकिस। भाई चल दिस।



लघियात लड़ई शुरू होगे। समारू हा ताकतवार तो रहिस हे। ऊपर से होनहार घला। हथियार चलाय के दू दिन के प्रशिक्षण म निपुणता हासिल होगे। सेना के नवजवान टुकड़ी के जुम्मेवारी घला ओकरे खांध म आगे। लड़त-लड़त को जनि कहां निकलगे। दुश्मन के मुकाबला म इंकर तैयारी पिछवागे रिहिस। समारू के शहीद होय के समाचार मिलिस। रमौतिन कहय- भइया समारू हा मर नइ सकय। ओकर हाथ म रक्षा बर धागा बंधाय हे। गांव के मन ओकर बात ला हल्का म लेवय। सहेली मन कहय- कइसे बही पगली कस गोठियाथस रमौतिन नानुक धागा हा ओकर काय रक्षा करही तेमा? रमौतिन ला धागा ऊपर अतेक विश्वास रहय के ओकर बंधाये रहत ले भाई ल कुछ नइ होय। कुछ दिन पाछू दुश्मन भितर तक खुसरगे। राजा ल कैद करे के समाचार मिले लगिस। भयंकर मारकाट मचावत चारों डहर ल कब्जिया डरिस। बहिनी बेटी ला धर-धर के लेगे लगिन। उंकर इज्जत आबरू सरेआम लूटे लगिन। जेमन विरोध करिन तेकर कत्लेआम कर दे गिस। समारू के दाई-ददा हा घला इंकर शिकार हो गिस। रमौतिन ह अपन इज्जत बंचाय बर कुछ संगवारी मन संग जंगल म लुकागे। जंगल म लकड़ी बीने बर किंजरत रहय तेकर सेती जंगल के डगर-डगर ले वाकिफ रहय।

जंगल म रमौतिन ला कुछ अऊ संगवारी मिल गिन। रमौतिन के अगुवाई म जंगल भितरि नानुक सेना बनगे। दुश्मन सेना के हथियार ल लूटपाट करके सके ल डरिन। तिर तखार के गांव म पहुंच के अबड़ अकन अऊ नोनी मनला मिला डरिन । देखते-देखत सेना के जबरदस्त टुकड़ी तैयार हो गिस। एक दिन दुश्मन सेना ऊपर हमला कर दिस। दुश्मन सेना हा जीत के आनंद मनाय म व्यस्त रिहिस। ओमन ला चारों खाना चित्त करके जोश से दुश्मन देश के राजधानी कोति कूच करिन। दुश्मन देश के सीमा म जमके मुकाबला चलिस। चारों डहर मार काट. लहू म भुंइया लाल होगे। तभे पीछु डहर ले दुश्मन राजा के सेना के हमला होगे। चौतरफा घेरागे। कोई नी बाचिस। कमांडर रमौतिन पकड़ागे। राज सभा म कमांडर के महिला होय के भेद खुलिस। रमौतिन के साहस के चर्चा चारो मुड़ा म बगरगे। ओकर साहस ले प्रभावित राजा हा अपन बेटा संग ओकर बिहाव कराय के इच्छा जाहिर करिस। रमौतिन ह राजपुत्र संग बिहाव के पहिली अपन देश ल आजाद करे के शर्त रखिस। राजा मानगे। ओकर देश ह आजाद होगे। राजा के बहू बनगे रमौतिन ह।

एती समारू हा संगवारी मन संग दुश्मन ले लड़त-लड़त सहायता बर तीसर देश पहुंच चुके रिहिस। जइसे ओला अपन देश आजाद होय के खबर मिलिस तुरत अपन संगवारी मन संग वापिस अपन गांव लहुटिस। गांव उजड़ चुके राहय। लइका सियान मन भूख म तलफत मरत रहय। विक्षिप्त अऊ विकलांग मनके बस्ती होगे रहय ओकर देश के हरेक गांव ह। बेटी बहिनी तो दिखबेच नि करत रिहिस। ओकर मन म भारी क्षोभ उभरगे। गांव म पता लगिस ओकर दाई ददा ला मौत के घाट उतार दे रिहिन। गांव के बेटी बहिनी मन के साथ बहुत बुरा बेवहार होय रिहिस अऊ रमौतिन के कोई पता नइ रिहिस। ओकर एड़ी के रिस तरवा म चढ़गे। ओहा दुश्मन देश के राजा ल मारे बर अपन मुठा भर संगवारी संग म उल्टा पांव लहुटगे ।

लड़ई सिरा चुके रिहिस अब चारों मुड़ा म शांति बगरत रहय। दुश्मन राजपुत्र ह रमौतिन संग शिकार खेले बर जंगल म डेरा डारे रहय। समारू के सैनिक टुकड़ी ह राजपुत्र अऊ बहूरानी ला कैद कर लिन। इनला मारना हे अऊ ओकर बहूरानी के उही हस्र करना हे जे उंकर दाई बहिनी बेटी संग होय हे तिही चर्चा चलत रहय। समारू ह अपन तलवार धरके दुनों के तिर म पहुंचगे। समारू के संगवारी हा जोर-जोर से कहत रहय तुंहर सैनिक मन हमर गैरहाजरी म हमर बेटी बहिनी के इज्जत उतारिन आज तोर आगू म तोर रानी के आबरू लूटबो तोला कइसे लागही? हमू देखथन। एती घुस्सा के मारे रमौतिन के मुठा बंधात रहय तब तक समारू के हाथ ओकर टोंटातिर पहुंचे लगिस। हाथ म उही धागा बंधाय रहय जेला रमौतिन ह समारू के विदाई के बेर ओकर कलाई म बांधे रहय। धागा म नजर परते साठ भइया-भइया शब्द निकलिस। समारू के कान खड़े होगे। कोन तनि ले आवाज अइस समझ नि अइस। तब तक रमौतिन ह अपन भाई के कलाई ल अपन हाथ म धर के भइया-भइया कहत चूम डरिस। मोठ-मोठ तात-तात आंसू के धार म समारू के कलाई धोआगे। समारू ल रमौतिन के रूप अऊ श्रृंगार देख विशवास नि होवत रिहिस के इही ओकर बहिनी रमौतिन आय। भाई-बहिनी के मिलन होगे। धागा ह बहिनी भाई के पवित्र रिश्ता ल बदनाम होय ले बचा लिस। बहिनी के लाज के रक्षा होगे। सबके हाथ ले हथियार छुटगे। तब तक दुश्मन राजा के सिपाही मन पहुंचगे। बिगन बात जाने समारू ऊपर भाला फेंक दिस। सनसनावत आवत भाला म रमौतिन के नजर परगे भाई ला धकिया के अपन छाती म भाला के वार ला झेलगे। तरतर-तरतर लहू के धार फूटगे। बहिनी रमौतिन उही तिर ढेर होगे। भाई बांचगे। रोवत कलपत समारू वापिस अपन गांव लहुंटगे।

समारू के देश के राजा हा निसंतान रहय। ओहा समारू अऊ ओकर बहिनी के वीरता ले प्रभावित रिहिस। समारू ल राजपाठ सौंप के सन्यास ले लिस। राजा समारू ह बहिनी के सुरता म .. हरेक बछर सावन के आखरी दिन गांव के बहिनी माई के हाथ ले धागा बंधवाय। धीरे-धीरे हरेक भाई मन के कलाई म बहिनी के हाथ ले उही दिन ले धागा बंधवाय के परम्परा बनगे। धागा हा भाई-बहिनी के प्रेम के बीच रक्षा के प्रतीक बन गिस।

**हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा**

# दीया बाती अउ तेल

नान्हे कहिनी

एक दिन दिया बाती अउ तेल के बीच झगड़ा मच गे। दीया कथे मेहा तुंहर दोनों कोई ले बड़े आवं।

पूरा घर मोर ले अंजोर होथे। मोर बिना तुंहर मन के कोई कीमत नइ हे। तुमन दोनों कोई ला मोर सेती सम्मान मिलथे। दीया के बात ला सुनिस ताहन बाती के एड़ी के रिस तरवा मा चढ़गे, अउ कहे लगिस जब अइसन बात हे तब मोर बिना तेहा बर के बता।मोर बिना तेल घलो काय कर लिही। मेहा बरथों तब घर अंजोर होथे कोनो मेहा बरे बर छोड़ दुहुँ ते तुमन कइसे अंजोर करथो तेला देखथों। दीया अउ बाती के बात ला तेल हा चुप्पे सुनत रहय। फेर वहू हा कतका बेर ले चुप रही। सुनत भर ले सुनिस ताहन वहू बोले ल लग गे।मोर बिना तुम दोनों कइसे बरहु तेला महू देखथों कहिके तेल हा अनशन में बइठ गे।संझा बेरा होइस ताहन कुम्हारिन दीया ला लाय बर गिस त वोहा रिसाय बइठे रहय। वोखर रूप रंग ला देख के कुम्हारिन कथे का होगे दीया, त दीया कथे मोर बिना बाती अउ तेल दोनों के दाल नइ गलय। मेहा दोनों कोई ला अपन कोरा मा राखथों तब घर अंजोर होथे। जा बाती अउ तेल कर उही दोनों कोई बरही मोर जरूरत नइहे। कुम्हारिन बिचारि बाती के तीर जाथे , त बाती घलो हर्रस ले गोठियाथे। जा मेहा नइ बरवँ उही मन बरही।अब काय करय कुम्हारिन हा तेल के तीर मा जाथे त तेल घलो अंटियाय असन गोठियाथे अउ कथे मोर बिना तो उंखर काम चल जाही का । जाय बरे दीया अउ बाती हा। मोला नइ बरना हे। उंखर तीनो के गोठ ला सुनके कुम्हारिन चुपचाप अंधियार मा बइठे राहय। कुम्हार हंडिया तौली बेंच के बजार ले अइस अउ अंधियार मा कुम्हारिन ला बइठे देख के अकचका के पूछिस, का बात होगे नोनी के दाइ चुपचाप अंधियार मा बइठे हस।दीया बाती घलो नइ जलाय हस।भात साग घलो नइ चूरे हे। कुम्हारिन कथे काला बतावँसंझा बेरा दीया कर गेवँ त वो अपन मुहू फुलाय हे, बाती कर गेवँ त वो अपन मुहु फुलाय हे, अउ तेल तीर मा गेवँ त वहू वइसने बइठे हे। अउ महू बइठे हों अंधियार मा भात साग घलो नइ रांधे हों। वोखर बात ला सुन के तीनों कोई ल बुलाइस अउ पूछिस।वोमन अपन अपन बात ला बताइस। कुम्हार ल उंखर बात समझत देरी नइ लगिस।अउ समझाय ल लगिस, देखो नोनी बाबू हो ये दुनिया मा कोनो कखरो ले बड़े नइ होवय। अपन अपन जगा मा सब दूसर ले बड़े होथे।सब एक दूसर ले सहयोग लेथे तब दुनिया के काम चलथे।तुमन अपन अपन ले अंटियाहु त कहाँ ले काम बनही। एक के काम ला दूसर कोनो नइ कर सकय। सबला मिलजुल के करना पड़थे।कुम्हार के बात ल सुनके उंखर मन के रिस उतर गे। ताहन कुम्हारिन हा दीया जलाके साग भात रांधिस अउ खा के सूत गे। मोर कहानी पुर गे।

**-कुलदीप सिन्हा 'दीप', कुकरेल सलोनी, धमतरी**

# चरचा मा पताल

सुनलव संगी सुनव मितान।देवव थोरिक येती ध्यान।।
चरचा मा हे आज पताल।देख सबो के बिगड़य हाल।।
बड़े ङ्कबड़े अउ गोल मटोल।अब्बड़ बाढ़य येखर मोल।।
बंगाला हा चढ़े अगास।नइ आवय ये कखरो पास।।

महँगाई के मारा मार।दू सौ रुपिया के हे पार।।
भाव बढ़े मा कोन बिसाय। चटनी बर तो मन ललचाय।।
बिन पताल नइ साग मिठाय। लइका मन गोहार लगाय।।
घुरुवा के हा दिन बहुराय।बखत परे मा पारी आय।।

बड़ इतरावत हवय पताल।येला का होगे ए साल।।
तरकारी ले करे सवाल।हटरी मा जी होय बवाल।।
घेरी ङ्कबेरी बदलय रंग। रहि के जम्मों मनखे संग।।
संगति हा झट असर दिखाय। ये पताल सब ला रोवाय।।

**—प्रिया देवांगन प्रियू राजिम**
**जिला - गरियाबंद**

# भोजली तिहार बहू बेटी के महापरब

छत्तीसगढ़ के मूल संस्कृति हा प्रकृति अऊ देवता धामी ले जुड़े है। ऐखरे सेती अध्यात्म के संग प्रकृति दूनो के मिंझरा देखें बर हर तिहार म देखें बर मिलथे।

भोजली तिहार ह सुहागिन आए कुंवारी बेटी मन एक बांस के टोकनी में माटी ल भर के ओमा धान,जौ बो देथे। ओखर बोआई सावन के आजोरी पाख के नाग पंचमी ले सावन के आठे तक अपने सहूलियत के हिसाब ले बोथे अइसे देखे जाथे। ऐला घर भीतरी छांव म रखे जाथे। के, ऐखर पूजा तीनों पहट महतारी मन करथें। येला हरदी पानी के छिड़काव करथे। भोजली गीत गाकर सेवा करथे। दिया हुम हवन करथे। येला भोजली माहि परब कहिथे-



देवी गंगा...देवी गंगा लहर तुरंगा।
हमरो भोजली दाई के भीजे आठों अंगा।
माड़ी भर जोंधरी, पोरिसे भर कुसियारे
जल्दी जल्दी बाढ़व भोजली हो...वो हुसियारे।।

भोजली जब जरई जाम जाथे। माटी ले बाहिर आ जाथे त भोजली के बाढ़े के गति बहुत धीरे-धीरे रहिये। त गीत गाये जाथे।

गन्ना हां... बहुत उच्च होगे हे
के जोओन्धरआ हां... मांड़ी भर ऊंचा होंगे हे।

भोजली दाई जल्दी-जल्दी बाढहव के गन्ना के बराबर आ जावव।

आई गई पूरा।
सोहाई गई मालगी।
सोने सोने के कलगी।।
लिपि डारेन पोती डारेन
छोड़ी डारेन कोनहा।
सबो पहिरे सोना।
आई गई पूरा,
बोहाई गई जिसका।
हमरो भोजली देवी लाल।
चन्दन के छिटका।

भोजली ल बाढ़त रोज देखथे के ओखर सुन्दरता के बखान करथे-

कनिहा म कमर पट्टा
सारे उरमा ले।
थोड़ा नारियल धरके भोजली
जाबो कुदुरमाले।।
नानमुन टेपरी म सोरेन जीरा धाने।
खड़े रिहा भोजली...।
खवाबो वीरा पान।

अन्ते अन्ते आनी बानी के गीत गाये जाथे।

आठे के चाउर
नवमी के बोवाईन।
दसमी के भोजली
दुदी पान चढ़िन।
रहसि बिहस जाईन।
चौदह के भोजली
पूजा पाइन।
पुन्नी के भोजली
ठंडा होये जाइन।

ये गीत म कब-कब का-का करना है तेन ल बताये गेहे। दुआस के दिन भोजली के रुप ह चुकचुक ले दिखथे। तेरस के भोजली लहस जथे। ऐखर मतलब हे कि भोजली ह पूरा बाढ़गे। चौदस के दिन पूजा करथें। पुन्नी के दिन में पहुंना हे अपन घर फेर वापिस हो जाथे। भोजली ल विसर्जन करथे अऊ ओखर बिदाई म गीत गाथे-

हमरो भोजली दाई के निकलते हे आंसू

जब विसर्जित करें के बाद भोजली ल निकालथे त रहे भोजली के ह पानी आंसू बरोबर दिखते। छत्तीसगढ़ में मीत, मितानी, भोजली बदे के सुग्घर बेरा रहिये। दस दिन भोजली के पूजा करे के बाद बहू बेटी मन अपन-अपन मुड़ी म रख के गांव के पारा ले गली म होवत तरिया के पचरी ल धो के साफ करथें। भोजली ल पार में रख के पूजा करथें। ओखर बाद विसर्जन करथें।

कुटी डारेन धान।
पछिन डारेन भूसा
लइके लइका हवन भोजली
झनि करिहो गुस्सा।

भोजली दाई सबो के अंतस मन म बस जथे। कोनो मन भोजली ल धो के टोकनी म रखते। अपन ले बड़े के कान मा खोंच के पैलगी करके आशीर्वाद लेथें।

इही दिन नारियल एक दूसर ल दे के नारियल बदथे। के भोजली ल कान में रख के भोजली बदथे। ये ह कई पीढ़ी तक चलथे। ये नया त सीएलए बढ़के हे। ये तना बदइया मन जीयत भर एक दूसर के नाम नइ लेवय। दोनापान, जंवारा, महाप्रसाद, तुलसीदल बदे के म परब हर आय।

**शान्ता शर्मा 'छत्तीसगढ़िया' रूपाली**
**महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था भिलाई।**

# सावन के गीत-फिल्मी गीत मन मा

दया-मया,नीति-रीति, सुख-दुख, मिलन-बिछोह के संगे संग गीत संगीत मा कोनो न कोनो मौसम के झलकी दिखबेच करथे। तभो सबले ज्यादा गीत बरसात/सावन उपर देखे सुने बर मिलथे। अइसन मा जुन्ना गीत संगीत होय या फेर नवा, बिन सावन के कइसे बन सकथे। जब बिजुरी चमकथे, बादल गरजथे अउ रिमझिम फुहार झरथे ता एक एक करके सावन के गीत मन, अंतस मा उछाह अउ उमंग के बरसा करथे। सावन को आने दो कहिके सावन के अगोरा होय बर लगथे, फेर ये दरी बछर 2023 मा सावन झूम के तो आएच हे, पर जाय के नाम तको नइ लेवत हे काबर कि सावन दू ठन हे, अइसन मा सावन के मजा तो दुगुना होबे करही। पानी जिनगानी आय ता मौत घलो। फेर बिन पानी सब सून हे, ता सावन के एक ले दू होवई कइसे कोनो ला बियापही। किसान-मजदूर,पेड़- प्रकृति,जीव-जंतु संग जम्मो जड़ चेतन बरसा/सावन ले जिनगी पाथे, अउ मगन मन गीत गाथे, ता आवन हमू मन गुनगुनावन सावन के कुछ गीत मन ला-

सावन का महीना पवन करे शोर... फिल्म- मिलन
बदरा छाय कि झूले पड़ गए हाय...आया सावन झूम के- फिल्म: आया सावन झूम के
बरसात में जब आएगा सावन का महीना फिल्म-माँ
वो मेरे सजन बरसात में आ, सावन की अँधेरी रात में आ
फिल्म-पेंटर बाबू
झिलमिल सितारों का आँगन होगा, रिमझिम बरसता सावन होगा फिल्म-जीवन मृत्यु
सावन के झूले पड़े,तुम चले आओ फ़िल्म- जुर्माना
कुछ कहता है यह सावन फिल्म- मेरा गांव मेरा देश
आहा ये रिमझिम प्रिय प्यारे प्यारे गीत लिये फिल्म-उसने कहा था
सावन आया बादल आये,मेरे पिया नही आये फिल्म-जान हाजिर है
अब के बरस सावन में, आग लगेगी बदन में फिल्म- चुपके चुपके
लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है फिल्म-चांदनी
कितने मौसम कितने सावन बीत गए फिल्म-कहानी घर घर की
सावन का महीना आ गया,जीना नही आता है जिन लोगो को,उन्हें जीना आ गया फिल्म- नहले वे दहला
घटा छा गई है बहार आ गई है फिल्म-वारिस
रिमझिम गिरे सावन सुलग सुलग जाए मन फ़िल्म- मंजिल
मेघा रे मेघा रे,मत परदेश जा रे फिल्म- प्यासा सावन
तुम्हें गीतों में ढालूंगा सावन को आने दो फिल्म- सावन को आने दो
हाय हाय ये मजबूरी, ये सावन फिल्म- रोटी कपड़ा और मकान
मैं प्यासा तुम सावन, मैं दिल तुम धड़कन फिल्म-फरार
रिमझिम के गीत सावन गाए फिल्म- अंजाना
मेघा छाये आधी रात,बैरन बन गई निन्दिया फिल्म- शर्मीली
सावन बरसे तरसे दिल फिल्म- दहक
अब के सावन में जी डरे, रिमझिम तन पे पानी झरे फिल्म-जैसा को तैसा
मेरे मेरे नैना सावन भादो,फिर भी मेरा मन प्यासा फिल्म- महबूबा
पतझड़ सावन बसंत बहार, हर एक के रूत में मौसम चार फिल्म- सिंदूर
सावन का महीना आया फिल्म- आई मिलन की रात
सावन बीतो जाय पिहरवा
सावन बरसता है, तुमसे मिलने को ये दिल तरसता है फिल्म शानदार
बरसे रे सावन,काँपे मेरा मन फिल्म-दरिया दिल
मेघा रे मेघा तेरा मन तरसा रे फिल्म-लम्हें
मेघा ओ रे मेघा तू तो जाए देश-विदेश फिल्म-सुनयना
सावन के झूलों ने मुझको बुलाया फिल्म-निगाहें
भीगी भीगी रातों में फिल्म अजनबी
कहाँ से आये बदरा फिल्म-चश्मे बद्दूर
एक लड़की भीगी भागी सी फिल्म-
बरसो रे मेघा मेघा फ़िल्म-गुरु
सावन के बादलो! फिल्म-रतन
रुमझुम बरसे बदरवा फिल्म- रतन
परदेशी बालमा बादल आया फिल्म-रतन
चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाये फिल्म- अमर प्रेम
बादल यूँ गरजता है, डर कुछ ऐसा लगता है,चमक चमक के, लपक के ये बिजली हम पे गिर जायेगी फिल्म-बेताब
सावन आया बादल छाए अल्बम- साजन का घर
कुछ कहता है यह सावन फिल्म- यह जमीन गा रही है
हो गया रे यह सावन बैरी फिल्म- सावन के गीत
पड़ गए झूले,सावन रुत आई रे फिल्म- बहू बेगम
सावन के महीने में,एक आग सी लगी सीने में फिल्म-शराबी
बरसात के दिन आए,मुलाकात के दिन आए फिल्म बरसात
आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा फिल्म- लोफर
रिमझिम छाए घटाए, ओय का बात हो गई फिल्म-दो रास्ते
बदरा रे,बरसो रे,बिन सावन फिल्म- फस्ट लव लेटर
बरसात में हमसे मिले तुम वो सजन तुमसे मिले फिल्म- बरसात
डम डम डिगा डिगा मौसम भीगा भीगा फिल्म- छलिया
ये मौसम भी गया फिल्म- बलमा
साजन रे साजन कहता है सावन फिल्म- दुलारा
मौसम है भीगा भीगा रे फिल्म- मेरे मुकद्दर
भीगी हुई है रात मगर जल रहे है हम फिल्म-संग्राम
बरसात के मौसम में तन्हाई के आलम में फिल्म- नाजायज
रिमझिम रिमझिम,रूंझूम रूंझूम,भीगी भीगी रुत में,तुम हम हम तुन फिल्म- 1942 अ लव स्टोरी
आखिर तुम्हें आना है जरा देर लगेगी बारिश का बहाना है फिल्म- यलगार
कितने सावन बरस गए, मेरे प्यासी नैना तरस गए- फिल्म- 20 साल बाद
मुझको बरसात बना लो,एक लम्बी रात बना लो,अपने जज़्बात बना लो- फिल्म-,जुनूनियत।
कोई लड़की है, जब वो गाती है, बारिश आती है- फिल्म- दिल तो पागल है
ये मौसम ये बारिश, ये बारिश का पानी फिल्म-हाफ गर्लफ्रेंड

कतको प्रकार के भाव ले भराय सावन के ये सब गीत जे बेर सुनव ते बेर मनभावन लगथे। ये तो रिहिस बदरा पानी ला समेटे गीत। कतको अइसनो गीत हें जेला रिमझिम फुहार मा तको फिल्माए गे हे, जेला देखबे तभे सावन दिखथे,फेर उक्त संकलित गीत मन सहज सावन के दर्शन करावत मन मा उमंग के झड़ी लगा देथे। आज के नवा गीत मा तको सावन हे, तभो जुन्ना सावनी सदाबहार गीत के पार नइ पा सके। ऊपर संघरे गीत मन कस अउ कतको गीत हे, आपो मन के सुरता मा होही ता बताहू।

**-जीतेन्द्र वर्मा खैरझिटिया, बाल्को कोरबा**

## रूस ने लेजर गन का सफल परीक्षण किया

**मॉस्को,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। रूस ने एक लेजर गन का सफल फील्ड परीक्षण किया और विभिन्न प्रकार के कई ड्रोन नष्ट कर दिए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट करने के लिए डिज़ाइन किए गए लड़ाकू लेजर का रूस के सैन्य प्रशिक्षण मैदानों में से एक में सफल परीक्षण किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान और क्वाड्रो कॉप्टर दोनों प्रकार के ड्रोन को लेजर के जरिए नष्ट कर दिया गया है।

# देश विदेश

# पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के आश्वासन से फरवरी में चुनाव की फिर से जगी उम्मीदें

- पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के एक प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन
- 14 दिसंबर से पहले मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह

**इस्लामाबाद,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने कहा है कि वह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और मतदाता सूची को साथ-साथ अद्यतन करने का काम करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनाव संबंधी कार्य कम से कम समय में पूरा किया जा सके और अगले साल फरवरी में चुनाव कराये जा सकें। ईसीपी के इस आश्वासन के बाद देश में चुनाव कराने की एक बार फिर उम्मीद जगी है।

ईसीपी ने यह आश्वासन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के एक प्रतिनिधिमंडल को दिया गया, जिसने शुक्रवार को चुनाव के रोडमैप पर ईसीपी के साथ बैठक की थी।




यद्यपि संविधान का यह उल्लंघन होगा, जिसके लिए विधानसभाओं के विघटन के बाद 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने की आवश्यकता होती है। यह इस आशंका को भी दूर करता है कि नये जनगणना ब्लॉकों के साथ मतदाता सूची के तुलनात्मक आकलन के बहाने परिसीमन पूरा होने के बाद चुनाव में कई महीनों की देरी हो सकती है। यदि यह निर्णय लागू किया जाता है, तो यह सुनिश्चित हो जाएगा कि मार्च में सीनेट के आधे सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने से पहले इसके लिए निर्वाचक मंडल मौजूद है।

ईसीपी के प्रवक्ता ने कल एक बयान में कहा कि आयोग ने दोनों प्रक्रियाओं को एक साथ पूरा करने के इरादे से एक साथ परिसीमन और मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने उन अटकलबाजियों को खारिज कर दिया कि ईसीपी दिसंबर में परिसीमन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। पीएमएल-एन ने ईसीपी से 14 दिसंबर से पहले परिसीमन और मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया। मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा ने पीएमएल-एन टीम को आश्वासन दिया कि दोनों कार्य एक साथ पूरे किए जाएंगे और जल्द से जल्द चुनाव कराए जाएंगे।

पीएमएल-एन नेता अहसान इकबाल, आजम नजीर तरार और जाहिद हामिद ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संकेत दिया कि आम चुनाव फरवरी में हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान कार्यक्रम के तहत विभिन्न चरणों के चुनाव के जारी होने से लेकर मतदान के दिन तक 54 दिन लगते हैं। पीएमएल-एन के एक नेता ने कहा, 14 दिसंबर के बाद 54 दिन गिनें और आप चुनाव की तारीख का अनुमान लगा सकते हैं।

**सीईसी ने निष्पक्ष चुनाव कराने का दिया आश्वासन**

सीईसी ने उन्हें बताया कि ईसीपी इसे अंतिम रूप देने से पहले आचार संहिता पर कानून के अनुसार सभी राजनीतिक दलों से परामर्श करेगी। सीईसी ने पीएमएल-एन सदस्यों को यह भी आश्वासन दिया कि चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष होंगे और सभी दलों को समान अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## फिलीस्तीन ने की इजरायल के 'नस्लवादी बयानों' की निंदा

**रामल्ला,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। फिलीस्तीन ने इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर के 'नस्लवादी बयानों' की कड़ी निंदा की है। फिलीस्तीन के विदेश मंत्रालय ने प्रेस बयान में यह जानकारी दी है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह 'बेन-ग्विर के नस्लवादी बयानों और रुख' की कड़े शब्दों में निंदा करता है। दरअसल, बुधवार को इज़राइल के एन12 न्यूज़ के साथ एक साक्षात्कार में श्री बेन-ग्विर ने कहा कि उनके और उनके परिवार के लिए जीवन और आंदोलन का अधिकार, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी के अरबों के लिए आंदोलन के अधिकार से कहीं अधिक है। मंत्रालय के बयान में कहा गया, इस तरह के बयानों को फिलिस्तीनी क्षेत्रों पर इजरायली कब्जे को कायम रखने, बस्तियां बसाने और फिलिस्तीनियों के खिलाफ अन्याय को और अधिक बढ़ाने के लिए उकसावे के रूप में माना जाता है। बयान में कहा गया, पूर्वी येरुशलम में इजरायली बस्तियां और वेस्ट बैंक ने फिलिस्तीनियों के दैनिक जीवन को कष्टदायी बना दिया है। फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के फतह आंदोलन, इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और कई अन्य फिलिस्तीनी गुटों ने श्री बेन-ग्विर की बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की है। फ़िलिस्तीनी गुटों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसकी जवाबदेही ठहराने के लिए निंदा को व्यावहारिक उपायों में बदलने का आह्वान किया।

## सुडोकू 6298

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 8 | | 3 | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| | 8 | 3 | | | | | | 4 |
| | 7 | | 1 | 8 | 6 | | | |
| | | 1 | | 7 | | 3 | | |
| | | | 2 | 3 | 5 | | 6 | |
| 8 | | | | | | 6 | 9 | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | 2 | | 6 | 1 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 27 अगस्त, 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष -यदि आप अपना स्वभाव शांत नहीं रखेंगे, तो उस कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना उत्पन्न हो सकती है। आप शारीरिक थकान महसूस करेंगे। मानसिक अस्वस्थता के कारण किसी काम में मन नहीं होगा।

वृषभ -आपकी तबीयत खराब होने के कारण काम में जल्दी सफलता नहीं मिल सकती है। मन में निराशा का अनुभव होगा। काम के बोझ से मानसिक तनाव और उचाट की स्थिति उत्पन्न होगी। प्रवास में अवरोध आ सकते हैं।

मिथुन -स्फूर्ति और उत्साह से आपके आज का दिन प्रारंभ होगा। मित्रों तथा परिजनों के साथ बाहर घूमने जाएंगे तथा पार्टी का आयोजन होगा। मनोरंजन कर सकते हैं।

कर्क -आज आपको सफलता और आनंद की प्राप्ति होगी। घरेलू वातावरण सुख-शांतिवाला होगा। नौकरी में लाभ हो सकता है। आप विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। आपके काम की कद्र होगी।

सिंह -आपको साहित्य में कुछ नवीन सृजन करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल होने के कारण पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रिय व्यक्ति से मिलकर आपको खुशी का अनुभव होगा।

कन्या -आज का दिन किसी भी काम के लिए अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य खराब होगा, मन में चिंता महसूस होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होगा। सामाजिक कार्यक्रम में मानहानि हो सकती है।

तुला -आज मांगलिक प्रसंग तथा प्रवास की योजना बन सकती है। सहोदरों के साथ पारिवारिक प्रश्नों पर चर्चा हो सकती है। विदेश में बसने वाले स्वजनों की तरफ से आनंद का समाचार प्राप्त होगा। आज नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

वृश्चिक -परिवार में संघर्ष या मनमुटाव होने की संभावना है, अत: ध्यान रखें। आपको नेगेटिविटी से दूर रहना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। गलत खर्च न हो इसका ध्यान रखें। तन-मन में बैचेनी रहा करेगी।

धनु -आज व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। विदेश स्थित व्यापार से लाभ होगा। आपके हाथ से धार्मिक एवं मांगलिक काम होंगे। स्नेहीजनों और मित्रों का मिलन आनंदित करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

मकर -स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। मन में उचाट अनुभव करेंगे। व्यवसाय में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा। धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक व्यवहार में वृद्धि होगी। शत्रुओं से परेशानी होगी।

कुंभ -मांगलिक और नए काम का आयोजन करने के लिए अत्यंत शुभ दिन है। अविवाहितों का विवाह आयोजित होगा। पत्नी और संतान के समाचार मिलेंगे। गृहस्थजीवन और दांपत्यजीवन में सुख और संतोष की भावना का अनुभव होगा।

मीन -आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक सफल होंगे। नौकरी और व्यवसाय में पदोन्नति होगी। व्यापारियों के रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ होगा। आर्थिक लाभ और परिवार में आनंद छाएगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## रूसी वायु सेना ने मॉस्को क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन को किया नष्ट

**मॉस्को,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। रूसी वायु रक्षा बलों ने राजधानी मॉस्को और उसके आसपास क्षेत्र में निशाना बनाने वाले एक यूक्रेनी ड्रोन को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्री ने शनिवार को संवाददताओं को यह जानकारी दी और कहा कि यूक्रेन के इस मानवरहित ड्रोन को इस्त्रा जिले में मार गिराया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मॉस्को के समयानुसार आज (26 अगस्त) तड़के करीब तीन बजे मॉस्को और उसके क्षेत्र में मानवरहित यूक्रेनी ड्रोन के आतंकवादी हमले के प्रयास को रूसी वायु रक्षा बलों ने विफल कर दिया। वायु रक्षा बल के तैनात जवानों ने इस्त्रा जिले के ऊपर मंडरा रहे ड्रोन को नष्ट कर दिया। मॉस्को मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि रूसी राजधानी की दिशा में उड़ रहे यूक्रेनी मानवरहित ड्रोन को वायु सेना के जवानों ने आज तड़के हवा में ही मार गिराया। मेयर साबयानिन ने टेलिग्राम पर लिखा, वायु रक्षा बलों ने शनिवार तड़के इस्तरा जिले में एक ड्रोन को नष्ट कर दिया, जब वह मॉस्को की ओर आ रहा था। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार किसी के हताहत होने या क्षति की सूचना नहीं है।

## मेडागास्कर में भगदड़ 12 लोगों की मौत

**एंटानानारिवो,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो के बारिया स्टेडियम में 11वें इंडियन ओशन आइलैंड गेम्स के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रवेश द्वार पर भगदड़ मचने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और लगभग 80 अन्य घायल हो गए। मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्से ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार शाम को मीडिया को बताया कि भगदड में मरने वालों की संख्या 12 है और करीब 80 लोग घायल हैं, जिनमें से 11 को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता है। श्री नत्से ने कहा, सरकार घायलों की चिकित्सा लागत वहन करेगी और सभी संस्थानों की ओर से मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने मृतकों के प्रति दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने घटना को दुर्भाग्यपूर्व बताया है। उन्होंने बताया कि स्टेडिम के प्रवेश द्वार पर भगदड़ मच गई। कई लोग घायल है। राष्ट्रपति ने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मौन रखने का आह्वान किया है। इसके बाद उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति ने भगदड़ में मारे गए लोगों के प्रति एक मिनट का मौन रखा। उल्लेखनीय है कि 26 जून, 2019 को मेडागास्कर की स्वतंत्रता का जश्न मनाने के दौरान महामासिना स्टेडियम में मची भगदड़ में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई।



■ लगभग 80 लोग हुए घायल

## सीरियाई सेना की कार्रवाई में सात विद्रोही ढेर

दमिश्क। सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में सेना की कार्रवाई में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही गुट के सात सदस्य मारे गये। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार सेना ने शुक्रवार को अलेप्पो के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में एचटीएस के दो वाहनों पर हमला किया, जिसमें सात विद्रोही मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि कुछ विद्रोहियों के गंभीर रुप से घायल होने से मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है। सीरियाई सेना और एचटीएस के बीच तनाव बढ़ने के साथ ही दोनों पक्षों के बीच उत्तरी सीरिया में गोलीबारी जारी है।

## ब्रिक्स संसदीय फोरम के द. अफ्रीका में आयोजन की संभावना

**जोहान्सबर्ग,** 26 अगस्त (एजेंसियां) दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री नलेदी पंडोर ने शुक्रवार को कहा है कि ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन संभवत: अक्टूबर में जोहान्सबर्ग में किया जाएगा। श्री पंडोर ने रेडियो उबंटू को बताया, इस साल के अंत के आसपास, हमारे पास ब्रिक्स संसदीय फोरम होगा, जो अक्टूबर में जोहान्सबर्ग में होगा। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स - दुनिया की सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं, (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) को एकजुट करने वाला समूह है। जिसने मंगलवार से गुरुवार तक जोहान्सबर्ग में अपना वार्षिक शीर्ष स्तरीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया।


अमीन बायलर हाऊस
काकरेल, लेयर एवं अण्डे के थोक व चिल्हर विक्रेता
संजय नगर, रिंग रोड नं.-1, रायपुर
7869211141
7869211131

**NECC**

| 27.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.35 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 450 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

## वर्ग पहेली 6298



**बायें से दायें:-**

१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
८. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५. सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जिसे तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में धन
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**

१. करत-करत अभ्यास के...होत सुजान
२. मृत्यु-शोक (उर्दू)
३. 'टाईम कीपर'
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाह (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6297



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1604-अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना की गई।
1781-हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
1870- भारत के पहले मज़दूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।
1939-जेट ईंधन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
1976-भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुई।
1976-भारतीय पार्श्वगायक मुकेश का निधन
1979-आयरलैंड के समीप एक नौका विस्फोट हुआ।
1985-नाइजीरिया में सैनिक क्रान्ति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरकार का तख्ता पलटा गया तथा जनरल इब्राहिम बाबनगिदा नये सैनिक शासक बने।
1990-वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।
1991-मालदोवा ने सोवियत संघ से आजाद होने की घोषणा की।
1993-भारतीय महिला तलवारबाज़ सी. ए. भवानी देवी का जन्म।
1999-सोनाली बनर्जी भारत की प्रथम महिला मैरिन इंजनियर बनीं।
2003-60 हजार वर्षों के अंतराल के बाद मंगल पृथ्वी के सबसे नजदीक पहुंचा।
2004-वित्तमंत्री शौकत अजीज पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री चुने गये।
2006-भारतीय फ़िल्मों के प्रसिद्ध निर्माता व निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी का निधन।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भाजपा का केरोसिन देश के ...**

प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया है कि खुब्बापुर गांव स्थित स्कूल की अध्यापिका द्वारा एक छात्र के होमवर्क न करने पर उसे कक्षा के अन्य छात्रों से पिटवाने और उसके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में छात्र के पिता ने तहरीर दी है। मंसूरपुर पुलिस द्वारा 323, 504 धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं, शिक्षिका तृप्ता त्यागी ने अपना वीडियो बयान जारी करते हुए सफाई दी है। उन्होंने कहा, मेरा इरादा किसी की धार्मिक और सामाजिक भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। वीडियो छेड़छाड़ के बाद प्रसारित किया गया है। वह दिव्यांग हैं, बच्चों को कंट्रोल करने के लिए यह कदम उठाया था।

**अडानी ने गुजरात ऊर्जा निगम को ...**

बिल के कागजात सरकार को देंगे, जिनकी तुलना सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मूल्य तय करने वाले सर्किट से करेगी, लेकिन अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड ने पांच साल तक कोई कागजात नहीं सौंपे और सरकार एनर्जी चार्जेज के नाम पर करोड़ों रुपया देती रही।

गुजरात के नागरिकों पर पड़ता है भार

कांग्रेस नेता ने कहा, गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की ओर से अडानी पॉवर मुंद्रा लिमिटेड को एक चिट्ठी लिखी गई। इसमें कहा गया कि आप हमें दस्तावेज नहीं सौंप रहे हैं, लेकिन हमने पांच साल में आपको 13,802 करोड़ दिए हैं, जबकि हमें आपको केवल 9,902 करोड़ देने थे। चिट्ठी में आग्रह किया गया कि हमने आपको 3,900 करोड़ रुपए ज्यादा दे दिए हैं, उसे आप समय पर लौटा दीजिए। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद उच्चतम न्यायालय की कमेटी बनी। इसके बाद कुछ लोगों ने आरटीआई लगाई जिसके कारण गुजरात सरकार ने अडानी पावर लिमिटेड को चिट्ठी लिखी। अगर ऐसा न होता तो गुजरात सरकार के 3,900 करोड़ रुपए अडानी को चले जाते। ये पैसा पीपीए का था इसलिए इसका भार गुजरात के नागरिकों पर पड़ता। श्री गोहिल ने सरकार से सवाल किया कि यह मनी लॉन्ड्रिंग है तो क्या इसकी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच नहीं कराई जानी चाहिए। सेबी को भी इसकी जांच करनी चाहिए और पांच साल तक 13,802 करोड़ रुपए किसके कहने पर दिए जाते रहे इसकी पड़ताल होनी चाहिए।

**मदुरै में ट्रेन में लगी आग...**

अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। ट्रेन जब मदुरै रेलवे स्टेशन पहुंची तो कई लोग उतर चुके थे। मदुरै जिला कलेक्टर संगीता ने मीडियाकर्मियों को बताया कि घायलों को अस्पतालों में भेज दिया गया है और इलाज चल रहा है।

**ट्रक में भूसा के नीचे ...**

मिली। पेटियों में 180.180 मिली गोवा स्पेशल व्हीस्की प्रत्येक कार्टून में 48.48 नग कुल 400 नग सफेद कार्टून में 19200 नग पौवा जिसमें प्रत्येक शीशी में एसएन 879375932 छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग का लिखा स्टीकर चिपका हुआ तथा जेएएन 23बी313 का पर्ची लगी मिली। लेकिन शराब परिवहन संबंधी कोई कागजात आरोपियों के पास नहीं मिला। पुलिस ने आरोपियों से कुल 19200 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की कुल 3456 लीटर कीमती 23.4 लाख रुपए एवं तस्करी में प्रयुक्त आयशर ट्रक जब्त किया। कार्रवाई में सिंघोड़ा थाना प्रभारी उप निरीक्षक उमेश वर्मा, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नसीमुद्दीन खान, प्रधान आरक्षक प्रशांत सागर, आरक्षक हेमंत नायक, संदीप भोई, सुशांत बेहरा, जैकी प्रधान, बिरेन्द्र कर, विरेन्द्र बाघ, यश ठाकुर, मनोहर साहू, डिग्री मेहर, जिवर्धन बरिहा, रोहित सिदार शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनवरी से अब तक पुलिस ने कुल 822 प्रकरणों में 857 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 47.53 लाख रुपए के 10434 लीटर शराब जब्त की है। शुक्रवार को पकड़ी गई शराब के संबंध में जब आरोपियों से पूछताछ की गई तो पता चला कि वे झारखण्ड से महासमुंद होते हुए जिला बीजापुर में शराब खपाने ले जा रहे थे।

**लैंडिंग प्वाइंट को ...**

` निशान छोड़े हैं उसे 'तिरंगा' कहा जाएगा।

प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों की पीठ थपथपाई

शनिवार सुबह इसरो पहुंचने पर प्रधानमंत्री का इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) के निदेशक बी.एन. रामकृष्ण और यू.आर. राव सैटेलाइट सेंटर के निदेशक एस. शंकरन ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने तीनों वैज्ञानिकों को गले लगाकर स्वागत किया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, उन्होंने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई।

**शिवशक्ति पॉइंट के चारों ओर घूम रहा रोवर**

अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने शनिवार को एक और नया वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रज्ञान दक्षिण ध्रुव पर रहस्यों की खोज में शिव शक्ति बिंदु के चारों और घूमता हुआ नजर आ रहा है। विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर दोनों ही सौर उर्जा से संचालित हैं। इन्हें चांद की रोशनी वाली जगह पर ठीक से पहुंचाया गया है।

**विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ...**

पहली प्राथमिकता केंद्र में भाजपा सरकार से मुकाबला करने के लिए एक रोडमैप तैयार करना है। सूत्रों ने यह भी कहा कि इस स्तर पर प्रधानमंत्री पद पर चर्चा के मुद्दों में पड़ने के बजाय 2024 के लोकसभा अभियान के लिए माहौल तैयार करना अधिक महत्वपूर्ण है।

## दुनिया को जानें

## नासा ने स्पेसएक्स क्रू-7 मिशन किया लॉन्च

**वाशिंगटन,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। एंडेवर नामक ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर स्पेसएक्स क्रू -7 मिशन को शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में प्रक्षेपित किया गया है। नासा के सीधा प्रसारण से यह जानकारी सामने आयी है। प्रक्षेपण आज सुबह स्थानीय समयानुसार तीन बजकर 27 मिनट (ग्रीनविच मिड टाइम 07:27 बजे) पर हुआ। जिसे पहले ही कई बार स्थगित किया जा चुका है। पहले इसे 15 अगस्त को लॉन्च करने की योजना थी। नासा के मुताबिक क्रू-7 मिशन में नासा के अंतरिक्ष यात्री जैस्मीन मोघबेली, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री एंड्रियास मोगेन्सन, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री सातोशी फुरुकावा और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री कोंस्टेंटिन बोरिसोव शामिल हैं।



| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी जबरदस्त तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## सरकार ने तत्काल प्रभाव से उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया

**केंद्र ने शुक्रवार देर रात तत्काल प्रभाव से उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया**

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र ने शुक्रवार देर रात तत्काल प्रभाव से उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया। सरकार ने कुछ दिन पहले ही आश्वासन दिया था कि गैर-बासमती उबले चावल के निर्यात को प्रतिबंधित करने की कोई योजना नहीं है।

यह निर्णय चावल की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए लिया गया है।

- **उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने के फैसले से विदेशी खरीदारों के लिए इसे खरीदना महंगा हो जाएगा**
- **सरकार ने कुछ दिन पहले ही आश्वासन दिया था कि गैर-बासमती उबले चावल के निर्यात को प्रतिबंधित करने की कोई योजना नहीं है**



उल्लेखनीय है कि जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 11 प्रतिशत और ओवरऑल खुदरा मुद्रास्फीति 7.44 प्रतिशत हो गई थी। उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने के फैसले से विदेशी खरीदारों के लिए इसे खरीदना महंगा हो जाएगा, जिससे इसकी विदेशी बिक्री सीमित हो जाएगी और साथ ही इसकी घरेलू उपलब्धता भी बढ़ जाएगी।

भारत ने 20 जुलाई को सफेद चावल का निर्यात रोक दिया था, जिससे खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के चावल मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई वैश्विक कीमतें 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। उबली हुई किस्म के निर्यात पर ताजा अंकुश से वैश्विक कीमतों में और तेजी आने की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा था कि महंगाई पर काबू पाना फिलहाल सरकार की प्राथमिकता है।

## डीजीसीए ने की एयर इंडिया की खामियों की पहचान

- **नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के दो सदस्यों वाले एक जांच दल ने एयर इंडिया की आंतरिक सुरक्षा ऑडिट प्रक्रियाओं में कमियों की पहचान की है**

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के दो सदस्यों वाले एक जांच दल ने एयर इंडिया की आंतरिक सुरक्षा ऑडिट प्रक्रियाओं में कमियों की पहचान की है। जब खामियों के बारे में पूछताछ की गई, तो विमानन नियामक संस्था के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने कहा कि चल रही जांच के कारण, वे इसका खुलासा नहीं कर सकते। 'निगरानी टीम द्वारा की गई टिप्पणियों से कई गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। इन मामलों की जांच की जा रही है।'



डीजीसीए को सौंपी गई मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, ध्वजवाहक को केबिन निगरानी, कार्गो हैंडलिंग, रैंप संचालन और लोड प्रबंधन सहित विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में नियमित सुरक्षा स्पॉट जांच करने के लिए बाध्य किया गया था। लेकिन 13 सुरक्षा चौकियों के मूल्यांकन के दौरान, टीम ने सभी 13 घटनाओं के लिए गलत रिकॉर्ड का पता लगाया।

सवालों के जवाब में, एयर इंडिया ने कहा कि फ्लैग कैरियर सहित सभी विमानन कंपनियां भारत और विदेश दोनों में नियामकों और अन्य निकायों द्वारा नियमित सुरक्षा ऑडिट के अधीन हैं।

'एयर इंडिया हमारी प्रक्रियाओं का लगातार आकलन करने और उन्हें मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से ऐसे ऑडिट में संलग्न रहती है। प्रवक्ता ने कहा, हम संबंधित प्राधिकारी के समक्ष उठाए गए किसी भी मामले को सीधे सुनते हैं।

## जिंसों में स्थिरता

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## आयकर विभाग ने ऐड-ऑन फीचर्स के साथ नये सिरे से लॉन्च की वेबसाइट

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। करदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाने और नई तकनीक के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए आयकर विभाग ने अपनी राष्ट्रीय वेबसाइट को उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस, मूल्य वर्धित फीचरों और नये मॉड्यूल के साथ नया रूप दिया है। वेबसाइट को हाल ही में उदयपुर में आयकर निदेशालय (सिस्टम) द्वारा आयोजित 'चिंतन शिविर' में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता द्वारा लॉन्च किया गया था। यह वेबसाइट कर और अन्य संबंधित जानकारी के व्यापक भंडार के रूप में कार्य करती है। यह प्रत्यक्ष कर कानूनों, कई अन्य संबद्ध अधिनियमों, नियमों, आयकर परिपत्रों और अधिसूचनाओं तक पहुंच प्रदान करती है, जो आपस में क्रॉस-रेफर्ड और हाइपरलिंक्ड हैं। यह साइट एक 'करदाता सेवा मॉड्यूल' भी प्रदान करती है जिसमें करदाताओं को उनके आयकर रिटर्न दाखिल करने में सहायता करने के लिए विभिन्न कर उपकरण शामिल हैं। इसमें नये फीचर और कार्यात्मकताओं के साथ सामग्री के लिए एक 'मेगा मेनू' भी है।

वेबसाइट पर आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए, इन सभी नई सुविधाओं को एक निर्देशित वर्चुअल टूर और नए बटन संकेतकों के माध्यम से समझाया गया है। नई कार्यक्षमताएं, उपयोगकर्ताओं को विभिन्न अधिनियमों, अनुभागों, नियमों और कर संधियों की तुलना करने की अनुमति देती हैं। आसान नेविगेशन के लिए साइट पर सभी प्रासंगिक सामग्री अब आयकर अनुभागों के साथ टैग की गई है। इसके अलावा, गतिशील नियत तिथि अलर्ट कार्यक्षमता करदाताओं को आसानी से अनुपालन करने में मदद करने के लिए उलटी गिनती, टूलटिप्स और प्रासंगिक पोर्टलों के लिंक प्रदान करती है। संशोधित वेबसाइट बेहतर करदाता सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक और पहल है।

## सार संक्षेप

### टूना-टेकरा मेगा-कंटेनर टर्मिनल विकसित करने के लिए डीपी वर्ल्ड का करार

नई दिल्ली। लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदता डीपी वर्ल्ड ने दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के साथ एक करार किया है जिसके गुजरात के कांडला में 21.9 लाख टीईयू सालाना क्षमता वाले मेगा-कंटेनर टर्मिनल के विकास के साथ ही परिचालन और रखरखाव किया जाएगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कल रात यहां आयोजित एक कार्यक्रमत में दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष एस. के. मेहता और डीपी वर्ल्ड के भारतीय उपमहाद्वीप, पश्चिम एशिया एवं उत्तर अफ्रीका के एमडी एवं सीईओ रिजवान सूमार ने करार पर हस्ताक्षर किये। जनवरी, 2023 में बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) के आधार पर 30 साल के लिए दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी द्वारा टूना-टेकरा में इस मेगा-कंटेनर टर्मिनल को डेवलप करने का ठेका हिंदुस्तान इन्फ्रालॉग प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। अवधि को 20 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

### एमडीबी को पूंजी पर ध्यान केंद्रित करने की ज़रूरतः मार्क कार्नी

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत मार्क कार्नी ने शनिवार को यहां जलवायु परिवर्तन कार्रवाई और वित्तपोषण पर कहा कि बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को पूंजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने परिचालन दिशा को बदलने की जरूरत है, जो जलवायु परिवर्तन को उत्प्रेरित कर सकती है। श्री कार्नी यहां बी20 शिखर सम्मेलन में 'जलवायु परिवर्तन के वित्तपोषण' के पूर्ण सत्र में अपने संबोधन में कहा कि दुनिया को जलवायु परिवर्तन से जुड़े वित्तपोषण के लिए अत्यधिक मात्रा में पूंजी की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, 'हमें ट्रांजिशन फाइनेंस पर खासकर चुनौतीपूर्ण कठिन क्षेत्रों और इन क्षेत्रों से जुड़े श्रमिकों और समुदायों के लिए अपना ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।'

### भारत को अवैध व्यापार से मुक्त बनाने के लिए फिक्की कैस्केड ने इंटर-स्कूल प्रतियोगिता का किया आयोजन

नई दिल्ली। अवैध व्यापार से उत्पन्न खतरों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के मकसद से, फिक्की कैस्केड (अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के खिलाफ समिति) ने एक इंटर-स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया। 'भारत को तस्करी और जालसाजी से मुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका' विषय पर केंद्रित, प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया था, पेंटिंग, एलोक्यूशन और जिंगल राइटिंग। कार्यक्रम में दिल्ली और एनसीआर के 70 अग्रणी स्कूलों के 600 से अधिक छात्रों की जबरदस्त प्रतिक्रिया और भागीदारी देखी गई। प्रतियोगिता के जज थे -- फिक्की कैस्केड के सलाहकार और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पी.सी. झा, फिक्की कैस्केड के सलाहकार और पूर्व विशेष दिल्ली पुलिस आयुक्त दीप चंद, और कानून और न्याय मंत्रालय के पूर्व सचिव और फिक्की कैस्केड थिंक टैंक के सदस्य पी.के. मल्होत्रा। पी.सी. झा ने कहा, 'कल के उपभोक्ता होने के नाते, स्कूली बच्चे व्यापार के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, इसलिए राष्ट्रकी अर्थव्यवस्था और विकास पर तस्करी और जालसाजी के प्रभाव को समझने के लिए उनकी मदद करना आवश्यक है।

## भारतीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र को इस वर्ष 62 मिलियन डॉलर की मदद

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। देश में स्पेसटेक क्षेत्र को इस साल अब तक 62 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है, जो पिछले साल की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म ट्रैक्सन की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्पेसटेक परिदृश्य में फंडिंग के मामले में सातवें स्थान पर है और इस क्षेत्र में अपना प्रभाव मजबूती से स्थापित कर रहा है। यह असाधारण विकास प्रवृत्ति आगामी महीनों में भी जारी रहने की उम्मीद है। भारतीय स्पेसटेक क्षेत्र की यात्रा परिवर्तन में से एक रही है, जो 2020 में क्षेत्र के निजीकरण से प्रेरित है।



2010 और 2019 के बीच जुटाए गए 35 मिलियन डॉलर के मामूली फंड से, इस क्षेत्र ने 2020 में जबरदस्त छलांग लगाई और 28 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की।

यह प्रवृत्ति तेजी से वृद्धि के साथ जारी रही, 2021 में 96 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई और 2022 में प्रभावशाली 112 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।

'रिपोर्ट में कहा गया है, 'पहले सरकारी भागीदारों का वर्चस्व था। इस क्षेत्र में निजीकरण के बाद निजी क्षेत्र की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। निजी संस्थाएं अब रॉकेट और उपग्रहों के अनुसंधान, विनिर्माण और निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं में सक्रिय रूप से शामिल हैं, जो नवाचार के एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे रही हैं।' अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक शक्तिशाली देश के रूप में भारत का उद्भव इसके प्रभावशाली उपग्रह परिनियोजन द्वारा और अधिक उजागर होता है। 381 उपग्रहों को निचली कक्षा में स्थापित करने के साथ, भारत ने खुद को इस क्षेत्र में एक प्रमुख देश के रूप में स्थापित किया है।

विशेष रूप से, यूके स्थित वनवेब के लिए इसरो द्वारा कक्षा में 36 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण वैश्विक उपग्रह स्वामित्व में भारत के योगदान को दर्शाता है। सेटेलाइट निर्माण के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना की योजना भी पाइपलाइन में है। सेटेलाइट-आधारित इमेजिंग सॉल्यूशंस को भी पर्याप्त समर्थन मिला है, पिछले दो वर्षों में 84.2 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की गई है।

## एफपीआई ने अगस्त में 15,817 करोड़ रुपए के शेयर बेचे

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। एफपीआई ने 26 अगस्त तक नकदी बाजार में 15,817 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। अगस्त की शुरुआत में शुरू हुई एफपीआई बिक्री जारी है। समेकित एनएसडीएल डेटा से पता चलता है कि हालांकि 26 अगस्त तक एफपीआई का निवेश 10,689 करोड़ रुपए है। लेकिन इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार और थोक सौदों के माध्यम से निवेश शामिल है, जो हाल ही में गति पकड़ रहा है। नकदी बाजार में एफपीआई ने 26 अगस्त तक 15,817 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स में 104 के आसपास मजबूती और यूएस 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड का 4.25 प्रतिशत के आसपास रहना भारत जैसे उभरते बाजारों में एफपीआई प्रवाह के लिए अल्पकालिक नकारात्मक है। एफपीआई निवेश की एक महत्वपूर्ण विशेषता पूंजीगत वस्तुओं में उनकी लगातार खरीदारी है। और, हाल ही में, उन्होंने वित्तीय क्षेत्र में बिकवाली शुरू कर दी है।

उन्होंने कहा कि मजबूत डॉलर और बढ़ती अमेरिकी बॉन्ड यील्ड को देखते हुए एफपीआई द्वारा निकट अवधि में नकदी बाजार में बिकवाली जारी रखने की संभावना है। अगस्त में खराब मानसून से मुद्रास्फीति ऊंची रह सकती है और यह चिंता का विषय बनता जा रहा है जिससे बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है।

## सहायक नीतिगत ढांचे के माध्यम से हरित अर्थव्यवस्था में तेजी संभव: टाटा स्टील के सीईओ

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक टी.वी. नरेंद्रन ने शनिवार को बी20 शिखर सम्मेलन में कहा कि हरित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हो रहा है, लेकिन इसकी गति मददगार नीतिगत ढांचे के माध्यम से बढ़ाई जा सकती है। जलवायु परिवर्तन के वित्तपोषण पर एक सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सहायक नीतिगत ढांचे यूरोपीय संघ में कार्बन सीमा समायोजन तंत्र जैसे कार्बन बाजार हो सकते हैं, और इसकी लागत तथा जटिलता को कम किए बिना कोयले से गैस और गैस से हाइड्रोजन में संक्रमण के लिए ढांचागत समर्थन हो सकता है। नरेंद्रन ने कहा, 'इस यात्रा की लागत जटिलता महत्वपूर्ण होने वाली है। उद्योग लागत का कुछ हिस्सा वहन कर सकता है, लेकिन सरकारी समर्थन की आवश्यकता है।' कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ उदय कोटक ने कहा, 'हमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि ग्रह पृथ्वी की अस्तित्वगत व्यवहार्यता के जोखिम को व्यावसायिक व्यवहार्यता से एक



कदम ऊपर रखना होगा। हालांकि बहुत अधिक ध्यान संक्रमण वित्तपोषण पर है, हम हमें इस बात पर विचार करना होगा कि क्या हमारे पास आर्थिक व्यवहार्यता बनाम अस्तित्वगत व्यवहार्यता के काम करने के लिए इंतजार करने का समय है।' एचएसबीसी होल्डिंग्स पीएलसी, यूके के ग्रुप चेयरमैन मार्क टकर ने कहा, 'वित्तीय नवाचार के लिए, नवीन वस्तुओं और प्रणालियों के लिए टिकाऊ वित्त जुटाने की दिशा में बड़ी मात्रा में रचनात्मक सोच काम कर रही है। हमें शुरुआती चरणों में ही परियोजनाओं को जोखिम से मुक्त करने के लिए सरकारी समर्थन का उपयोग करने और समर्थन विकसित करने की आवश्यकता है।'

## नोएडा के 'घोस्ट टाउन' में काम शुरू होने से 20 हजार घर खरीदारों में जगी आशा की किरण

**नोएडा,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) के लगभग 20,000 घर खरीदारों के लिए, जो 13 साल से अधिक समय से अपने फ्लैटों के सौंपे जाने का इंतजार कर रहे हैं, आशा की किरण जगी है, क्योंकि पूर्ववर्ती 'घोस्ट टाउन' में कम से कम 59 अधूरे टावरों पर काम तेज होने लगा है। इस साल मार्च में, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को खरीदने और नोएडा और ग्रेटर नोएडा में फैली रुकी हुई परियोजनाओं में आवास इकाइयों को पूरा करने के लिए मुंबई स्थित सुरक्षा समूह की बोली को मंजूरी दे दी।

सुरक्षा कर्ज में डूबी जेपी समूह की कंपनी में 250 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, साथ ही अगले चार वर्षों में फ्लैटों को पूरा करने के लिए 3,000 करोड़ रुपए का ऋण भी दे रही है। एक घर खरीदार जयश्री स्वामीनाथन, जिसने एक दशक से पीड़ा झेली है, उसे राहत है कि अधिकांश खरीदारों के लिए इंतजार जल्द ही खत्म हो जाएगा। स्वामीनाथन ने बताया, 'जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) अभी भी तुच्छ अपील कर रही है और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी मुआवजे के मुद्दों और अन्य भूमि बकाया को सुलझाने के लिए सुरक्षा समूह से मुलाकात कर रहे हैं,



घर खरीदार उत्साहित हैं कि कई अधूरे टावरों पर काम अब प्रगति पर है। उन्होंने कहा, 'एनसीएलटी के फैसले के बाद, सुरक्षा को कानूनी आधार पर यीडा को एक पैसा भी देने की ज़रूरत नहीं है। फिर भी, वे किसानों को लगभग 1,689 करोड़ रुपये का मुआवजा देने को तैयार हैं, जिसका अधिकारियों को संज्ञान लेना होगा और लंबित फ्लैटों को जल्द से जल्द वितरित करने की गति बढ़ानी होगी।' यीडा जेपी इंफ्राटेक या टेकओवर कंपनी सुरक्षा से 64.7 फीसदी बढ़े हुए भूमि मुआवजे के रूप में 1,689 करोड़ रुपए और

- **इस साल मार्च में, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को खरीदने और नोएडा और ग्रेटर नोएडा में फैली रुकी हुई परियोजनाओं में आवास इकाइयों को पूरा करने के लिए मुंबई स्थित सुरक्षा समूह की बोली को मंजूरी दे दी**

अतिरिक्त भूमि मुआवजे के रूप में 6,111 करोड़ रुपए की वसूली करना चाहता है। किसानों के हितों की रक्षा के लिए, यीडा ने एनसीएलटी के आदेश को चुनौती दी, जिसमें दोनों हितधारकों को बैठकों के माध्यम से मुद्दे को सुलझाने का निर्देश दिया गया था। सुरक्षा समूह ने हाल ही में यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण को एक प्रस्ताव सौंपा है, जिसमें कुछ शर्तों के साथ लगभग 20,000 फ्लैट बनाने और किसानों को मुआवजा देने पर सहमति व्यक्त की गई है। अगस्त 2017 में, एनसीएलटी ने नोएडा स्थित रियल्टी प्रमुख के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू की।

जैसा कि पिछली रिपोर्ट में बताया गया था, 18,767 सक्रिय घर खरीदार थे जिन्होंने 8,676 करोड़ रुपए की सामूहिक मूल राशि का भुगतान किया था। लगभग 413 घर खरीदारों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी और उनका 64 करोड़ रुपए का रिफंड अभी भी लंबित है। लगभग 1,410 खरीदारों को 528 करोड़ रुपए मूल्य के कब्जे के प्रस्ताव जारी किए गए, लेकिन कोई पंजीकरण नहीं हुआ। अपनी बेटी को पास के लॉ स्कूल में पढ़ाने की उम्मीद में, स्वामीनाथन ने 2009 में केंसिंग्टन पार्क हाइट्स में 2,100 वर्ग फुट का एक अपार्टमेंट बुक किया, जो जेपी की संपत्ति है। स्वामीनाथन ने बताया, 'मैं अपने माता-पिता, खास अपनी मां की, हमारे ही घर में एक साथ रहने की इच्छा पूरी नहीं कर सका। मैं अभी भी दिल्ली में किराये पर रह रही हूं। इस संपत्ति को खरीदने का पूरा उद्देश्य खो गया है जिसके लिए हमने भुगतान किया था। हम कानूनी लड़ाई से बेहद थक चुके हैं।' ऐसे कई निराश जेपी खरीदार हैं जिन्होंने ईएमआई का भुगतान करना बंद कर दिया है, क्योंकि वे किराया और ईएमआई दोनों का भुगतान करने में सक्षम नहीं थे। कई सेना अधिकारियों ने जेपी विश टाउन और अन्य संपत्तियों में फ्लैट बुक करने के लिए अपना पूरा सेवानिवृत्ति लाभ खर्च कर दिया और अभी भी किराए के परिसर में रह रहे हैं। स्वामीनाथन ने कहा, 'मेरा दिल उन लोगों के लिए दुख है जिन्होंने सभी उम्मीदें खो दीं, उनके परिवार के सदस्यों की पिछले दशक में मृत्यु हो गई, क्योंकि वे अपने फ्लैटों का इंतजार कर रहे थे। यह उनके जीवन की सबसे बड़ी विडंबना है, और मेरी भी।'

# दुनिया रंग-बिरंगी

## मैं गुरदास मान साहब की वजह से म्यूजिक में हूं : बादशाह

**नई दिल्ली।** रैपर और सिंगर बादशाह ने महान सिंगर गुरदास मान के लिए अपने फैनबॉय मोमेंट के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने शेयर किया कि यही कारण है कि वह म्यूजिक में आए। 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के अपकमिंग एपिसोड में गुरदास मान, जिन्हें प्यार से 'मान साहब' के नाम से जाना जाता है, रियलिटी शो में आएंगे। रैपर ने कहा कि मेरे घर पर, मान साहब के गाने बजते रहते थे। मेरा म्यूजिक में आने का सबसे बड़ा कारण मान साहब हैं। मेरे माता-पिता का झुकाव म्यूजिक की ओर नहीं था, लेकिन मान साहब का बहुत प्रभाव था, मेरे घर पर बजने वाले संगीत पर। ऐसा कहा जाता है कि एक बच्चे का किरदार 5-6 साल की उम्र के बीच विकसित होना शुरू हो जाता है।

## 'पौरशपुर 2' में उनका किरदार उन्हें 'शक्तिशाली' महसूस कराती है : शर्लिन चोपड़ा

**मुंबई,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा अपकमिंग रिलीज ड्रामा सीरीज 'पौरशपुर' के सीजन 2 की में महारानी स्नेहलता की भूमिका निभाएंगी। एक्ट्रेस ने अपने बोल्ड आउटफिट्स के लिए लगातार मिल रही आलोचना के बारे में बात करते हुए कहा कि 'पौरशपुर 2' में उनकी भूमिका ने उन्हें सशक्त महसूस कराया है।



अपने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने अपनी एक क्लिप पोस्ट की, जिसमें उन्हें इंडियन फिल्म हिस्ट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा था, जिसमें उन्होंने महारानी स्नेहलता की भूमिका देने के लिए एकता कपूर और प्रोडक्शन कंपनी को धन्यवाद दिया।

उन्हेंने कहा कि मैं महारानी स्नेहलता के इस बेहद मजबूत किरदार को निभाने का मौका देने के लिए एकता कपूर और एएलटी को धन्यवाद देना चाहती हूं। मुझे अक्सर मेरे ड्रेसिंग चॉइस के लिए बुलाया जाता है, और मैं आमतौर पर केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस या प्रमोशन इवेंट में ही उनके बारे में बोलती हूं। लेकिन जो लोग मुझे ड्रेसिंग चॉइस के लिए बुला रहे हैं, मैं कहना चाहती हूं कि आज सम्मानित होने और 'पौरशपुर 2' में अपनी भूमिका के लिए, मैं पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली महसूस करती हूं।

# प्रकृति में पहुंचने पर प्लास्टिक जितने ही जहरीले होते हैं कागज के कप

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। जहरीले रसायनों से बचने के लिए पेपर कप प्लास्टिक कप का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि पेपर कप (पेपर ढक्कन के साथ) में आप जो फेंके जाने के बाद प्रकृति में पहुंचने पर जीवित जीवों को भी नुकसान पहुंचा सकती है।

पृथ्वी के सभी हिस्सों और सभी जीवित चीजों को प्रदूषित करने वाले प्लास्टिक प्रदूषण की रिपोर्ट ने वैकल्पिक सामग्रियों की ओर बदलाव को तेज कर दिया है।



- **जहरीले रसायनों से बचने के लिए पेपर कप प्लास्टिक कप का कोई विकल्प नहीं**
- **शोधकर्ताओं ने तितली मच्छर के लार्वा पर डिस्पोजेबल कप के प्रभाव का किया परीक्षण**

हालांकि, पेपर कप प्लास्टिक कप की तरह ही जहरीले होते हैं। स्वीडन में गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने तितली मच्छर के लार्वा पर विभिन्न सामग्रियों से बने डिस्पोजेबल कप के प्रभाव का परीक्षण करते हुए एक अध्ययन में यह दिखाया है।

गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर बेथानी कार्नी अल्मरोथ ने कहा कि हमने कुछ सप्ताह के लिए कागज के कप और प्लास्टिक के कप को गीली तलछट और पानी में छोड़ दिया और देखा कि उनसे निकलने वाले रसायनों ने लार्वा को कैसे प्रभावित किया। सभी मगों ने लार्वा के विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाला।

खाद्य पैकेजिंग सामग्री में उपयोग किए जाने वाले कागज की सतह पर प्लास्टिक की कोटिंग चढ़ाई जाती है। यह प्लास्टिक कागज को कॉफी से बचाता है। आजकल, प्लास्टिक फिल्म अक्सर पॉलीलैक्टाइड, पीएलए से बनी होती है जो एक प्रकार का बायोप्लास्टिक है।

बायोप्लास्टिक्स का उत्पादन जीवाश्म ईंधन की बजाय नवीकरणीय संसाधनों (पीएलए का उत्पादन आमतौर पर मक्का, कसावा या गन्ने से होता है) से किया जाता है, जैसा कि बाजार में 99 प्रतिशत प्लास्टिक के मामले में होता है।

पर्यावरण प्रदूषण जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, पीएलए को अक्सर बायोडिग्रेडेबल माना जाता है, जिसका अर्थ है कि यह सही परिस्थितियों में तेल आधारित प्लास्टिक की तुलना में तेजी से टूट सकता है, लेकिन फिर भी यह जहरीला हो सकता है।

बायोप्लास्टिक जब पर्यावरण में, पानी में पहुंचते हैं तो प्रभावी ढंग से नहीं टूटते हैं। अल्मरोथ ने कहा कि ऐसा जोखिम हो सकता है कि प्लास्टिक प्रकृति में बना रहे और परिणामी माइक्रोप्लास्टिक्स सामान्य प्लास्टिक की तरह ही जानवरों और मनुष्यों की आहार श्रृंखला में प्रवेश कर सकता है। बायोप्लास्टिक में पारंपरिक प्लास्टिक जितने ही रसायन होते हैं। अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है, प्लास्टिक में कुछ रसायन विषैले माने जाते हैं, अन्य के बारे में जानकारी का अभाव है।



## 17 साल बाद स्क्रीन पर साथ आएंगे अमिताभ बच्चन व शाहरुख खान

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन और सुपरस्टार शाहरुख खान, जिन्हें आखिरी बार 'कभी अलविदा ना कहना' में एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए देखा गया था, एक नए प्रोजेक्ट के लिए 17 साल बाद स्क्रीन पर एक साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बिग बी और शाहरुख आखिरी बार 2006 में करण जौहर द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' में नजर आए थे। फिल्म में अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा और किरण खेर भी थे।

सूत्र के मुताबिक, 'एक दिलचस्प प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान एक बार फिर साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे। इस प्रोजेक्ट से संबंधित बहुत सी खबरें अभी तक सामने नहीं आई हैं, लेकिन जल्द ही और अधिक अपडेट और समाचार सामने आएंगे।'

यह जोड़ी इससे पहले 'मोहब्बतें', 'कभी खुशी कभी गम' और 'वीर जारा' जैसी आइकोनिक फिल्मों में स्क्रीन साझा कर चुकी है। शाहरुख खान को एक्शन एडवेंचर फिल्म 'ब्रह्मास्त्र - पार्ट वन शिवा' में नासा के पूर्व वैज्ञानिक 'मोहन भार्गव' के रोल में कैमियो में देखा गया था। फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अमिताभ ब्रह्मांश के गुरु रघु की अहम भूमिका में नजर आए थे।



# देव कोहली का 80 साल की उम्र में निधन

- **'कबूतर जा, जा, जा', 'ये काली-काली आंखें' जैसे यादगार सुपरहिट गाने लिखे**

**मुंबई,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। दिग्गज बॉलीवुड लिरिसिस्ट देव कोहली का लंबी बीमारी के बाद शनिवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने 'कबूतर जा, जा, जा', 'ये काली-काली आंखें', 'दिल दीवाना, बिन सजना के माने ना' और 'चलती है क्या नौ से बारह' जैसे यादगार सुपरहिट गाने लिखे थे। वह 80 साल के थे और उम्र संबंधी बीमारियों के कारण अंधेरी स्थित अपने घर में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 6 बजे ओशिवारा श्मशान घाट पर किया जाएगा।

कोहली का पार्थिव शरीर आज दोपहर 2 बजे लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स स्थित उनके घर पर लोगों और उनके फैंस के अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। 2 नवम्बर, 1942 को रावलपिंडी (अब पाकिस्तान) के एक सिख परिवार में जन्मे देव कोहली का परिवार देहरादून में बस गया। उन्होंने वहां श्री गुरु नानक देव गुरु महाराजा कॉलेज में पढ़ाई की और जब वह 22 साल के थे, तो मनोरंजन जगत में रोजगार की तलाश में 1964 में बॉम्बे (मुंबई) आ गए। शुरुआती संघर्ष के बाद, उन्हें म्यूजिकल फिल्म 'लाल पत्थर' (1971) के लिए गाने लिखकर लोकप्रियता मिली, जिसमें कोहली का गाना 'गीत गाता हूं मैं' काफी लोकप्रिय हुआ, जिसे शंकर-जयकिशन ने कंपोज किया था और किशोर कुमार ने गाया था। 'लाल पत्थर' के अलावा उन्होंने 'मैंने प्यार किया' (1990), 'आंसू बने अंगारे' (1993), 'बाजीगर' (1994), 'हम आपके हैं कौन' (1995), 'दहक' (1999), 'बस इतना सा ख्वाब है' (2001), 'वो' और 'मुसाफिर' (2004), 'शूटआउट एट लोखंडवाला' (2007), 'यारियां' (2008), 'जुड़वा 2' (2018) जैसी फिल्मों के लिए कई सुपरहिट गाने लिखे। इन वर्षों में, कोहली ने दिवंगत शंकर-जयकिशन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, आर. डी. बर्मन, अनु मलिक, राम-लक्ष्मण, आनंद राज आनंद, आनंद-मिलिंद, विशाल-शेखर, उत्तम सिंह जैसे कई संगीत निर्देशकों के साथ काम किया। पिछले लगभग छह दशकों में 100 से अधिक फिल्मों के लिए कई गीत लिखे। अभिनेताओं, गीतकारों और संगीत निर्देशकों सहित शीर्ष बॉलीवुड हस्तियों ने सोशल मीडिया पर कोहली के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# पेटा ने चन्द्रयान की सफल लैंडिंग पर इसरो को रॉकेट के आकार का केक भेंट किया

**बेंगलुरु,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। पीपुल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को एक रॉकेट के आकार का शाकाहारी केक भेंट किया है। पेटा के एक अधिकारी कहा कि भारत के चन्द्रयान-3 के ऐतिहासिक रूप से चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के जश्न में और इसरो के गगनयान परियोजना के लिए जानवरों के बजाय एक ह्यूमनॉइड रोबोट को अंतरिक्ष में भेजने का विकल्प चुनने पर इससे प्रेरित होकर हमने एक रॉकेट के आकार का शाकाहारी केक दिया। इस केक को चॉकलेट ट्रफ़ल और ब्लू बटरक्रीम से बनाया गया था जो पूरी तरह से शाकाहारी है।

पेटा इंडिया में फैशन, मीडिया और सेलिब्रिटी प्रोजेक्ट्स की प्रबंधक मोनिका चोपड़ा ने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश है और शाकाहारी भोजन की शुरुआत भी भारत में हुई थी। दुनिया में हमारे देश में अब शाकाहारियों की सबसे बड़ी आबादी है और 10 वर्षों में शाकाहारियों की संख्या में 360 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है, इसलिए हमारे लिए गर्व का क्षण भी है।




मोनिका ने कहा कि इस सब के जश्न में, पेटा इंडिया को आज इसरो को शाकाहारी केक देने पर गर्व महसूस हो रहा है।

पेटा इंडिया का कहना है कि अंडे और डेयरी के लिए जानवरों का उपयोग बड़े पैमाने पर पीड़ा का कारण बनता है। इसके अलावा, मांस और अन्य पशु-व्युत्पन्न खाद्य पदार्थ खाने को हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, कैंसर और मोटापे से जोड़ा गया है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार जलवायु आपदा के सबसे बुरे प्रभावों से बचने के लिए मनुष्य को शाकाहारी भोजन की ओर वैश्विक बदलाव लाने की आवश्यकता है।

पेटा इंडिया का सबसे अच्छा स्लोगन है 'जानवर हमारे खाने के लिए नहीं हैं'। पेटा इंडिया - जिसका आदर्श वाक्य आंशिक रूप से कहता है कि 'जानवर हमारे खाने के लिए नहीं हैं।' वह प्रजातिवाद, एक मानव-वर्चस्ववादी विश्वदृष्टिकोण का विरोध करता है।

## ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम करना चाहती हैं जाह्नवी कपूर

**मुंबई,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम करना चाहती हैं। जाह्नवी कपूर से पूछा गया कि उन्हें समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्में ज्यादा पसंद हैं या फिर ब्लॉकबस्टर फिल्में। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें ब्लाकस्टर फिल्में करना पसंद है। उन्होंने कहा कि मेरे करियर में अब तक वह फिल्म नहीं आई जिसने बॉक्स आफिस पर नंबर बनाए हो। जाह्नवी कपूर ने बताया कि मुझे अभिनय के लिए सराहना मिली है, लेकिन नंबर चाहिए। फिल्म धड़क ने बाक्स आफिस पर कमाई की थी लेकिन मैं उसका मजा नहीं ले पाई थी। ब्लाकबस्टर फिल्म मुझे जो पहुंच देगी छोटे शहरों के दर्शकों के बीच वह शायद क्रिटिकली अक्लेम फिल्में नहीं देंगी।



# कश्मीर में 'छड़ी मुबारक' यात्रा शुरू

**श्रीनगर,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। भगवान शिव की पवित्र गदा, स्वामी अमरनाथ की 'छड़ी-मुबारक' के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि शनिवार तड़के अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए दशनामी अखाड़ा मंदिर श्रीनगर से बस में रवाना हुए। स्वामी गिरि अन्य साधुओं के साथ यात्रा को पूर्ण करेंगे और यहां पहुंचकर अमरनाथ यात्रा के अंतिम अनुष्ठानों का संचालन करेंगे। इस यात्रा को स्वामी ओर साधुओं को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्ण करायी जाएगी। छड़ी मुबारक, जिसमें एक भगवान शिव और दूसरी देवी पार्वती का चित्रण है। सदियों पुरानी परंपराओं, अनुष्ठानों के अनुसार, यात्रा श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा मंदिर से पहलगाम के लिए रवाना होती है, जिसमें दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक पहलगाम मार्ग से साधुओं का एक समूह 'बम बम बोले' का नारा लगाते हुए अमरनाथ गुफा की ओर जाता है। रास्ते में 'छड़ी मुबारक' को बिजबेहरा में शिवजी महाराज हरिश्चंद्र मंदिर और श्री मार्तंडा मंदिर ले जाया जाएगा, जहां विशेष पूजा की जाएगी। वार्षिक 64 दिवसीय अमरनाथ यात्रा एक जुलाई को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालटाल मार्गों से शुरू होती है और 31 अगस्त को श्रावण-पूर्णिमा के अवसर पर समाप्त होती है।



- **श्रावण-पूणिमा के अवसर पर, छड़ीमुबारक को अमरनाथ तीर्थस्थल पर पहुंचना होगा**

इस वर्ष, अधिकारियों द्वारा तीर्थयात्रियों के लिए किए गए इंतजामों के बीच 4.40 लाख से अधिक भक्तों ने अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन किए। छड़ी मुबारक पहली रात पहलगाम में रुकेगी। पहलगाम के रास्ते में, सुरेश्वर मंदिर श्रीनगर, शिव मंदिर पंपोर, शिव मंदिर बिजबेहरा, मार्तंड तीर्थ मट्टन, और लिद्दर नदी के पार गणेश मंदिर, गणेशबल में भी पूजन किया जाएगा।

इसके बाद, छड़ी-मुबारक 28 अगस्त को चंदनवारी, 29 अगस्त को शेषनाग और 30 अगस्त को पंचतरणी में रात्रि विश्राम के लिए रुकेगी तथा 31 अगस्त को, श्रावण-पूर्णिमा के अवसर पर, छड़ीमुबारक को अमरनाथ के पवित्र तीर्थस्थल पर ले जाया जाएगा। उन्हें सूर्योदय से पहले पहुंचना होगा और उगते सूरज के साथ ही पूजन शुरू करना है।

पुण्यतिथि के अवसर पर

# पार्श्वगायक नहीं अभिनेता बनना चाहते थे मुकेश

**मुंबई,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। दर्द भरे नगमों के बेताज बादशाह मुकेश ने अपने पार्श्वगायन ने लगभग तीन दशक तक श्रोताओं को अपना दीवाना बनाया लेकिन वह अभिनेता के तौर पर अपनी पहचान बनाना चाहते थे। मुकेश चंद माथुर का जन्म 22 जुलाई 1923 को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता लाला जोरावर चंद माथुर एक इंजीनियर थे और वह चाहते थे कि मुकेश उनके नक्शे कदम पर चलें, लेकिन वह अपने जमाने के प्रसिद्ध गायक अभिनेता कुंदनलाल सहगल के प्रशंसक थे और उन्हीं की तरह गायक अभिनेता बनने का ख्वाब देखा करते थे। मुकेश ने दसवीं तक पढ़ाई करने के बाद स्कूल छोड़ दिया और दिल्ली लोक निर्माण विभाग में सहायक सर्वेयर की नौकरी कर ली। जहां उन्होंने सात महीने तक काम किया। इसी दौरान अपनी बहन की शादी में गीत गाते समय उनके दूर के रिश्तेदार मशहूर अभिनेता मोतीलाल ने उनकी आवाज सुनी और प्रभावित होकर वह उन्हें 1940 में वह मुंबई ले आए और उन्हें अपने साथ रखकर पंडित जगन्नाथ प्रसाद से संगीत सिखाने का भी प्रबंध किया।

इसी दौरान मुकेश को एक हिन्दी फिल्म निर्दोष (1941) में अभिनेता बनने का मौका मिल गया जिसमें उन्होंने अभिनेता-गायक के रूप में संगीतकार अशोक घोष के निर्देशन में अपना पहला गीत दिल ही बुझा हुआ हो तो भी गाया। हालांकि, यह फिल्म टिकट खिड़की पर बुरी तरह से नकार दी गई। इसके बाद मुकेश ने दुख-सुख, आदाब अर्ज जैसी कुछ और फिल्मों में भी काम किया लेकिन पहचान बनाने में कामयाब नहीं हो सके। मोतीलाल प्रसिद्ध संगीतकार अनिल विश्वास के पास मुकेश को लेकर गये और उनसे अनुरोध किया कि वह अपनी फिल्म में मुकेश से कोई गीत गवाएं। वर्ष 1945 में प्रदर्शित फिल्म 'पहली नजर' में अनिल विश्वास के संगीत निर्देशन में दिल जलता है तो जलने दे गीत के बाद मुकेश कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए।

मुकेश ने इस गीत को सहगल की शैली में ही गाया था। सहगल ने जब यह गीत सुना तो उन्होंने कहा था अजीब बात है मुझे याद नहीं आता कि मैंने कभी यह गीत गाया है। इसी गीत को सुनने के बाद सहगल ने मुकेश को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। सहगल की गायकी के अंदाज से प्रभावित रहने के कारण अपनी शुरूआती दौर की फिल्मों में मुकेश सहगल के अंदाज मे ही गीत गाया करते थे



लेकिन वर्ष 1948 मे नौशाद के संगीत निर्देशन में फिल्म अंदाज के बाद मुकेश ने गायकी का अपना अलग अंदाज बनाया।

मुकेश के दिल में यह ख्वाहिश थी कि वह गायक के साथ साथ अभिनेता के रूप मे भी अपनी पहचान बनाये। बतौर अभिनेता वर्ष 1953 में प्रदर्शित माशूका और वर्ष 1956 में प्रदर्शित फिल्म अनुराग की विफलता के बाद उन्होने पुन: गाने की ओर ध्यान देना शुरू कर दिया। इसके बाद वर्ष 1958 मे प्रदर्शित फिल्म यहूदी के गाने ये मेरा दीवानापन है की कामयाबी के बाद मुकेश को एक बार फिर से बतौर गायक अपनी पहचान मिली। इसके बाद मुकेश ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया।

मुकेश ने अपने तीन दशक के सिने करियर मे 200 से भी ज्यादा फिल्मों के लिये गीत गाये। गायक मुकेश को उनके गाये गीतो के लिये चार बार फिल्म फेयर के सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावे वर्ष 1974 मे प्रदर्शित 'रजनी गंधा' के गाने 'कई बार यूही देखा' के लिए मुकेश राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किये गए। राजकपूर की फिल्म 'सत्यम-शिवम-सुंदरम' के गाने चंचल निर्मल शीतल की रिकार्डिंग पूरी करने के बाद वह अमरीका में एक कंसर्ट में भाग लेने के लिए चले गए जहां 27 अगस्त 1976 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

# लंदन का 'इंडिया क्लब' 77 साल बाद होगा बंद

**लंदन,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित 'इंडिया क्लब' अगले महीने से हमेशा के लिए बंद होने जा रहा है। भारतीय इतिहास के साथ इस क्लब का गहरा नाता रहा है। इस क्लब की शुरुआती जड़ें भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रवादियों के केंद्र के रूप में थी। 'इंडिया क्लब' एक एतिहासिक बैठक स्थल और भोजनालय है।

इस ऐतिहासिक बैठक स्थल और भोजनालय को बंद किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। इस क्लब को बंद करने के खिलाफ काफी लंबी लड़ाई लड़ी गई, जिसमें समर्थकों की हार के बाद इसे बंद करने की घोषणा हुई। इंडिया क्लब एतिहासिक बिल्डिंग लंदन के स्ट्रैंड के मध्य में स्थित है। बिल्डिंग को तोड़कर कर यहां एक आधुनिक होटल के लिए रास्ता बनाया जाएगा। इससे पहले इंडिया क्लब की प्रोपराइटर यादगार मार्कर और उनकी बेटी फिरोजा ने इसके लिए 'सेव इंडिया क्लब' नाम से अपील शुरू की थी।



- **भारतीय इतिहास से है गहरा नाता**

फिरोजा ने कहा कि बहुत भारी मन से हमें घोषणा करना पड़ा रहा है कि अब सिर्फ 17 सितम्बर तक इंडिया क्लब जनता के लिए खुला रहेगा। आपको बता दें कि इंडिया क्लब की जड़ें इंडिया लीग में हैं, जिसने ब्रिटेन में भारतीय स्वतंत्रता के लिए अभियान चलाया था। इसके संस्थापक सदस्यों में कृष्ण मेनन भी शामिल थे - जो यूके में पहले भारतीय उच्चायुक्त बनें।

कृष्ण मेनन सात दशक पहले स्थापित हुए इस इंडिया क्लब के संस्थापक सदस्यों में शामिल थे। इंग्लैंड के शुरुआती भारतीय रेस्तरां होने की वजह से जल्द ही यह क्लब ब्रिटिश दक्षिण एशियाई समुदाय के बीच काफी लोकप्रिय हो गया, और भारतीय स्वतंत्रता और विभाजन के बाद तेजी से बढ़ते ब्रिटिश दक्षिण एशियाई समुदाय का दूसरा घर बन गया।

फिरोजा ने कहा कि वे बचपन से अपने पिता के साथ यहां हाथ बंटाती थी। उन्होंने कहा कि वे जब 10 साल की थी, तब से यहां आ रही हैं। क्लब के साथ उनका 26 साल पुराना आत्मियता का रिश्ता है। अब इसके बंद करने की घोषणा करना मेरे लिए दिल तोड़ने की तरह है। फिरोजा ने कहा कि उनके पिता ने मेनन के साथ भी काम किया था। सेंटर फॉर माइग्रेशन एंड डायस्पोरा स्टडीज की संस्थापक और अध्यक्ष पार्वती रमन ने बता कि मेनन का मानना था कि हम एक ऐसा क्लब बनाएं कि गरीब भारतीय भी यहां खाना खा सके। चर्चाओं में शामिल हो सके। राजनीति पर चर्चा कर सके।

भविष्य की योजना पर काम कर सके। इसकी स्थापना 1946 में की गई थी। स्ट्रैंड में भारतीय उच्चायोग के पास स्थित इस रेस्तरां में 26 कमरे हैं। इस इमारत की मालिक कंपनी मार्सटन प्रापर्टीज ने कुछ समय पहले इसे आशिंक रूप से ढहाने की अपील की थी। अगस्त 2018 में उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया गया था। तब इस संस्थान को सांस्कृतिक विरासत के रूप में अहम माना गया।

# खेल जगत

## रोहित विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनेंगे : सहवाग



**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कप्तान रोहित शर्मा को विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में चुना। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय पिचें सलामी बल्लेबाज को बहुत अच्छी सतह प्रदान करती हैं और उनके पास सलामी बल्लेबाज के रूप में शानदार रिकॉर्ड है। आईसीसी के इंस्टाग्राम हैंडल द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में, सहवाग से विश्व कप 2023 में अग्रणी रन बनाने वाले खिलाड़ी की भविष्यवाणी करने के लिए कहा गया था, और उन्होंने भारत के रोहित शर्मा को चुना। वीरेंद्र सहवाग ने कहा, भारत को अच्छे विकेट मिले हैं, इसलिए मुझे लगता है कि सलामी बल्लेबाजों को अच्छे मौके मिलेंगे। अगर मैं किसी एक को चुनना चाहता हूं तो मुझे लगता है कि रोहित शर्मा। कुछ नाम हैं, लेकिन मैं भारतीय हूं और मुझे किसी भारतीय को चुनना चाहिए, इसलिए रोहित शर्मा।

# नंबर चार के लिए बिल्कुल सही हैं विराट : डिविलियर्स



**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि विराट कोहली को भारत की एकदिवसीय विश्व कप टीम में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिये। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल हाल ही में चोट से उबरकर एशिया कप स्क्वाड में शामिल हुए हैं, जिसके कारण भारत का मध्यक्रम अस्थिर है। अगर इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी पूरी तरह फिट नहीं होता, या फॉर्म हासिल नहीं कर पाता तो बल्लेबाजी क्रम में चौथा पायदान भारत के लिये बड़ी चिंता बन सकता है।

डिविलियर्स का मानना है कि अगर भारत के सामने यह समस्या आती है तो वनडे क्रिकेट में नंबर तीन पर खेलने वाले कोहली को एक पायदान नीचे उतर जाना चाहिये। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में कोहली की टीम के साथी रहे डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हम अब भी भारत के चौथे नंबर के बल्लेबाज की बात कर रहे हैं। मैंने कुछ बातें सुनी हैं कि विराट वह स्थान ले सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो मैं उसका समर्थन करूंगा।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विराट नंबर चार के लिये बिल्कुल सही हैं। वह पारी को संवार सकते हैं, मध्यक्रम में किसी भी तरह की भूमिका निभा सकते हैं। मुझे नहीं पता कि वह ऐसा करना चाहेंगे या नहीं। हम जानते हैं कि उन्हें अपना नंबर तीन स्थान पसंद है। उन्होंने अपने ज्यादातर रन वहीं बनाए हैं, लेकिन अगर टीम को आपसे कुछ करने, एक निश्चित भूमिका निभाने की जरूरत है, तो आपको अपना हाथ आगे बढ़ाना होगा। गौरतलब है कि एशिया कप स्क्वाड की घोषणा करते हुए रोहित ने टीम में लचीलेपन की मांग की थी, हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि वरिष्ठ खिलाड़ी अपनी-अपनी जगह पर बने रहेंगे।

अपनी पीठ की सर्जरी करवाकर टीम में वापस आये अय्यर नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के सबसे प्रबल दावेदार हैं, हालांकि कोहली को पहले भी इस भूमिका में बड़ी सफलता मिली है। नंबर चार पर खेलते हुए कोहली सात शतक बनाने में सफल रहे हैं, जबकि उनका औसत 55.21 और स्ट्राइक रेट 90.66 रहा है। वह आखिरी बार जनवरी 2024 में नंबर चार पर खेले थे। अलूर में भारत के एशिया कप प्रशिक्षण शिविर में अय्यर के अच्छे प्रदर्शन ने भारतीय मध्यक्रम में स्थिरता का अंदेशा दिया है, हालांकि केएल राहुल की फिटनेस अभी भी चिंता का विषय है और वह 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में कम से कम दो मैचों से बाहर रह सकते हैं।

## बाबर में दिखती है कोहली की झलक : मूडी

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा है कि उन्हें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म में भारतीय दिग्गज विराट कोहली की झलक दिखती है। मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, वह मुझे काफी हद तक विराट कोहली की याद दिलाते हैं। वह जिस तरह से पारंपरिक क्रिकेट शॉट खेलते हैं। ऐसा लगता है कि वह खेल को बहुत अच्छे से समझते हैं, पढ़ते हैं, जो कोहली ने एक दशक से अधिक समय से किया है। वह रनों की पीछा भी बहुत अच्छी तरह करते हैं, जैसा कि विराट कोहली कई वर्षों से करते आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, दोनों के बीच बहुत समानताएं हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि विराट का एशिया कप बाबर आजम से बेहतर होगा, लेकिन उन दोनों पर समान दबाव हो सकता है और उन्हें देखने में मजा आयेगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भी बाबर की सराहना की, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय तक अपने प्रदर्शन को बरकरार रखना कोहली और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों को महान बनाता है।

मांजरेकर ने कहा, तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का करियर लगभग 10-15 साल तक चला है और जब भी कोई उभरता हुआ सितारा आता है, तो उसकी तुलना इन खिलाड़ियों से की जाती है, जो लंबे समय तक दौड़ में रहे हैं। कभी-कभी यह थोड़ा अनुचित हो सकता है लेकिन इन दोनों लोगों की महानता यह है कि वे एक उभरते हुए खिलाड़ी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के स्तर की क्रिकेट लंबे समय तक खेलते हैं।

बाबर और कोहली दो सितंबर को भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच में आमने-सामने होंगे। अगर भारत और पाकिस्तान टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंचते हैं तो दोनों टीमें तीन बार एक-दूसरे से भिड़ सकती हैं। इस बीच, मूडी ने कहा कि बाबर कप्तानी के बढ़ते दबाव से भी जूझ रहे हैं और समय के साथ वह बेहतर होते जायेंगे। मूडी ने कहा, किसी भी एशियाई टीम की कप्तानी बहुत मुश्किल होती है। लोग छोटी-छोटी बातों पर नज़र रखते हैं। जब आप कोई ऐसा कदम उठाते हैं जो शायद उस समय सही न हो तो अचानक बहुत सारे विशेषज्ञ आप पर उंगली उठाने लग जाते हैं। मुझे लगता है कि वह अभी भी कप्तानी के बढ़ते दबाव से जूझ रहे हैं।

उन्होंने कहा, वह लगातार बेहतर होते जाएंगे। उनके आसपास कई अनुभवी खिलाड़ी भी हैं जो कप्तानी की भूमिका निभा चुके हैं, चाहे वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट में हो या उनके घरेलू क्रिकेट में। मुझे यकीन है कि वह उनका लाभ उठाएंगे।

# अपने परिवारजनों के सामने मलेशिया के खिलाफ अपना पहला गोल करना हमेशा याद रहेगा : कार्ति

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली, 26 अगस्त (देशबन्धु)। तमिलनाडु के 21 वर्षीय नौजवान स्ट्राइकर सेल्वम कार्ति ने इस महीने के शुरू में अपने घर चेन्नै में अपने माता पिता सहित अपने माता-पिता के सामने भारत के लिए पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में गोल कर अपनी खास छोड़ी। यह पहला मौका था जब कार्ति के माता-पिता ने उन्हें पहली बार स्टेडियम में खेलते देखा था। भारत ने मलयेशिया को फाइनल में 4-3 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत नया इतिहास रच दिया था। कार्ति ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी भारत के लिए पहला मलयेशिया के खिलाफ टीम की लीग मैच में 5-0 से जीत में किया था। कार्ति ने पहले क्वार्टर में भारत के लिए जैसे ही यह गोल किया था तो पूरा स्टेडियम दर्शकों की करतल ध्वनि से गूंज उठा था। सेल्वम कार्ति मलयेशिया के खिलाफ मैच में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए दागे पहले को याद करते हुए कहते हैं, %मुझे एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मलयेशिया के खिलाफ मैच में भारत के लिए पहला गोल करना हमेशा याद रहेगा। अपने परिवारजनों के सामने यह भारत के लिए खेलते हुए यह मेरा पहला गोल था। मेरे परिवारजन पहली बार मुझे पहली मैदान में भारत के लिए हॉकी खेलता देख रहे थे। मलयेशिया के खिलाफ लीग मैच में खेलते हुए भारत के लिए गोल करने के बाद मैंने अपने माता-पिता की ओर देखा सभी के चेहरे पर आई इस मुस्कुराहट ने मेरे लिए इस गोल को सार्थक बना दिया। मुझे अपना भारत के लिए अपने दर्शकों के सामने यह पहला गोल हमेशा याद रहेगा और मेरे दिल के भी बेहद करीब रहेगा। इससे मेरा मैदान पर बहाया पसीना,मेरे परिवार द्वारा मेरे भारत के लिए हॉकी खेलने के सपने को पूरा करने की कुर्बानी सभी सार्थक कुछ याद हो गया। मेरे लिए यह क्षण मेरे दिल के वाकई करीब रहेगा।

सेल्वम कार्ति बताते हैं, जब यह घोषणा हुई की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी मेरे चेन्नै के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम के घरेलू मैदान पर होगी तो मैं बेहद खुश हुआ था,। उसी स्टेडियम में अपने घरेलू स्टेडियम में भारत के लिए खेलने का मौका मिलने की बात सुनकर ही मैं रात भर सो ही नहीं पाया था। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चेन्नै में मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में भारत के लिए खेलने उतरने से पहले मैं इसी मैदान पर 2016 में स्कूली छात्र के रूप में खेला था। इसके बाद इस मैदान पर भारत के लिए इतने बड़ी तादाद में दर्शकों के सामने हॉकी खेलने उतरना खास था। मेरे लिए इस मैदान पर भारत के लिए पहली बार खेलने उतरना वाकई अविश्वसनीय था। मैं वाकई तमिलनाडु में राज्य भर से आए मेरा मैच देखने आए सभी प्रशंसकों का आभारी हूं। सेल्वम कार्ति ने सीनियर भारतीय हॉकी टीम के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज 2022 में जकार्ता में एशिया कप में किया और उसके बाद से अब वह सीनियर भारतीय हॉकी टीम में अपनी पक्की जगह बनाने में जुटे है। वह बताते हैं, %एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय हॉकी टीम की खिताबी जीत ने मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ाया है और इसने मुझे और कड़ी मेहनत कर फिर मुझे भारत की जर्सी में खेलने का विश्वास भरा है।


# ब्रूक के लिए बंद नहीं हुए वनडे विश्व कप के दरवाजे

**चेस्टर ली स्ट्रीट,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के सीमित ओवर कप्तान जॉस बटलर ने अंदेशा जताया है कि युवा प्रतिभावान बल्लेबाज हैरी ब्रूक के लिये अभी टीम के दरवाज़े बन्द नहीं हुए हैं और वह एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आने वाली टीम का हिस्सा हो सकते हैं। गौरतलब है कि अनुभवी हरफनमौला बेन स्टोक्स के संन्यास वापस लेने के कारण ब्रूक न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के लिये चुनी गयी स्क्वाड में जगह नहीं बना सके। ब्रूक जनवरी 2022 में इंग्लैंड के लिये पदार्पण करने के बाद से तीनों प्रारूपों में प्रभावशाली प्रदर्शन कर चुके हैं, हालांकि स्टोक्स की वापसी ने समीकरण बदल दिये हैं।

बटलर ने कहा,बेन स्टोक्स का वापस आना और सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर (विश्व कप के लिये) उपलब्ध रहना काफी हद तक समीकरण बदल देता है। बेन एक शानदार खिलाड़ी हैं, इसलिये चयन का यह फैसला थोड़ा कठिन था। उन्होंने कहा,अभी सबके प्लेन में चढ़ने में समय है, इसलिये हम इंतज़ार करेंगे और देखेंगे कि क्या होता है। विश्व कप से लगभग बाहर होने के बाद ब्रूक ने कहा था,यह साफ तौर पर निराशाजनक है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं किया जा सकता। आपको आगे बढ़ना ही होगा। मैं उसके बारे में नहीं सोच रहा।

ब्रूक ने हाल ही में इंग्लैंड के अनूठे टूर्नामेंट 'द हंड्रेड' में 41 गेंद पर शतक जड़कर अपनी काबिलियत का प्रमाण दिया। उन्होंने नॉर्थर सुपरचार्जर्स की ओर से खेलते हुए 42 गेंद पर नाबाद 105 रन बनाये, जिसमें 11 चौके और सात छक्के शामिल रहे। बटलर ने कहा,हम सभी जानते हैं कि हैरी एक शानदार खिलाड़ी है और हमने देखा भी क्या वह क्या कर सकता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, हम जानते हैं कि वह कितना शानदार खिलाड़ी है। दुर्भाग्यशाली से वह इस समय टीम में नहीं है।

# पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जाएंगे बिन्नी, शुक्ला



**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एशिया कप की मेजबानी के उपलक्ष्य में पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जायेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से शनिवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष ज़का अशरफ़ ने 15 अगस्त को बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को निमंत्रण भेजा था। बीसीसीआई सहित भाग लेने वाली टीमों के सभी शीर्ष बोर्ड सदस्यों ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। दो सितंबर को श्रीलंका के पाल्लेकेले स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मैच के एक या दो दिन बाद बिन्नी और राजीव शुक्ला वाघा बॉर्डर होते हुए लाहौर जायेंगे, जहां वे एक रात्रिभोज में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों में दोनों बोर्ड कई विषयों पर एक-दूसरे से बरहम रहे हैं, हालांकि पीसीबी ने हाल ही में अपनी टीम को एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आने की मंजूरी देकर तनाव कम करने की ओर कदम बढ़ाया था।

रिपोर्ट के अनुसार, इस यात्रा पर संबंधित बोर्ड प्रमुखों के बीच कोई आधिकारिक बैठक नहीं होने वाली है। बिन्नी और शुक्ला अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान तीन या पांच सितंबर को गद्दाफी स्टेडियम में एक मैच भी देख सकते हैं। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से मना किया था, जिसके कारम पीसीबी को एशिया कप के 13 में से चार मैचों की मेजबानी ही दी गयी है। कई महीनों की तनातनी के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाले एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट आयोजित करने पर सहमति जताई थी, जिसके तहत भारत अपने सभी एशिया कप मुकाबले श्रीलंका में खेलेगा। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं तो वे एक-दूसरे से इस टूर्नामेंट के दौरान तीन बार भिड़ सकती हैं।

# भारत ने 14 पदकों के साथ विश्व चैंपियनशिप को कहा अलविदा



**बाकू,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने निशानेबाज़ी विश्व चैंपियनशिप 2023 में छह स्वर्ण और आठ कांस्य सहित 14 पदक जीतकर अपने शानदार अभियान का अंत किया। ओलंपिक और गैर-ओलंपिक नियमित शूटिंग प्रतियोगिताएं शुक्रवार को संपन्न हुईं। चैंपियनशिप में रनिंग स्पर्धाएं 31 अगस्त तक जारी रहेंगे लेकिन इनमें कोई भारतीय भाग नहीं लेगा। वर्तमान में भारतीय शूटिंग टीम कुल पदक तालिका में चीन (15 स्वर्ण, सात रजत, छह कांस्य) के बाद दूसरे स्थान पर है। पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित आठ पदक जीतकर अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

चार भारतीय निशानेबाज़ों ने चैंपियनशिप के दौरान पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये भी क्वालीफाई किया। राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), सिफ्त कौर समरा (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), अखिल श्योराण (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन) और मेहुली घोष (महिला 10 मीटर एयर राइफल) ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में ओलंपिक कोटा हासिल किया। तियाना, साक्षी सूर्यवंशी और किरणदीप कौर की 50 मीटर पिस्टल महिला टीम ने शुक्रवार को स्वर्ण पदक के साथ भारत का अभियान समाप्त किया। अमनप्रीत सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि शिव नरवाल और ईशा सिंह ने मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण हासिल किया। रिदम सांगवान, ईशा सिंह और मनु भाकर की भारतीय महिला तिकड़ी ने महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और अखिल श्योराण ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 टीम स्पर्धा में, जबकि मेहुली घोष तिलोत्तमा सेन और रमिता ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किये।

# महिला हॉकी में मलेशिया पर भारत की बड़ी जीत

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। कप्तान आक्रामक मिडफील्डर नवजोत कौर और मोनिका दीपि टोपो के दो-दो तथा अक्षता ढेकले, मरियाना कुजूर और महिमा चौधरी के एक-एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को ओमान में महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर के इलीट ग्रुप मैच में में 7-2 से करारी शिकस्त दी। पराजित मलयेशिया की ओर से वानवान और अजीत जाफरिया ने एक-एक गोल किया। भारत की महिला हॉकी टीम अब अपने अहम अगले मैच में जापान से भिड़ेगी।



■ भारत की जीत में कप्तान नवजोत और मोनिका टोपो के दो-दो गोल

नवजोत कौर और मरियाना कुजुर की अगुआई में भारत की महिला हॉकी टीम ने मलयेशिया के खिलाफ आक्रामक अंदाज में आगाज किया। नवजोत कौर ने तीसरे ही मिनट में गोल कर भारत की महिला हॉकी टीम का खाता खोला और अगले ही मिनट अक्षता ढेकले ने मैदानी गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी।वान वान ने सातवें और अजीत जाफरिया ने 11 वें मिनट में गोल कर मलयेशिया को दो -दो गोल की बराबरी दिला दी। मोनिका दीपि टोपो ने अगले ही मिनट में गोल कर भारत को हाफ टाइम तक 3-2 से आगे कर दिया।

मरियाना कुजुर ने दूसरे हाफ के दूसरे और तीन मिनट बाद मोनिका दीपि टोपो ने मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत की बढ़त 5-2 कर दी। कप्तान नवजोत कौर ने खेल खत्महोने से दो मिनट पहले अपना दूसरा गोल कर तथा अगले ही क्षण महिमा चौधरी ने बेहतरीन गोल कर भारत को 7-2 से आगे कर उसकी जीत पक्की कर दी।

## सार संक्षेप

### आईपीएल के बाद दूसरे स्थान पर हो सकता है इंग्लैंड का द हंड्रेड : सैम करेन

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज ऑलराउंडर सैम करेन को लगता है कि द हंड्रेड निश्चित रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद फ्रेंचाइजी क्रिकेट सर्किट में दूसरा सबसे अच्छा टूर्नामेंट है। करेन रविवार को अपनी टीम ओवल इनविंसिबल्स के लिए द हंड्रेड के फाइनल में खेलेंगे। वह दक्षिण अफ्रीका में एसए20 के उद्घाटन संस्करण में एमआई केप टाउन का प्रतिनिधित्व करने के अलावा, आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ-साथ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी खेल चुके हैं। मुझे लगता है कि खिलाड़ी इस प्रारूप के अधिक आदी हो गए हैं, और टीमें तीन वर्षों में काफी स्थिर रही हैं, इसलिए वे प्रशंसकों के लिए परिचित चेहरे हैं। अच्छी भीड़, अच्छी पिचें, बहुत सारे करीबी मुकाबले... हमें शानदार समर्थन मिला है। इंग्लैंड सभी बड़े मैदानों के साथ क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है और निश्चित रूप से यह आईपीएल के बाद दूसरे स्थान पर हो सकता है। द टेलीग्राफ ने करेन के हवाले से कहा, हमारे पास जो भी घरेलू प्रतिभा है, वह हमें वैसे भी हासिल करनी चाहिए। इंग्लैंड के पास सफेद गेंद के बहुत सारे शानदार खिलाड़ी हैं और इसने इसे एक महान प्रतियोगिता बना दिया है। उम्मीद है कि यह इसे बड़ा और बेहतर बना सकता है। करेन पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे।

### लायल्स ने बोल्ट की डबल उपलब्धि को दोहराया

**बुडापेस्ट।** युलिमार रोजस और हारुका कितागुची दोनों ने अपने अंतिम प्रयासों के साथ विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीत हासिल की, जबकि नोआ लायल्स ने यहां अपने 100 मीटर के ताज में 200 मीटर का खिताब जोड़ा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुरुषों के 200 मीटर फ़ाइनल में, अमेरिकी लायल्स ने 19.52 सेकंड में इस दूरी में अपना लगातार तीसरा विश्व खिताब जीता और 2015 में जमैका के दिग्गज यूसेन बोल्ट के बाद विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर और 200 मीटर युगल जीतने वाले पहले धावक बन गए।

### सुडोकू 6298 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

# एक्सलसन को हराकर विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रणय



**कोपनहेगन,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष पुरुष एकल शटलर एचएस प्रणय ने शुक्रवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पिछड़कर वापसी करते हुए गत विश्व चैंपियन विक्टर एक्सलसन को 2-1 से मात दी। दुनिया के नौंवे नंबर के शटलर प्रणय ने एक घंटे आठ मिनट तक चली कांटे की टक्कर में विश्व के नंबर एक एक्सलसन को 13-21, 21-15, 21-16 से हराकर न सिर्फ सेमीफाइनल में प्रवेश किया, बल्कि अपने लिये कम से कम कांस्य पदक भी पक्का कर लिया। यह विश्व चैंपियनशिप में प्रणय का पहला पदक होगा।

दूसरी ओर, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स रासमुसेन से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। साल 2022 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी इस बार क्वार्टरफाइनल की बाधा पार नहीं कर सकी। रासमुसेन-एस्ट्रूप ने 48 मिनट चले मुकाबले में भारतीय युगल को 21-18, 21-19 से हराया। डेनमार्क के एक्सलसन ने घरेलू दर्शकों के सामने मुकाबले की दमदार शुरुआत की और अपनी लंबी कदकाठी का फायदा उठाते हुए पहले गेम में तेज़ी से 10-3 की बढ़त बना ली। प्रणय ने दो अंक अपने पक्ष में किये लेकिन ज़ोरदार स्मैश खेलकर एक्सलसन ने छह अंक की बढ़त के साथ ब्रेक में प्रवेश किया।

ब्रेक के बाद प्रणय ने लंबी रैलियां खेलकर अपने प्रतिद्वंदी की बढ़त 11-15 तक कम की, हालांकि दो बार के विश्व चैंपियन एक्सलसन ने जल्द ही अपनी लय हासिल की और लगातार पांच अंक स्कोर करते हुए 21-13 से पहला गेम जीत लिया।

मलेशिया मास्टर्स 2023 के चैंपियन प्रणय ने दूसरे गेम में भी लंबी रैलियों की योजना बरक़रार रखी और उन्हें इसका फायदा भी मिला। इस गेम में एक्सलसन तेज़ स्मैश नहीं खेल सके जबकि भारतीय शटलर ने 11-9 की बढ़त के साथ ब्रेक में प्रवेश किया।

ब्रेक के बाद एक्सलसन की अप्रत्याशित गलतियों से प्रणय ने 17-10 की बढ़त बनायी और धैर्य के साथ 21-15 पर गेम को खत्म किया।

निर्णायक गेम में प्रणय अपनी योजना पर टिके रहे लेकिन एक्सलसन ने अपनी लंबी कदकाठी का प्रयोग कर उन्हें कोर्ट के दोनों छोरों पर चुनौती दी। प्रणय गेम के शुरुआती चरण में एक्सलन की आक्रामकता के आगे संघर्ष करते हुए नज़र आये, हालांकि स्कोर 5-5 पर बराबर रहा। प्रणय ने इसके बाद तेज़ वापसी की और पलक झपकते ही ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। उन्होंने ब्रेक के बाद भी एक्सलसन को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया और 20-15 पर मैच पॉइंट हासिल कर लिया। प्रणय का एक शॉट कोर्ट के बाहर जा गिरा, लेकिन अगले शॉट पर एक्सलसन की गलती से भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया।

इससे पूर्व, विश्व की नंबर दो जोड़ी सात्विक-चिराग ने इससे पहले रासमुसेन-एस्ट्रूप को छह में से पांच बार हराया था, हालांकि घरेलू दर्शकों के सामने डेनमार्क की इस जोड़ी ने मज़बूत शुरुआत की। सात्विक-चिराग की अप्रत्याशित गलतियों की बदौलत रासमुसेन-एस्ट्रूप ने ब्रेक तक 11-6 की मज़बूत बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी की कोशिशों के बावजूद रासमुसेन-एस्ट्रूप पहला गेम 21-18 से जीतने में सफल रहे। मेज़बान जोड़ी का आक्रामक रवैया दूसरे गेम में भी बरक़रार रहा और उन्होंने इस बार ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद सात्विक-चिराग के बीच अधिक समन्वय देखने को मिला। भारतीय जोड़ी जब 14-10 से पीछे थी तब उन्होंने अगले पांच में से चार पॉइंट अपने पक्ष में करते हुए स्कोर 15-15 पर बराबर कर लिया।

मेज़बान युगल ने एक पॉइंट की बढ़त ली लेकिन सात्विक ने नेट पर अपने विपक्षियों से गलती करवाते हुए स्कोर बराबर रखा। भारतीय जोड़ी ने इस समय तक अच्छी वापसी की थी लेकिन एस्ट्रूप-रैसमुसन ने अधिक अनुशासन दिखाकर 18-16 की बढ़त बनायी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। पुरुष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अब विश्व चैंपियनशिप में एकमात्र भारतीय बचे हैं। वह आज गत विश्व चैंपियन विक्टर एक्सलसन के खिलाफ कोर्ट पर उतरेंगे।




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

चिंटू- तू पागल है क्या?
मिंटू- क्यों, क्या हुआ?
चिंटू- ये तूने मेरी कैसी फोटो खींच दी। लड़की वालों को भेजनी थी। इसमें पीछे कुत्ता आ गया।
मिंटू- हां तो भाई बता देना उन्हें की तू आगे वाला है।

# इनर व्हील क्लब द्वारा सीआरपीएफ 80 बटालियन के सैनिक भाइयों की कलाई पर बांधी राखी



## सैनिकों को राखी बांध मांगा रक्षा का वचन

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थानीय इनर व्हील क्लब द्वारा जगदलपुर स्थित 80 बटालियन में शनिवार को पहुंचकर सैनिक भाइयों के लिए इनर व्हील क्लब की बहनों ने रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद बहनों ने बड़ी संख्या में सैनिक भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर सरहद की रक्षा के साथ ही खुद की सुरक्षा का वचन लिया। बहनों की राखी से सेना के जवानों की कलाई भर गई। सैनिक भाइयों के माथे पर बहनों ने तिलक लगाए, आरती उतारी, मुंह मीठा कराया और फिर कलाइयों पर रंग बिरंगी राखियां बाँधी। जवानों ने भी बदले में उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिया।

80 बटालियन के कमांडेंट विक्रम सिंह, कमांडेंट सदन कुमार, मकसूद आलम डिप्टी कमांडेंट, हेमराज असिस्टेंट कमांडेंट एवं डॉक्टर वेंकट विकास मेडिकल ऑफिसर को इनर व्हील की बहनों ने मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। 80 बटालियन के 100 से अधिक सैनिक भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा गया। इस दौरान कई सैनिकों की आंख भर आई। कमांडेंट विक्रम सिंह ने कहा इनर व्हील परिवार घर जैसा लग रहा है। यहां के बहनों ने जो प्यार दुलार व सम्मान दिया इसे हम सैनिक भाई नहीं भुला पाएंगे। यह कहते हुए उनकी आंखें भर आई। इनर व्हील क्लब अध्यक्षा ममता राणा ने कहा कि देश की सुरक्षा में लगे जवानों को यह आयोजन विश्वास दिलाता है कि वे अपने घरों से दूर जरूर है लेकिन देश का हर व्यक्ति उनके साथ है। सचिव डॉ. सरिता थॉमस ने कहा कि सैनिक अपने घरों से दूर है उनको यह एहसास दिलाना कि उनका परिवार आसपास ही है। मंच संचालन करते हुए डॉ. श्रृंखला जैन और दीपिका सोनी ने फौजी भाइयों के लिए राखी के कार्यक्रम की रुपरेखा बताया गया। मनीषा राजपुरिया और सुनीता बोथरा ने धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे फौजी भाइयों के लिए हमें हर वर्ष राखी बांधने का सौभाग्य प्राप्त होता है। हम उनके आभारी हैं, जिससे हमारी इनर व्हील की बहने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से क्लब की रानू दुबे, उषा गोंदी, अल्का गुप्ता, डॉ. सुषमा झा, सारिका चिंचोलकर, लवी सूरी, अरुणा जोबनपुत्रा, नूतन जैन, लाइबा चामड़िया, दिव्या कृष्णमूर्ति, निशा संघाणी, रीता माने, एकता सरडे, स्वाति मूलचंदानी, अन्नू शर्मा उपस्थित थे।

# बस्तर में भाजपा की जमीनी पकड़ से रूबरू हो रहे उड़ीसा के विधायक



## 28 अगस्त तक जारी रहेगा भाजपा का विधायक प्रवास अभियान

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी विधायक प्रवास योजना के तहत उड़ीसा से आये तीनों भाजपा विधायक बस्तर जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग निरंतर भ्रमण कर रहे हैं। मण्डल स्तर पर बैठक लेकर बूथ के कार्यकर्ताओं से चर्चा की जा रही है। भाजपा आसन्न विधानसभा चुनाव की तैयारियों में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। उड़ीसा के भाजपा विधायक 22 से 28 अगस्त तक बस्तर जिले में रहकर ज़मीनी हक़ीक़त को समझ रहे हैं, जिसके आधार पर आगामी रुपरेखा अंतिम रूप पायेगी।

उड़ीसा रेंगाली के भाजपा विधायक नउरी नायक ने शनिवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के नगरनार मण्डल के कार्यकर्ताओं की बैठक आड़ावाल में ली और शक्ति केन्द्र से लेकर बूथ स्तर की संरचना की समीक्षा की। विधायक नउरी नायक ने कहा कि विधानसभा चुनाव निकट हैं, जिसमें भाजपा की विजय सुनिश्चित हो, इस एकमात्र लक्ष्य के साथ कार्य करना है। शक्ति केन्द्र व बूथ तक सभी तैयारी पूर्ण हो, अपने क्षेत्र के हर परिवार व मतदाताओं से कार्यकर्ताओं का जीवंत संपर्क व संवाद बना रहे, यह प्राथमिकता होनी चाहिये। किसी भी तरह की सुधार की ज़रूरत है तो उसे अभी अविलंब दुरूस्त करें। बैठक को विधानसभा संयोजक श्रीनिवास मिश्रा, जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह, नगरनार मण्डल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने भी संबोधित किया।

# जगरगुंडा के ग्रामीणों ने मंत्री कवासी लखमा से मोबाइल टावर और बैंक की रखी मांग



**सुकमा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को जिले के अतिसंवेदनशील कहे जाने वाले जगरगुंडा के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपने समस्याओं से मंत्री कवासी लखमा को अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में मोबाइल नेटवर्क टावर व इंटरनेट न होने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गांव में बिजली खंभा और तार लग चुका है लेकिन अभी तक कनेक्शन नही लग पाया है, इसके साथ ही गांव में पैसे की लेनदेन के लिए बैंक की जरूरत है। जिस पर मंत्री कवासी लखमा के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बिजली कनेक्शन के लिए सक्षम अधिकारी को बिजली कनेक्शन जल्द से जल्द लगाने का निर्देश दिया गया। तहसील की मांग पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे आपके गांव में तहसील ऑफिस जरूर खोला जाएगा। साथ ही जल्द मोबाइल टॉवर लगवाने के आश्वासन मंत्री ग्रामवासियों को दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वरी बघेल, जगरगुंडा ब्लॉक अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य अदम्मा मरकाम, योग आयोग सदस्य राजेश नारा, पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसी, सम्मानीय कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बस्तर विकास आंदोलन का हुआ आगाज



## बस्तरवासियों के लिए सड़क, रेल आवागमन सुविधा बढ़ाने और नगरनार स्टील प्लांट निजीकरण के विरोध में होगा चरणबद्ध आंदोलन : साकेत शुक्ला

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर के विकास के लिए यातायात की सुविधा अति आवश्यक है। बस्तर अब तक रेल मार्ग से राजधानी से नहीं जुड़ पाया है, वहीं मात्र 32 किलोमीटर एक्सप्रेसवे बनाकर जगदलपुर को रायपुर विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे से जोड़ा जा सकता है। इसके निर्माण की मांग को लेकर और नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण का विरोध करते हुए बस्तर विकास आंदोलन क्रमबद्ध किया जाएगा। इस आंदोलन को एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस के वरिष्ठ जनों का पूरा सहयोग मिलेगा। उक्त बातें शनिवार को एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बस्तर विकास आंदोलन से जुड़े साकेत शुक्ला ने पत्रकारों के समक्ष कही।

उन्होंने मांगों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि रायपुर विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे को नगरनार की तरफ से 32 किलोमीटर नई 6 लेन रोड बना कर जगदलपुर से जोड़ा जाए। इससे काफी कम समय में जगदलपुर से रायपुर और विशाखापट्टनम पहुंचा जा सकेगा। मंचेरियल (तेलंगाना) से भोपालपटनम होते हुए जगदलपुर तक 354 किलोमीटर तक नई एक्सप्रेस वे बनाई जाय ताकि रायपुर हैदराबाद एक्सप्रेस वे और रायपुर विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे आपस में जुड़ सके और इन दोनों ही परियोजनाओं का लाभ बस्तर वासियों को मिल सके। जगदलपुर से रायपुर और मनुगुरू से किरंदुल होते नई रेल लाइन बनाई जाये।

उन्होंने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने चरणबद्ध आंदोलन का स्वरूप बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आंदोलन से 1 लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य है, जिसके तहत डोर टू डोर जा कर प्रधानमंत्री को पत्र लिखो अभियान, रेल सड़क और निजीकरण के लिए 1 लाख लोगों को जोड़ कर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने के लिए एक बार कोड जारी किया जाएगा। बार कोड स्कैन करते ही व्यक्ति आंदोलन से जुड़ जाएगा। नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध के लिए नगरनार तक पदयात्रा से शुरूवात किया जाएगा इसके बाद किरंदुल में उत्पादन बंद किया जाएगा। रेल, सड़क और निजीकरण के मुद्दे को लेकर अक्टूबर अंत तक दिल्ली में उग्र प्रदर्शन कर संसद भवन का घेराव किया जाएगा। अक्टूबर में रेल की मांग को लेकर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान हेमू उपाध्याय, जावेद खान, कमलेश पाठक, विक्रम लहरे, प्रकाश सतपथी, महेश सिंह ठाकुर उस्मान रज़ा, आकिब, गोपाल तिर्थनी, राकेश चौधरी, अभिषेक जैन, शक्ति पांडेय, सूरज श्रीवास्तव, अज्जू पिल्लै, ललित राठी एवं अन्य उपस्थित थे।

# संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने ग्राम पंचायत आड़ावाल को दी लाखों की सौगात



## ग्राम पंचायत आड़ावाल में बनने वाले तीन सीसी सड़क का किया भूमिपूजन

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने शनिवार को आड़ावाल ग्राम पंचायत में तीन सीसी सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। राजीवपारा पीटर घर से धोबी घर तक 150 मीटर सीसी रोड लागत 4.63 लाख, खासपारा गौरवपथ से शर्मा घर तक 200 मीटर सीसी रोड लागत 6.37 लाख एवं ओरना कैंप में एन एच 63 से पशु औषधालय तक 200 मीटर सीसी रोड लागत 7.46 लाख रुपए का भूमि-पूजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। आड़ावाल पंचायत में लाखों रुपए के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर कार्य निष्पादन किया गया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक जगदलपुर रेखचंद जैन के द्वारा आपके पंचायत में पिछले पौने पांच साल में जितने कार्य किए गए हैं उतने कार्य तो भाजपा के पंद्रह सालों में भी नहीं हुआ था। आज हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त सचिव दुर्गेश राय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरला तिवारी, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा, एन एस यू आइ अध्यक्ष नीलम कश्यप, वरिष्ठ पार्षद राजेश राय, इंटक महासचिव विजय सिंह, जाहिद हुसैन, अल्ताफ खान, सरपंच श्रीमती जयंती कश्यप, उप सरपंच अमित दास, मिलन संघ अध्यक्ष श्याम घोष, तपन राय, अभय सिंह, वासूदेव हलदार, वेंकट राव, विद्या जिराम, एस नीला, शीतला कोर्राम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र और ढोंगतंत्र में अंतर समझ पाते आलोक तो कभी नहीं करते टिप्पणी कांग्रेस की टिकट प्रक्रिया पर : जावेद



## पांच साल में हारे हुए विधायक का एक विकल्प तक नहीं ढूंढ पाए वो ना करें कांग्रेस पर टिप्पणी

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया है। जावेद ने आलोक अवस्थी के उस बयान को आड़े हाथों लिया है जिसमें उन्होंने कांग्रेस पार्टी की टिकट प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं जिस पर जावेद ने कहा है यदि पार्षद आलोक अवस्थी लोकतंत्र को समझ पाते तो कभी ऐसी टिप्पणी नहीं करते परंतु वो जिस पार्टी में हैं उस पार्टी में ढोंगतंत्र को ही लोकतंत्र माना जाता है। वो जिस पार्टी में हैं उस पार्टी के शीर्ष नेता एक तरफ परिवारवाद के नाम पर लाल किले से शेखी बघारते हैं पर आज की राजनीति में परिवारवाद किस पार्टी के सर पर नाच रहा है। यह सब जानते हैं, किस तरह से अन्य पार्टियों से भाजपा में शामिल हुए नेताओं की गुलामी आज भाजपा के छोटे कार्यकर्ता को करनी पड़ती। यह बात किसी से छिपी नहीं है, किस तरह से जय शाह जैसे लोग आलोक अवस्थी जैसे क़ाबिल कार्यकर्ताओं का हक मारे बैठे हैं सबको पता है, पर लाचारी बताती है अवस्थी जैसे लोगों की के अपनी पार्टी के ढोंगतंत्र को देखते समझते हुए भी उनकी बोलती बंद हो जाती है। उस पर वो ना पार्टी फोरम में और ना ही चाहकर पब्लिक फोरम में वो कुछ बोल पाते हैं, उसी प्रकार भविष्य में भी शीर्ष नेताओं द्वारा थोपे हुए प्रत्याशी को ढोकर अपने ही वार्ड में घूमने को मजबूर दिखेंगे। पार्षद अवस्थी हमें तो उनकी इस लाचारी पर दुख होता है।

जावेद ने कहा जिसे पार्षद आलोक अवस्थी एक अनार सौ बीमार कह रहे हैं वह उसे लोकतंत्र के नजरिए से देख पाते तो ऐसा नहीं कहते। यह कांग्रेस पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र ही है जो अदने से कार्यकर्ता को भी अपनी इच्छा जाहिर करने का हक प्रदान करता है। छोटे से कार्यकर्ता को भी बड़े नेता के साथ एक पंक्ति में खड़े होने का अधिकार देता है। भले ही एक विधानसभा के लिए क्यों ना 34 लोगों ने दावेदारी किया हो पर सभी जानते हैं कि टिकट किसी एक को ही मिलेगी और सारे 33 मिलकर उस एक को एतिहासिक मतों से विजयी बनाऐंगे जबकि अवस्थी जी की भाजपा ने तो बीते पांच सालों में हारे हुए विधायक का विकल्प तक तलाश नहीं कर पाई जिसका परिणाम ही है कि फिर से हारे हुए भाजपा के विधायक मैदान में सरपट दौड़ रहे हैं और पूरी भाजपा उनके पिछलग्गू भेड़ चाल चल रही है। पिछले दिनों भाजपा के अनेक नेता बीजापुर विधानसभा से टिकट की होड़ में रायपुर दौड़ लगाऐ थे। ऐसी खबर मीडिया में तैर रही थी जिसमें एक पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। उन अनेक नेताओं लिए क्या टिप्पणी करेंगे अवस्थी। क्या बीजापुर भाजपा के संदर्भ में भी एक अनार सौ बीमार वाली बात कहने की हिम्मत जुटा पाएंगे अवस्थी। जावेद ने कहा कि पार्षद अवस्थी आजकल बयानबाजी में व्यस्त हैं और उनके वार्ड की जनता गंदगी कचरे के ढेर और बजबजाती नालियां से त्रस्त है। उन्हें दूसरी पार्टी के आंतरिक मामलों में बयानबाजी छोड़ अपने वार्ड की साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए ताकि वार्ड की जनता उन्हें पुनः पार्षद बनाये और वे भविष्य में भी पार्षद बने रहें।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभागीय सम्मेलन व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



## प्रदेश सरकार का जताया आभार

**सुकमा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बस्तर संभाग जगदलपुर के द्वारा संभागीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन सुकमा जिला मुख्यालय स्थित सर्व आदिवासी समाज भवन किया गया था। जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की गृह भाड़ा एवं महंगाई भत्ता की मांग को पूरा करने के उपलक्ष में सम्मान समारोह के माध्यम से सरकार का आभार जताया गया। जिसमें केबिनेट मंत्री कवासी लखमा, केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम एवं विधायक विक्रम शाह मांडवी, विधायक राजमन बेंजम को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आभार जताया हुए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, जिपं उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, नपा अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू, सुन्नम नागेश, आयती कलमू, देवली बाई नाग व समारोह में फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारी सहित संभाग एवं जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे जिसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष केदार जैन, प्रांतीय प्रचार प्रसार मंत्री टार्जन गुप्ता, नीलकंठ शार्दुल, प्रमोद तिवारी, डॉक्टर दीपेश रावटे, आरडी तिवारी, डीके राय, अरविंद यादव, संभाग प्रभारी कैलाश चौहान, संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, सुकमा जिला संयोजक शैलेंद्र सिंह भदौरिया, डॉ एस जहीरूद्दीन, भारत सिंह यादव व अशोक मिस्त्री सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कर्मचारी संगठन की मांगों को पूर्ण किए जाने को लेकर प्रदेश के मुख्य भूपेश बघेल एवं अन्य कैबिनेट मंत्रियों का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार के द्वारा हमारे दो सूत्री मांगों को पूर्ण किया गया है, और उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी अन्य मांगों को भी जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारी संगठन की ओर से मांग करते हुए कहा कि बस्तर में नियुक्त कर्मचारियों की बस्तर भत्ता कम दिया जा रहा है, बस्तर भत्ता सातवें वेतन मान के अनुसार प्रदान किया जाए एवं अनुसूचित क्षेत्र में 10 दिन की अर्जित अवकाश दिया जाए। मध्य प्रदेश शासन काल में लागू था उसे पुनः बस्तर क्षेत्र में लागू किया जाए। कर्मचारी फेडरेशन के लिए भूमि एवं भवन निर्माण किया जाए। प्रथम नियुक्ति से पेंशन पात्रता की मांग एवं वेतन विसंगति दूर करने की मांगों को पूर्ण करने की मांग की।

केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने कर्मचारी फेडरेशन संबोधित करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार में लगातार कर्मचारियों >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# खाद्ध एवं नागरिक आपूर्ति निरीक्षक संघ ने संसदीय सचिव को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निरीक्षक संघ ने शनिवार को विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग रेखचंद जैन के कार्यालय में पहुंच वेतन विसंगति दूर करने के लिए ज्ञापन सौंपा। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने निरीक्षक संघ की मांगों से सहमति जताते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, खाद्ध एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत एवं अधिकारियों को अनुशंसा का पत्र लिखा।

# फुटबॉल एकेडमी की टीम 2-0 व भेजापदर 3-1 से विजयी रही



**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव की स्मृति में आयोजित महाराजा कप नाक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस का प्रथम मुकाबला यूथ क्लब धरमपुरा व फुटबॉल एकेडमी और द्वितीय मुकाबला भेजपदार व एन वाय सी नाटपारा के मध्य खेला गया, जिसमें फुटबॉल एकेडमी की टीम 2- 0 एवं भेजापदर 3- 1 से विजयी रही। आज के मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष प्रदीप पाठक, संजीव शर्मा, खत्री समाज के अध्यक्ष चमन खत्री जी, पारस खत्री, अनूप तिवारी, जितेंद्र यादव, शीतला, चिंतामणी, पप्पन भदौरिया, दंतेश्वर राव, मनेंद्र, विनोद जी, बंटू पांडे, तनिश जैन, सुभेंद्र भदौरिया, अनिमेष चौहान, अंशु नाग, हेमंत राव, खिलेश पांडे, लखन सेना सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# मंत्री कवासी लखमा ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**सुकमा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार की शाम मंत्री कवासी लखमा ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर मरीजों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने वार्ड में मौजूद मरीजों से चर्चा करके अस्पताल में मिल रही सुविधा के बारे में जानकारी ली। मंत्री कवासी लखमा ने अस्पताल में व्यवस्था को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पहले यही अस्पताल रेफर सेंटर कहलाता था लेकिन आज हमारी सरकार में अस्पताल में सारी सुविधा मिल रही हैं। पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण करने के बाद >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# बोलबोला व बफना में जोन स्तरीय तीन दिवसीय एफएलएन/नवाजतन प्रशिक्षण

**कोण्डागांव,** 26 अगस्त (देषबन्धु)। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, जिला मिशन समन्वय महेंद्र पांडेय एवं एपीसी रूप सिंह सलाम के मार्गदर्शन में 3 से 5 संकुलो का एक जोन बनाकर बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम चरण 24 से 26 अगस्त 2023 तक एफएलएन/नवाजतन प्रशिक्षण का शुभारंभ 24 अगस्त को पुराना संकुल केंद्र बोलबोला में संकुल प्राचार्य करंजी सुरेंद्र पटेल, मास्टर ट्रेनर उमेश भारती सीएससी बड़ेबेंदरी, रमन सिंग ठाकुर सीएससी करंजी, नीलकंठ साहू एमटी बड़े कनेरा, शिवेंद्र कोमरे एमटी बकोड़ागुड़ा एवं संकुल केंद्र बाफना में संकुल प्राचार्य बफना प्रदीप कुमार राय, मास्टर ट्रेनर उपेंद्र कोमा सीएससी नेवता, सुरेश देवांगन सीएससी चिपावंड, हरीशलाल देवांगन एमटी बफना, बलाई दास सीएसी भगदेवा एवं संकुल केंद्र बाफना, नेवता, भगदेवा, चिपावंड, बड़ेबेंदरी, करंजी, कनेरा, बकोदागुड़ा, कमेला एवं कोकोडी के प्रशिक्षार्थी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया।



संकुल केंद्र बोलबोला एवं संकुल केंद्र बफना में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रारंभिक बाल्यावस्था, देखभाल व शिक्षा, विद्या प्रवेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, निपुण भारत, निष्ठा 3.0 के सभी 12 माड्यूल/नवाजतन/एनईपी 2020 के सभी बिन्दुओं को साझाकर अपने विद्यालय को बेहतर से बेहतर बनाने एवं बच्चों को 100 प्रतिषत 21 वीं सदी के कौशलों में दक्ष करने का भरपूर प्रयास करने तथा बच्चों के सीखने की गति में तेजी लाने, सीखने के लिए मजबूर करने, दिमाग को सक्रिय करने, अधिक से अधिक चुनौतीपूर्ण कार्य देकर सेल्फी विथ सक्सेस, सामाजिक सहभागिता, आंकलन, मूल्यांकन दक्षता, असर, नेस, पीसा विषय पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।

**समापन अवसर पर रूप सिंह सलाम एपीसी मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एपीसी रूप सिंह सलाम ने कहा हर प्रशिक्षण में कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। सभी शिक्षकों के लिए बहुत उपयोगी साबित होता और इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद सभी शिक्षक अपने-अपने संस्था में सुचारू रूप से संचालित करेंगे जिससे कक्षा पहली से तीसरी तक के सभी बच्चों को 100 प्रतिषत अनिवार्यता लिखने पढ़ने आना आवश्यक है। बफना जोन के नेवता, भगदेवा, चिपावंड एवं बफना संकुल से 06 पुरुष एवं 12 महिला कुल 18 शिक्षक तथा बोलबोला जोन में बड़ेबेंदरी, करंजी, कमेला, कनेरा बकोड़ागुड़ा, काकोडी से 19 महिला एवं 8 पुरुष शिक्षक कुल 27 शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। बफना प्रशिक्षण समापन अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार राय ने कक्षा नवीं के नितेश कुमार यादव ढाई फीट के छात्र से एपीसी रूपसिंह सलाम को मिलाया तो मुख्य अतिथि को अंग्रेजी विषय का फर्राटेदार अध्ययन करते हुए सुनाया और उनके लक्ष्य के बारे में पूछा तो उन्होंने कलेक्टर बनने की ईच्छा जाहिर किया, जिससे प्रसन्न होकर रूपसिंह सलाम एपीसी ने कलेक्टर कार्यालय का भ्रमण कराने का अश्वासन दिया। उपरोक्त जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी समग्र शिक्षा जिला कोंडागांव ने दी।

# सुको के आदेश का पालन करते, मवेशियों को हटाते नजर आ रहे कंपनी कर्मचारी

## एनएच 30 के मरम्मत का ठेका लेने वाली मैसर्स बर्बरिक कंपनी ने



**कोण्डागांव** 26 अगस्त (देशबन्धु)। एन.एच.30 के मरम्मत का ठेका लेने वाली मैसर्स बर्बरिक कंपनी इन दिनों सड़क मरम्मत के साथ-साथ एन.एच.पर खड़े होने वाले आवारा मवेशियों को अपनी कंपनी के कर्मचारियों से हटवाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेष का पालन करती भी नजर आ रही है। ज्ञात हो कि कोण्डागांव जिले में स्थित ग्राम बेड़मा से ग्राम जोबा एवं ग्राम जोबा से बस्तर जिले के जगदलपुर तक विगत लगभग 5 वर्ष पूर्व एन.एच.30 का चौड़ीकरण किया गया था, उपरोक्त ग्राम बेडमा से जगदलपुर तक चैड़ीकृत किया गया एन.एच.30 जगह-जगह से उधड़ गया है। ऐसे जर्जर और खराब हुए एन.एच.30 के मरम्मत की जिम्मेदारी मैसर्स बर्बरिक कंपनी को ठेके पर दी गई है। एन.एच.30 का मरम्मत करने के साथ ही मैसर्स बर्बरिक कंपनी के कर्मचारीगण एन.एच.30 पर खड़े आवारा मवेशियों को भी न केवल हटाते बल्कि उन्हें एन.एच.30 से दुर रखने के लिए एन.एच.30 के किनारे खाली पड़ी जगहों पर आवारा मवेषियों को रखने हेतु बाड़ भी बनाते नजर आ रहे हैं। पुछे जाने पर मैसर्स बर्बरिक कंपनी के श्री पाण्डे ने बताया कि आवारा मवेषियों के खड़े और बैठे होने की वजह से सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए ही एन.एच. 30 पर से आवारा मवेषियों को हटाया जा रहा है। उपरोक्त मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी गाईड लाईन जारी किया है। जिसके कारण ही राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत व देखरेख करने वाली कंपनी के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग से पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी का भी निर्वहन किया जा रहा है। मैसर्स बर्बरिक प्रोजेक्ट लिमिटेड के कर्मचारी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर से मवेशियों को हटाते और सड़क से हटाए गए मवेशियों को अनुपयोगी मार्ग पर बाड़ बनाकर सुरक्षित रखते नजर आ रहे हैं।

# मंत्री लखमा अपने क्षेत्र का कर रहे लगातार दौरा



**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा अपने क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में सुकमा जिले के कवासीरास में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि दिनों दिन महंगाई बढ़ते जा रही है, आज गरीब जनता परेशान हो गयी है। राहुल गांधी कहते हैं कि जीएसटी लगना चाहिए, लेकिन बड़े व्यापारी पर लगना चाहिए न कि गरीब जनता पर। उन्होंने अपने सरकार के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी में काम करने वालों की सैलरी बढ़ाने, बेरोजगारी भत्ता, मंदिर, मस्जिद बनाने वाली हमारी सरकार है। तालनार में पुल का निर्माण करवाया जाएगा। हमारी सरकार में आदिवासियों के विकास में कोई कमी नहीं होने देंगे। तहसील के साथ ही उप तहसील भी खोला जाएगा। जाति निवास, नाम जोड़ना, घटाना किया जाता है, आने वाले समय में यहां धान खरीदी केंद्र खोला जाएगा। भाजपा की सरकार एक तहसील नहीं खोल पाये। स्कूल कॉलेज खोलने की बजाय बंद कराया गया। भाजपा शासन में तहसीलदारों, अधिकारियों से कमिशन खोरी का काम किया गया। उन्होंने कहा कि सलवा जुडूम में छिंदगढ़ की जनता हमेशा हमारे साथ रही। आज हमारी सरकार मेला मड़ई का आयोजन कर रही है। हमारी सरकार जो कहती है वो करती है। हमने कर्ज माफी, 2500 रुपये धान खरीदी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने का काम, कोदो कुटकी की उचित मूल्य पर खरीदी, तेंदुपत्ता की नगद खरीदी का काम किये गए है। आज बस्तर बदल रहा है।

# माता रूक्मणी आश्रम के पीछे जंगल में मिला नरकंकाल

## मौके पर पहुंची पुलिस टीम, कंकाल को भेजा गया मेकाज

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। नर कंकाल मिलने की जानकारी लगते ही आश्रम से लेकर आसपास के लोग मौके पर आ पहुंचे। जानकारी मिलते ही एसएसपी निवेदिता पॉल के साथ ही फोरेंसिक की टीम भी मौके पर आ पहुंची। वहीं पास में एक खंभे में एक गमछा भी पाया गया। शहर से 12 किलोमीटर दूर माता रूक्मणी आश्रम के पीछे जंगल में एक नर कंकाल बरामद किया गया है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस टीम के साथ ही फोरेंसिक की टीम भी मौके पर आ पहुंची। वहीं कंकाल को एक बोरे में भरकर मेकाज के पोस्टमार्टम रूम में रखवाने के साथ ही जांच शुरू कर दी गई है।



मामले की जानकारी देते हुए एसडीओपी ऐश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि शुक्रवार की सुबह माता रूक्मणी आश्रम के पीछे बन रहे गौ शाला के पास बने जंगल में एक नरकंकाल आश्रम के लोगों ने देखा। नर कंकाल मिलने की जानकारी लगते ही आश्रम से लेकर आसपास के लोग मौके पर आ पहुंचे। जानकारी मिलते ही एसएसपी निवेदिता पॉल के साथ ही फोरेंसिक की टीम भी मौके पर आ पहुंची। वहीं पास में एक खंभे में एक गमछा भी पाया गया। कंकाल एक वर्ष पुराना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है फोरेंसिक की टीम ने कंकाल के सैंपल को लेने के बाद उसका डीएनए कराने की बात कही है जिससे इस मामले का खुलासा हो सके की कंकाल युवक का है या युवती का। पुलिस ने इस मामले में आश्रम के लोगों से पूछताछ की तो उनका कहना था कि आश्रम से करीब 40 से 50 मीटर दूर एक गौशाला का निर्माण किया जा रहा है, जिसके चलते वहां काम चल रहा था। उसी गौशाला से दूसरी ओर सड़कपारा गांव भी आता है, जहां लोगों का आना जाना लगा रहता है।

# व्याख्याता व प्राचार्य के रिक्त पदों पर शीघ्र हो पदोन्नति : सीजीटीए



**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षा गुणवत्ता के लिए पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र पूरा करने व साथ ही वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत व्याख्याता के पदों पर शीघ्र पदोन्नति किए जाने की मांग की है। एसोसिएशन के बस्तर जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 3 हजार से अधिक शालाओं में प्राचार्य के पद रिक्त हैं। उन्होंने प्रक्रियाधीन प्राचार्य व व्याख्याता के पदों में पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र करने की मांग की है। स्कूल शिक्षा विभाग भर्ती एवं पदोन्नति नियम राजपत्र 5 मार्च 2019 के तहत ही वर्तमान में प्राचार्य पदोन्नति प्रक्रिया चल रही है। एसोसिएशन के अनुसार विभाग की ओर से नियमानुसार ही सीआर व अचल संपत्ति की जानकारी मंगाई गई है। स्कूल शिक्षा विभाग भर्ती एवं पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 के राजपत्र अनुसार प्राचार्य पद के लिए पात्र होने के लिए न्यूनतम अनुभव की अवधि 5 वर्ष निर्धारित है। 30 जून 2023 को एलबी संवर्ग के व्याख्याता 5 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं साथ ही 5 कलेंडर वर्ष पूर्ण कर चुके हैं। एलबी संवर्ग के व्याख्याताओं का 1 अप्रैल 2023 की स्थिति में वरिष्ठता सूची जारी कर सीआर व अचल संपत्ति की जानकारी राजपत्र नियम 2019 के तहत ही मंगाई गई है।

## सार-संक्षेप

### जिपं बस्तर की सामान्य सभा की बैठक 6 सितम्बर को

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत बस्तर की सामान्य सभा की बैठक आगामी 6 सितम्बर 2023 को मध्यान्ह 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गई है। इसके उपरांत सायंकाल 4 बजे से सामान्य प्रशासन समिति की बैठक होगी।

### बड़े आरापुर में 50 हजार पौधों का रोपण

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। सिमटते जंगल को बचाने तथा बढ़ाने के उद्देश्य से बस्तर की लिफ संस्था लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में आज शनिवार 26 अगस्त की सुबह 10 बजे तोकापाल ब्लॉक के ग्राम बड़े आरापुर में विभिन्न प्रजाति के 50 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। विधिक एवं पर्यावरण कार्य संस्थान लिफ तथा मुंबई की पर्यावरणीय संस्था ग्रो ट्री के संयुक्त प्रयास से बड़े आरापुर में सुबह 10 बजे साल, महुआ, बीजा, तेंदू , आम, कर्रा, चार आदि प्रजातियों के 50 हजार पौधे ग्रामीणों की मदद से रोपे जाएंगे। लिफ संस्था प्रमुख अधिवक्ता अर्जुन नाग ने बताया कि जंगल बढ़ाना तथा पर्यावरण को स्वस्थ रखना हमारा नैतिक दायित्व होना चाहिए। इसी क्रम में गत वर्ष संस्था द्वारा करपावंड क्षेत्र के ग्राम सानदेवड़ा तथा छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की सीमा रेखा तय करने वाली कुरंदी नदी दोनों किनारे ग्रामीणों के मदद से ही एक लाख पौधों का रोपण किया गया था। उन्होंने बड़े आरापुर में आयोजित पौध रोपण महोत्सव में समस्त पर्यावरण प्रेमियों को शामिल होने की अपील की है।

# स्थानीय बाजार की मांग के आधार पर रीपा की गतिविधियों का करें संचालन : प्रदीप शर्मा

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के सलाहकार योजना नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने कहा कि स्थानीय बाजार की मांग आधारित रीपा की आर्थिक गतिविधियों का संचालन करें, ताकि आसानी से उत्पादों की बिक्री हो सके। उन्होंने इसके लिए बाजारों की मैपिंग की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री शर्मा शुक्रवार को कृषि कॉलेज के सभा कक्ष में रीपा और गोधन न्याय योजना की समीक्षा कर रहे थे। श्री शर्मा ने नगरनार के आसपास स्टील प्लांट से संबंधित छोटे-छोटे उत्पाद की मांग आधारित गतिविधियां रीपा में संचालित करने कहा। साथ ही बस्तर के प्राचीन वस्त्र कला को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने मिलेटस मिशन के तहत मैसूर के एक संस्था से हुए एमओयू का उल्लेख करते बस्तर में भी कुपोषित बच्चों के लिए मिलेट्स बार बनाने पर कार्य करने की सलाह दी। श्री शर्मा ने रीपा में उत्पादन किए सामानों को बाजारों में बेचने के लिए शेड निर्माण करने हेतु नाबार्ड से मिल रहे सहयोग का भी उल्लेख किया।



**रीपा व गोधन न्याय योजना की समीक्षा**

बैठक में श्री शर्मा ने रीपा की गतिविधियों में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने कहा। साथ ही रीपा की गतिविधियों में वन और वनोपज आधारित एक्टिविटी, वनौषधि की एक्टिविटी को शामिल करने पर जोर दिया। बैठक में गोधन न्याय योजना के तहत स्वावलंबी गोठान, गोठानों में गोबर खरीदी की स्थिति, वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण और उठाव की समीक्षा की गई। श्री शर्मा ने 50 प्रतिशत लक्ष्य के साथ वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और उठाव पर जोर दिया। उन्होंने गोठानों की दूरी गाँव से ज्यादा होने की स्थिति में गांव के बाहर गोबर खरीदी कर परिवहन चार्ज लेकर गोठान पर जमा करवाने कहा। महिला स्व सहायता समूह को अधिक से अधिक सहयोग कर वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय को बढ़ाएं। निर्वाचन के दौरान भी गोठानों में सतत गोबर खरीदी, महिला समूह के आर्थिक गतिविधि लगातार जारी रखने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर सीसीएफ वन्य प्राणी श्री पाण्डे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, संचालक कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान धम्मशील गणवीर, डीन आरएस नेताम सहित योजना से सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बस्तर को बनाना है हरा-भरा

गोठानों में जनभागीदारी एवं गोठान प्रबंधन तथा संचालन हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय आडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार योजना नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने कहा कि गोठान योजना की सराहना विश्व स्तर पर हो रही है। गोठान के माध्यम से बस्तर के गाँव की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाते हुए बस्तर को हरा-भरा बनाना है।



श्री शर्मा ने कहा कि गोठान योजना के प्रारंभ में अधिकांश लोगों को आशंका थी कि बस्तर में गोठान नहीं चलेगा क्योंकि यहाँ जंगल अधिक है। सबसे अच्छा गोठान एवं स्वावलंबी गोठान बस्तर जिला में बना है। गोठान का मुख्य उद्देश्य गांव को बचाना है। गोबर खाद का उपयोग पुन: खेतों में किया जाना है। वर्तमान में अधिकांशत: रासायनिक खादों का उपयोग हो रहा है। गोबर खाद का उपयोग कर जमीन की उर्वर क्षमता को बढ़ानी है। बस्तर के किसान गोबर खाद का अधिक उपयोग कर रहे हैं। वर्मी कम्पोस्ट खाद का ज्यादा से ज्यादा उठाव किया गया है। यहां गोठानों में खाद का विक्रय से औसतन 01 लाख रुपए प्रति गोठान समिति के रूप में जमा किया है। इस राशि का उपयोग गोठान में शेड या आवारा पशु को चराने के लिए चरवाहा रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाने में गांव की महिलाओं को गोबर खरीदी का लाभ मिला, साथ ही गोबर बेचने वाले को भी आर्थिक लाभ मिला। गोठान समिति को वर्मी कम्पोस्ट का खाद बनाने पर जोर देने की आवश्यकता बताई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने बताया कि जिले में 327 गोठन संचालित है जिनकों गोठान समिति द्वारा बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अवसर पर सीसीएफ वन्य प्राणी श्री पाण्डे, संचालक कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान धम्मशील गणवीर, डीन आरएस नेताम, कृषि विभाग के उप संचालक राजीव श्रीवास्तव सहित गोठान समिति के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व सदस्य और सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के ...

के मांगों को लेकर गंभीरता से लेते हुए उनकी सभी मांगों को पूर्ण करने के लिए लगातार प्रयास जारी है। कर्मचारी संगठन के अन्य लंबित मांगों को केबिनेट बैठक के समक्ष रखकर उन्हें भी जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के सभी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार गंभीरता से ले रही है।

मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा प्रदेश सरकार के द्वारा उनकी मांगों को पूरा किए जाने पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार जब से बनी है, उसके बाद से लगातार कर्मचारियों की सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए उनकी मांगों को पूर्ण करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठनों अन्य लंबित मांगों को जल्द पूर्ण किया जाएगा।

### मंत्री कवासी लखमा ने जिला...

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को घर जैसा माहौल यहां मिले यह सुनिश्चित करें। इस दौरान सिविल सर्जन अभय तोमर, नपा अध्यक्ष राजू साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डु राजा, राजेश चौहान, व्यापारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रमेश राठी, राजेश तापड़िया सहित अस्पताल के डॉक्टर्स व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन

## 1 से 8 सितंबर तक पंजाब सनातन धर्म सभा भवन में



**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। पंजाबी सनातन धर्म सभा द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में श्रीमद् भागवत कथा एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। गुरु मां ध्यान मूर्ति जी महाराज किशोरी जी मथुरा वृंदावन धाम से पहुंच रहीं हैं। वे प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से 7:00 बजे तक स्थानीय पंजाबी सनातन धर्म सभा भवन में 1 से 8 सितंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे।

1 सितंबर को गणेश पूजन के पश्चात कलश यात्रा एवं श्रीमद् भागवत महाम्य, 2 सितंबर को हिरण्याक्ष वध ध्रुव चरित्र, ऋषभदेव का आध्यात्मिक दृष्टि से दावाग्नि में प्रवेश, 3 सितंबर को प्रहलाद चरित्र, हिरण्यकश्यप वध, 4 सितंबर को गजेंद्र मोक्ष और श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 5 सितंबर को श्री कृष्णा बाल लीला श्री गोवर्धन पूजन और 56 भोग, 6 सितंबर को गोपी गीत, कंस वध, रुक्मणी विवाह प्रसंग पर कथा वाचन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगा तथा अन्य दिनों में कथा वाचन दोपहर 3 से 6:30 तक होगा। 7 सितंबर को श्री कृष्ण सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष प्रसंग पर कथा वाचन होगा। 8 सितंबर को हवन एवं पूर्ण आहुति के बाद महाप्रसाद भंडारा का आयोजन दोपहर 1:00 बजे से होगा। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए पंजाबी सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने बताया कि 6 सितंबर बुधवार को दोपहर 3:30 बजे गीता भवन से भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक, हनुमान मंदिर चौक, अग्रसेन चौक ,अनुपम चौक होते हुए पंजाब भवन पहुंचेगी। शोभा यात्रा में बच्चों को राधा कृष्ण की वेशभूषा में बुलाने की अपील समाज के सदस्यों से की गई है। उन्होंने बताया कि 1 सितंबर को गीता भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा। 7 सितंबर रात्रि 10 से 12:30 बजे तक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 2 सितंबर की दोपहर ढाई से 4:00 बजे तक पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता बच्चों के लिए 3 सितंबर को कलाकृति ड्राइंग और 7 सितंबर को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता महिलाओं एवं बच्चों के लिए आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को 8 सितंबर की दोपहर 12:00 बजे पुरस्कार वितरण किया जाएगा। साथ ही समाज के जो भी प्रतिभावान विद्यार्थी हैं उनका भी सम्मान किया जाएगा।

### नवगठित उप-खण्ड बकावंड में एसडीएम व नवीन तहसील करपावंड में तहसीलदार पद पर कार्य संपादन हेतु अधिकारियों को मिला दायित्व

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा नवीन उप-खण्ड बकावंड और नवीन तहसील करपावंड का गठन किये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर बस्तर विजय दयाराम के. द्वारा उप-खण्ड बकावंड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यों का सम्पादन करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर ओम प्रकाश वर्मा को अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। वहीं नवीन तहसील करपावंड के कार्यों का सम्पादन के लिए परीविक्षाधीन नायब तहसीलदार बकावंड पुष्पराज मिश्रा को प्रभारी तहसीलदार की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# व्यापमं द्वारा आज 18 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा

**जगदलपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 27 अगस्त 2023 को जगदलपुर के 18 परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसके तहत 27 अगस्त को प्रथम पाली में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक पर्यवेक्षक खुली सीधी भर्ती परीक्षा और द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से सांयकाल 4.15 बजे तक पर्यवेक्षक परिसीमित भर्ती परीक्षा होगी। जगदलपुर के शासकीय पीजी कॉलेज धरमपुरा, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा, धरमु माहरा शासकीय पॉलीटेक्निक धरमपुरा और शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय जगदलपुर में उक्त पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा दोनों पाली में होगी अर्थात खुली सीधी भर्ती परीक्षा एवं परिसीमित भर्ती परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर, शासकीय बहु उद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर, स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल संजय मार्केट जगदलपुर, स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल रेलवे कॉलोनी जगदलपुर, सूर्या कॉलेज जगदलपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगतसिंह जगदलपुर, निर्मल विद्यालय जगदलपुर, क्राईस्ट कॉलेज जगदलपुर, दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जगदलपुर, वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय जगदलपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना जगदलपुर, हम अकेडमी मेन रोड कालीपुर जगदलपुर, सक्सेस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जगदलपुर एवं विद्यापति अकादमी बहादुरगुड़ा जगदलपुर परीक्षा केंद्रों पर केवल प्रथम पाली में पर्यवेक्षक खुली सीधी भर्ती परीक्षा होगी।

# बस्तर जैव विविधता से समृद्ध विरासत का पोषक : शर्मा



- प्रकृति और मानव के बीच अटूट संबंध का परिचायक बस्तर
- जैव विविधता पर संभागीय कार्यशाला में पहुंचे सीएम सलाहकार

**दंतेवाड़ा**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में जैवविविधता संरक्षण व संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला ऑडिटोरियम जावंगा गीदम में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि सदियों से बस्तर जैव विविधता से समृद्ध विरासत का पोषक रहा है।

कार्यशाला में उन्होने आगे कहा कि खनिज, औषधि एवं वन से परिपूर्ण इस धरा पर आदिवासी समुदाय प्रकृति के साथ सदैव संतुलन बनाकर चले हैं, इसके संरक्षण व संवर्धन करना हमारा महती दायित्व है। स्थानीय समुदाय के पुरातन ज्ञान विज्ञान एवं संस्कृति को न केवल सहेजने बल्कि उसे देश और दुनिया के समक्ष लाने की भी आवश्यकता है। यहां पाये जाने वाले वनीय जड़ी-बूटी में असाध्य रोगों में भी उपचारित करने की क्षमता है, भविष्य के लिए लुप्त हो रही औषधि पौधों वनस्पतियों बचाने हेतु स्थानीय समुदायों को इसकी बड़े पैमाने पर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए इसके लिए जैवविविधता प्रबंधन समितियां की बड़ी भूमिका है।

इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रकृति और मनुष्य के बीच अटूट सम्बन्ध के निर्वहन का पाठ बस्तर से सीखना चाहिए हमारे प्राचीन वेदों पुराणों एवं संस्कृति में नदी पर्वत एवं वनों की पूजा का विधान है, जो प्रकृति और हमारे बीच सुदृढ़ सम्बन्ध और सामंजस्य का परिचायक है। परन्तु प्रकृति के अवैज्ञानिक विदोहन से यह सामंजस्य अब खतरे में है जो ग्लोबल वार्मिंग के रूप में मानव जाति के समक्ष है, और अभी भी अगर हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी को इसका खामियाजा भूगतना पड़ेगा। जैवविविधता बोर्ड का उद्देश्य है कि भविष्य में जैवविविधता के संरक्षण और संवर्धन के कार्यों का विस्तार कर इस दिशा में किए जाने वाले अन्य प्रयासों में युवाओं को प्रेरित करें साथ ही बोर्ड का यह भी लक्ष्य कि स्थानीय समुदाय के बडे वर्ग उससे लाभान्वित हो। इसके साथ ही उन्होंने शासन द्वारा इस दिशा में किए जाने वाले प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि शासन की नरवा गरवा घुरवा बाडी योजना भी स्थानीय संसाधनों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मूर्त रूप देने का एक अंग है और इसके सकारात्मक प्रभाव सभी के सामने है साथ ही शासन द्वारा अब वनोपज खरीदी में पूर्व से बढ़ाकर 65 प्रकार के वनोपजों को शामिल किया गया है, जिसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों का मिलेगा। इसके पूर्व आगंतुक अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत में मां दंतेश्वरी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माला अर्पण किया। इस कार्यशाला में सदस्य सचिव जैव विविधता बोर्ड प्रभात मिश्रा, अध्यक्ष युवा मितान क्षितिज चंद्राकर, मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर मोहम्मद शाहिद, मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी राजेश पांडे, डीएफओ सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वारंजन, कृषि महाविद्यालय डीन डॉ. आर. एस नेताम, प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी ठाकुर, वैज्ञानिक विकास रामटेके सहित जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन



- गीदम में ब्लाक स्तरीय आयोजन
- जिपं अध्यक्ष तुलिका और सदस्य सुलोचना ने बढ़ाया उत्साह

**दंतेवाड़ा**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने लगातार छत्तीसगढ़िया ओलपिंक का आयोजन किया जा रहा है। गीदम में विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलपिंक का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा पहुँची।

सर्वप्रथम माँ दंतेश्वरी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं राज्य गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। खिलाड़ियों को संबोधित करते तुलिका ने कहा कि पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़िया ओलपिंक की शुरुआत की गई है। हमारे जिले में प्रतिभा की कमी नही है बस मंच नहीं मिलने के कारण वह आगे नहीं आ सके। ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलपिंक के नाम से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस ओलम्पिक में उन खेलों को शामिल किया गया है जो आज के बच्चे भूल चुके हैं। तुलिका ने कहा कि हमारी संस्कृति और परम्परा ही हमारी पहचान है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लुप्त हो रहे गिल्ली-डंडा, गेड़ी, फुगड़ी सहित कई खेलों को इस ओलंपिक में शामिल किया है, जिससे आज की पीढ़ी पुराने खेलों से परिचित हो सके। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा की सभी खिलाड़ियों को बधाई, जिन्होंने पारम्परिक खेलों में हिस्सा लिया और जिले का मान बढ़ाया। हर खेल को ईमानदारी स्व खेले और हार से निराश ना हो। जीवन में हार-जीत लगे रहती है बस सोच का फर्क होता है। सुलोचना ने कहा कि हर खिलाड़ी, खेल को खेल भावना से खेले ताकि आपसी भाईचारा बना रहे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्षा साक्षी सुराना, जनपद अध्यक्ष अंति वेक, सरपंच बीजू राम कश्यप, अनिल कर्मा, समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी व आम नागरिक मौजूद थे। छत्तीसगढ़िया ओलपिंक में पहुँचे तुलिका कर्मा व सुलोचना कर्मा ने रस्सा खींच में अपना दमखम दिखाया। ओलपिंक में कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों के बीच रस्सा खींच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में यूं तो कर्मचारी वर्ग ने जीत हासिल की पर अपनी टीम को लीड करते हुए तुलिका और सुलोचना ने भी खूब पसीना बहाया। इस आयोजन का लोगों ने खूब लुफ्त उठाया और जमकर तारीफ भी की।

# विस स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय



**कोण्डागांव**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। अटल सदन भाजपा कार्यालय में आयोजित विधान सभा स्तरीय कोर कमेटी की महत्त्वपूर्ण बैठक में पर्यवेक्षक संतोष बाफना की उपस्थिति में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के विषय में चर्चा की गई। बैठक में बाफना ने चुनावी तैयारी, अन्य राज्यों से प्रवास पर आए विधायकों के कार्यक्रमों, घोषणा पत्र, चुनावी कैंपेनिंग के साथ प्रत्याशी चयन को लेकर सामूहिक एवं वन टू वन चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त आगामी विजय संकल्प यात्रा की तैयारी हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, जिला संयोजक बालकूँवर प्रधान, चंदन साहू, जसकेतु उसेंडी, दयाराम पटेल, अनिल अग्रवाल, प्रेम सिंह नाग, जैनेंद्र सिंह ठाकुर, अश्विनी पांडे, मीनू कोर्राम, इना श्रीवास्तव, संजीव पोयाम, बालसिंह बघेल, लखमु मौर्य, कृष्ण दीवान, झुमुक नाग, मंगतू नेताम, रौनक दीवान, यतींद्र सलाम, प्रदीप नाग, विकास दुआ, प्रतोष त्रिपाठी, संतोष पात्र, ललित देवांगन, गामा जयसवाल, संतोष नाग, मीना नेताम, सुकलबाई, सूरज नेताम व अन्य शामिल रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विविध आयोजन



- कलेक्टर-सीईओ के मार्गदर्शन में तैयारी शुरू
- 1 से 8 सितंबर तक जिले भर में गतिविधियां

**दंतेवाड़ा**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन एवं सचिवालय राज्य साक्षरता मिशन प्रधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार सभी के लिए शिक्षा का केन्द्रित योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (एन आई पी एल) को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020के अनुरूप वर्ष 2022-27 के दौरान क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा दी गई स्वीकृति के तहत् 1 से 7 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह एवं 8 सितम्बर को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जायेगा।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में राज्य से प्राप्त कार्ययोजना अनुसार साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस 1 से 8 सितम्बर तक विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जायेगी। इसके लिए जिले के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, समस्त प्राचार्य एवं समस्त प्रधान अध्यापकों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विशेष रणनीति तैयार करने के निर्देश दिये गये है ताकि सभी वर्गों की इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

इस सम्बन्ध में जिला परियोजना अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा बताया गया कि राज्य से प्राप्त कार्ययोजना अनुसार कार्यक्रम के प्रथम दिवस में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम पर केन्द्रित जागरूकता, कार्यशाला, सम्मेलन, सेमिनार, द्वितीय दिवस साक्षरता संगोष्ठी, परिचर्चा, तृतीय दिवस शैक्षणिक संस्थाओं में साक्षरता कार्यक्रम, चतुर्थ दिवस नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत महिला साक्षरता पर केन्द्रित कार्यक्रम, पांचवा दिवस नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रतियोगिता, छठवें दिन ( एनआईपीएल के शिक्षार्थियों के लिए) सांतवा दिन उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम पर पंचायत कार्यक्रम पर पंचायत राज संस्थाओं को शामिल करके ग्राम पंचायतों में बैठक और आठवां दिवस शैक्षणिक संस्थाओं में साक्षरता रैली का आयोजन किया जायेगा।

# धर्मानगरी संबलपुर में योगाभ्यास



**भानुप्रतापपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। धर्मानगरी संबलपुर में आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर शासकीय आयुर्वेद औषधालय संबलपुर में निरन्तर योगाभ्यास के तारतम्य में आऊटरिच कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय संबलपुर में 26/08/2023 को 468 बच्चों के साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओ के द्वारा योगाभ्यास किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुसुम ठाकुर के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में योग शिक्षक लोचन प्रसाद लहरें जी के द्वारा सभी लोगों को योगाभ्यास कराया गया।

# नेत्रदान संगोष्ठी का जिला अस्पताल में हुआ आयोजन



8 सितम्बर तक चलाया जाएगा नेत्रदान पखवाड़ा व जनजागरूकता अभियान

**कोण्डागांव**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक जिले में नेत्रदान पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् 25 अगस्त को जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह के मार्गदर्शन में सिविल सर्जन डॉ.आर.सी.ठाकुर की अध्यक्षता में नेत्रदान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने लोगों को नेत्रदान की विधि समझाते हुए लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया। इस संगोष्ठी में जनरल सर्जन डॉ.नागुलन ने नेत्रदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेत्रदान से एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे परिवार को नई जिंदगी प्राप्त होती है। ऐसे में 05 से 60 वर्ष तक के सभी लोगों को नेत्रदान अवश्य करना चाहिये।

नेत्र विशेषज्ञ नेत्र सर्जन डॉ.कोमल पारेख सर्जन ने नेत्रदान संबंधी विभिन्न पहलुओं पर बात करते हुए कॉर्निया में सफेदी के कारणों जैसे संक्रमण, चोट लगने, विटामिन ए की कमी, कुपोषण, डिस्ट्रॉफी, जन्मजात कारणों से रेटीना पर प्रभाव के संबंध में बताया। नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ हरेन्द्र बघेल द्वारा सभी नेत्र सहायक अधिकारी एवं नेत्र ऑपरेशन थियेटर के समस्त स्टॉफ के कार्यों की सराहना की। नेत्र सहायक अधिकारियों को विकासखण्ड एवं सेक्टर स्तर पर आरएचओ एवं मितानिनों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन में सहयोग हेतु प्रशिक्षित करने के संबंध में चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी अशोक कश्यप, कामेश्वर नेताम, शशि कुमार ठाकुर, महावीर मरकाम, दिनेश साहू, नकलेश सोरी, सुकधर नेताम, गोपाल टंडन, फागुराम मंडावी, इन्द्रजीत मरकाम, दीपा ठाकुर, सरिता मानिकपुरी, नर्सिंग स्टॉफ नंदा शील, हर्षा चैहान, आरती महानद, अम्बिका वट्टी, गीता सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए गणमान्य नागरिक, ओपीडी, आईपीडी में ईलाज हेतु आये मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

इस संबंध में सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व अनिल वैध ने बताया कि नेत्रदान पखवाड़े के तहत् 25 अगस्त से 08 सितम्बर तक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कॉर्निया में सफेदी के कारण आंखों की रोशनी होने वाले मरीजों कॉर्निया प्रत्यारोपण की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि कोण्डागांव शहर हेतु नेत्रदान के लिए संपर्क नम्बर जारी किये गये है, जिसमें आरएनटी जिला चिकित्सालय (07786242255), नोडल अधिकारी अंधत्व नियंत्रण (94242771153), सहायक नेत्रदान अधिकारी (8085715185, 9340572640, 8120219724, 9407727755, 9630754419, 9575417432, 8305880999, 7089873965, 7694010116) शामिल है। किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर 06 घण्टे के भीतर नेत्रदान किया जा सकता है।

# बूथ स्तरीय एजेंट प्रशिक्षण में अहम जानकारी

## प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर राजीव भवन में जुटे कार्यकर्ता



मास्टर ट्रेनर ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन की दी जानकारी

**दंतेवाड़ा**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। राजीव भवन दंतेवाड़ा मे आज प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार बीएलए (बूथ स्तरीय एजेन्ट) कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर राज्य गीत के साथ हुई।

कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने कहा कि आज जो भी हमारे मास्टर ट्रेनर के द्वारा बताया जायेगा उसे ध्यान से सुने और अपने बूथ मे जाकर काम करे और कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान कर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने मे भागीदार बने। ट्रेनर सलीम रजा उस्मानी के द्वारा मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने और काटने से लेकर मतदाता सूची संबधित सभी जानकरी बताई गई। साथ ही मण्डल अध्यक्ष के कार्य, सेक्टर अध्यक्ष के कार्य, बूथ अध्यक्ष के कार्य को भी विस्तार से अवगत कराया गया। इस दौरान पीसीसी मेंबर छविन्द कर्मा, प्रदेश सचिव पूजा साव, कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, रितेश जैन, अजय मरकाम, सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक आज

**कोण्डागांव**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन 27 अगस्त 2023 को विकास नगर स्टेडियम से शुभारंभ किया जायेगा। तीन दिवसीय चलने वाले आयोजन में तीन अलग-अलग आयु समूह के सभी 05 विकास खण्डों एवं नगरीय निकाय के कुल 2500 खिलाड़ी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास मंत्री श्री मोहन मरकाम द्वारा किया जायेगा। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में कुल 16 पारंपरिक खेलों का आयोजन होगा। जिसमें 27 अगस्त 2023 को 18 से 40 आयु वर्ग, 28 अगस्त को 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 29 अगस्त को 18 से कम आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों का होगी। प्रत्येक दिन खेलों का आयोजन किया जायेगा एवं विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को क्रमशः 2000, 1500 एवं 1000 रूपये उनके बैंक खातों में अंतरित किये जायेंगे।

# रासेयो स्वयं सेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**कोण्डागांव**, 26 अगस्त (देषबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालने के साथ ही में मानव श्रृंखला बनाकर शत प्रतिशत मतदान का संदेश भी दिया। जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी में शनिवार को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने, शत प्रतिशत मतदान में भाग लेने, वोट का महत्व समझाते के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं स्कूल छात्र-छात्राओं में ग्राम जैतपुरी में कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी के नेतृत्व में विशाल रैली निकाल मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य राजकुमार रामटेके के मार्गदर्शन में मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामवासियों को निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रेरित किया, जिसमें एनएसएस के स्वयं सेवक एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# स्थानीय मांग के आधार पर हो रीपा में निर्माण : प्रदीप



- मुख्यमंत्री के सलाहकार ने की गोधन न्याय योजना की समीक्षा
- ग्रामीण औद्योगिक पार्क में लोकल उत्पादों पर जोर
- महिलाओं की उन्नति का केन्द्र बनेंगे रीपा

**दंतेवाड़ा**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के सलाहकार योजना नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में रीपा और गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। श्री शर्मा ने कहा कि स्थानीय बाजार की मांग पर स्थानीय बाजार के लोगों को प्राथमिकता दें,ताकि आसानी से उत्पादों की बिक्री हो सके। उन्होंने इसके लिए बाजारों की मैपिंग की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक के दौरान श्री शर्मा ने कटेकल्याण, कुआकोण्डा, गीदम एवं दंतेवाड़ा विकासखण्डों की बारी-बारी समीक्षा करते हुए कहा कि बायो फ्लॉक मछली पालन, इमली प्रसंस्करण इकाई, टोरा तेल उत्पादन इकाई, पेवर ब्लाक, सीमेंट ईंट निर्माण इकाई, फाइल पेड निर्माण इकाई, लोक सेवा केन्द्र, चाक स्टिक, झाडू निर्माण, हल्दी, अमचूर, फूड गेड महुआ उत्पादन इकाई, नॉन वूवेन बेग निर्माण इकाई, पेपर कप निर्माण इकाई सेव मिक्चर निर्माण, होटल, ढेकी राइस, मिलेट प्रसंस्करण इकाई, चिक्की, राइस मिल, पारबोइलिंग इकाई, पोहा उत्पादन इकाई फर्नीचर निर्माण, फर्नीचर निर्माण, मोडुलर फर्नीचर निर्माण, मिलेट प्रसंस्करण इकाई, गोबर पेंट, बायो फर्टीलाइजर एवं बायोपेस्टिसाइड उत्पादन, लेयर फार्म, बांस शिल्प तथा बटन मशरूम उत्पादन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाजारों से संबंधित छोटे-छोटे उत्पाद की मांग आधारित गतिविधियां रीपा में संचालित करने कहा। उन्होंने मिलेटस मिशन के तहत कोदो, कुटकी और राखी के बारे में जानकारी ली और संबंधितों को अधिक से अधिक जैविक पद्धति के आधार पर खेती करने के लिए कृषकों प्रोत्साहित करने का कहा। श्री शर्मा ने रीपा में उत्पादन किए सामानों को बाजारों में बेचने के लिए शेड निर्माण करने हेतु नाबार्ड से मिल रहे सहयोग का भी उल्लेख किया। रीपा की गतिविधियों में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने कहा। साथ ही रीपा की गतिविधियों में वन और वनोपज आधारित एक्टिविटी, वनौषधि की एक्टिविटी को शामिल करने पर जोर दिया। बैठक में गोधन न्याय योजना के तहत स्वावलंबी गौठान, गोठानों में गोबर खरीदी की स्थिति, वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण और उठाव की समीक्षा की गई। निर्वाचन के दौरान सभी गोठानों में सतत गोबर खरीदी, महिला समूह के आर्थिक गतिविधि लगातार जारी रखने की आवश्यकता बताई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, डीएफओ सागर जाधव, सहित योजना से सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# बनियागांव में शिक्षकों का तीन दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण



**कोण्डागांव**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के विकास खण्ड कोंडागांव अंतर्गत बनियागांव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 24 से 26 अगस्त तक दिन दिवस का मास्टर ट्रेनरों के द्वारा एफएलएन प्रशिक्षण दिया गया। एफएलइन एक प्रकार का राष्टीय मिशन है, जिसको भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति में शामिल किया गया है एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चलाया जा रहा है। इसके तहत वर्ष 3 से लेकर 9 वर्ष तक आयु वर्ग वाले सभी बच्चों को भाषा और गणित कौशल कि शिक्षा प्रदान की जाएगी इसके साथ साथ पोषण और स्वास्थ्य, बुनियादी कौशल शिक्षा इत्यादि पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस के अंतर्गत आने वाले सभी बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य (मानसिक स्वास्थ्य सहित) सबी पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा, शिक्षा के मूलभूत वर्षों में बच्चों तक पहुंच प्रदान किया जायेगा। एफएलएन की आवश्यकता वर्तमान में इसलिए है क्योकि यह एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जो बच्चों को उच्च कक्षाओं मे सार्थक रूप से किसी भी चीज को सीखने की एक नया अवसर देता है। इस मिशन के तहत बच्चों को वह सभी बुनियाद कौशल शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिससे वह आगे बढ़ सके और एक अच्छा छात्र बन सके। इस प्रथम चरण के प्रशिक्षण में 6 संकुल के शिक्षकों को ट्रेनिंग दिया गया, जिसमें सोनाबाल, बानियागांव, बड़े बंजोड़ा, पोलंग, मोहलई, मुनगापदर शामिल हैं। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा विस्तारपुर्वक शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर गौतम साहू, आशुतोष ध्रुव, मदन राठौर व हेमदत्तेश्वर पटेल द्वारा उक्त प्रशिक्षण दिया गया।

उल्टा पुल्टा

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया
**पुलिसवाला**- रुको!!
**औरत**- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
**पुलिसवाला**- अहा! इस दिन के इंतज़ार में तो मैं कई सालों से था।
चलो, अब लिखो मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नही तोडूंगी, 100 बार...

# पांच सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी तय

## पाटन, साजा, खरसिया, कोंटा, भरतपुर सोनहत से केवल एक ही दावेदार







**रायपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस की पांच सीटों पर प्रत्याशी तय हो गया है उनमें भरतपुर-सोनहत, खरसिया, पाटन, साजा और कोंटा सीट शामिल है। इन सीटों के लिए केवल एक-एक दावेदारों ने आवेदन किया है। इसी वजह से इन सीटों पर प्रत्याशी फाइनल माने जा रहे हैं। पार्टी नेताओं के अनुसार भरतपुर-सोनहत सीट से मौजूदा विधायक गुलाब कमरो के अलावा किसी भी दावेदार ने आवेदन नहीं किया है। राज्य बनने के बाद 2008 में हुए दूसरे विधानसभा चुनाव के दौरान यह सीट अतिस्व में आया। 2008 और 2013 में यह सीट भाजपा जीती थी।2018 में पहली बार गुलाब कमरो ने जीत दर्ज की।

कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ों में शामिल खरसिया सीट से भी मौजूदा विधायक उमेश पटेल के अलावा कांग्रेस से किसी दावेदार ने आवेदन नहीं किया है। पटेल इस सीट से लगातार दूसरी बार के विधायक हैं। उमेश से पहले उनके पिता नंद कुमार पटेल रिकार्ड पांच बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 1977 में अस्तित्व में आई इस सीट पर अब तक कांग्रेस के अतिरिक्त कोई पार्टी नहीं जीती है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पाटन सीट से भी बघेल के अतिरिक्त किसी ने भी कांग्रेस से टिकट के लिए दावेदारी नहीं की है। बघेल 1993 में पहली बार इस सीट से विधायक चुने गए थे। तब से 2008 तक वे इस सीट से कभी नहीं हारे। 2008 में पहली बार भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने उन्हें पहली चुनावी मात दी, लेकिन 2013 में भूपेश बघेल ने पलटवार किया और फिर से पाटन में जीत दर्ज की।2018 में इसी सीट से चुनाव जीतकर बघेल मुख्यमंत्री बने।

राज्य की चौथी सीट जिससे कांग्रेस की टिकट के लिए केवल एक ही नेता ने दावेदार की है वह साजा सीट है। यह सीट भी कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ में शामिल है। चौबे परिवार के दबदबे वाली इस सीट से कांग्रेस के मौजूदा विधायक रविंद्र चौबे ही एक मात्र दावेदार हैं। चौबे 1985 में पहली बार इस सीट से विधायक चुने गए थे, तब से अभी तक वे 8 बार इस सीट से जीत चुके हैं। 2013 के विधानसभा चुनाव में उन्हें पहली बार हार का सामना करना पड़ा था, तब भाजपा के लाभचंद बाफना ने उन्हें हरा दिया था।

बस्तर के अंतिम छोर पर स्थित कोंटा विधानाभा सीट पांचवीं सीट है, जहां से कांग्रेस प्रत्याशी फाइनल है। यहां भी मौजूदा विधायक कवासी लखमा के अलावा किसी ने भी कांग्रेस से टिकट की दावेदारी नहीं की। लखमा 1998 से इस सीट से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। 2008 में बस्तर में भगवा लहर के बीच भी कवासी अपनी सीट बचाने में सफल रहे थे। बता दें कि 2008 में बस्तर संभाग की 12 में से 11 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज किया था।

### अन्य सीटों पर 3-3 नामो का पैनल तैयार होगा

प्रदेश की अन्य 85 सीटो के लिए आए आवेदनों पर ब्लॉक कांग्रेस से प्राप्त सूची को लेकर 29 अगस्त को जिला कांग्रेस की बैठक होगी। इनमें जिला कांग्रेस दावेदारों में से 3-3 नामों का पैनल तैयार करेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी अपने प्रस्तावित पैनल की सूची के साथ, बाकी आवेदन भी प्रदेश कांग्रेस को भेज देगी। इसके लिए 31 अगस्त की तारीख तय की गई है। इन नामों को लेकर प्रदेश कांग्रेस चुनाव कमेटी की 3 सितंबर को बैठेगी। कमेटी प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रत्याशी का नाम फाइनल करेगी। इसके बाद 4 सितंबर को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। यह कमेटी फाइनल सूची बनाकर इलेक्शन कमेटी को भेज देगी। इसके आधार पर एआईसीसी से प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी।

# छग में मेडिकल हब बनने की असीम संभावनाएं : भूपेश



■ सीजीएमपी न्यूरोकॉन 223 कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की भारत के नक्शे में स्थिति ऐसी है कि यहां एक बड़ा मेडिकल हब बनने की असीम संभावनाएं हैं। यहां की भौगोलिक स्थिति और वातावरण स्वास्थ्य के अनुकूल है। वे आज शाम राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित 21 वें सीजीएमपी न्यूरोकॉन 2023 कार्यक्रम के संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने वरिष्ठ न्यूरोसर्जन द्वारा लिखी पुस्तक 'ब्रेन डेथ, ऑर्गन डोनेशन और ट्रांसप्लांटेशन' का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आगे कहा कि पिछले पौने पांच सालों में हमने छत्तीसगढ़ में बड़ा मेडिकल-नेटवर्क स्थापित करने में कामयाबी हासिल की है। यहां शासकीय और निजी क्षेत्र के मेडिकल संस्थानों ने अद्भुत तालमेल और प्रतिभा से इस उपलब्धि को हासिल किया है। प्रदेश में न्यूरो चिकित्सा के क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं सुलभ हुई है और विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ छत्तीसगढ़ के मरीजों को लगातार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 5 साल पहले यह स्थिति थी कि मलेरिया से लोगों की जानें जाती थी, मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने में हम सफल हुए हैं। आज हाट-बाजार क्लिनिक योजना से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है और दूर-दराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ा है। मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि आज हमारे यहां चिकित्सा के क्षेत्र में एक मजबूत अधोसंरचना भी तैयार हो चुकी है।

श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब नक्सलियों पर बात नहीं होती बल्कि कृषि, संस्कृति, सामाजिक उत्थान और नए छत्तीसगढ़ को लेकर बातें हाती है जिससे प्रदेश की नई पहचान बनी है। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष गौतम चौड़रिया और वरिष्ठ चिकित्सक एस एन मढ़रिया और संदीप दवे ने भी संबोधित किया।

# घरेलू गैस सिलेंडर पांच सौ तक सस्ता करने पर विचार



**रायपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र बनाने कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की बैठक शनिवार को फिर हुई।कांग्रेस इस बार भी लोक लुभावना घोषणा पत्र बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। महंगाई को लेकर कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रही है।लिहाजा चुनाव मे इस मुद्दे को भुनाना चाहती है। लोगों को महंगाई से राहत देने वाले उपायों की घोषणा के तहत घरेलू गैस सिलेंडर पर 500 रूपए तक सस्ता करने पर विचार कर रही है।इसी तरह सरकार हाफ बिजल बिल योजना का विस्तार कर सकती है।इसके तहत गरीब वर्ग के उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने की घोषणा कर सकती है। आज की बैठक में सबसे पहले पुराने घोषणाओं को ➤➤ *शेष पृष्ठ 4 पर* ➤

■ कांग्रेस बना रही लोक लुभावन घोषणा पत्र
■ महिलाओ से जुड़े मुद्दों के लिए बनी समिति

### अलग-अलग जगहों पर भी जाएंगे और उनसे सुझाव लेंगे : सैलजा

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार ने हर एक समुदाय के लिए काम किया है।लोगों को फर्क नजर आ रहा है। बीते कुछ वर्षों में कितना कार्य हुआ इस पर समीक्षा हुई।लोगों के क्या विचार हैं, वह क्या चाहते हैं। समिति विचार कर देखेगी की आगे दिनों के लिए क्या कर सकते हैं।सभी चीजों को देखते हुए समिति अपना कार्य करेगी।अलग-अलग जगहों पर भी जाएंगे और उनसे सुझाव लेंगे। मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि महिलाओं से संबंधित विषयों पर सभी संभागों में जाकर सुझाव लिए जाएंगे।4 सितंबर तक यह सुझाव प्रस्तुत करेंगे।ई मेल पर भी सुझाव आते जा रहे हैं।आगे की बैठक में अन्य जानकारी दी जाएगी और अच्छा घोषणा पत्र तैयार करेंगे।

# उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बांटी गई एक्सपायर्ड फ्रूटी और माजा, मंत्री सिंहदेव ने कहा होगी कार्रवाई

**रायपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के कार्यक्रम में लापरवाही का मामला सामने आया है। जिस कार्यक्रम में वे शामिल हुए थे, वहां एक्सपायर्ड फरूटी और माजा बाटी गई। शनिवार को अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम रूम में स्वास्थ्य विभाग और की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसके मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव थे। यहां एक्सपायर्ड फरूटी नाश्ते के साथ बांटी गई। जिसे सैकड़ो की संख्या में पहुंचे लोगों ने पिया। जिसमें छोटे बच्चे भी शामिल थे। जो पेय बांटे गए वो कई दिनों पहले ही एक्सपायर हो चुके हैं। इस बात की जानकारी जब उपमुख्यमंत्री मंत्री को लगी तो उन्होंने कार्रवाई की बात कही।

# इंदिरा गांधी कृषि विवि को मिला राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार



कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग तथा स्मार्ट खेती के लिए मिला सम्मान

**रायपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा अकादमिक/अनुसंधान संस्थान द्वारा नागरिक केंद्रिक सेवाओं पर उत्कृष्ट शोध के लिए ''राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2023'' स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

इंदौर के ब्रिलियंट कंवेंशन सेटर में आज यहां आयोजित ई-गवर्नेंस की दो दिवसीय 26वीं राष्ट्रीय कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल को केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने स्वर्ण ट्राफी, प्रशस्ति पत्र एवं 10 लाख रूपये नकद प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रबंध सूचना प्रणाली के नोडल अधिकारी डॉ. रवि सक्सेना तथा एन.आई.सी. के वैज्ञानिक श्री अभीजित कौशिक भी उपस्थित थे।

यह सम्मान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के क्रॉप डॉक्टर 2.0 मोबाइल एप्पलीकेशन के माध्यम से कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग से उन्नत एवं परिवर्तनकारी स्मार्ट खेती हेतु भारत सरकार द्वारा दिया गया है। इस मोबाइल एप्पलीकेशन को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं एन.आई.सी. रायपुर द्वारा बनाया गया है। सम्मान समारोह में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास, इलेक्ट्रानिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव अलकेश्वर कुमार शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 शहरों को भी सम्मानित किया गया।

ज्ञातव्य है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को भारत सरकार द्वारा पूर्व में शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थाओं में सर्वश्रेष्ठ ई-गवर्नेंस मॉडल हेतु राष्टीय पुरस्कार भी प्रदान किया जा चुका है।

# स्वेच्छानुदान राशि की बंदरबांट का कांग्रेस के भ्रष्ट राजनीतिक चरित्र का परिचायक : भाजपा



■ कांग्रेस विधायक स्वेच्छानुदान राशि से कांग्रेस के लोगों और अपने ड्राइवर समेत समर्थकों को उपकृत कर रहे

**रायपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने सूचना के अधिकार के जरिए स्वेच्छानुदान राशि की बंदरबाँट के हुए खुलासे के मद्देनजर कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में चुनावी वर्ष में एक बार फिर स्वेच्छानुदान राशि की बंदरबाँट का मामले सामने आना कांग्रेस के भ्रष्ट राजनीतिक चरित्र का शर्मनाक प्रदर्शन है। मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्रस के कांग्रेस विधायक डॉ. विनय जायसवाल के बाद अब भरतपुर-सोनहत के कांग्रेस विधायक गुलाब कमरो ने स्वेच्छानुदान राशि से कांग्रेस के लोगों और अपने ड्राइवर समेत अपने समर्थकों को उपकृत किया है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार के भ्रष्टाचार और घोटालों से कांग्रेस के विधायक भी इतने दुष्प्रेरित हो चले हैं कि अपने क्षेत्र में उन्होंने स्वेच्छानुदान की राशि की बंदरबाँट करने में शिद्दत से लगे हैं। कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश सरकार के घोटालों-भ्रष्टाचार की एक लंबी फेहरिस्त में अब कांग्रेस के विधायकों के नाम भी दर्ज होना बेहद शर्मनाक है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भ्रष्टाचार और आर्थिक गड़बड़ी करने का का कोई मौका कांग्रेसी अपने हाथ से नहीं छोड़ रहे हैं और सब बहते पानी में अपना-अपना हाथ साफ करने में लगे हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि जिस राशि का उपयोग जरूरतमंदों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की भलाई के लिए किया जाना था, उस राशि को अपने समर्थकों और कांग्रेसियों के परिजनों को बाँटकर समूची कांग्रेस जन-धन की खुली लूट मचाए बैठी है। छत्तीसगढ़ महतारी के सरकारी खजाने में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, मंत्री जिस प्रकार का डाका डालने में लगे हैं, प्रदेश की जनता समय आने पर इसका करारा जवाब देने तैयार बैठी है।

# रक्षाबंधन पर रद्द हुई 7 ट्रेनों को किया रिस्टोर



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत सवारी गाड़ियों के अनियमित संचालन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेलवे हर दिन अलग-अलग कारण बताकर यात्री गाड़ियों को रद्द कर रही है। इस बीच रेलवे ने इस बार ट्रेनों को रद्द नहीम बल्कि रिस्टोर किया है।7 त्यौहारी सीजन में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए रेलवे ने अपना फैसला बदला है। रेलवे द्वारा 7 रद्द ट्रेनों को रिस्टोर किया गया है। नॉन इंटरलॉकिंग व मेंटनेंस के कारण ट्रेनों को रद्द किया गया था, जिसके बाद अब रक्षाबंधन में संबंधित ट्रेनों की सुविधा मिलेगी।

रिस्टोर ट्रेनों में बिलासपुर-शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल (08740) 28 से 31 अगस्त तक के लिए, शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर (08739) 28 अगस्त से 31 अगस्त तक के लिए, रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर (08729) 28 से 31 अगस्त तक के लिए, डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर (08730) 29 अगस्त से 01 सितंबर तक के लिए, गोंदिया-वडसा मेमू पैसेंजर (08806) 28 से 31 अगस्त तक के लिए, वडसा-चांदाफोर्ट मेमू पैसेंजर (08808) 29 अगस्त से 1 सितंबर तक तथा चांदाफोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर (08805) 29 अगस्त से 1 सितंबर तक के लिए पुन: परिचालित किया जा रहा है।

# भ्रष्टाचार का कांग्रेसी लाइसेंस अब रिन्यू नहीं हो सकता : चंदेल



**रायपुर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने राजनीतिक सलाहकार के सट्टा कनेक्शन मामले में दिल्ली जाकर भड़ास निकालने के साथ ही कांग्रेस कंपनी के कमांडरों को सारे कारनामों का हिसाब दे रहे हैं कि जो किया, आपके लिए किया। आपकी मांग पूरी करने छत्तीसगढ़ को एटीएम बनाया गया है। जो हालात सामने आ रहे हैं, उसके लिए आप ही जिम्मेदार हैं। भूपेश बघेल प्रियंका गाँधी से इसके अलावा आखिर छत्तीसगढ़ कि और क्या बातें साझा कर सकते हैं क्योंकि भ्रष्टाचार के अलावा पांच साल में छत्तीसगढ़ में और कुछ हुआ ही नहीं है। कांग्रेस भ्रष्टाचार को छुपाने की लाख कोशिशें करे, हकीकत सामने आ ही जाती है। यह हर एक घोटाले के रूप में आये दिन सामने आ रही है। मुख्यमंत्री द्वारा ईडी के खिलाफ दिल्ली में जो कहा गया, वह स्पष्ट कर रहा है कि कांग्रेस को छत्तीसगढ़ लूटने की छूट चाहिए। कांग्रेस सरकार ने 5 साल तक जो लूटखसोट की है, वह उजागर हो रही है तो मुख्यमंत्री अपने कर्मकांडी साथियों के बचाव में खुलकर सामने आ रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल हर भ्रष्टाचार का भेद खुलने के फौरन बाद भ्रष्टाचारियों के पैरोकार बनकर क्यों खड़े हो जाते हैं। क्या कांग्रेस ने भूपेश बघेल सरकार को लूट का लाइसेंस जारी किया है। यदि ऐसा किया है तो देश की जांच एजेंसियां इसका दंड दिलवाने में सक्षम हैं। वे अन्वेषण कर रही हैं, भ्रष्टाचारी बेनकाब हो रहे हैं। काली कमाई निकल रही है। साक्ष्य के साथ भ्रष्टाचारियों को कानून के सुपुर्द किया जा रहा है और भ्रष्टाचार के तमाम आरोपी जमीन आसमान एक करके भी जमानत को तरस रहे हैं। क्या वजह है कि सारे भ्रष्टाचारियों से भूपेश बघेल हमदर्दी दिखाते हैं। जब भी जांच एजेंसियों की पैनी नजर काले कारनामों पर पड़ती है तो भूपेश बघेल उस पर सफेद चादर चढ़ाने निकल पड़ते हैं। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेसी भ्रष्टाचार को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। आजादी के बाद से ही कांग्रेस को भ्रष्टाचार का लाइसेंस मिला हुआ था लेकिन अब भ्रष्टाचार का कांग्रेसी लाइसेंस रिन्यू नहीं हो सकता। कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी है और भाजपा की गारंटी यह है कि जनता को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पहले की घोषणा ही पूरी नही हुई तो नया घोषणा पत्र क्यों?: अनुराग सिंहदेव



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा एक महिला होते हुए भी कांग्रेस के पिछले घोषणा पत्र के पारिवारिक और सामाजिक जीवन से जुड़े सबसे अहम बिंदु शराबबंदी लागू करने की घोषणा के औचित्य को नकारते हुए कह रही हैं कि छत्तीसगढ़ में शराबबंदी की जरूरत नहीं है। पिछले घोषणा पत्र के जनक उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने घोषणा पत्र पर अमल नहीं होने पर हाथ खड़े कर दिए हैं।

लिहाजा इस बार जनता को झांसा देने का ठेका उन मोहम्मद अकबर को दिया गया है, जिन्होंने उस घोषणा पत्र को नहीं पढ़ा है जो उनकी सरकार ने जस का तस अंगीकार किया है। जब पिछली घोषणाएं 33 फीसदी से आगे नहीं बढ़ीं तो कांग्रेस को अब नया घोषणा पत्र बनाने की जरूरत क्या है ? कांग्रेस अपने पिछले घोषणा पत्र को फिर से प्रस्तुत करे और जनता से माफी मांगे कि 5 साल में जन घोषणाएं दरकिनार कर केवल घपले, घोटाले, कमीशनबाजी, भ्रष्टाचार किया।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी के कथन से स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस ने शराब को अवैध कमाई का जरिया मान रखा है। जितना राजस्व सरकार के खजाने में गया, उससे ज्यादा कांग्रेस की तिजोरी में गया। 2 हजार करोड़ का शराब घोटाला करने के बाद अब कांग्रेस को शराबबंदी की जरूरत महसूस नहीं हो रही। जाहिर है कि रामद्रोही कांग्रेस काली कमाई की खातिर गंगाद्रोही भी बन गई है। इन्होंने गंगाजल हाथ में लेकर छत्तीसगढ़ की बहन बेटियों, माताओं से जो वादे किए थे, युवाओं से जो वादे किए गए थे, उन सभी से भाग चुके हैं। जिसने 2018 का जन घोषणापत्र नहीं पढ़ा उसे घोषणा पत्र समिति का संयोजक बनाना जनता के साथ मजाक है।

अव्वल तो कांग्रेस को घोषणा पत्र बनाने के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर घोषणा पत्र बनाना ही है तो रविंद्र चौबे सत्यनारायण शर्मा, ताम्रध्वज साहू, धनेंद्र साहू, शिव लहरिया दीपक बैज, मोहन मरकाम के रहते मोहम्मद अकबर ही क्यों ? जिनके कारण कवर्धा में दंगे हुए। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार धर्म के नाम पर कर्फ्यू लगा। जिन्होंने 300 गाड़ियों का काफिला लेकर हिंदुत्व के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन किया।

आखिर कांग्रेस भविष्य के दिए किस तरह की घोषणाएं करवाना चाहती है ? क्या कांग्रेस के घोषणा पत्र में तुष्टिकरण सबसे अहम होगा।

स्थिति यह है कि जन घोषणा पत्र बनाने वाले सिंहदेव कबूल करते हैं कि 12 घोषणाएं पूरी हुई, 12 में आंशिक कार्य हुए हैं और 12 घोषणाओं को छुआ भी नहीं गया है जबकि कांग्रेस के प्रवक्ताओं से कहलाया जाता है कि भूपेश बघेल सरकार ने 34 वादे पूरे कर दिए। कांग्रेस सबसे पहले तो यह बताए कि झूठ कौन बोलता है। कांग्रेस के प्रवक्ता गलत जानकारी दे रहे हैं या उपमुख्यमंत्री सिंहदेव झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पहले की घोषणा पत्र ही पूरी नही हुई तो नया घोषणा पत्र क्यों ?

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस घोषणा पत्र तैयार करने की कवायत कर रही है जबकि इसकी कोई जरूरत नहीं है। कांग्रेस ने पिछले घोषणा पत्र को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। सत्ता में आने के लिए जो झूठे वादे किए थे, वह सबके सामने हैं।कांग्रेस का असली इरादा जनता को ठगना था, जो उसने दिखा दिया है। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा धोखा छत्तीसगढ़ की महिलाओं को दिया है। महतारी सम्मान योजना के तहत सभी माताओं को हर महीने 500 रुपये की राशि देने का वादा झूठा निकला वृद्धावस्था पेंशन के मामले में छत्तीसगढ़ सबसे निचले राज्यों में से एक है।

आयु आधार पर वरिष्ठ नागरिकों को 1000 और डेढ़ हजार रुपए महीना देने की जो घोषणा की गई थी उस पर अमल नहीं हुआ।

गोठान के नाम पर कांग्रेस की सरकार ने 1300 करोड रुपए का घोटाला कर दिया। इस सरकार ने कॉलेज और स्कूल के बच्चों को भी नहीं बक्शा। उनसे किए गए सारे वादे खोखले निकले। एक खास बात यह है कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बना दिया। छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य क्षेत्र में जो दुर्दशा कांग्रेस ने की है उसे घोषणा पत्र समिति के जन्मदाता स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव बेहतर तरीके से जानते हैं।

## महापौर ने इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट समिट का किया प्रतिनिधित्व

**रायपुर।** रूस की राजधानी मास्को में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन भी रायपुर महापौर एजाज ढेबर शामिल हुए। यह छत्तीसगढ़ एवं रायपुर के लिए गौरव की बात रही । विदित हो कि , इस कार्यक्रम में दुनिया भर से प्रतिनिधि पहुंचे है। वहीं भारत की तरफ से रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने प्रतिनिधित्व किया ।



वाकेथान-2023

# लोकतंत्र के उत्सव में जनसामान्य में रहा अभूतपूर्व उत्साह



### मतदाता जागरूकता वाकेथान में लगभग तीन हजार से अधिक नागरिक हुए शामिल

**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। लोकतंत्र के उत्सव में स्वीप अंतर्गत आज तेलीबांधा मेरीन ड्राइव गौरव पथ पर आयोजित वाकेथान में जनसामान्य में अभूतपूर्व उत्साह रहा। मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित इस वाकेथान में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, नववधु, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर एवं जनसामान्य मतदाता उमंग एवं ऊर्जा के साथ शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे तख्तियाँ लिए लोगों को मतदान का संदेश दिया। सभी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन का संकल्प लिया । सभी ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया।

वाकेथान में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य सदस्यों ने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया।छतीसगढ़ की पहचान बने कर्मा लोकनृत्य के साथ सभी म्यूजिक बैंड की मधुर धुन पर भारत निर्वाचन आयोग के गीत मैं भारत हूं..., माँ तुझे सलाम..., भारत देश मेरा...चक दे इंडिया .गीतों ने खुशनुमा माहौल में उमंग एवं उल्लास भर दिया। इस दौरान सौहार्द्रपूर्ण, एकता और विविधता लिए रंग-बिरंगे भारत की एक खुबसूरत तस्वीर दिखाई दी। लोग छत्तीसगढ़ की परंपरागत वेशभूषा और परिधानों में इस मतदाता जागरूकता वाक्थान में शामिल हुए ।जुंबा डांस ने उपस्थित जन समुदाय में अतिरिक्त ऊर्जा का संचार किया।

वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, लोकतंत्र का भाग्य विधाता होता जागरूक मतदाता, वोट डालने जाएं अपना वोट काम में लाएं, वोट हमारा हैं अनमोल कभी ना लेंगे इसका मोल, प्रजातंत्र से नाता है भारत के मतदाता हैं, चुनाव आयोग का है आव्हान सबको करना है मतदान, एक दो और तीन चार मतदान का दृढ़ विचार, एक वोट से होता फैसला मतदाता का यही हौसला, कर्तव्यों से कोई न रूठे किसी का वोट कभी न छूटे, मतदान हमारा अधिकार है इससे बनती सरकार है, भारत देश महान है करते सब मतदान है, वोटर लिस्ट में नाम लिखाएं वोटर कार्ड सभी बनवाएं नारे लिखी तख्तियाँ लेकर निकले जनसमुदाय ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# रायपुर में जुटे प्रदेश भर के राइस मिलर्स

### सीएम का जताया आभार, मांगा भुगतान

**रायपुर**, 26 अगस्त। छत्तीसगढ़ के तमाम राइस मिलर्स आज च्व्सर्व राइस मिलर्स छत्तीसगढ़ज्ज के बैनर तले एकत्रित हुए। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई। बैठक में शामिल होने के लिए 28 जिलों से लगभग 1500 से ज्यादा राइस मिल संचालक राजधानी रायपुर पहुंचे थे।

पैरा भुसा के आड़ में ले जा रहे थे 23 लाख



जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कस्टम मिलिंग की कीमत को 40 रूपए से बढ़कर 120 रूपए किए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वही राइस मिल के विभिन्न दिक्कतों को भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा दूर किए जाने को लेकर सुबे के तमाम मिलरों ने उनका आभार जताया है।

इस बैठक में सभी मिलर्स ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछली सरकार की कस्टम मिलिंग की दर जो महज़ 40 रुपए थी उसे बढ़ाकर 120 रुपए किए हैं। इस बढ़त से सभी मिलो को राहत मिली है। मिलरों ने यह भी कहा कि मुखिया ने समय-समय पर मिलरों के साथ चर्चा कर उनकी दिक्कतों को भी दूर किया है। इसके लिए आज हम सभी ने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है।

चार सालों से नहीं हुआ मिलिंग का भुगतान

इधर इस बैठक में मिलरों ने पिछले 4 सालों से कस्टम मिलिंग की राशि का भुगतान नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। बैठक में राइस मिल के संचालकों ने कहा कि बीतें 4 सालों में कस्टम मिलिंग के भुगतान नहीं हुआ है। भुगतान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार राइस मिलरों को चक्कर कटवा रहे हैं। अधिकांश मिलरों ने बताया कि दस्तावेजों और कागज़ी कार्यवाही के नाम पर अधिकारी किसी न किसी तरह दफ्तरों के चक्कर कटवा रहे हैं। जबकि सारी प्रक्रिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप ऑनलाइन कर दी गई है। बावजूद उसके अफसर भुगतान नहीं कर रहे हैं।

सीएम से मिलने पहुंचे मिलर, सौपा ज्ञापन

कस्टम मिलिंग ही नहीं बल्कि स्त्रक्र्य राइस का भी भुगतान पिछले दो सालों से अब तक नहीं हो पाया है। मिलिंग का पेमेंट नहीं होने की वज़ह से आलम यह है कि राइस मिल संचालकों के पास अब बिजली का बिल और लेबर पेमेंट करने तक के पैसों की किल्लत हो रही है। ऐसी स्थिति में आगामी धान खरीदी के बाद कस्टम मिलिंग मिलरों के सामने एक बड़ी चुनौती के रूप में दिखाई पड़ रही है।

# अब की बार भाजपा दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंचेगी : दीपक बैज



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि अब की बार भाजपा दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंचेगी। कांग्रेस सरकार के कामों से राज्य की जनता के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन हुआ है। अपनी सरकार के कामों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाने का संकल्प विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविरों में ले रहे है। इन्हीं कार्यकर्ताओं की मजबूती और सरकार के पांच सालों के दम पर 75 से अधिक सीटों के साथ प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की है वो सभी चुनाव लड़ने से पहले ही हार गए, भाजपा के कार्यकर्ता और नेता ही उसका विरोध कर रहे हैं। भाजपा में भगदड़ मच गई है, कई जगह बड़े पदाधिकारी इस्तीफा दे रहे है।ओम माथुर के दौरे में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अंबिकापुर, राजिम, पाटन, गरियाबंद में भाजपा प्रत्याशियों का जमकर विरोध हो रहा है। अभी बीजेपी को 69 प्रत्याशी घोषित करनी है तो पहले भाजपा के 69 प्रत्याशियों को भी भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं से ही पहली लड़ाई लड़नी है। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पास चुनाव जीतने का सबसे बड़ा आधार सरकार के काम और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विश्वसनीयता है। भाजपा के पास कांग्रेस सरकार के कामों और मुख्यमंत्री की विश्वसनीयता का कोई तोड़ नहीं है।

# कलेक्टर डॉ. भूरे ने किया राजधानी के रामनगर का दौरा

**रायपुर,** 26 अगस्त। कलेक्टर डॉक्टर नरेंद्र सर्वेश्वर भूरे ने आज राजधानी के रामनगर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से डेंगू तथा अन्य संक्रामक बीमारियों को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की।



### डेंगू से बचने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों और मितानिनों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

उन्होंने बस्तियों के अंदरूनी क्षेत्रो का दौरा कर सफाई सहित अन्य व्ययस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर डॉक्टर भूरे ने बस्ती में जाकर नागरिकों से बातचीत की। उन्होंने बस्ती के घरों में कूलर सहित अन्य पानी के जमाव वाले स्थलों का निरीक्षण किया और जमे हुए पानी को फेंकने का निर्देश दिया ।

डॉ. भूरे ने कहा कि अपने आसपास पानी जमा न होने दे। विशेषकर कूलर का पानी नियमित रूप से खाली करें, यह डेंगू के लार्वा पनपने की अनुकूल जगह है। पानी फेंक देने से लार्वा नहीं पनप पाएगा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि मितानिनों की बैठक लें और उन्हें घर-घर जाकर जाकर लोगों से संपर्क करें और जिन लोगों में बुखार इत्यादि के लक्षण हो उनका डेंगू परीक्षण करें। साथ ही वे उन घरों में डेंगू फ्लॉस दवाई प्रदान करे, जिसका वे लिच्डि बनाकर कुलर तथा एकत्र पानी में डाल सके। यदि कोई डेंगू पॉजिटिव पाया जाता है तो उसे डॉक्टर के पास या नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में लेकर जाएं। दवाईयां लेकर उनका ईलाज करें और सावधानी बरते। सही समय पर इलाज कराएं और दवाईयां लें। इसके ताजा भोजन ग्रहण करें, साफ सुथरा रहें। मच्छर से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें।इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथलेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मस्तिष्क और स्पाईन सर्जरी की नई प्रगतियों को समझने दो दिवसीय कॉन्फ्रेस संपन्न




**रायपुर,** 26 अगस्त। सीजीएमपी न्यूरोकॉन 2023 न्यूरोसर्जरी, न्यूरोलॉजी और न्यूरोअलाइड साइंसेज की कॉन्फ्रेंस किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रेन एण्ड स्पाईन के वरिष्ठ सर्जन डॉ.एस.एन.मढ़रिया ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में मेडिकल संभावनाओं की नई जानकारियों पर बात हुई, मस्तिष्क और स्पाईन की जटिलताओं की अद्वितीय सटीकता को समझने उससे रिलेटेट तकनीकी जानकारियों पर चर्चा की गई, जिससे अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके। दिनांक 25 व 26 अगस्त को आयोजित इस कॉन्फ्रेंस के दौरान नेविगेशन टेक्नीक के तहत वीडियोग्राफी सर्जरी भी की गई। कार्यक्रम में देशभर के लगभग 210 से अधिक स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स भाग लिये। जिन्होंने कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत ब्रेन और स्पाईन की सर्जरियों में अनोखी प्रगतियों की खोज, नवीनतम सर्जिकल दृष्टिकोण पर अपने विचार और अनुभव साझा किए, जो निश्चित रूप से न्यूरोसर्जिकल प्रैक्टिस की भविष्यवाणियों को प्रेरित करेंगे।

## सार-संक्षेप

### परसाई जन्मशती समारोह आज

**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। हरिशंकर परसाई जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर 27 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे से वृंदावन हाल सिविल लाइन रायपुर में 'परसाई जन्मशती समारोह' का आयोजन होगा । हिंदी साहित्य एवं व्यंग्य संस्थान के अध्यक्ष श्री राजशेखर चौबे ने बताया कि इस अवसर पर 'आज का समय और परसाई' विषय पर विमर्श तथा परसाई जी की रचनाओं का पाठ किया जाएगा । उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है । इसमें शहर के जाने-माने लेखक एवं व्यंग्यकार हिस्सा लेंगे।

### एचडीएफसी बैंक ने को-ब्रांड होटल क्रेडिट कार्ड को लॉन्च

**रायपुर,** 26 अगस्त। एचडीएफसी बैंक, भारत में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक ने भारत के पहले को-ब्रांडेड 'मैरियट बॉनवॉय एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड' को लॉन्च करने के लिए मैरियट बॉनवॉय, मैरियट इंटरनेशनल के अवॉर्ड प्राप्त ट्रेवल प्रोग्राम के साथ करार किया है। होटल क्रेडिट कार्ड, को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड डाइनर्स क्लब पर चलेगा, जो डिस्कवर ग्लोबल नेटवर्क का हिस्सा है और इसका लक्ष्य भारत में सबसे अधिक लाभदायक और सुविधाजनक ट्रेवल कार्ड्स में से एक बनना है। इस मौके पर सुश्री रंजू एलेक्स, एरिया वाइस-प्रेसिडेंट, साउथ एशिया, मैरियट इंटरनेशनल ने कहा कि जापान और दक्षिण कोरिया में सफल लॉन्च के बाद, हम भारत में अपना पहला मैरियट बॉनवॉय को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं।

# सांझ -5 में दिखा ट्रांसजेडरों की प्रतिभा

**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। संस्कृति व पुरातत्व विभाग तथा छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति के संयुक्त तत्वाधान में मुक्ताकाश, घड़ी चौक में आज शाम एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कायर्क्रम की मुख्यअतिथि- मधु बाई किन्नर, पूर्व महापौर रायगढ़ छत्तीसगढ़ थीं। इसके अलावा कायर्क्रम में विशेष अतिथि के रुप में संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य, उपसंचालक श्री- उमेश मिश्रा तथा समाज कल्याण के संयुक्त संचालक श्री नदीम काजी उपस्थित थे। कार्यक्रम सांझ -5 में तृतीय लिंग समुदाय के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। पहली प्रस्तुति जांजगीर चांपा से आए प्रतिमा ग्रुप के कलाकारों ने किया। प्रतिमा ग्रुप द्वारा मां काली वंदना तथा नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद स्वरागिनी ग्रुप के कलाकारों ने सुआगीत, कर्मा गीत, ददरिया व होली के गीतों में अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया । तीसरी प्रस्तुति के रुप में रायपुर के श्री युवराज बाध एवम साथी द्वारा कत्थक में शिव वंदना की प्रस्तुति दी गई । इसके साथ -साथ उन्होंने कत्थक तिहाई, परन और ठुमरी में अपने अंदाज से लोगों को दिल जीत लिया। उल्लेखनीय है कि युवराज बाध जी कत्थक नृत्य के क्षेत्र में गुररत्न अवार्ड, मधुपुरम अवार्ड, मधुपुरम सम्मान, गुरू बह्म अवार्ड तथा नृत्य माया अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं। इसके बाद दुर्ग के कांता ने सेमिक्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति दी। इसी प्रकार रायपुर के ही ट्रांसजेंडर समुदाय के कलाकार एली महानंद ने फिल्मी क्लासिकल नृत्य में अपनी प्रस्तुति दी। प्रतिमा डांस ग्रुप द्वारा किन्नर की जीवन पर एक संगीतमय प्रस्तुति दी गई, जो बहुत की आकषर्क ढंग से प्रस्तुत किया गया। समुदाय के कई कलाकारों द्वारा एकल विधा में उपशास्त्रीय नृत्य में प्रस्तुति दी गई।



### छत्तीसगढ़ी व हिन्दी गानों के साथ सेमीक्लासिकल गीतों में थिरके कलाकार

नृत्य के दौरान दर्शको ने समुदाय के व्यक्तियों का उत्साहत वर्धन किया तथा कार्यक्रम समुदाय के वरिष्ट लोगों के द्वारा सभी कलाकारों का श्रीफल, साल तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की बोर्ड मेंबर विद्या राजपूत ने संस्कृति विभाग के माननीय मंत्री श्री अमरजीत भगत व सचिव श्री अनबालगन पी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हो सका। इसके साथ-साथ ही साथ सभी कार्यकताओं, कलाकारों, विभाग के अन्य अधिकारी- कर्मचारियों तथा दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया गया।

# रायपुर उत्तर विधानसभा से की सतीश छुगानी ने दावेदारी

**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्तर के संगठन भारतीय सिंधू सभा छत्तीसगढ़ , लाखेनगर सिंधी पंचायत, शंकर नगर शांति नगर पूज्य सिंधी पंचायत, एक पहल और.. , तथा समाधान सिंधू के प्रतिनिधि मण्डल ने आज छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह से मुलाकात की। मुलाकात मे लाखेनगर पंचायत के मुखी मन्नूमल जी व भारतीय सिंधू सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक नैनवानी ने संयुक्त रुप से सिंधी समाज की विचारधारा को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मे बताते हुए पूरे छत्तीसगढ़ से कम से कम दो विधानसभा सीटों पर सिंधी समाज को प्रतिनिधत्व दिए जाने की मांग की। रायपुर उत्तर विधानसभा से पहले भी सिंधी समाज के व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाया जा चुका है अत: इसे जारी रखने के साथ साथ अन्य एक सीट की भी मांग की गई। समाज के प्रमुख गणों ने वर्तमान स्तिथियों मे नए युवा , पढ़े लिखे, स्वच्छ छवि के चेहरे के रुप मे *सतीश कन्हैयालाल छुगानी* को रायपुर उत्तर से प्रत्याशी बनाने की मांग की , जिस पर सिंधी समाज के *प्रमुख संत नवम ज्योत पीठाधीश्वर परम पूज्यनीय डा युद्धिष्ठिर लाल जी* ने दूरभाष पर डा रमन सिंह से चर्चा करते हुए सतीश छुगानी को आशिर्वाद देने के साथ ही यह आश्वासन भी दिया की सिंधी समाज इस सीट पर तो चुनाव जीतने तन मन धन से भाजपा के पक्ष में कार्य करेगा साथ ही पूरे प्रदेश में सिंधी समाज की ओर से भाजपा की जीत का मार्ग भी सुनिश्चित करेगा। प्रतिनिधी मण्डल मे मुखी मन्नुमल, अशोक नैनवानी, अशोक माखीजा, महेश पृथ्यानी, टीकम नागवानी, लधाराम नैनवानी, नंदकिशोर भाटिया, विनय, संजय छुगानी, मुरलीधर शादीजा, बी डी थाडलानी, योगेश राघवानी , ताराचंद माखीजा , राजेश वाधवानी , घनश्याम बल्लू अठवानी , दिलीप, नितेश , दिपक, हरीश रोहड़ा आदि के साथ तीस से अधिक संख्या मे समाज के लोग शामिल थे।



## जिला स्तरीय प्रतियोगिता से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के चौथे चरण की शुरूआत आज से

**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीन चरण की प्रतियोगिता के समापन के उपरांत अब जिला स्तर पर यह स्पर्धा आयोजित होगी। 27 अगस्त से शुरू होने वाली चौथे चरण की इस प्रतियोगिता का समापन 04 सितंबर का होगा। जिला स्तरीय प्रत्येक खेल प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल के मार्गदर्शन पर वर्ष 2022 को शुरू की गई पहली छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को अभूतपूर्व लोकप्रियता मिली थी।

## कैपिटल जोन का शेष...

### घरेलू गैस सिलेंडर पांच सौ तक ...

लेकर रिव्यू किया गया। महंगाई व महिलाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर तीन महिलाओं की एक सब कमेटी बनाई गई है। कमेटी में हेमा देशमुख, वाणी राव और शेष राज हरबंश का नाम शामिल है।सब कमेटी सुझाव को इकट्ठा कर समिति को सौंपेंगे।महंगाई एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।इससे देश की महिलाएं त्रस्त हैं। उसके अलावा तीन चार लोगों का अलग अलग ग्रुप बनाया जा रहा है। जो प्रदेश के सभी इलाकों में जाकर घोषणा पत्र के लिए सुझाव लेगा। अगले माह के प्रथम सप्ताह तक सभी अपने अपने सुझाव समिति को सौप देंगे।बैठक में समिति के अध्यक्ष मो अकबर,सदस्य रविंद्र चौबे,शिव डहरिया,प्रेम साय टेकाम, धनेंद्र साहू,अरुण वोरा,वाणी राव,अटल श्रीवास्तव,राजेंद्र जग्गी,इदरीश गांधी व समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# डोंगी में सवार कर ट्रांसफार्मर को पहुंचाया नदी पार

**रायपुर,** 26 अगस्त। जब मौसम की मार के आगे सब बेमानी हो जाता है तब इंसान का हौसला की उसे आगे बढ़ता है। प्रदेश के वनाच्छादित क्षेत्र कांकेर के पखांजूर में ऐसा ही एक वाकया सामने आया । पखांजूर के बांगोघोड़िया गाँव में खराब ट्रांसफार्मर बदलने के लिए विद्युत कर्मियों ने प्रतिकूल परिस्थिति होने पर भी नए ट्रांसफार्मर को डोंगी ( छोटी नाव ) में रख नदी पार पहुंचाया और जल्द ही उसे बदलकर वहाँ के घरों की बिजली बहाल की।



### रोशन हुआ पखांजुर का बांगोघोड़िया गांव

घटना शुक्रवार 25 अगस्त की है जब छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के पखांजूर संभाग के छोटेबेथिया वितरण केन्द्र अंतर्गत बांगोघोड़िया गांव में बिजली आपूर्ति करने के लिए ट्रांसफार्मर बदलने पहुँचे।पखांजूर के कार्यपालन अभियंता श्री आदित्य ठाकुर ने बताया कि कोटरी नदी के पार लगभग 20 ङ्क 30 घरों वाले गाँव बांगोघोड़िया में ट्रांसफार्मर में खराबी आने से बिजली की आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। ऐसे में पखांजुर के सहायक अभियंता श्री आर एस करपाल और छोटेबेठिया वितरण केन्द्र के कनिष्ठ अभियंता श्री डोमेंद्र ठाकुर नया ट्रांसफार्मर लेकर बांगोघोड़िया के लिए रवाना हुए पर मौसम की प्रतिकूलता और नदी नाले के उफान में होने के कारण गाँव का सड़क संपर्क सभी तरफ से टूट गया था। ऐसे में गाँव में नया ट्रांसफार्मर पहुँचाने के लिए बीच में पड़ने वाले कोटरी नदी को पार करना ही एक मात्र रास्ता था। लगभग तीन सौ पचास किलो वजनी ट्रांसफार्मर को नदी पार कराने के लिए वहाँ कोई बड़े जेट्टी का नहीं बल्की स्थानीय लोगों का सहारा डोंगी ( छोटी नाव) था। पखांजूर के एई श्री करपाल अपने लाइन स्टॉफ सहित ट्रांसफार्मर को बेचाघाट से डोंगी में लवाकर बांगोघोड़िया के पार पर ले गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से डोंगी में लाए गए इस ट्रांसफार्मर को ट्रेक्टर में भर कर गाँव में ले जाया गया। उसके बाद बिजली कंपनी के लाइन स्टॉफ ने बिना समय गंवाए बंद ट्रांसफार्मर को बदलकर गाँव की बिजली आपूर्ति बहाल की। विद्युत कंपनी के कर्मचारियों की इस जीवटता से किये कार्य के लिए ग्रामीणों ने उनके प्रति आभार जताया। जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री एस के ठाकुर ने कर्मियों की इस समर्पण भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि कंपनी के हर कर्मी के लिए उपभोक्ता हित ही सर्वोपरि है।

# मूणत आज निकालेंगे कावड़ यात्रा

### बनारस की झांकी होगा आकर्षण का केंद्र

**रायपुर**, 26 अगस्त। पूर्व मंत्री व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ 27 अगस्त को भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया है। इस कावड़ यात्रा में गहरी शिवभक्त कावड़ में गंगा जल और छत्तीसगढ़ की सभी प्रमुख नदियों का जल लेकर राजधानी के महादेव घाट स्थित बाबा हटकेश्वर नाथ मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। कावड़ यात्रा की शुरुआत गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन से शुरू होगी। यंहा से पवित्र गंगाजल भरकर से हज़ारों की संख्या में कावड़ यात्रा की शुरुवात होगी, यह यात्रा गुढ़ियारी से प्रात: 9 बजे पहाड़ी चौक कर्मा चौक तेलघानी नाका ब्रिज संत कबीर चौक अग्रसेन चौक सारथी चौक लाखे नगर चौक सुंदर नगर चौक होते हुए रायपुर महादेव घाट पहुचेंगी और फिर सभी श्रद्धालु एक एक कर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेंगे। कावड़ यात्रा के दौरान ओडिशा और बनारस के लोक कलाकार शामिल होंगे , जो भगवान भोलेनाथ के रौद्र रूप का प्रदर्शन करेंगे।इन कलाकारों के साथ भगवान भोलेनाथ के गण और माँ काली की विशेष झांकी साथ होगी। उन्होंने बताया कि यात्रा में डीजे, धुमाल के अलावा हाथी, घोड़ा और बग्गी कावड़ियों के साथ चलेंगे, यात्रा में झांकी आकर्षण का केंद्र होगी।

## निधन

### नरेंद्र चंद्राकर



**महासमुंद,** 26 अगस्त। खल्लारी विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र चंद्राकर का दुखद निधन हो गया है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम सुबह 10 बजे गृह ग्राम चुरकी में किया जाएगा।

### रामकुमार मिश्रा



**अभनपुर,** 26 अगस्त। अभनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षक अभनपुर ऊरला निवासी रामकुमार मिश्रा 92 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल सवेरे 10.00 बजे निज निवास उरला से निकलेगी। वे दीनबंधु मिश्रा, प्रमोद मिश्रा व संजय मिश्रा वकील के पिता थे।

# आरडी टेस्ट और एलाइजा में उलझे डेंगू के मरीज



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। डेंगू के मरीज एलाइजा और आरडी टेस्ट के बीच उलझ गए हैं। रैपिड डायग्नोस्टिक आरडी किट से की गई जांच में पाजिटिव आने पर स्वास्थ्य विभाग डेंगू नहीं मान रहा है। वहीं एलाइजा की जांच और रिपोर्ट आने में दो से तीन दिन का समय लग रहा है। एलाइजा की जांच और रिपोर्ट आने में दो से तीन दिन का समय लग रहा है। ऐसे में मरीजों के लिए यह बड़ी मुसीबत बन गया है। एलाइजा टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद ही मरीजों का समुचित इलाज हो पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार मरीजों की संख्या काफी कम हैए जबकि आंबेडकर अस्पताल के आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार एक जनवरी.2023 से 26 अगस्त तक प्रदेशभर में 232 केस रिपोर्ट हुए हैंए जिसमें दुर्ग के 104ए रायगढ़ के 58 बस्तर के 19 और रायपुर के छह मरीज शामिल हैं। राजधानी के आंबेडकर अस्पताल में जुलाई.अगस्त में ही डेंगू के 84 मरीज इलाज करा चुके हैं। अगस्त के 24 दिनों में ही 70 मरीज मिले हैं। आबंडकर अस्पताल में अभी 22 मरीज भर्ती हैंए जिनका इलाज चल रहा है। डाक्टरों का कहना है कि अस्पताल में रोजना चार से पांच केस आ रहे हैं। पुरानी बस्ती में डेंगू के ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। जिला अस्पतालए स्वास्थ्य केंद्रों के साथ निजी अस्पतालों में भी डेंगू के मरीज पहुंच रहे हैं। शहर के सभी वार्डों में लोग मच्छरों से परेशान है लेकिन नगर निगम की ओर से लापरवाही बरती जा रही है। वार्डों में न तो एंटी लार्वा का छिड़काव और न ही फागिंग हो रही है। वार्डों के खाली प्लाटों में जगह.जगह पानी भरा हुआ है। नाली और नालों की सफाई तक नहीं हुई है। पुरानी बस्ती के रहवासियों ने बताया कि वार्ड में कभी.कभी फागिंग करने निगम कर्मचारी पहुंचते हैंए लेकिन मुख्य सड़क से होकर ही निकल जाते हैं। मोहल्ले में एंटी लार्वा का छिड़काव भी नहीं हो रहा है। मच्छरों से बचने के लिए और रात को आराम करने के लिए मास्किटो काइल का सहारा लेते है। हर महीने 200 से लेकर 500 रूपये तक खर्च करने पड़ते हैं।

**अस्पताल में आ रहे रोजना चार से पांच केस**

### एंटी लार्वा मशीन पड़ी खराब

विद्याचरण शुक्ल वार्ड. नौ के अंतर्गत लाभांडी स्थित सेंटर में काफी दिनों से तो एंटी लार्वा की मशीनों खराब पड़ी हुई है जिसे ठीक नहीं कराया जा रहा है। बताया जाता है कि इसके अलावा तीन.चार और मशीनें हैं लेकिन सेंटर में चार्जिंग प्वाइंट नहीं होने की वजह से ठप पड़ी हैं। जोरा साईनगर निवासी डा देवेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि निगम के कर्मचारी लार्वा मशीन लेकर आते हैं लेकिन छिड़काव नही करते हैं। वार्ड में साफसफाई के लिए कर्मचारी नही आते हैं।

# तलवार से केक काटना पड़ा महंगा, 5 युवक हिरासत में



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार रात को कुछ बदमाशों ने रायपुर में जमकर उत्पात मचाया और बीच सड़क पर तलवार से केक भी काटा। यह वीडियो जी ई रोड में राजकुमार कॉलेज के सामने का बताया जा रहा है। बदमाश यह कहते भी सुनाई दे रहे थे कि डॉन का हैप्पी बर्थडे है। सड़क में कार खड़ी कर केक काटा गया और फिर हथियार लहराते बदमाशों ने डांस भी किया। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनसे हाथ जोड़कर माफी भी मंगवाई है। जानकारी के मुताबिक वीडियो में दिख रहे युवक कई थानों के निगरानीशुदा बदमाश हैं। इनके खिलाफ कोतवाली आजाद चौक पुरानी बस्ती जैसे थानों में कई मामले दर्ज हैं। ये सभी जिसका बर्थडे मना रहे हैं वो मोहसिन है। उसने ही हाथों में तलवार पकड़कर केक काटा है। बताया जा रहा है कि उसके खिलाफ भी कई थानों में मुकदमें दर्ज है। उसके अलावा वीडियो में शहर के कुछ अन्य निगरानी बदमाश भी नजर आ रहे हैं। जिसमें लल्लू पठान, गौरव हैपट, सोनू सड़क पर हो.हल्ला करते दिख रहे हैं। इसके बाद कुछ और लड़के तलवार पकड़ कर नाचते भी नजर आए। युवाओं के इस जश्न के बीच एक युवक ने 120 स्काई शॉट को जलाकर हाथों में पकड़ लिया। फिर वो उसे इधर.उधर ले जाकर आतिशबाजी करने लगा। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ऐसा करने से एक बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। इस मामले को लेकर सीएसपी आजाद चौक सुरेश धुव्र ने बताया कि वीडियो के सामने आते ही आरोपियों की खोजबीन कर उन्हें पकड़ लिया है। उनसे कान पकड़कर माफी मंगवायी गयी है। उनके खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही हथियार और गाड़ियों को भी जब्त कर लिया गया है।

# दिनदहाड़े अधिकारी का बैग लूट कर भागे बदमाश



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। शहर में बदमाश बेखौफहैं। सिविल लाइन इलाके में दिनदहाड़े दोपहिया सवार युवती का बैग लूट कर भाग निकले। वहीं तड़के सुबह गंज इलाके में एक युवक का मोबाइल लूटकर भाग निकले। पुलिस ने दोनों मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के मुताबिक पुरानीबस्ती निवासी दिप्ती गोस्वामी संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में प्रकाशन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। रोज की तरह वह सुबह करीब 10ण्30 बजे अपनी दोपहिया से आफिस जा रही थी। इसी दौरान काली मंदिर के पास पहुंचते ही पीछे से दोपहिया सवार युवक पहुंचे। बैग लूटकर दोपहिया सवार भाग निकले। बैग में मोबाइलए नकदी और अन्य सामान थे। इसकी शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने लूट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। इसी तरह गंज इलाके में सुबह.सुबह लूट हो गई। ओम परमार ओडिशा से रायपुर पहुंचा था। स्टेशन रोड में होटल के सामने टहल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार पहुंचा और उसके हाथ से मोबाइल लूटकर भाग निकले।

# चहेती कंपनी को वर्क आर्डर देने के एवज में लिया था 39 लाख कमीशन




**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को पाठ्य पुस्तक निगम ;पापुनिद्ध के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी के खिलाफ शुक्रवार को 925 पेज का चालान विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में पेश किया। चालान में चतुर्वेदी पर आरोप लगाया गया कि अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उन्होंने चहेते कंपनी को टेंडर जारी करने के साथ ही नियमों को ताक पर रखकर वर्क आर्डर जारी किया था। इसके एवज में 39 लाख रुपए का कमीशन भी लिया।कमीशन की यह रकम अपने बेटे के बैंक खाते में जमा कराया। उपसंचालक अभियोजन ने बताया कि पापुनि के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी के खिलाफकोर्ट में पद के दुरुपयोग कर टेंडर जारी करने के साथ भ्रष्टाचार के प्रकरण में चालान पेश किया गया है। चालान के साथ 20 गवाहों की सूची भी कोर्ट को सौंपी गई है। चालान में बताया गया कि किश्तों में आरोपी अशोक चतुर्वेदी ने कमीशन लिया। स्कूलों में ग्रीन बोर्डए रेट्रो रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड की आपूर्ति के लिए टेंडर जारी किया गया था। चार कंपनियों के टेंडर जमा होने के बाद रायपुर के सुंदरनगर स्थित अपने करीबी ओम कंपनी को उन्होंने टेंडर जारी किया। इसके साथ ही वर्क आर्डर जारी कर पांच करोड़ 38 लाख 64 हजार 126 रुपए का भुगतान किया था। इसके एवज में प्रथम किश्त के रूप में 34 लाख और दूसरी किश्त में पांच लाख रुपए का कमीशन लिया। कंपनी ने 21 अगस्त 2018 से 22 मई 2019 के बीच ग्रीन बोर्डए रेट्रो रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड की स्कूलों में आपूर्ति की। भ्रष्टाचार का यह पूरा खेल सुनियोजित तरीके से किया गया। जांच के दौरान इसके दस्तावेज भी ईओडब्ल्यू ने बरामद किए। चालान में बताया गया कि ईओडब्ल्यू की टीम ने आंध्रप्रदेश के गुंटुर से अशोक चतुर्वेदी को 30 जून को गिरफ्तार किया था। इसके बाद एक जुलाई को कोर्ट में पेश करने के बाद पूछताछ के लिए 10 दिन के रिमांड पर लिया। इस दौरान छह जुलाई को रायपुर स्थित दफ्तर, अग्रोहा कालोनी और दुर्गूकोंदल में पुस्तैनी घर,उनके रिश्तेदारों के दरभा जगदलपुर में दबिश दी गई थी। रिमांड की अवधि पूरी होने पर 10 जुलाई को कोर्ट में पेशकर न्यायिक रिमांड पर आरोपित अधिकारी को रायपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

**पापुनि के पूर्व जीएम ने बेटे के खाते में कराया जमा**

## नशे में धुत्त अज्ञात युवक कर रहा था गाली-गलौज, महिलाओं ने की पिटाई पुलिस ने समाइश देकर छोड़ा

**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में नशे में धुत्त एक युवक की महिलाओं द्वारा पिटाई करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक रायपुर रेलवे स्टेशन के सामने ।.1 रेस्टोरेंट की खाना बनाने वाली महिलाओं के साथ अज्ञात युवक ने नशे की हालत में गाली गलौज की। जिसके बाद रेस्टोरेंट के आक्रोशित संचालकों ने पहले युवक की पिटाई कीए उसके बाद महिलाओं ने भी युवक को मारा। घटना शुक्रवार रात लगभग 10 बजे की है। इसके बाद सूचना पर 112 की पुलिस पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और 112 पुलिस पेट्रोलिंग द्वारा समझाइश देकर युवक को छोड़ दिया गया। ये पूरा मामला गंज थाना क्षेत्र का है।

# प्रत्याशियों को अपने क्रिमिनल रिकॉर्ड की जानकारी देना अनिवार्य



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि यहां कई दुर्गम इलाकें हैं जहां चुनाव आयोग की टीम बहुत चैलेंजेस फेस कर जाती है और सफलता पूर्वक निर्वाचन कार्य संपन्न कराती है। आगामी चुनाव को लेकर सारे एजेंसियों चाहे वह केंद्रीय हो या राज्य की सख्त हिदायत दी गई है कि वे एक दूसरे से जानकारी साझा करें। प्रत्याशियों को अपने क्रिमिनल रिकॉर्ड की जानकारी देना अनिवार्य है और अखबार में कम से कम तीन बार प्रकाशित करवाना होगा। उन्होंने बताया कि हमने यहां न केवल छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग की सारी तैयारियों की समीक्षा की बल्कि प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सभी संभागों के आयुक्त तथा पुलिस रेंजों के महानिरीक्षक के साथ बैठक कर विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। यहां कई दुर्गम इलाकें हैंए जहां चुनाव आयोग की टीम बहुत चैलेंजेस फेस कर जाती है और सफलता पूर्वक निर्वाचन कार्य संपन्न कराती है। उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर सारे एजेंसियोंए चाहे वह केंद्रीय हो या राज्य की सख्त हिदायत दी गई है कि वे एक दूसरे से जानकारी साझा करें। एक.दूसरे से समन्वय बनाकर कार्य करें। चाहे वह शराब का मामला हो या रुपए बांटने का सख्त कार्रवाई की जाए। खासकर चैक पोस्ट पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई है। इसी तरह सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के अंतर्गत फेक न्यूज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अफसरों को स्पेशल सेल का गठन करने कहा गया है। सभी को अपने प्रत्याशी के बारे में जानना चाहिएए इसके लिए नो योर केंडिडेट एप से जानकारी मिल सकेगी। इसमें प्रत्याशियों को अपनी पूरी जानकारी देनी होगी। साथ ही प्रत्याशियों को अपने क्रिमिनल रिकॉर्ड की जानकारी देना अनिवार्य है। अखबार में कम से कम तीन बार प्रकाशित करवाना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव आयोग की तरफसे छत्तीसगढ़ वासियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए आगामी चुनाव में बढ़.चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया।

**अखबार में कराना होगा कम से कम तीन बार प्रकाशित : मुख्य निर्वाचन आयुक्त**

## रेलवे का ट्रांसफार्मर का क्वाइल चोरी, 2 गिरफ्तार

**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। सरोना इलाके में रेलवे के पंप हाउस में लगे ट्रांसफार्मर के चाइल के चोरी होने का मामला सामने आया है आरपीएफरायपुर की मुस्तैदी से दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया हैए बाकी की तलाश जारी है आरपीएफपोस्ट रायपुर के निरीक्षक एमके मुखर्जी के मुताबिक पंप हाउस में ट्रांसफार्मर के चाइल को कुछ संदिग्ध आरोपी ऑटो में ले गए थे जिसके बाद आरपीएफने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की जिसके बाद 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में आरपीएफको सफलता मिली है। आरपीएफके मुताबिक आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके अन्य साथी की तलाश में छापेमारी की जा रही है चोरी हुए चाइल की कीमत करीब 35 हजार रूपए आंकी गई है चोरी की घटना सामने आने के बाद रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को घटना स्थल में पहुंचे थे।

# ट्रेलर किराये पर लेकर नही किया भुगतान,आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। किराये ट्रेलर लेकर न भुगतान किया और उपर से ट्रेलर को दुर्घना कर बनवाया तक नही मामले में पीड़ित शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आवेदक अपने स्वामित्व का वाहन 18 चक्का महिन्द्रा ट्रीप ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एम.जे 9314 को मानिकदास मानिकपुरी निवासी ग्राम व पोस्ट हिर्री जिला बिलासपुर को किराया राशि प्रतिमाह 1,20,000 रूपये एवं वाहन मेंटनेंस 10,000 1,30,000 रूपये प्रतिमाह की दर से ईकरारनामा निष्पादन कर किराये पर दिया गया था किन्तु किरायेदार मानिकदास मानिकपुरी द्वारा विगत 04 माह से लगभग 4,50,000 रूपये किराया राशि का भुगतान न कर वाहन ट्रेलर को तोडफोड़ कर इंजन को क्षतिग्रस्त कर सीज कर दिया है तथा वाहन को तिल्दा के गैरेज में खड़ी कर दिया। मानिकदास मानिकपुरी द्वारा धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से वाहन को किराये पर लेकर किराया राशि भुगतान न कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के लिखित आवेदन पर से अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। दौरान विवेचना के घटनास्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा बनाया गया। प्रार्थी से पूछताछ कर कथन लिया गया। प्रार्थी से बैंक स्टेटमेंट एवं ईकरारनामा तथा वाहन के रिपेयर का बिल जप्त किया गया है। प्रकरण कायमी के बाद आरोपी को नोटिस देकर थाना में उपस्थित आने निर्देशित किया गया था किन्तु आरोपी थाना उपस्थित नही आ रहा था तथा जमानत निराकरण हेतु सत्र न्यायालय रायपुर में जमानत आवेदन लगाया था जो निरस्त हो चुका है। आरोपी के द्वारा बार बार प्रार्थी एवं गवाहों को धमकाने की सूचना मिल रही थी। आरोपी मानिकदास मानिकपुरी का पता तलाश कर मिलने पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया है। अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपी को समय सदर में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। थाना गंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका चौक पास एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राजेश वर्मा निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में राजेश वर्मा से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी राजेश वर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 36 पौवा देशी शराब जुमला कीमती लगभग 4,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 34,2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# प्रदेश में अब तक 722 मिमी औसत वर्षा



**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 722.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 26 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1264.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 336.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 655.3 मिमी, बलरामपुर में 688.7 मिमी, जशपुर में 589.6 मिमी, कोरिया में 705.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 713.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 823.1 मिमी, बलौदाबाजार में 723.2 मिमी, गरियाबंद में 658.3 मिमी, महासमुंद में 750.2 मिमी, धमतरी में 721.4 मिमी, बिलासपुर में 736.8 मिमी, मुंगेली में 884.0 मिमी, रायगढ़ में 812.2 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 660.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 615.6 मिमी, सक्ती में 608.2 मिमी, कोरबा में 711.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 733.2 मिमी, दुर्ग में 578.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 562.0 मिमी, राजनांदगांव में 780.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 917.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 745.3 मिमी, बालोद में 764.0 मिमी, बेमेतरा में 558.8 मिमी, बस्तर में 745.3 मिमी, कोण्डागांव में 672.5 मिमी, कांकेर में 677.1 मिमी, नारायणपुर में 658.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 835.0 मिमी और सुकमा में 1050.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

**प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा बीजापुर जिले में हुई, कम सरगुजा जिले में**

# शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर बीएड-डीएड डिग्रीधारकों का प्रदर्शन




**रायपुर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर बीएड.डीएड डिग्रीधारी कला संकाय के युवाओं ने शनिवार को तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन किया ये सभी मैदानी क्षेत्र जैसे बिलासपुर, रायपुर दुर्ग संभाग में शिक्षक भर्ती की मांग कर रहे है पिछले 10 सालों से कला संकाय में नौकरी नहीं निकलने पर सभी ने आक्रोश जताया जानकारी के मुताबिक प्रदेश में 56 हजार शिक्षकों की सीट खाली है शिक्षक विहीन स्कूलों को लेकर लगातार प्रदेश में स्कूलों में ताला जड़ा जा रहा है कला संकाय और बीएड.डीएड प्रशिक्षित कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष कामेश्वर यादव ने बताया कि प्रदेश में 57ए447 शिक्षकों के रिक्त पदों को चुनाव से पूर्व नोटिफिकेशन निकालकर भरे जाने की मांग है क्योंकि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले वादा किया था कि 60 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी जो कि अब तक नहीं की गई है डिग्रीधारियों की मांग है कि व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल, संगीत शिक्षक, कला शिक्षक, विज्ञान प्रयोगशाला और कला विज्ञान संकाय के रिक्त व्याख्याता पदों पर भर्ती की जाएण् साथ ही सवाल खड़ा करते हुए कामेश्वर यादव ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा की स्थिति अत्याधिक दयनीय है,सभी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है जिसे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है विद्यार्थी लगातार शिक्षकों की मांग कर रहे हैं।

**चुनाव के पहले प्रक्रिया शुरु करने की उठाई मांग**

**उल्टा पुल्टा**

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया
**पुलिसवाला**- रुको!!
**औरत**- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
**पुलिसवाला**- अहा! इस दिन के इंतज़ार में तो मैं कई सालों से था।
चलो, अब लिखो मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नही तोड़ूंगी, 100 बार...

# भाजपा का विधायक-महापौर के खिलाफ कल प्रदर्शन


लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी 29 अगस्त दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय विरोध प्रदर्शन सुनिश्चित किया गया है। जिसकी तैयारी को लेकर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में विधानसभा स्तरीय प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में नगर निगम दुर्ग के घोटालों, भ्रष्टाचार, तानाशाही और कुव्यवस्था को लेकर घेराव किया जाएगा। बैठक मे विरोध प्रदर्शन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश तय कर सुझाव भी आमंत्रित किए गए तथा आंदोलन को सफल बनाने का आव्हान वरिष्ठ नेताओं के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री ललित चंद्राकर दुर्ग शहर विधानसभा विस्तारक सेवकराम धेनुसेवक उपस्थित रहे।

बैठक में जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि चुनावी समर अब ज्यादा दूर नहीं है, स्थानीय कांग्रेस विधायकों के कृत्य से जनता त्रस्त हैं फोटोबाज विधायक अरुण वोरा और दुर्ग शहर के महापौर सिर्फऔर सिर्फभूमिपूजन करना जानते हैं लेकिन काम की बात करें तो काम की बजाय केवल भ्रष्टाचार दिखाई देता है। आंदोलन को लेकर संयोजक गजेंद्र यादव एवं सहसंयोजक मदन वाढ़ई, डॉ. सुनील साहू, सुनील अग्रवाल, विजय ताम्रकार को बनाया गया है ।

आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने किया।

बैठक मे उपाध्यक्ष विनायक नातू, कोषाध्यक्ष विनोद अरोरा, चतुर्भुज राठी, डॉ शरद अग्रवाल, शिव चंद्राकर, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, मंडल भाजपा अध्यक्ष मदन वाढ़ई, सुनील अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव, मंडल महामंत्री नरेश शर्मा, कृष्णा निर्मलकर उपस्थित रहें।

## विधायक और महापौर के कार्यकाल में पूरी निगम सरकार लूट खसोट में जुटी : देवांगन

**दुर्ग**। सड़क की दृष्टि से कभी दुर्ग शहर की शान कहे जाने वाले उतई चौक से जेल तिराहा तक गौरव पथ मार्ग को उखाड़कर चौड़ीकरण के नाम पर किए जा रहे गुणवत्ताहीन व मानक के विपरीत कार्य को लेकर पूर्व सभापति व बीजेपी प्रवक्ता दिनेश देवांगन ने निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर से शिकायत कर जांच कि मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है । इस संबंध में जारी बयान में उन्होंने कहा कि सही सलामत गौरव पथ को वाहवाही लूटने के फेर में शहर विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा



उबड़खाबड़ जिस प्रकार कार्य कराया जा रहा है अपने आप सवाल खड़ा कर रहा है इस मार्ग के दोनो किनारे कराये जा रहे सिमेंटीकरण कार्य में अभी से दरार दिखाई दे रही है । वही ग्रिल से लेकर विद्युत पोल में भी चालिटी बेहद खराब दिख रही है ।

पूर्व सभापति देवांगन ने आगे कहा की लगभग 6 करोड़ की लागत से बनने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भाजपा कार्यालय में पार्टी टिकिट के लिये पर्यवेक्षकों के सामने नये पुराने नेताओं ने की दावेदारी

**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के लिये भाजपा द्वारा प्रत्याशी चयन के लिये कार्यकर्ताओं के मन टटोलने का कार्य शुरू हो गया है। इस कवायद में आज दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षकों ने अलग अलग बैठकें लेकर चर्चा की ।


दिनभर लगा रहा दावेदारों का मेला

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के लिये नियुक्त पर्यवेक्षक 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व अध्यक्ष खूबचंद पारख ने भाजपा कार्यालय में प्रमुख पदाधिकारियों से चर्चा की। बाद में वन टू वन चर्चा की। उन्होंने कहा कि टिकिट मांगने का अधिकार सभी का है मगर अंतिम निर्णय पार्टी करेगी। जिसे सभी को मानना पड़ेगा। इसी सिलसिले में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक ली। बाद में वन टू वन चर्चा की। शाम को पूर्व सांसद चंद्रेशेखर साहू ने जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर अहिवारा विधानसभा के पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने भी अन्य पर्यवेक्षकों की तरह पार्टी के निर्णय को ही सर्वमान्यता से स्वीकार करने की बात कहीं। इस अवसर पर मंचीय कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने की। आज प्रत्याशी चयन के लिये पहुंचे के सामने अपना अपना दावा पेश करने बड़ी संख्या में टिकिट के दावेदार पहुंचे थे। जिन लोगों ने दुर्ग शहर के लिये दावेदारी पेश की है उनमें प्रमुख तौर पर जितेन्द्र वर्मा, कांतिलाल बोथरा, ललित चंद्राकर, चतुर्भुज राठी, जीत यादव, गजेन्द्र यादव, डॉ. शरद अग्रवाल, चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, व अन्य है। इसी तरह दुर्ग ग्रामीण से पूर्व विधायक मंत्री रह चुके जागेश्वर साहू, रमशीला साहू, ललित चंद्राकर, सहित अनेक ग्रामीण पदाधिकारी थे। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से टिकिट के लिये पूर्व विधायक डी.एल.कोर्सेवाड़ा, सांवला राम डाहरे, चंद्रकांत मांडले, चंद्रकांता मनहर, अमीता बंजारे के अलावा काफी लोग शामिल थे। अनेक नये नये दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन की भी कोशिश की जिन्हें जिला पदाधिकारियों व पर्यवेक्षकों के साथ आई टीम ने ऐसा करने से रोक दिया।

## नाबालिग से अनाचार, आरोपी को सुनाई 24 वर्ष की सजा

**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। नाबालिग किशोरी को बहला.फुसलाकर साथ ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए जाने के मामले स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया है। युवक के साथ स्वंय की इच्छा से जाने और सहमति से शारीरिक संबंध बनाएं जाने कथन के बावजूद कोर्ट ने किशोरी के नाबालिग होने के मद्देनजर युवक को दोषी करार दिया है। युवक को विभिन्न धाराओं के तहत कुल 24 वर्ष के कारावास तथा 8 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। यह फैसला शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश ;पॉक्सो एक्ट सरिता दास की अदालत में सुना सु या गया। मामला खुर्सीपार ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कांग्रेस ने मनाया कार्यकर्ता संपर्क कार्यक्रम

**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। शहर जिला कांग्रेस के अंतर्गत राजवाड़ा पैलेस में आयोजित

**मुख्यमंत्री बघेल व राष्ट्रीय सचिव शैलजा के न पहुंचने से निराशा**




कांग्रेस कार्यकर्ता संपर्क दिवस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने आने वाले विधानसभा चुनाव के लिये कांग्रेस के पक्ष में कमर कसकर तैयार रहने व कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने का संदेश दिया ताकि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाई जा सके। आज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा अ.भा. सचिव कु. शैलजा भी आने वाली थी मगर अपरिहार्य कारणों से नहीं आ पायें। कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, विधायक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# महेश नगर में इस वर्ष भी मचेगी जन्माष्टमी की धूम

### नवधा रामायण सहित अनेक आयोजन, प्रदेशभर से जुटेंगे श्रद्धालु : राठी



**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के लिए पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर महेश नगर में इस वर्ष भी जन्माष्टमी उत्सव की धूम मचेगी।उत्सव का यह 18 वॉ वर्ष है। इस अवसर को यादगार बनाने मंदिर में 1 सितंबर से 9 सितंबर के बीच नवधा पारायण रामायण पाठ, श्री विष्णु महायज्ञ, सुंदरकांड पाठ, सवामणि एवं भजन संध्या के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। यह जानकारी आज एक पत्रवार्ता में देते हुए राधाकृष्ण मंदिर उत्सव समिति के संरक्षक चतुर्भुज राठी ने बताया कि जोधपुर के पंडित गोपाल आसोपा और पंडित सुशील आसोपा श्रद्धालुओं को नवधा पारायण रामायण का सामूहिक पाठ करवाएंगे। श्री विष्णु महायज्ञ आचार्य पंडित पवन द्विवेदी के सानिध्य में होगा। कृष्ण जन्माष्टमी पर 7 सितंबर को रात्रि 8 बजे वृंदावन के प्रसिद्ध भजन गायक जतिन अग्रवाल और धीरज बावरा भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे। 10 दिनों तक चलने वाले जन्माष्टमी उत्सव की शुरुआत 31 अगस्त को भव्य शोभायात्रा यात्रा के साथ होगी। यह शोभायात्रा संध्या 4.30 बजे श्री चंडी मंदिरए चंडी चौक से प्रारंभ होकर पंचमुखी हनुमान मंदिर, मारुति मंदिर, राम मंदिर गांधी चौक, दुर्गा मंदिर शक्तिचौरा गंजपारा, रामदेव बाबा मंदिर का भ्रमण करते हुए अंत में श्री राधाकृष्ण मंदिर महेश नगर पहुंचकर समाप्त होगी।

मंदिर के पास समस्त धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भव्य स्थायी शेड का निर्माण करवाया जा रहा है। जहां दो हजार से ढाई हजार की संख्या में एक साथ श्रद्धालु बैठ सकेंगे। यह सभी धार्मिक कार्यक्रम जनकल्याणार्थ आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। जिसके चलते श्री राधाकृष्ण मंदिर उत्सव समिति द्वारा सभी तैयारियां अंतिम चरण पर है।

श्री राधाकृष्ण मंदिर उत्सव समिति के संरक्षक चतुर्भुज राठी ने जन्माष्टमी उत्सव के आयोजन की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए बताया कि श्री विष्णु महायज्ञ 1 सितंबर से 8 सितंबर तक प्रातरू 7.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक आचार्य पवन द्विवेदी द्वारा करवाया जाएगा, साथ ही श्री राम ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भाजपा के सामने मछुआरा समाज ने टिकिट के साथ आरक्षण की मांग

**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मछुआरा समाज ने आने वाले विधानसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में मछुआरा समाज आरक्षण को अपनी घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की है। मछुवारा समुदाय एवं निषाद समाज ने विधायक प्रत्याशी हेतु टिकट की मांग की है जिसमे मछुवारा समुदाय एवं निषाद समाज संगठन जिला दुर्ग के अध्यक्ष डा घनश्याम निषाद ने विधानसभा क्षेत्र क्र 63 दुर्ग ग्रामीण से

■ **भाजपा की चुनाव घोषणा समिति को सौंपा ज्ञापन**



विधायक प्रत्याशी हेतु दावेदारी पेश की जिसके लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पवन साव व सांसद लोक सभा क्षेत्र एवं प्रदेश संयोजक जन घोषणा प्रबंधन समिति के विजय बघेल से टिकट की मांग की। मांग रखने वालों मे छ ग मछुवारा समुदाय एवं दुर्ग जिला निषाद समाज संगठन जिला दुर्ग के अध्यक्ष डा. घनश्याम निषाद दुर्ग, छत्तीसगढ़ भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ अध्यक्ष नेहरू निषाद, अखिल भारतीय कश्यप कहार निषाद भोई ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# माता-पिता वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण कल्याण अधिनियम पर कार्यशाला का समापन



**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वाधान में एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग नीता यादव के मार्गदर्शन में ''माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007'' के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय, दुर्ग के सभागार में किया गया।

ार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में संजीव कुमार टॉमक, प्रथम अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग, विवेक नेताम, नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 दुर्ग, कु. पॉयल टोप्नो, षष्ठदश व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 दुर्ग, आशीष डहरिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यशाला में प्रतिभागियों के रूप में विनय कुमार सोनी, संयुक्त कलेक्टर, दुर्ग/अनुविभागीय अधिकारी धमधा, विपुल कुमार गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर दुर्ग/अनुविभागीय अधिकारी पाटन तथा सी.एस.कनवर, तहसीलदार धमधा, प्रफुल्ला गुप्ता अति. तहसीलदार दुर्ग, के अलावा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के समस्त कौंसिलगण, पेनल अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के समस्त पैरालीगल वालॅन्टियर्स बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

''माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007'' के संबंध में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए संजीव कुमार टॉमक, प्रथम अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग, द्वारा कार्यशाला में उपस्थिति ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शास. वि. या.ता.स्ना. स्व महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह के मार्गदर्षन में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । जिसमे मतदाताओं को अवश्य मतदान करने के लिए एवम् 18 वर्ष के सभी युवाओं के वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया ,साथ में महाविद्यालय परिसर में विगत 15 दिनों से सभी विद्यार्थियों का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने का कार्यक्रम चल रहा है। स्वयंसेविकाओ ने रैली के दौरान लोगों को अवश्य मतदान करने के लिए अपील किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान (स्वीप नोडल अधिकारी) द्वारा म्टड की जानकारी दी गई। इस मतदाता जागरूकता रैली में 50 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया जिसमें स्वयंसेविका भारती वर्मा, पायल, संध्या, सोनाली, डॉली, भावना, साक्षी, खुशबू का प्रमुख योगदान रहा।

# छत्तीसगढ़ ओलंम्पिक : बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं ने भी किया खेलों में प्रदर्शन

**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा दो दिवसीय पदमनाभपुर के मिनी स्टेडियम, बैगा पारा स्टेडियम, महात्मा गांधी स्कूल में छत्तीसगढिया ओलंपिक खेल निगम स्तरीय आयोजन किया गया। आयोजन में हिस्सा लेने शहर क्षेत्र के खिलाड़ी मौजूद थे। महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में ओलंपिक खेलो का आगाज हुआ। मैदान में मौजूद अधिकारियों द्वारा सिटी बजाकर तेज दौड, लंगड़ी दौड़, कबडडी, गेडी, रस्सीखीच, बिल्लस, भंवरा, बांटी और खो.खो खेलो को शुरु किया। खिलाडियों का जोश तब और भी बढ गया जब महिलाओ ने गेड़ी



चलाई।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर दो दिवस पूर्व से ही छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलो के आयोजन के लिए सारी तैयारिया शुरू दी गई थी। दो दिवसीय ऑलंपिक खेल समापन किया गया। खेल के दौरान जहां सभी वार्डो से आये प्रतिभागी ने अपने खेलो का प्रदर्शन किया। वहीं निगम के नोडल सहायक अधिकारी जितेंद्र समैया, करण यादव, विकास दमाहे, भारती ठाकुर, स्वेता महलवार, मोहित मरकाम, पंकज साहू व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ की माटी में खुशबू में समाहित लोक कला एवं संस्कृति को आगे ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# साइंस कॉलेज में पूर्व सैनिकों का सम्मान

**दुर्ग**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। साइंस कालेज दुर्ग में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भूतपूर्व सैनिक नौसेना डॉ. सतीश गाडगे ने सैनिक जीवन के लिये अनुशासन को सर्वोपरि बताते बुए कहा कि युवा पीढ़ी मोबाईल के अनुशासन में आने की बजाय मोबाईल को अपने नियंत्रण में रखकर अनुशासित रहें। मोबाईल एक साधन मात्र है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिये मोबाईल का सदुपयोग करें।



मां सरस्वती की वंदना दीप प्रज्जवलन के पश्चात संस्था के प्राचार्य डॉ.आर.एन.सिंह एवं अतिथियों द्वारा भूतपूर्व अतिथियों डॉ. सतीश कुमार गाडगे, प्रदीप थापा, श्रीकुमार कन्नौजे, साजन कुमार दुबे का शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत अभिनंदन किया गया। प्राचार्य डॉ. आर.एन.सिंह ने अपने उद्बोधन में सेना के जवानों के शौर्य त्याग ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पुलिस प्रशासन के नकारात्मक रवैये के चलते स्कूल जाने से वंचित रहे बच्चे

**बालोद**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के जुंगेरा रानीतराई मार्ग में आयोजित शिव महापुराण में न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि दीगर राज्यो से भी लाखों के संख्या में भक्तों का तांता लगा हुआ है। इस शिवमहापुराण का आयोजन 25 अगस्त से प्रारंभ हुआ लेकिन इसके 2 दिन पूर्व से ही इस शिवमहापुराण को सुनने बड़ी संख्या में लोगो के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। लेकिन इतने ज्यादा संख्या में अचानक भीड़ पहुंचने से पुलिस विभाग और कथा आयोजको की व्यवस्था धरी की धरी रह गई पुलिस ने यातायात व्यवस्था के दबाव को कम करने बडे वाहनों को बालोद डौंडी लोहारा मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह बंद भी कर दी गई लेकिन स्थानीय लोगो के आवाजाही को लेकर पुलिस प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा किसी तरह की व्यवस्था नही की गई महज 2 सौ मीटर की दूरी तय कर शहर तक आने व मेडिकल कार्य से आने वालों को भी पुलिस के फटकार का सामना करना पड़ रहा दूसरी तरह इस अव्यवस्था से आयोजन समिति ने भी मुंह मोड़ ली है। आपको बतादे पारारास बालोद जिला मुख्यालय के नगर पालिका का वार्ड क्रमांक 01 और 20 कहलाता है लेकिन इस वार्ड के लोगो को अपने आवश्यकता शासकीय निजी नौकरी स्कूल के लिए शहर की ओर आना पड़ता है आने के समय पुलिस कर्मियों से जद्दोजहद कर किसी तरह शहर के भीतर तो पहुंच जाते है लेकिन जब वापस लौटते है तो उन्हें पाररास बायपास के पास रोक दिया जाता है और किसी तरह जाने का प्रयास किये जाने पर पुलिस कर्मी और अन्य सेवा के नाम पर लगे लोगो द्वारा बदसलूकी की जाती है आपको बतादे जिला मुख्यालय में शिवमहापुराण के दौरान भीड़ को व्यवस्थित करने में नाकाम आयोजक समिति और प्रशासन अपनी नाकामी का भड़ास निकालने में मरीजो को भी नही छोड़ रहे है। शनिवार को एक महिला को परिवार के लोगो के माध्यम से अपने उपचार के लिए बालोद के एक निजी चिकित्सक तक पहुंच गए लेकिन जब चेकअप के बाद वापस लौटे तो पुलिस के कर्मचारियों और यातायात विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा आगे जाने नही दिया महिला करीब एक घण्टे तक उमस भरी गर्मी में सड़क पर ही निकलने का इंतजार करती रही पुलिस के कर्मचारियों को बताने के बावजूद महज 2 सौ मीटर दूरी पर स्थित घर जाने नही दिया गया। पुलिस और आयोजन समिति के अव्यवस्था के चलते स्थानीय पत्रकारो में भी रोष है आपको बतादे मामले पर आयोजन के पहले दिन कथास्थल तक पहुंचने पत्रकारो को पास तो जारी किया गया लेकिन पुलिस द्वारा पत्रकारो को आयोजन स्थल से करीब 2 किलोमीटर दूर रोक दिया गया वही आयोजन समिति के जिम्मेदार भी इन समस्याओं को नजरअंदाज करते दिखे वही बालोद बायपास के पास स्थानीय लोगो सहित पत्रकारो को कवरेज के लिए आवाजाही में आ रही दिक्कत को लेकर बालोद एडिशनल एसपी शुशील नायक को उक्त स्थान पर आ रहे ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

**पुलिस कर्मी वीआईपी मार्ग से परिजन व करीबियों को वाहन में बैठाकर कथा स्थल तक पहुंचाने में रहे व्यस्त**

# संकल्प शिविर में चुनाव जीतने दिया मंत्र



**भिलाईनगर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे प्रदेश में विधानसभा वार संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वैशाली नगर विधानसभा क्रमांक 66 में संकल्प शिविर का आयोजन किया गया और मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष दीपक वेद ने संबोधित किया वह संकल्प दिलाया कि कांग्रेस पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसे हमें विजयी बनाना है। इस संकल्प शिविर में प्रशिक्षक के रूप में राजेश तिवारी, मुख्यमंत्री के सलाहकार और विनोद वर्मा उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने संचालन किया। इस शिविर में हर भूत से भूत अध्यक्ष और 10 लोगों को आमंत्रित किया गया था। विशेष कर वरिष्ठ जनों में किस सदस्य अरुण सिंह सिसोदिया भी के सभी नगर निगम के साथ पार्षद, प्रदेश के विभिन्न पदाधिकारी नीता लोधी तुलसी साहू, जालंधर सिंह, विजय साहू, महेश जैसवाल, फारुख खान सहित अनेक उपस्थिति है। बदरुद्दीन कुरैशी पूर्व मंत्री इस शिविर में संकल्प शिविर में हर कार्यकर्ता को व्यक्ति की बजाय पंजे को देखकर वोट देने की संकल्प दिलाई गई। ऐसे निरंतर आयोजनों से पार्टी में ऊर्जा का संचार हो रहा है और इस बार वैशाली नगर की जीत सुनिश्चित मानी जा सकती है। एआईसीसी सदस्य पूर्व महासचिव प्रदेश कांग्रेस और भूत प्रबंधन के प्रभारी अरुण सिंह सिसोदिया ने कहा की 241 भूत 37 वार्ड और लगभग ढाई लाख वोटर के साथ बड़ी मजबूती के साथ हमने तैयारी की है और निश्चित ही कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने में भूत अध्यक्ष जो अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष पार्षद पदाधिकारी और वरिष्ठ जनों का बहुत अहम योगदान रहेगा। कार्यक्रम में बदरुद्दीन कुरैशी पूर्व मंत्री, बृजमोहन सिंह, अतुल साहूसंदीप निरंकारी जालंधर सिंह, प्रीत गहरा, धर्मेंद्र यादव, लड्डुन भाई, सज्जन प्रसाद दीक्षित, धर्मेंद्र वैष्णव, दुर्गा प्रसाद साहू, शिव साहू, पिंकी वर्मा , अनुसुइया मरकाम, भुनेश्वरी रानी, जागेश्वरी साहू, नीता लोधी, रज्जन अकिल खान, अमरचंद अरोड़ा, सतनाम सिंह, अरुण सिंह, हसरत भाई, उमर खान, राम विश्वकर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, महेश जायसवाल, प्रभाकर जनबंधु सहित अनेक कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

इसी कड़ी में सेक्टर-1 स्थित नेहरु सांस्कृतिक भवन में सक्लप शिविर में कांग्रेसी नेताओं ने उपस्थित लोगों को इस विधान सभा चुनाव व आगाम लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को विजयी बनाने का संकल्प दिलाया। सुरेन्द्र शर्मा, राजेश तिवारी, विनोद वर्मा, देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, प्रतिमा चन्द्रकार, दीवक वैज, नीता लोधी, मंचस्थ थे। कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के पास बेहतर कार्यकर्त्ता की टीम है जिससे हमारी जीत पक्की होगी। प्रशिक्षक राजेन्द्र तिवारी विनोद वर्मा मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार ने कार्यकर्ताओ को संबोथित करते हुए कहा कि भाजपा झूट फैलाने में महारत हासिल है। मतदाताओ को झूठ और धर्म के आधार पर गुमराह करते है आप सावधन रहे । मुख्यमंत्री ने राज्य के जनता को जो सुविधा दे रहा है उसकी जनकारी घर जाकर देना चाहिए । मतदाता सूची को बूथ स्तर पर घर घर पहुचना चाहिए । मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले चुनाव में जो वादा किया था उसे पूरा नही किया किसानों की कर्ज माफ हो या बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा को पूरा नही किया जबकि राज्य की भूपेश सरकार हर वर्ग को बिजली बिल को आधा माफकिया और आगे भी बिजली बिल माह करने की घोषणा किया है । कांग्रेस केन्वनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों गरीबो शहर के वासियों के कल्याण कारी कार्यक्रम कर रही है आगामी विधान सभा मे कांग्रेस को पूरे सीट मिलने की बात करते हुए उन्हेंने संगठन और सरकार मिलकर फिर सरकार हम बना रहे है । संगठन के कर्मशील कार्यकर्ताओ को महत्व मिलेगा किसी सिफारिस या नेताओ के देखकर टिकट नही मिलेगा जो जितने वाले होंगे उसे ही टिकट मिलेगी। इस अवसर पर ब्लांक अध्यक्ष प्रमोद प्रभाकर, एल. चतैन्य, इमरान खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस उपस्थित थे।

## ईडी की शिकायत पर होगी कार्यवाही

**भिलाईनगर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। सीएम के ओएसडी आशीष वर्मा के यहां रेड के दौरान ईडी अफसर के साथ बदसलूकी के मामले में दुर्ग पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने यह भी बताया कि ईडी के द्वारा इस मामले में उनसे शिकायत की गई है। जांच प्रारंभ कर दी गई है। दोषियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी। सीएम के ओएसडी आशीष वर्मा के पदुमनगर भिलाई 3 निवास पर ईडी ने 23 अगस्त की सुबह रेड की थी। इस दौरान बाहर प्रदर्शनकारियों ने ढोल नगाड़ा बजाते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया था। बताया जा रहा है कि प्रदर्शन के बाद ईडी अफसरों की गाड़ी में तोडफ़ोड़ की। ईडी ने इस पूरे मामले पर दुर्ग एसपी को एफ्आईआर करने के ईडी के ओर से लिखा गया है।

## संयंत्र द्वारा डेंगू नियंत्रण हेतु सघन प्रयास



**भिलाईनगर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई । डेंगू प्रभावित सेन्टर 2 के मकानो का दुसरी बार जाँच मे डेंगू के लार्वा पाये जाने पर निगम एवं बी.एस.पी. की संयुक्त टीम ने दो व्यवसायिक प्रतिष्ठा तथा तीन मकान के मालिक पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर संयुक्त टीम ने सेक्टर 2 के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर डेंगू के उन्मूलन के लिए लगातार कार्य कर रही है। जिन घरों में दूसरी बार जॉच में लार्वा पाये गये है ऐसे सेक्टर 2 मार्केट के व्यवसायी शुभम डेकोरेशनए दादा वेल्डिंग के साथ ही मकान मालिक अमित कापसे, संजय कौशिक, एम सुरेश, आर. राजू पर दण्ड अधिरोपित करते हुए पाँच हजार रूपये का जुर्माना राशि वसूली कर मकान मालिकों को डेंगू के लार्वे को खत्म करने की सलाह दी एवं टेमिफास का वितरण किये। गत दिनो राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के स्वास्थ्य प्रतिनिधियों के साथ निगम आयुक्त श्री व्यास सेक्टर 02 के डेंगू प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर आवश्यक निर्देश दिये थे। जिसके तहत यह भी निर्देश था कि दुसरी बार जॉच में जिस मकान में डेंगू के लार्वे पाये जाते हैए ऐसे मकान के मालिको से अर्थदण्ड की वसूली की जाये। टीम मे निगम में आर.पी. तिवारी, व्ही.के.सेमुवल, अंजनी सिंह, बी.एस.पी. के गोपाल कृष्ण वर्मा. अशोक चंद्राकर. शरद उपस्थित थे। वही जिला और इस्पात नगरी भिलाई में डेंगू के प्रकरण सामने आने के बाद इसकी रोकथाम के लिये संयंत्र के जन स्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग दुर्ग के संयुक्त रूप से चलाये जा रहे, वृहद सर्वेक्षण एवं लार्वानाशी के नि:शुल्क वितरण जागरूकता कार्यक्रम आदि का सघन रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इस्पात नगरी में कुल 1617 घरों का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से 1451 पात्रों, कूलर और अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफ भी करवाया गया। इस सर्वेक्षण में 54 घरों में दवाई का छिड़काव और 966 घरों में टेमीफॉस दवाई का वितरण किया गया। इस सर्वे में 156 घरों में लार्वा पाए जाने की संभावना को देखते हुए एकत्रित जल की सफाई की गयी और दवा का छिड़काव किया गया। 70 घरों में स्प्रे किया गयाद्य इसके साथ ही सेक्टर-2 में आयलिंग, सेक्टर-4 में वाटर फॉगिंग के साथ ही पाम्पलेट वितरण, माईक के माध्यम से रोकथाम के बारे में जानकारी आदि से लोगों को जागरूक किया गया।

## आज यादे मुकेश कार्यक्रम सेक्टर-1 नेहरु सांस्कृतिक भवन में

**भिलाईनगर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संध एवं एस.आर.जी. भिलाई इस्पात संयंत्र के सयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी याद-ए-मुकेश कार्यक्रम का आयोजन रविवार दिनांक 27 अगस्त को शाम 7.30 बजे सेक्टर-1 नेहरु सांस्कृतिक सदन भिलाई में होने जा रहा है। आयोजन के 21वे वर्ष में प्रदेश के विभिन्न जिले की 6 महिला पत्रकारों को भी आशा इकबाल सम्मान से सम्मानित किया जाये। जिनमें निशा मसीह (रायगढ), प्रिति सोनी (बिलासपुर), उत्तरा विदानी (महासंमुद), शुभ्रा नंदी (रायपुर), ममता एंकात (नारायणपुर), अनुभूति भाकरे (भिलाई) शामिल है। दर्द भरे गीते के बादशाह स्व. मुकेश चंद माथुर की 47वी पुण्यतिथि के अवसर पर इस वर्ष जिन गीतों को शामिल किया गया है। उनमें एक दिन बिक जायेगा, जाने कहां गये वे दिन, चंचल शीतल निर्मल, मै पल दो पल का शायर, जिस गली में तेरा घर, जो तुमको हो पंसद, फूल तुमने भेजा है खते मे, तौबा ये मतवाली चाल, दिल की नरजे से, जुबा पे दर्द भरी और ओ मेहबूबा जैसे सदा बाहर गीत शामिल है। इस साल फिल्मी दुनिया से जुड़ी दिव्गंत हस्तियों को भी श्रद्धांजलि दी जायेगा। जिनमें वाणी जयराम, शारदा, पामेला जैन शामिल है। इस साल जो सिंगर अपनी आवाज में स्व. मुकेश को अपनी श्रद्धांजलि देने के लिये ताज गेस्ट हाउस व कांति दर्शन महाविद्यालय में रिहर्सल कर रहे है। जिनमें रियाज अहमद, राकेश शुक्ला, रमेश श्रीवास्तव, संदीप राजपूत, सीमा पटेल, उमेश विश्वकर्मा, ज्योति कश्यप, सजीव, सुधाकरन, वीणा, कमाल अख्तार, नीतू गोस्वामी, शामिल है।

## सेक्टर-7 तालाब में मिला महिला का शव

**भिलाईनगर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर.7 तालाब में बीती रात एक महिला ने कूदकर अपनी जान दे दी। शनिवार की सुबह टहलने निकले लोगों को तालाब में महिला की लाश दिखी। तालाब के किनारे एक मोबाइल बज रहा था जिसे टहलने वाले व्यक्ति ने उठाया और सामने वाले को इसकी जानकारी दी। मौके पर महिला का पति पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान सेक्टर-6 निवासी प्रिती सिंह पति मनीष सिंह के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-6 बी मार्केट निवासी मनीष सिंह का पत्नी प्रीति सिंह 38 ने सेक्टर-7 तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका के दो बच्चे हैं जिनके सिर से मां का साया छिन गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात को प्रिती सिंह का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसके बाद वह किसी को बिना बताए घर से निकल गई। शनिवार सुबह उसकी लाश तालाब में मिली। घर से निकलने के बाद जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी तो उसका पति मनीष सिंह काफी देर तक उसे ढूंढता रहा। रिश्तेदारों व परिचितों के पास भी फोन किया लेकिन महिला का कुछ पता नहीं चला। सुबह 6 बजे सेक्टर-7 तालाब में टहलने वालों को प्रिती सिंह का मोबाइल किनारे रिंग होता मिला। इस दौरान किसी ने फोन उठाया तो मनीष सिंह ने बताया कि वह उसकी पत्नी का फोन है। इसके बाद उस व्यक्ति ने बताया कि फोन तालाब के पास पड़ा है और तालाब में किसी महिला का शव मिला है। यह सुनते ही मनीष सिंह तत्काल तालाब के पास पहुंचा और देखा तो वो लाश प्रीति सिंह की थी। पति मनीष सिंह ने पुलिस को बताया कि उसे अपनी मां से काफी लगाव था और उसके गुजर जाने के बाद काफी परेशान रहती थी। घटना की रात भी वो अपनी मां को याद कर रो रही थी।

**फॉर्च्यूनर डिवाइडर से टकराकर पलटी दो घायल**

**भिलाई नगर** 26 अगस्त । नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आज सुबह आजाद मार्केट रिसाली में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें सवार दो युवकों को आसपास के लोगों के द्वारा शीशा तोड़कर बाहर निकल गया दोनों ही को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल रवाना किया गया। थाना प्रभारी नेवई ममता अली शर्मा ने बताया कि आज सुबह तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर क्रमांक सीजी 07 बी डब्ल्यू 9977 अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई। इस वाहन में दो युवक सवार थे । जिन्हें शीशा तोड़कर बाहर निकल गया । दोनों को ही चोट आने के कारण इलाज के लिए एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल पल्स अस्पताल नेहरू नगर रवाना किया गया। इस घटना में वाहन चालक के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## सेंट थॉमस में चंद्रयान 3 का लैंडर उड़ान का लाइव प्रसारण



**भिलाईनगर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज कैलाश नगर में देश का गर्व, उत्साह और गौरवान्वित चंद्रयान 3 का लैंडर उड़ान कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कॉलेज के सेमिनार हॉल में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक फादर डॉक्टर जोशी वर्गीज एवं प्राचार्य श्रीमती मरियम जैकब तथा कॉलेज में अध्यनरत बी.कॉम., बी.सी.ए., बी.बी, प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के सभी छात्र उपस्थित थे। तथा सभी विभागों के प्राध्यापक, गैर शैक्षणिक स्टाफ भी शामिल हुए। कार्यक्रम का कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वर्तमान चंद्रयान 3 की लैंडिंग से रूबरू कराना तथा भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियां से परिचय करना। चंद्रयान-3 की लैंडिंग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सफलतापूर्वक संपूर्ण हुआ। कालेज में अध्ययनरत बच्चों ने चन्द्रयान की गतिविधिया को बारिकी से देखा। कालेज प्रबंधन ने बताया कि यह क्षण हमारे लिये काफी गर्व भरा रहा।

## रिसाली में 7 करोड़ के कार्य स्वीकृत

**भिलाईनगर**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र की सड़कों को चौड़ीकरण कर सड़क किनारे और सार्वजनिक जगहों पर पेवर ब्लाक लगाने शासन ने 7 करोड़ 3 लाख 21 हजार स्वीकृत किया है। इसके लिए गृह एवं कृषि मंत्री ने विशेष प्रयास किया है। जल्द ही कार्यो का भूमिपूजन कर कार्य को आरंभ कराया जाएगा। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निगम के सभी वार्डो में पानी निकासी का संसाधन के साथ सड़क निर्माण किया गया है। कई सड़क ऐसे है जिसकी चौड़ाई कम है। सड़क पर फुटपाथ भी नहीं है। व्यस्त मार्ग पर वाहनों का रेला लगने से धूल उड़ता है। जिसे कम कर नागरिकों को स्वस्थ्य वातावरण देने प्रयास किया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी में 37 लाख 50 हजार से सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा। इस वार्ड में 12 अलग-अलग सड़कों को चौड़ीकरण करने चिन्हित किया गया है। वार्ड 19 विजय चौक में 28 लाख 29 हजार से 11 सड़कों का चौड़ीकरण, वार्ड 24 आजाद मार्केट के 5 सड़कों का चौड़ीकरण 20 लाख से की जाएगी। वार्ड 17 शिव पारा स्टेशन मरोदा में सड़क चौड़ीकरण करने 7 लाख, वार्ड 21 सूर्यानगर में 6 लाख 38 हजार, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम के लिए 8 लाख 15 हजार, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व के लिए 7 लाख 31 हजार, वार्ड 32 नेवई भाठा के लिए 11 लाख 37 हजार, वार्ड 14 मरोदा कैंप आजाद पारा के लिए 19 लाख 79 हजार, वार्ड 36 डुण्डेरा पूर्व के लिए 4.70 लाख, वार्ड 35 डुण्डेरा पश्चिम के लिए 7 लाख, वार्ड 36 के लिए 21 लाख 43 हजार, वार्ड 39 के लिए 8 लाख 78 हजार, वार्ड 31 के लिए 7 लाख 7 हजार, वार्ड 2 रूआबांधा उत्तर के लिए 19 लाख 95 हजार, वार्ड 3 रूआबांधा दक्षिण के लिए 28 लाख 34 हजार, वार्ड 4 रूआबांधा पूर्व के लिए 19 लाख 91 हजार, वार्ड 26 अवधपुरी रिसाली के लिए 38 लाख 10 हजार, वार्ड 31 किरण देशमुख वार्ड के लिए 2 लाख 29 हजार, वार्ड 30 इस्पात नगर के लिए 16 लाख 8 हजार, वार्ड 1 तालपुरी के लिए 43 लाख 53 हजार, वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व के लिए 30 लाख 99 हजार, वार्ड 38 स्टोर पारा के लिए 15 लाख, वार्ड 40 पुरैना बस्ती के लिए 9 लाख 4 हजार, वार्ड 28 शक्ति विहार के लिए 19 लाख 85 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व के लिए 19.95 लाख, वार्ड 6 रूआबांधा सेक्टर के लिए 18.55 लाख, वार्ड 10 दशहरा मैदान के लिए 3.82 लाख, वार्ड 11 मरोदा सेक्टर के लिए 19.95 लाखए वार्ड 26 अवधपुरी के लिए 9.18 लाखए वार्ड 18 के लिए 15़48 लाखए वार्ड 24 के लिए 24़52 लाख, वार्ड 20 के लिए 36 लाख, वार्ड 29 लक्ष्मीनगर के लिए 27 लाख, वार्ड 28 के लिए 12 लाख, वार्ड 1 तालपुरी के लिए 18 लाख, वार्ड 8 रिसाली के लिए 19 लाख, वार्ड 3 के लिए 8 लाख और वार्ड 12 मरोदा सेक्टर के लिए 18 लाख 8 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

## प्रकाशमणि के स्मृति दिवस सभी सेवा केंद्रों में मनाया गया



**भिलाईनगर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 16वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस को सेक्टर 7 स्तिथ पीस ऑडिटोरियम में श्रधांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भिलाई सेवा केन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने दादी प्रकाशमणि के संग बिताए पलों को साझा करते हुए कहा कि दादी के अंदर नेतृत्व क्षमता इतनी अद्भुत थी कि उनके प्रशासन के दौरान ब्रह्माकुमारी संस्थान की 140 देशो में 8000 से भी अधिक शाखाएं खुली तथा विभिन्न विदेशी संस्कृतियों के होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में विदेशियों ने प्राचीन भारतीय राजयोग की शिक्षा को अपने दैनिक जीवन में अपनाया। दादी पवित्रता की अवतार थी। उनकी स्नेह भरी आत्मिक मुस्कान और सेकंड की अलौकिक रूहानी दृष्टि हर आत्मा में शक्ति भर देती थी। निमित्त, निर्माण और निर्मल वाणी दादी के जीवन के मंत्र रहे। दादी के नेतृत्व में ही संस्था को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा शान्ति दूत का पुरस्कार प्राप्त हुआ राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के स्मृति दिवस को भिलाई, दुर्ग सहित विश्व के सभी सेवाकेंद्रों में मनाया गया।

## श्री शंकराचार्य में तुलसी जयंती का आयोजन

**भिलाईनगर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय में हिंदी विभाग के द्वारा तुलसी जयंती का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन, अकादमिक डॉ जे. दुर्गा प्रसाद राव एवं प्राचार्य डॉ अर्चना झा न कार्यक्रम को प्रारंभ किया। हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ श्रद्धा मिश्रा ने तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस के संबंध में विद्यार्थियों को बताया कि श्री रामचरितमानस में शिक्षा धर्म अर्थ वेद संस्कृति सभी समाया हुआ है। अत: इस ग्रंथ का अध्ययन प्रत्येक विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से करना चाहिए। महाविद्यालय के छात्र मोहम्मद फैयाज ने तुलसी चरित्र पर अपना व्याख्यान दिया महाविद्यालय की छात्रा रक्षा बिसेन विषय में तुलसीदास द्वारा रचित समस्त रचनाओं एवं ग्रंथों का व्याख्यान किया। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने अपने वक्तव्य में यह कहां कि तुलसी पावन संत थे एवं हमें उनके चरित्र के कुछ अंश ही सही, अवश्य अपनाना चाहिए।

## सामाजिक कार्यकर्ता से हुई लाखों रुपए के धोखाधड़ी



**भिलाईनगर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। जे के फाउंडेशन की डायरेक्टर व सोशल वर्कर टी जया रेडडी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उनके द्वारा भट्ठी थाना में गत 30 मई को राजस्थान कुमावत के रहने वाले विजय जैन के विरूद्ध 420 का मामला दर्ज कराया थाए उनके द्वारा 17 लाख 88 हजार 328 रूपये की धोखाखड़ी की गई है। इसकी शिकायत उन्होंने अन्य संबंधित लोगों से भी है लेकिन आज तक उसपर कार्यवाही नही होने से मैं 6 सितंबर से भट्ठी थाने के सामने अनशन पर बैठूंगी। विजय जैन ने अपनी कंपनी डब्ल्यूआईएफएससी बनाकर उड़िसा और छत्तीसगढ लोगों को दुबई में इन्टरनेशनल शो कराने के नाम से फोन पे और पेटीएम से 17 लाख 88 हजार से अधिक रूपये ले लिये। चूंकि मेरी जान पहचान सीधे तौर पर विजय जैन से नही थी ए मेरी जान पहचान रायपुर की जेसीआई मेंबर के माध्यम से हुई। उन्होनें बताया था कि वह इस बंदे को पिछले पांच वर्ष से जानती हूं और वह इन्टरनेशनल शो कराते रहता है। विजय जैन ने पैसा लगाने वाली सभी प्रतिभागियों को मेरे खिलाफ भड़काकर हमलोगों के बीच में मनमुटाव पैदा कर दिया। 35 प्रतिभागियों को दुबई इन्टरनेशनल शो में भाग लेने ले जाने के लिए मेरे द्वारा उनको पैसा दिया गया। उसके बाद जब दुबई जाने के लिए हम लोगों का बीजा और टिकिट नही मिला तो मेरे सभी सहयोगी प्रतिभागी मेरे उपर नाराज हुए। कुछ उड़िसा के प्रतिभागियों ने विजय जैन के उचकाने पर मेरे विरूद्ध ही शिकायत कर दी। उसके बाद उड़िसा की पुलिस ने मुझे इस मामले में पूछताछ के लिए भट्ठी थाना अपने साथ चलने का झांसा देकर मुझे अपनी गाड़ी में बिठाकर मेरा मोबाईल लेकर सीधे उड़िसा चली गई और रूपा पांडा सहित उड़िसा के प्रतिभागियों को मेरे द्वारा लौटाया गया। विजय जैन के धोखा देने के बाद भी मेरे द्वारा छत्तीसगढ के कोरबा, धमतरी व दुर्ग भिलाई व नागपुर और उड़िसा के प्रतिभागियों को दुबई ले जाकर मेरे द्वारा आयोजन कराया गया। जिससे सभी प्रतिभागी काफी प्रसन्न हुए।

## खून जांच शिविर में जुटे लोग, देशभक्ति गीतों ने जगाया जोश



**भिलाईनगर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। पंचशील पंजाबी समाज द्वारा सेक्टर-5 स्थित समाज के भवन में लायंस क्लब पिनाकल द्वारा लगाये गये चिकित्सा जांच शिविर में रक्त की जांच, शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गई। जिसमें करीब 30 लोगों ने अपनी जांच कराई। स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों की श्रृंखला में हुए इस जांच शिविर में पंजाबी समाज की और से राकेश ढोडी, दीपक भाटिया, अजय विनायक, अरुण ग्रोवर, संजय भाटिया, अनुपम कथूरिया उपस्थित थे। लायंस क्लब पिनाकल की तरफ से चार्टर्ड प्रेसिडेंट विभा भूटानी, सचिव शालिनी सोनी, शोभा डोगरा, अंजना श्रीवास्तव, रश्मि गेदाम कोषाध्यक्ष, व शोभा जामुलकर ने अपनी भागीदारी दी। सेक्टर.5 स्थित भवन में रात्रि 8 बजे से प्रसिद्ध गायक दीपेन हल्दर व स्वागता विश्वास और ताल ग्रुप के संचालकों द्वारा देश भक्ति गीतो की प्रस्तुति हुई। जिसमें 40 से ज्यादा कलाकारों ने देशभक्ति के गीत गये। यह जानकारी अध्यक्ष नरेश खोसला ने दी है।

## जनता प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चाहती है : उमाकांत



**भिलाईनगर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के विधायक प्रवास कार्यक्रम के दौरान भिलाई नगर विधानसभा में सेक्टर-2 में मंडल स्तरीय बैठक में बिहार के चनपटिया के विधायक उमाकांत सिंह एवं दया सिंह उपनेता प्रतिपक्ष नगर निगम, पूर्व मंडल भाजपा एक दिवसीय प्रभारी ने कहा कि छतीसगढ़ में इस बार भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाना सुनिश्चित है। यहां की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी कार्यों से प्रभावित है। निश्चित ही अबकी बार छतीसगढ़ में बदलाव होने जा रहा है। जनता डबल इंजन की सरकार चाहती है। जिसकी पहचान जनता बनेगी। आमजनों का जीवन और सुविधा सम्पन्न होगा। बिहार के विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता भूपेश बघेल की सरकार में अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। आमजनों के बीच जनसंपर्क से यह साफ दिख रहा है कि कांग्रेस की सरकार ने जनता से झूठे वादे करके सता में आई, जो खोखला साबित हुआ। प्रदेश में जो विकास दिख रहा है, वो विगत 15 सालों में भाजपा की सरकार की देन है। अब तो डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। छतीसगढ़ में फिर से भाजपा सरकार बनेगी सभी अधूरे काम पूरे होंगे। कार्यक्रम मे योगेन्द्र सिंह भाजपा जिला महामंत्री, विजेंद्र सिंह जिला मंत्री, गजानन बौछार पूर्व मंडल अध्यक्ष, के.गणपति जिला मंत्री, निर्मला नायडू पूर्व मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, के. रुद्रमूर्ति महामन्त्री मंडल एवं सेंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थिति रही ।

**कसडोल से बालसमुंद पलारी के लिए आज रवाना होंगे कावड़ यात्री**

**कसडोल/बलौदाबाजार**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा के तत्वावधान में आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा रविवार को प्रातः 10 बजे कसडोल के बजरंग चौक से डोंगरीडीह के लिए रवाना होंगे। साथ में लवन के कावड़ यात्री भी डोंगरीडीह पहुंचकर कसडोल के कावड़ यात्रियों के साथ सम्मिलित होंगे।



# शहीद अस्पताल में डीबी ग्रुप का 8वां स्थापना दिवस मनाया गया

## रक्तदान सबसे बड़ा दान 18 से 60 उम्र के स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए : थाना प्रभारी सिंह

**दल्लीराजहरा**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। नगर एवं.बालोद जिला सहित राज्य में रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही डीबी ग्रुप के द्वारा स्थानीय शहीद अस्पताल में डीबी ग्रुप एवं डीबी स्टार महिला ग्रुप के साथ मिलकर 8 वा स्थापना दिवस केक काटकर मनाया गया। जिसमे नगर के मुख्य चिकित्सक डॉ शैबाल जाना, डॉक्टर ए. के. ठाकुर, डॉक्टर पण्डुरंग, डॉक्टर अमित तिवारी, थाना प्रभारी मुकेश सिंह ए एस आई नंद किशोर सिन्हा एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित थे। डॉक्टर शैबाल जाना ने अपने उद्बोधन में डीबी ग्रुप के पूरे टीम को बधाई दिए वा ग्रुप के द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा किए तथा बताए की कैसे डीबी ग्रुप के माध्यम से शहर के अस्पताल में भर्ती मरीज को निशुल्क रक्तदान करते है व संस्था के मध्यम से 6 हजार से भी ज्यादा रक्तदान कराया गया है। डॉक्टर ज्योति हॉस्पिटल संचालक अशोक कुमार ठाकुर ने बताया डीबी ग्रुप के संचालक अध्यक्ष दीपक साहू जन जागरूकता के लिए सायकल यात्रा करने वाले है जिसमे उनके साथ टीम के साथी भी साथ रहेंगे। रक्तदान के क्षेत्र में सर्व समाज के सभी लोगो के साथ मिल कर अच्छा प्रयास किया जा रहा है यह ग्रुप नागरीको को रक्तदान के लिए प्रेरित भी करते है,साथ मरीजों को देने वाले खून की दलाली की रोक थाम के लिए समय समय पर लोगों को जागरूक भी करते है। शहर के थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने कहा की राक्तदान सबसे बड़ा दान होता है रक्तदान हर उम्र के स्वस्थ



व्यक्ति को करना चाहिए मै भी अपना रक्तदान करता हु रक्तदान करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होने ग्रुप के सभी सदस्यों को बधाई दिए। नगर की नारी मातृ शक्ति की उपस्तिथि को देख कर उन्होंने कहा आपके शहर की महिलाए अच्छे कार्यों के लिए आगे आए है। जो प्रसंशा के काबिल है। डीबी ग्रुप के द्वारा थाना प्रभारी का मेमोंटो व पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया व सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। मंच संचालन कुमारी जानवी के द्वारा किया गया डीबी स्टार महिला ग्रुप की अध्यक्ष ममता मानकर ने बताया कि नव निर्मित महिला टीम के साथ मिल कर हम सभी बहने आगे भी लोगो की जन सेवा कार्य में अपनी सहभागिता का निर्वाहन करना है। डी बी ग्रुप बहुत बड़ी संस्था है।जिसकी प्रसंशा पुरे जिले में होती है। महिला टीम की सदस्य अनिता साहू अनुराधा सिंह शदेवांतीन पारकर नाज मेमन दामिनी साहू सावित्री सोनी द्रोपति साहू यमुना साहू कुमारी गीतिका गीतू साहू राजेश्वरी साहू रेणुका देवांगन रेणुका साहू ग्रुप की सभी महिलाएं को आभार व्यक्त किया। रक्तवीर नियाज़ खान रक्तवीर शिवा सूर्यवंशी के द्वारा उपस्थित अतिथि व गणमान्य नागरिक का भी आभार व्यक्त किया गया। कार्यकर्म को सफल बनाने में शहीद ब्लड सेंटर से किरण करियारे, जितेश्वरी ध्रुव, निकिता मंडावी, नेहा साहू संगीता गायकवाड़ का साथ मिला। संस्था के हेमंत गौतम ने बताया 8वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में शहीद ब्लड सेंटर में कुल 19 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर डीबी ग्रुप के युवा साथी क्षितिज हुमने,संतोष रात्रे, सुमित जैन, पवन सोनी, सूरज गुप्ता, लक्ष्मण देवांगन, भरत देवांगन, कोमल ठाकुर, मजीद खान,ऋषि ठाकु, युवा रक्तदाता सेवार्थ समिति से प्रवीण पटेल लिमेश रावटे लोचन मनोज एवं टीम उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडरों की चोरी-कालाबाजारी से ग्रामीण त्रस्त

## बढ़ती महंगाई के साथ चोरों का आतंक भी बढ़ा





**गुरुर**, 26 अगस्त। बढ़ती महंगाई को लेकर आम जनता पहले ही परेशान और बेहाल है ऐसे में गुरुर ब्लॉक में रसोई गैस सिलेंडरों की चोरी और कालाबाजारी चरम सीमा पर है, ऐसी ही एक घटना ग्राम चिरचारी में देखने को मिला कि इंडियन गैस एजेंसी गुरुर जो की गुरूर और क्षेत्र के आसपास घर पहुंच सेवा देती है 2 दिन पहले ग्राम चिरचारी में ग्रामीणों ने गैस सिलेंडर बुक करवाया जिसे गुरुर एजेंसी ग्राम चिरचारी में सिलेंडर देने पहुंची ग्रामीणों ने सिलेंडरों को वजन करवाया तो पता चला कि प्राय सभी टंकियां में 1 से लेकर 4 किलो तक गैस कम पाया गया, ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीनो से एक महीने चलने वाली हमारी गैस की टंकी 15 से 20 दिनों में खत्म हो जा रही हैं ,तो हमें जब शंका हुआ तब हमने इसका वजन कराया और जब वजन कराया तो हमें पता चला की सभी टंकियों में एक से लेकर 4 किलो तक का वजन कम है इसके बारे में जानकारी लेने के लिए खाद्य अधिकारी तुलसीराम ठाकुर से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया की खाली सिलेंडर का वजन अगर 15.9 किलो है तो उसमें गैस लिचि ड 14.2 किलो भरी जाती है जिससे भरे सिलेंडर का वजन 30.1 किलो या 30.2 किलो रहता है। लेकिन सिलेंडरों का वजन कराये जाने पर ग्रामीणों ने देखा कि वजन सभी सिलेंडरों का 26, 27, 28,किलो तक रहा जिसे साफ पता चलता है रसोई गैस के सिलेंडरों में चोरी की जा रही है ।

गांव वालों द्वारा टंकी का वजन कराया जा रहा है इसकी जानकारी मिलने पर विधायक पति भैया राम सिन्हा घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीण को कहा कि आप लोग इस तरह से टंकी का वजन नहीं कर सकते और पत्रकारों को कहा आप लोग ऐसे वजन नहीं कर सकते अपशब्द बोलकर पत्रकारों के लिए एफ.आई.आर. करने की बात कही इससे यह समझ आता है कि सच को कोई पत्रकार अगर सामने लाने की कोशिश करें तो उसे किस तरीके से धमकाया जाता है और सत्य को दबाने कि कोशिश की जाती है ।लखन साहू, डीलेशवर साहू, सरवन भू आर्य, संत राउटे, कुमारू राम साहू, खेमू राम साहू, वासुदेव भू आर्य, त्रिभुवन लाल, देवेंद्र कुमार एवं कई ग्रामीणजन वहां पर उपस्थित थे।

# चंद्रयान-3 की सफलता, देश के वैज्ञानिकों को नमन, प्रधानमंत्री मोदी का आभार : राकेश



**देवकर**, 26 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी साजा विधानसभा मीडिया सहप्रभारी राकेश पान्डेय ने कहा की आज इसरो ने जो सफलता अर्जिंत की हैं, वह आने वाले समय में भारत को और अधिक मजबूत बनाने की प्रेरणा दे रही हैं ।हमारे वैज्ञानिक चंद्रमा पर जीत दर्ज करने के बाद अब दुनिया को अंतरिक्ष की जो जानकारी देंगे,वह भारत ही कर सकता था और भारत ने कर दिया ।पान्डेय ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने देश की 140करोड़ जनता का सीना गर्व से चोड़ा कर दिया ।भारत का मस्तक और ऊंचा हुआ हैं ।भविष्य में हमारे वैज्ञानिक ऐसी ही उपलब्धिया अर्जिंत करतें रहेंगे .जिन्हें देखकर दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेगी ।टेक्नोलॉजी के सबसे चमकदार सितारे बन चुके हैं ।आज भारत के मुकाबले कोई भी नहीं है ।जब नेतृत्व सक्षम हो तो उससे वैज्ञानिकों को संबल मिलता है ।हमारे वैज्ञानिकों मे कभी कोई कमी नहीं रही लेकिन भारत के राजनीतिक नेतृत्व में वैज्ञानिकों को दुनिया का सिरमौर बनाने का माद्दा नहीं था ।आज सक्षम नेतृत्व है और हमारे सक्षम वैज्ञानिक दुनिया के सामने एक मिसाल पेश कर चुके हैं।

# सशिमं उमावि में कक्षा सज्जा व विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता

**डोंगरगढ़**, 26 अगस्त। स शि मं उ मा विद्यालय में कक्षा सज्जा प्रतियोगिता और विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कक्षा सज्जा प्रतियोगिता में बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं कक्षा सप्तम ब , द्वितीय स्थान पर है कक्षा षष्ठ ब तृतीय स्थान अष्टम ब ,किशोर वर्ग में कक्षा द्वादश जीव विज्ञान प्रथम स्थान, द्वादश कृषि विभाग ने द्वितीय स्थान एकादश जीव विज्ञान और नवम अ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है जिन्हें विद्यालय के प्राचार्य ने पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया , इसके निर्णायक थे वरिष्ठ आचार्य सुरेश दास वैष्णव श्री शैलेश साहू जागेश्वर निषाद, बोधन भारद्वाज । इसी प्रकार विद्यालय में गत दिवस विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता हुई , जिसमें बाल वर्ग से भैया उज्जवल वर्मा प्रथम, पारुल परते और भारती वर्मा द्वितीय, मानसी तांडीया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, किशोर वर्ग से साइ कुमार साहू प्रथम, रोमन साहू द्वितीय और वेदांश तंभुरकर तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं तरुण वर्ग से भैया भोले शंकर और उनके साथी प्रथम स्थान , सचिन माली और उनके साथी द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान कारण कोसा और उनके साथियों ने जिन्हें विद्यालय के



वरिष्ठ आचार्याओं के द्वारा सम्मानित किया जिसमें प्रमुख है विनोद ताम्रकार ,विशेष साहू,सौरव फूले ,अमित शुक्ला, प्रदीप सिंह श्रीमती स्मृति पांडे श्रीमती कौशल्या वर्मा ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंह डिकेश साहू , कीर्ति दफेदार, सुषमा शांडिलकर, त्रिवेणी मंडल झुंपा मंडल ,रेवती वर्मा ,पल्लवी भिवगढ़े आदि। विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदियोंका सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव एवम पूरे विद्यालय परिवार ने सभी विजय भैया बहनों की उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं एवं उनको बधाई दिए हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन



**छुईखदान**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय मंगल भवन में मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजन हुआ जिसमें नगर एवं ग्राम के काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए खैरागढ़ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी श्री विक्रांत सिंह उपस्थित हुए कार्यकर्ता प्रत्याशी का गर्म जोशी से स्वागत किया भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी है मैं आप सभी को हाथ जोड़कर प्रणाम करता हूं यह चुनाव मेरे एक अकेले का नहीं समस्त कार्यकर्ता का है। उसने कहा कि इसी पार्टी से देश को यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व दिए जो आज पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं ।हर एक कार्यकर्ता कमर कसले और हर एक मतदाता से संपर्क कर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में विजय के लिए आशीर्वाद मांगे मेरी पहली प्राथमिकता सदैव कार्यकर्ता के हित के लिए ही रहेगा हम सब साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देंगे मंडल भाजपा छुईखदान सदा से मजबूत रहा है ।और प्रत्याशी के जीत में अहम निर्णायक भूमिका निभाता रहा है ।कार्यकर्ता भी भाजपा प्रत्याशी के विजय के लिए हाथ उठाकर संकल्प लिया इस कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक कोमल जंघेल प्रेम नारायण चंद्राकर अरविंद शर्मा गिरिराज वैष्णव ज्ञान यादव प्रदीप श्रीवास्तव मंडल भाजपा अध्यक्ष नेतराम जंघेल भावेश कोचर महावीर जैन नवनीत जैन महताब खान दीपक देशमुख विक्रांत चंद्राकर आदि लोग उपस्थित रहे हो।

# हथियार लहरा कर राहगीरों को डराने वाले युवक गिरफ्तार

**खरोरा**, 26 अगस्त। खरोरा नया बस स्टैण्ड में एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार चाकू रखकर लहराते हुए आने जाने वाले राहगीरो को डरा धमका रहा है । जिसकी सूचना थाना खरोरा में दी गई तस्दीक हेतु सहायक उप निरीक्षक सुरेश चंद्र यादव द्वारा पेट्रोलिंग आरक्षक 2074 हरिशंकर यादव, आरक्षक 2826 रिषी टंडन की टीम तैयार कर थाना प्रभारी महोदय के आदेशानुसार रवाना होकर ग्राम खरोरा नया बस स्टैण्ड पहुंच कर जहां पर आरोपी उत्तम उर्फ पुरुषोत्तम ठाकुर को अपने पास चाकू रखकर लहराते हुए घुमते हुए घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक स्टील का धारदार चाकू गवाहो के समक्ष जप्त कर थाना खरोरा के अपराध क्रमांक 589/2023 धारा 15, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## निधन

### नरेंद्र चंद्राकर



**महासमुंद**, 26 अगस्त। खल्लारी विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र चंद्राकर का दुखद निधन हो गया है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम सुबह 10 बजे गृह ग्राम चुरकी में किया जाएगा।

### रामकुमार मिश्रा



**अभनपुर**, 26 अगस्त। अभनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षक अभनपुर ऊरला निवासी रामकुमार मिश्रा 92 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल सवेरे 10.00 बजे निज निवास उरला से निकलेगी। वे दीनबंधु मिश्रा, प्रमोद मिश्रा व संजय मिश्रा वकील के पिता थे।

# प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने चुनावी रणनीति संबंधी चर्चा कर वरिष्ठों से मांगी राय

**डोंगरगढ़**, 26 अगस्त। प्रदेश में चुनाव की सरगर्मी तेज होने के साथ डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा प्रत्याशी चैन को लेकर पर्यवेक्षक के रूप में डोंगरगढ़ पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठों एवं कार्यकर्ताओं से बात कर उनकी रायली इस मौके पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अछोली रेस्ट हाउस में उपस्थित रहे । प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने सर्वप्रथम डोंगरगढ़ विधानसभा कोर कमेटी की बैठक में वरिष्ठों से रायसुमारी की गई सभी कार्यकर्ता एक जूट होकर भारतीय जनता पार्टी के कमल निशान पर काम करने का आश्वासन दिया और भविष्य में डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र को जीत कर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया । तत्पश्चात डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भी रायशुमारी की गई डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल के बाद पडदाह मंडल के कार्यकर्ताओं से भी रायशुमारी ली गई । उपाध्यक्ष श्री यादव के समक्ष डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ डोंगरगढ़ मंडल के कार्यकर्ता ने भी अपनी बात रखें निश्चित ही यह मंथन से एक नाम उभर कर सामने आएंगे और वह डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का कमल खिलाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी । प्रमुख रूप से डोंगरगढ़ विधानसभा प्रभारी अजय तिवारी विधानसभा संयोजक हरविंदर सिंह मंगे सहसंयोजक सुरेंद्र सिंह बन्नोआना पूर्व विधायक रामजी भारती पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ,शशिकांत द्विवेदी , संतोष चंद्रवंशी ,मंडल अध्यक्ष गण अमित



जैन, जैन कुमार मेश्राम, जागेश्वर साहू , नरोत्तम सिन्हा, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाश चौरडिया महेंद्र भाई पटेल, प्रतीक्षा भंडारी , पवन मेश्राम, रामेश्वर रामटेक, महेंद्र अग्रवाल, असीम मलिक असीम मलिक, श्रीमती सुषमा कोठारी, उपकर साहू, रवि अग्रवाल, संतोष राव, राकेश अग्रवाल, अमित छाबड़ा, तुलसी मिश्रा, नागेंद्र सिंह परिहार , छबील साहू , तेज लाल वर्मा , कन्हैया वर्मा, कचरू साहू ,रवि यादव, प्रिंस कक्कड़ गिरीश साहू सौमित्र सोनी वीरेंद्र साहू प्रेमलाल वर्मा, उत्तम चौरे, जीवन वर्मा, लक्ष्मी यादव अनीता इंदुलकर मूलचंद वर्मा, हेम कुमार साहू, जितेंद्र गेंदडे, गोरेलाल वर्मा, वंदना टांडेकर, विक्की भाटिया सुमित ताम्रकार, चितरंजन साहू, दुर्गेश साहू,जयंत साहू सहित अन्य उपस्थित थे ।उक्त जानकारी विधानसभा क्षेत्र मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने दी।

# डोगरगढ़ विस से भाजपा टिकट देगी तो मेरी जीत सुनिश्चित होगी : रामेश्वर रामटेके

**खैरागढ़**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। डोगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 में इस बार भाजपा पार्टी द्वारा बौद्ध समाज से रामेश्वर रामटेके ने टिकट की मांग की है। श्री रामटेके ने प्रेसवार्ता कर बताया की डोगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से इस बार भाजपा पार्टी के द्वारा वरिष्ठ नेताओं को टिकट वितरण में बौद्ध समाज का विशेष ध्यान रखा जाए श्री रामटेके ने पत्रवार्ता कर बताया कि मैं भाजपा पार्टी में 40 वर्षों से हर समाज के सुख दुख के कार्यों में जाता हूं। व भाजपा पार्टी के सभी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति प्रदान करता हूं। डोगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बौद्ध समाज को टिकट मिलना अति आवश्यक हो गया है। सतनामी समाज में अभी तक भाजपा से हो या कांग्रेस से दोनो पार्टी सतनामी समाज को हो टिकट देती है। अभी तक सतनामी समाज से अलग अलग लोगो ने विधायक बना है। जैसे धनेस पाटिला, रामजी भारती, सरोजनी बंजारे, भुनेश्वर बघेल ये सभी लोग सतनामी समाज से विधायक बन चुके है। बौद्ध समाज से विनोद खांडेकर एक ही बार भाजपा पार्टी से विधायक रहा है। उसके बाद से डोगरगढ़ विधानसभा में सतनामी समाज का ही विधायक बनके लगातार सामने आ रहे है। एक बार बौद्ध समाज को मौका दिया जाना चाहिए सभी समाज के लोग मेरे साथ है। और मैं सभी लोगो का छोटा मोटा काम हमेशा करवाता रहता हूं। मैं अपने भाजपा पार्टी के कामों के प्रति पुरे तन मन धन से हमेशा काम करते आया हूं। मैं एक अकेला व्यक्ति 74 साल के उम्र में मोटर साइकिल में हमेशा भाजपा का झंडा बांधकर भाजपा पार्टी का लगातार प्रचार प्रसार करते आया हूं। और आगे भी करता रहूंगा रामेश्वर रामटेके ग्राम पंचायत पांडादाह के रहने वाले है। और वे भाजपा पार्टी के कई पदों पर आसीन रह चुके है। पूर्व में जनपद सदस्य भी रहे चुके है। और वे क्षेत्र के विकास में हमेशा अपनी बात अपने नेताओं तक लगातार पहुचाते रहते है। रामेश्वर रामटेके के साथ डोगरगढ़ विधानसभा में सभी समाज का समर्थन प्राप्त है। और एक बार भाजपा पार्टी मुझ पर विश्वास करके एक बार क्षेत्र की जनता का सेवा करने का मौका अवश्य देगी तो मैं उस पर खरा उतरने के लिए तैयार हूं।



## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक और महापौर के कार्यकाल में ...

वाले 3 किलोमीटर लंबी इस सड़क निर्माण कार्य में जहां मार्ग के दोनों ओर एक समान चौड़ाई नहीं रखी गई है तो वहीं दूसरी ओर डामरीकृत सड़क के किनारे उखाड़े गए फुटपाथ के बदले जो ढलाई की जा रही हैं उसकी थिकनेस बेहद कमजोर है ।

पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने गौरव पथ में किया जा रहे हैं चौड़ीकरण की उपयोगिता पर सवाल भी उठाये। उन्होंने कहा कि तत्कालीन महापौर सरोज पांडे के कार्यकाल में गौरव पथ सड़क जो कि पूरे प्रदेश में मॉडल के रूप में जाना जाता था उसे सड़क को विधायक अरुण वोरा ने झूठा श्रेय लेने भ्रष्टाचार की सोच के चलते तबाह कर दिया । उन्होंने कहा कि सड़क के बीचो.बीच लगाए गए रेलिंग की भी चालिटी भी सही नहीं है । पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने विधायक अरुण वोरा व महापौर बाकलीवाल पर सवाल उठाते हुए कहा है कांग्रेस सरकार लूट खसोट में व्यस्त है।

### नाबालिग से अनाचार...

थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी लगभग साढ़े 16 वर्ष की किशोरी 20 जुलाई 2021 को घर से लापता हो गई थी। जिसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस में दर्ज कराई थी। लापता किशोरी पुलिस महाराष्ट्र गोंदिया जिले के अर्जनी मोरगांव से 28 जुलाई को अनमोल कश्यप (26 वर्ष) के कब्जे से बरामद किया था।

### कांग्रेस ने मनाया...

अरूण वोरा, एवं वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे ने संबोधित किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दुर्ग आगमन की पूर्व सूचना के कारण राजवाड़ा पैलेस खचाखच भरा था किंतु ऐन मौके पर वे नहीं पहुंचे। इससे लोगों को बड़ी निराशा हुई। बताया कि दिल्ली से आई किसी सूचना के कारण वे दुर्ग नहीं पहुंच सकें।

### महेश नगर में इस वर्ष भी...

चरितमानस के नवधा पारायण रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया है। जिसमें प्रतिदिन दो से ढाई हजार की संख्या में श्रद्धालु एक साथ रामायण का पाठ करेंगे।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी जन्मोत्सव पर 7 सितंबर को प्रातरू 6 बजे प्रभातफेरी, 7 बजे मंगला आरतीए 8.30 बजे महाअभिषेक, 9.30 बजे ध्वजारोहणए सुबह 11.15 बजे 56 भोग, दोपहर 12.30 बजे से भक्तों के लिए फलाहारी, संध्या 5 बजे से रास गरबा का आयोजन किया गया है। रात्रि 12 बजे मध्य रात्रि को प्रभु श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 7 सितंबर को ही रात्रि 8.30 बजे से वृंदावन के प्रसिद्ध भजन गायक जतिन अग्रवाल और धीरज बावरा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। जन्माष्टमी उत्सव के अंतिम दिन 9 सितंबर को प्रात: 10 बजे से मंदिर में सुंदरकांड एवं सवामणि ;श्री हनुमान जी का आयोजन भी किया गया है। श्री राठी ने श्रद्धालुओं से समस्त धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

मीडिया से चर्चा के दौरान राधाकृष्ण मंदिर उत्सव समिति के पदाधिकारीगण सुरेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र राठी, मनोज राठी, राधेश्याम चांडक, विक्रम लाखोटिया, रामदेव टावरी, अतुल तिवारी, शिव पालीवाल, मुकेश राठी, रवि देवांगन, राजू अग्रवाल उपस्थित थे।

### भाजपा के सामने मछुआरा समाज ने...

समन्वय समिति प्रांतिय प्रवक्ता एवं संभाग अध्यक्ष बस्तर से कोमल देव निषाद, निषाद समाज कवर्धा से प्रदीप केवर्त, छग निषाद समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आनंद निषाद एवं प्रदेश पूर्व महासचिव बोधीराम निषाद, दुर्ग जिला निषाद समाज संगठन जिला दुर्ग के सह सचिव ओम प्रकाश निषाद मोहलाई, भिलाई मडोदा क्षेत्र से चोवा राम निषाद, नारद निषाद एवं मछुआरा समाज प्रदेश के भारी संख्या में पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

### माता-पिता वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण ...

प्रतिभागियों को उक्त एक्ट की स्थापना माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों को दिलाने हेतु होना बताते हुए, आज माता-पिता व वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकार से वंचित होने को समाज के बदलते स्वरूप को जिम्मेदार होना बताते हुए कहा गया कि समाज/घर में अधिकांश लोग आज किस ओर जा रहे हैं उनकी भूमिका समाज/घर में क्या होनी चाहिए ये समझने वाला कोई नहीं है। हमें इसी बात को आमजनों/समाज के लोगों को समझाना है कि समाज/घर में उनकी भूमिका क्या होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में उपस्थित ट्रिब्यूनल के प्रतिभागियों /अधिकारियों को उक्त अधिनियम के तहत ट्रिब्यूनल में संपादित होने वाले कार्य संपादन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उक्त एक्ट के तहत पुलिस विभाग व चिकित्सा विभाग तथा अन्य विभागों की मदद कैसे ली जा सकती है के बारे में बताया गया तथा उपस्थित पैरालीगल वालेन्टियर्स को संबंधित अधिनियम के तहत उनकी भूमिका क्या होनी चाहिए के बारे में बताते हुए उन्हें वरिष्ठ नागरिकों की हरसंभव मदद करते हुए तथा उन्हें उनके अधिकार दिलाने में विधिवत आवश्यक रूप से सहायता प्रदत्त करने प्रेरित करते हुए कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को उनके द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों का विधिनुरूप समुचित उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

रिसार्स पर्सन विवेक नेताम, नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 दुर्ग द्वारा अपने उद्बोधन में ''माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007'' के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उक्त अधिनियम की धारा 4, 7, 10 धारा 11 एवं धारा 11(2), धारा 12, 15, 16, 23, 19, 20, 24 27 एवं धारा 34 की विस्तार से व्याख्या की गयी।

कु. पॉयल टोप्पो, षष्ठदश व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 दुर्ग, ने अपने उद्बोधन में उपस्थित प्रतिभागियों को संबंधित अधिनियम की धारा 32 के बारे में बताते हुए उक्त अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के नियमों के बारे में बताते हुए कहा गया कि तत्संबंध में मामला ट्रिब्यूनल में प्रस्तुत किया जा सकता है तथा ट्रिब्यूनल में मामला प्रस्तुत होने उपरांत उसके निराकरण की प्रक्रिया क्या होगी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

### छत्तीसगढ़ ओलंम्पिक ...

लाने के साथ राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़िया खेलों को भी आगे बढ़ाने का काम किया है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन पहली बार इसी मंशा से किया गया जिसे भारी जनसमर्थन देखने को मिला। इस ओलंपिक की खास बात यह रही कि महिलाओं ने इसमें बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें ऐसी महिलाएं भी शामिल है, जो शादी के बाद ससुराल चली गई थी, उन्हें भी अपनी जड़ों से जुड़ने का मौका इस ओलंपिक ने दिया है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बच्चे और युवाओं के साथ खेल मैदान से नाता तोड़ चुके बुजुर्गों ने भी पूरे जोशो.खरोश के साथ भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन कर लोगों को दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर कर दिया।

ओलंपिक में बच्चे से लेकर 62 साल के बुजुर्ग भी शामिल हो रहे हैं। दौड़ में भीम और प्रवीण, शौयब खान, आरती शुक्ला, ,गिल्ली डंडा रोहन गुप्ता, देव कुमार, डोनेश्वर निषाद और नवीन निषाद, बिल्लस में कल्पना स्वामी , सांखली लिकेश्वरी निषाद, करुणा और लक्ष्मी, बांटी में प्रधान श्रीवास्तव, यश चन्द्राकर, दक्ष चन्द्राकर और कृष्णा चन्द्राकर, गेड़ी शैल किरण शुक्ला, शैलेन्द्र ठाकुर, हर्ष चन्द्राकर, समर्थ नायडू, शौयब खान सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहें। इस ओलंपिक में बच्चे से लेकर 62 साल के बुजुर्ग भी शामिल हो रहे हैं। ये खिलाड़ी नगर निगम स्तर से अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए निगम स्तर पर विजेता बनकर उभरे और अब नगरी क्लस्टर स्तर नगर निगम भिलाई में होगा और राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखायेंगे।

### साइंस कॉलेज में ...

एवं बलिदान का उल्लेख करते हुए छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है।

इस अवसर पर हेमचंद यादव वि.वि. के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर.पी.अग्रवाल, डॉ. विनय शर्मा, सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक प्रदीप थापा ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रजनीष उमरे, डॉ. आषा सोनी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के विद्यार्थी उपस्थित थे जिनमें कार्यक्रम को सफल बनाने में मृदुल निर्मल, खुमेंद्र एसत एक, मोरध्वज, सुशील, पोखराज, भारती वर्मा, आंचल, निमेश देवांगन एवं पूरन पटेल का महत्त्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ! कार्यक्रम का संचालन छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. मीना मान ने किया।

### पुलिस प्रशासन के नकारात्मक रवैये ...

समस्या से अवगत कराया गया तो एडिशनल एसपी द्वारा समस्या का समाधान करने के बजाय रात को 8 बजे तक किसी भी प्रकार से ढील नही दे सकने की बात कहते नजर आए। बालोद पुलिस द्वारा व्यवस्था के नाम पर बीते दो दिनों से जिस तरह आम लोगो की समस्याओं को भी नजरअंदाज करते दिखी है इससे आम लोगो मे काफी आक्रोश नजर आ रहा है दूसरी तरफ शिवमहापुराण के दौरान इस अव्यवस्था पाररास के आसपास स्कूली वाहन भी बंद चुका है जिसके चलते अधिकांशत: बच्चो की स्कूल भी बंद कर दी गई है। लेकिन इन गंभीर समस्याओं पर आयोजन समिति के जिम्मेदार भी किसी तरह का कोई प्रतिक्रिया नही दिए। समिति के अध्यक्ष भगवती मोहित साहू को भी कई बार कॉल कर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन लोगों की समस्या से बेखबर और अपनी भक्ति में लीन जिम्मेदार आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा काल का भी जवाब नही दिया गया। वंही वर्तमान सरकार पत्रकारों की सुरक्षा की बात करती है तो दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस पत्रकारों से हुज्जतबाजी करने में कोई कसर नही छोड रहे है। वंही स्थानीय विभाग प्रमुख अधिकारियों की गाड़ियां कथा स्थल तक अपने विभागीय अधिकारी के परिजनों को लाने ले जाने में व्यस्त तो दूसरी ओर सरकारी कार्य ध्वस्त।

ज्ञात हो कि शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं प्रदीप मिश्रा के मणीलिंग शिवपुराण कथा के दौरान दर्शक दीर्घा का जन सैलाब उमड पड़ा। जिसके चलते जुंगेरा रानीतराई स्थित कथा स्थल पर पंडाल छोटा पड गया। इस दौरान प्रवचन कथा प्रारंभ होने के पूर्व ही दोपहर में कथा श्रवण करने वाले लगभग 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुगण गर्मी उमस व धूप के बीच खुले आसमान के नीचे श्री मिश्रा जी का मणीलिंग शिवपुराण कथा सुनते नजर आए। तो कुछ लोगों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि यंहा आम पब्लिक के लिए आयोजन समिति के द्वारा सही ढंग से बैठने के लिए पंडाल की व्यवस्था नही की गई है। जिसके कारण गर्मी उमस का सामना करते हुए धूप में खुले आसमान के नीचे बैठकर कथा सुनना पड रहा है। वंही दूसरी ओर मार्ग में अत्यधिक भीड होने व पुलिस प्रशासन के द्वारा सकारात्मक रूप से सहयोग नही मिलने के चलते स्कूल में अध्यापनरत बच्चे स्कूल जाने से वंचित होने लगे है। पुलिस प्रशासन भी आम जनता की मजबूरी परेशानियों को नजरअंदाज करने में कोई कसर नही छोड रहे है। भागवत कथा सुनना आम जनता की श्रद्धा का भाव है। परंतु आमजनता के जीवन से जुडी जरूरी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाना भी आवश्यक है। यदि यही स्थित रही तो भागवत कथा का समय अभी बाकी है ऐसे में किसी व्यक्ति की मजबूरी व परेशानियों को नजरअदाज किया जाता है तो गंभीर व बीमार मरीज को अनेक समस्याओं का सामना करना पड सकता है। लेख है कि पुलिस प्रशासन आम जनता के हित के लिए व्यवस्था बनाए इसमें कंही कोई दिक्कत की बात नही है। परंतु जरूरी व आवश्यक भौतिक चीजों के लिए दोपहिया वाहन से आने जाने पर व समस्या बताने पर भी नजर अंदाज किया जाना गंभीर विषय है। जिस पर जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन का समय रहते आवश्यक दिशा निर्देश व्यवस्था बनाने के लिए जारी किया जाना आम जनता के लिए न्यायोचित होगा।

# भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने निष्क्रियता पर घेरा विधायक अकबर को

**कवर्धा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में कवर्धा पहुंची भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने प्रेस से बात करते हुए कहा कि कवर्धा जैसी महत्वपूर्ण विधानसभा के विधायक और मंत्री मो. अकबर ने क्षेत्र के विकास के लिए कोई कार्य किया नहीं किया. उन्होंने सिर्फ एक वर्ग विशेष को बढ़ावा देने का काम किया. छत्तीसगढ़ में शराबबंदी की आवश्यकता नहीं होने वाले बयान को लेकर कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को घेरते हुए कहा कि चुनाव से पहले हाथ में गंगाजल लेकर कांग्रेस ने प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था लेकिन सरकार के पांच साल पूरा होने को है, आज प्रदेश कांग्रेस प्रभारी का ऐसा बयान कांग्रेस की वादाखिलाफी को दिखाता है. उन्होंने महादेव एप को लेकर सरकार और मुख्यमंत्री को जोरदार ढंग से घेरते हुए कहा कि ईडी की कारवाई के बाद जितने बदहवास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिख रहे हैं, उससे साफ समझ में आ रहा है कि इन तमाम घोटालों का किंगपिन और पॉलिटिकल मास्टर कौन है। इतने बदहवास तो मुख्यमंत्री तब भी नहीं दिखे थे जब उनकी नजदीकी उप सचिव जेल गयी थी।

सुश्री सरोज पांडे ने कहा कि ईडी ने यह कार्रवाई तब शुरू की जब छत्तीसगढ़ पुलिस ने सबसे पहले महादेव बुक एप की ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की हालांकि यह भी सबको मालूम है कि यह एफआईआर असल मुजरिमों को बचाने और कार्रवाई के नाम पर लीपापोती के लिए दर्ज की गई थी इसके पहले विशाखापटनम पुलिस ने भी इस नेटवर्क के खिलाफ विस्तृत जांच की थी जिसमें इस गिरोह के काम करने के तौर तरीकों और हजारों करोड़ के बेनामी लेन-देन का भंडाफोड़ किया गया था। सभी एफआईआर से मनी लांड्रिंग की बू आ रही थी और आईपीसी की धारा के तहत मनी लांड्रिंग की जांच राज्य पुलिस नहीं कर सकती सिर्फ केन्द्रीय एजेंसी कर सकती है। तो श्री बघेल को आपत्ति क्यों आंध्रप्रदेश में भी इसी मामले में कार्रवाई को लेकर वहां के मुख्यमंत्री ने कोई हो हल्ला नहीं मचाया।



■ महादेव एप, मुख्यमंत्री, दुर्ग-भिलाई का आपसी संबंध क्या है

ईडी की कार्यवाई छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश पुलिस दर्ज स्नढ्ढक्र की बुनियाद पर की जा रही है। और ईडी की अब तक की जाँच के मुताबिक सट्टे का यह नेटवर्क हजारो करोड़ रूपये का है।

सट्टेबाजों के हौसले इतने बुलंद थे कि बाकायदा पूरे-पूरे पेज का विज्ञापन जारी कर ये अपना यूजर बढ़ा रहे थे, एक तरह से प्रदेश और शासन को मूंह चिढा रहे थे। प्रदेश के युवाओं की गाढ़ी कमाई विदेशों में भेजी जा रही थी और बजाय अपराधियों पर कारवाई के शासन-प्रशां से जुड़े लोग कमीशन खाने में व्यस्त थे।छत्तीसगढ़ के गरीब और भोले भाले युवाओं को ऑनलाइन जुए की लत लगाकर इस बेदर्दी से संस्थागत लूट की जितनी निंदा की जाय, वह कम है।

इस महीने की 10 तारीख को गुढ़ियारी पुलिस द्वारा दर्ज मामले में पता चला है कि किस तरह इस गिरोह के लोग भोलेभाले लोगों के आधार कार्ड और दस्तावेज हासिक करके फर्जी बैंक खाते खुलवा रहे थे और इन खातों के जरिये करोड़ों का अवैध लेन-देन किया जा रहा था। अनेक बेनामी खाते और चेकबुक का भी दुरुपयोग किया गया है। सुश्री सरोज पांडे ने कहा कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए एएसआई चंद्रभूषण वर्मा ने अपने बयानों में स्पष्ट किया है कि वह मुख्यमंत्री कार्यालय के शक्तिशाली अधिकारियों और महत्वपूर्ण राजनीतिज्ञों को महादेव एप्प के संचालकों से वसूले गए करोड़ों रुपए प्रोटेक्शन मनी के रूप में देता रहा है। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, विधान सभा प्रभारी राजेंद्र वैष्णव, अनिल ठाकुर, जसविंदर बग्गा, राजेंद्र चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी, बरसाती वर्मा, बिरेंद्र साहू, भरत बनसे, राजकुमारी साहू सहित पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बालोद विधानसभा भाजपा प्रत्याशी के चयन प्रक्रिया के लिए पहुंचे पर्यवेक्षक भरत मटियारा

**बालोद,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सरगामी तेज है एक और जहां प्रदेश में भाजपा, कांग्रेस पार्टी से दो कदम आगे बढ़कर 21 विधानसभा प्रत्याशियों की घोषणा प्रदेश में कर चुकी है एवं भाजपा से 69 सीट के लिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए सभी शेष विधानसभा में विधानसभा कोर कमेटी एवं वरिष्ठ जनों से विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा सलाह एवं प्रत्याशी के चयन हेतु नाम पर विचार विमर्श हेतु विधानसभा कोर कमेटी की बैठक रखी गई है इसी क्रम में संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 हेतु प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार कोर कमेटी की बैठक भाजपा कार्यालय बालोद में रखी गई जिसमें कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी भी सामील हुए एवं विस्तार पुर्वक अपनी बातों को रखे पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य भरतलाल मटियारा पहुंचे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो छोटे से छोटे कार्यकर्ता को विधायक, सांसद बनती है इसी क्रम में मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को बालोद विधानसभा के पार्टी पर्यवेक्षक के रूप में भेजा है मैंने सभी विधानसभा कोर कमेटी के सदस्यों एवं वरिष्ठों से एक एक नाम पर चिंतन मनन किया गया भारतीय जनता पार्टी चुनाव में कैसे जीते बीजेपी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनाना है अत: संजारी बालोद विधानसभा में चुनाव जीतने पार्टी हित में कौन सा कार्यकर्ता उपयुक्त रहेगा कौन जीतेगा इसकि जानकारी इकट्ठा कर दिया गया है। अच्छी बात यह है कि पार्टी मे सभी ने कहा कि जिसका भी नाम पार्टी सर्वे में आया हो उसको हम सभी लोग मिलकर जीताएंगे इस बार भाजपा जिले के तीनों सीट जीतेगी और छत्तीसगढ़ में सरकार भाजपा की बनेगी इस अवसर पर संजारी बालोद विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के नेता जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, विधानसभा प्रभारी प्रीतेश गांधी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, कुमारी मदन साहू, वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, राकेश यादव, छगन देशमुख, चमन लाल साहू, यादव राम साहू, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, राकेश यादव जिला मंत्री शरद ठाकुर, नरेश साहू, प्रेम लता साहू, किर्तिका साहू, दिपा साहू, शाहिद खान, प्रेम साहू, कौशल साहू, आदित्य पिपरे, अकबर तिगाला, मुरली राज यादव सहित लोकेश श्रीवास्तव, कमल पनपालिया, राजिव शर्मा, संजय साहू, सतानंद साहू, विरेन्द्र साहू, संतोष साहू, पार्थ साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कृषि केंद्रों का किया जा रहा है निरीक्षण

**बेमेतरा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। खरीफ सीजन में समय पर खाद, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में जिला प्रशासन सख्त है। इसी कड़ी में उप संचालक कृषि जिला बेमेतरा मोरध्वज डड़सेना के निर्देशा 23 एवं 24 अगस्त 2023 को नवागढ़ ब्लॉक में संचालित विभिन्न कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सतगुरू कृषि केंद्र रनबोड़ ब्लॉक नवागढ़ में अनुविभागीय कृषि अधिकारी बेमेतरा रिती तिवारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नवागढ़ आर.के.चतुर्वेदी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अश्वनी मांडले बीटीएम रूपेश पटेल की संयुक्त टीम द्वारा उपरोक्त कृषि केंद्र में पाया गया कि संबंधित केंद्र के द्वारा बिना वैध लाइसेंस के उर्वरक एवं कीटनाशकों का अघोषित गोदाम में भंडारण कर विक्रय किया जा रहा है, जो कि कीटनाशी अधिनियम 1968 व 1971 तथा उर्वरक नियंत्रण (आदेश) 1985 के विभिन्न प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। अत: तत्काल कार्यवाही करते हुए खाद कीटनाशक को जब्त कर दुकान एवं गोदाम को सील कर दिया गया है तथा उक्त केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तत्पश्चात कार्यवाही की अगली कड़ी में ग्राम - मुरकुटा में संचालित मेनस कृषि केंद्र ,वैष्णव कृषि केंद्र , विक्रम कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया जहां बिना वैद्य प्रिंसिपल सर्टिफीकेट के कीटनाशकों का विक्रय एवं स्टॉक मे असमानता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



साथ ही निरीक्षण के दौरान बिल , स्टॉक एवम् अन्य अभिलेख संधारण में अनियमितता पाए जाने पर सोनी कृषि केंद्र संबलपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# किसानों के लिए संजीवनी बनी 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना'

■ धान के अलावा दूसरी फसल की खेती कर रहे किसान

■ किसान एन कुमार धान के अलावा दूसरी फसल पैदा कर आय में कर रहे बढ़ौतरी

**बेमेतरा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किसानों के लिए शुरू की गई राजीव गांधी किसान न्याय योजना के चलते किसान अब धान के बदले दूसरी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित हो रहे है, कुछ समय पहले तक छत्तीसगढ़ के किसान धान की फसल के अलावा दूसरी फसलों के बारे में सोचते भी नहीं थे। यह योजना किसानों के लिए शासन की महत्वकांक्षा योजना में से एक है द्य इसी क्रम मे हम बात कर रहे हैं बेमेतरा जिले के विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत पतोरा निवासी श्री एन कुमार साहू की द्य एन कुमार बताते हैं की इनके द्वारा कुल 2.06 हेक्टेयर जमीन में कृषि का कार्य किया जाता है। योजना से पूर्व कृषक द्वारा केवल धान की खेती की जाती थी। परंतु शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू होने के पश्चात् कृषक के द्वारा 1.60 हेक्टेयर में पपीता एवं सब्जी तथा केवल 0.42 हेक्टेयर में धान की खेती की जाती है। धान की खेती से अन्य फसलों की खेती हेतु प्रोत्साहन राजीव गांधी किसान न्याय योजना से प्राप्त हुआ। कृषक को कुल 69000 रुपये शासन के द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना से प्राप्त हुआ है। कृषक बताते हैं की धान के अलावा दूसरी फसल अपनाने से उनकी आय में वृद्धि हुई हैं एवं फसल चक्र होने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति में भी वृद्धि हुई है। साथ ही साथ खेती की वैज्ञानिक विधियों को किसानों के द्वारा अपनाया जा रहा है। जिससे कृषक के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में सुधार हुआ है। कृषक के द्वारा शासन को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा की छत्तीसगढ़ में किसानों को उनकी उपज की सही कीमत दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना सफल है।



# क्रेशर खदान में काम के दौरान महिला की मौत

**खैरागढ़,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक मुख्यालय से तकरीबन 10 किलो मीटर की दूरी पर स्थित खैरागढ़ मिनरल्स बलदेवपुर के नाम से संचालित क्रेशर खदान में काम करने वाली महिला की हुई मौत गांव के ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार मृतिका का नाम बिरजा बाई चंदेल पति बंशीराम चंदेल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कलकसा का रहने वाली है। बिरजा बाई चंदेल विगत 3 वर्षो से क्रेशर खदान में काम करती थी। परिवार का पालन पोषण कर अपना घर परिवार चलाती थी। बिरजा बाई रोज की तरह क्रेशर खदान में काम करने के लिए गई थी। खैरागढ़ मिनरल्स बलदेवपुर क्रेशर खदान में सुरक्षा की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण महिला की हुई मौत यह घटना 25 अगस्त शुक्रवार की 3.30 बजे की बताई जा रही है। क्रेशर खदान में काम करने वाले अन्य मजदूरों ने महिला को मरकामटोला अस्पताल लेकर गए थे। मृत महिला को उसके घर रात्रि में 7.30 बजे उसके घर में छोड़कर वापस आ गए इस दौरान महिला की घर में उसकी अकेली बेटी सरिता मौजूद थी। मृतिका बिरजा बाई के पति व उसका पुत्र तेलंगाना हैदराबाद कमाने खाने के लिए गए हुए थे। महिला की मौत की खबर उसके पति को अन्य ग्रामीण के द्वारा दी गई। जिसके बाद परिजन दूसरे दिन अपना गांव कलकसा पहुचे गए मृतिका का पोस्टमार्टम डॉ. प्रवीण सिंह परिहार के द्वारा किया गया है। खैरागढ़ पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया है। क्रेशर मालिक के द्वारा अभी तक मृत महिला का अता पता भी नही किया गया है। और न ही किसी प्रकार का कोई आर्थिक सहयोग भी नहीं किया गया है। खैरागढ़ मिनरल्स क्रेशर खदान को तीन लोगो के द्वारा मिलकर चलाया जाता है। नाम इस प्रकार है। अनिल गुहा, राहुल मस्करे, अजय मसीह के द्वारा तीनो मिलकर इस बलदेवपुर खदान को संचालित किया जा रहा है।



■ परिजनो ने क्रेशर मालिको के ऊपर लगाया आरोप

■ मृतिका बिरजा बाई का क्रेशर मालिको ने अभी तक नही ली सुध

*थाना निरीक्षक राजेश देवदास ने बताया कि मृतिका का पंचनामा बनाकर मामला पंजीबद्ध कर लिया है। फिर हाल पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर उचित कार्यवाही की जायेगी*

*राजेश देवदास थाना निरीक्षक खैरागढ़*

*सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण सिंह परिहार ने बताया की मृतिका का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो जायेगा*

*डॉ. प्रवीण सिंह परिहार सिविल सर्जन खैरागढ़*

# गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष राजा खड़ग राज सिंह आप पार्टी में शामिल हुए

**सहसपुर लोहारा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। सहसपुर लोहारा रियासत के जमींदार, गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एवं नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजा खड़ग राज सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द केजरीवाल के समक्ष आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी एवं आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष रानी आकांक्षा देवी सिंह के साथ पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी उपस्थिति रहे। अपनी ईमानदारी, दयालुता और उसूलो के पक्के राजा खड़ग राज सिंह एक सर्वहारा वर्ग के नेता के रूप में जाने और पहचाने जाते है जहाँ उनका आदिवासी समाज में प्रदेश स्तर पर अच्छी खासी पकड़ है वही वो कवर्धा जिले में पिछड़ा वर्ग में भी बहुत सम्मान से देखे जाने वाले व्यक्तित्व है जिसका बहुत बड़ा फायदा आम आदमी पार्टी को मिलेगा। वो भ्र्ष्टाचार, अत्याचार, भेदभाव और गरीब, मजदूर, किसान की आवाज के लिए हमेशा अडिग खड़े रहने वाले व्यक्ति है जिससे आमजनता में उनकी छवि एक दमदार नेता के रूप में बन चुकी है। राजपरिवार से होने और धन बल से मजबूत होने के बाद भी एक आम आदमी भी उनसे बड़ी बेबाकी से बात कर अपनी समस्या बता सकता है। उन्होंने अपने महल को आमजनता के विश्वास के केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी सफल रहे है। राजा खड़ग राज सिंह का आम आदमी पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों को बराबर का नुकसान वो आसानी से पहुंचाएंगे। राजा खड़ग राज सिंह के ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता की जब पिछले वर्ष विश्व मूल निवासी दिवस के अवसर पर जो हजारों का जन सैलाब उनके बुलावे पर सहसपुर लोहारा पहुंचा था वैसा जन सैलाब आज तक इस इस जिले में देखने को नहीं मिला है। राजा खड़ग राज सिंह ने आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की मै जिस सोच, जिस उसूल और जो कार्य अपने लोगो के लिए करना चाहता हूँ वही कार्य आम आदमी पार्टी पूरी ईमानदारी के साथ कर रही है जो देश की स्थिति बाकि राजनितिक पार्टियों ने कर दी उसमें सुधार और इस देश को सही राह पर केवल आम आदमी पार्टी एवं उसके नेता ही ला सकते है इसी कारण से लोग अब इस पार्टी को आशा की निगाह से देख रही है। राजा खड़ग राज सिंह ने कहा की आम आदमी पार्टी में जो देश सेवा और देश के नवनिर्माण में अपना योगदान देना चाहते है वो लोग लगातार जुड़ रहे है और मेरा भी लक्ष्य सबको सम्मान, सबका विकास का रहा है इस लिए मुझे किसी पद की लालसा ना कभी थी ना कभी रही मै एक कार्यकर्ता की हैसियत से पार्टी में जुड़कर पार्टी को मजबूत करने में अपना योगदान दूंगा।



# जनसंपर्क विभाग द्वारा तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी एवं कला जत्था के माध्यम से दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी

■ नवीन मार्केट में चला तीन दिनों तक शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार

**बेमेतरा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा प्रदेश सहित जिले में अनेक जन कल्याणकारी और लाभार्थी योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं और उसका लाभ लोगों को मिल रहा है। इन जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिले और उसे सभी योजनाओं की जानकारी भी हो, इसके लिए जिले में कलाजत्था के माध्यम से गांवों मे प्रचार प्रसार किया जा रहा है। स्थानीय भाषा में लोगों को समझाया और बताया जा रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के नविन मार्केट में कलाजत्था एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से शासन की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। आज शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार का अंतिम दिन था और सफलता पूर्वक संपन्न हुआ प्रदर्शनी में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई ।

छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जो कार्य किया है, वह भरोसेमंद और सराहनीय है। जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अलावा महिला सशक्तीकरण को बेहद आसान शब्दों में परिभाषित किया गया गया है। जिससे वह अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं ले सकती है और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती है। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के साथ उन्हें सक्षम बनाना भी बताया गया है। युवा शक्ति को भी बखूबी बताया गया है।



प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा पिछले पौने पांच साल में हासिल की गई उपलब्धियों की भी जानकारी मिल रही है। स्कूली बच्चे और आम नागरिक इस प्रदर्शनी की सराहना कर रहे हैं। छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जो कार्य किया है वह भरोसेमंद और सराहनीय है। प्रदर्शनी देखने आये आस -पास के लोगो ने कहा कि राज्य शासन द्वारा चलाया जा रहा जनकल्याणकारी योजनाए लोगो के लिए लाभप्रद है । बेरोज़गारी भत्ता शिक्षित बेरोज़गारों जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है उनके परिवार के के लिए बहुत राहत मिली है। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गयी राजीव गांधी किसान न्याय योजना और राजीव युवा मितान क्लब योजना की प्रशंसा की। बड़ी स्क्रीन (एलईडी) के ज़रिए राज्य शासन की चल रही सॉफ़्ट स्टोरी और स्पॉट फ़िल्म से योजनाओं को सरलता से समझ रहे है। लोगों को प्रदर्शनी देखकर उन्हें राज्य शासन द्वारा पढ़े-लिखे बेरोजगारों युवाओं के लिए संचालित योजनाओं के साथ ही श्रमिक कल्याण योजनाओं की भी जानकारी मिली है। प्रदर्शनी से निश्चित ही बहुत सारे बेरोजगार युवाओं को जानकारी मिली है। हमें उम्मीद है कि वे शासन के इन योजनाओं का लाभ जरूर लेंगे।

फोटो प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर, मासिक पत्रिका जनमन, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया गया और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरुवा अउ बारी के क्रियान्वयन, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, गोधन न्याय योजना, आदर्श गौठान, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, बिजली बिल हाफ योजना, मनरेगा, राम वन गमन पथ, राजीव गांधी न्याय योजना, अल्पकालीन कृषि ऋष्ण माफ, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीडीएस, कृषि विभाग के विभिन्ना जनकल्याकारी योजनाओं से संबंधित छायाचित्र के माध्यम से जानकारी दी गयी।

# ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा हमेशा समाज सेवा में तत्पर



**बेमेतरा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। 25 अगस्त को क्षितिस रेस्टोरेंट में लिनेश क्लब के द्वारा मंथली मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें आय व्यय की जानकारी दी गई। और और आगामी होने वाले कार्यक्रम के रूपरेखा बनाई गई। और साथ ही साथ हरियाली तीज का आयोजन किया गया। हरियाली तीज के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विशेष खेल का आयोजन महिलाओं के द्वारा किया गया। हरियाली तीज में क्वीन लीनेस शशि तिवारी चुना गया।। उपस्थित अध्यक्ष विनोद राघव, डॉक्टर निधि बनाफर सह सचिव, उमा तिवारी, निम्मी पटेल, नकलता मिश्रा, मुमताज रवानी, वंदना हिंगोले।

# मूर्धन्य कलाकारों के गांवों में प्राधिकरण से स्मृति भवन नादिया, चारभाठा व खुर्सीपार में लोकार्पण व भूमिपूजन





■ सर्वसमाज को मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयासरत विधायक

**डोंगरगांव,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विकासकार्यों के लिए भूमिपूजन व लोकार्पण संपन्न हुआ। विधायक निधि एवं अपिव प्राधिकरण से स्वीकृत कबीरमठ नादिया में बैरागी वैष्णव सामाजिक भवन, खुर्सीपार में हल्बा समाज, विश्वकर्मा समाज एवं चारभाठा में पटेल समाज भवन हेतु भूमिपूजन सहित खुर्सीपार में साहू समाज भवन व चारभाठा में महिला भवन, व्यावसायिक परिसर व मुक्तिधाम का लोकार्पण हुआ।

बड़गांव चारभाठा में भूमिपूजन व लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक एवं छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ावर्ग विकास क्षेत्र प्राधिकरण अध्यक्ष दलेश्वर साहू के साथ अन्य अतिथि शामिल हुए थे। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू ने कहा बुजुर्गों व युवाओं को आपस में ग्राम के देवी देवताओं के साथ ही धार्मिक महत्व की जानकारी आदान प्रदान करते रहने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को कम से कम अपने गांव में चारो ओर विराजमान देवी देवताओं व उनके प्रतीकों के नाम की जानकारी होने से स्थानीय धार्मिक संस्कृति सिंचित होती है।

खुर्सीपार में लोकार्पण समारोह में विधायक ने कहा कि उन्होंने ओबीसी प्राधिकरण से सभी समाजों को अग्रिम पंक्ति में लाने संसाधन फंड मुहैया कराई है। लोककला व संस्कृति के सँरक्षण हेतु मूर्धन्य कलाकारों के स्मृति को संजोए रखने रवेली, बारूका सहित जिले सहित राज्य के अन्य हिस्सों में भी फंड उपलब्ध कराते स्मृति भवन इत्यादि हेतु फिक्र की है। उन्होंने कहा कि उनके सोच के आधार पर ही मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य में सर्वसमाजों के लिए ओबीसी प्राधिकरण की बागडोर दी थी। जिससे उन्होंने साहू, देवांगन, यादव, पटेल, विश्वकर्मा समाज हेतु संसाधन जुटाए हैं। कार्यक्रम में अन्य अतिथि ने विधायक द्वारा सर्वसमाज हेतु किये गए कार्यों को गिनाते हुए कार्यशैली को अनुकरणीय बताया।

# पं. किशोरी लाल शुक्ला विधि महाविद्यालय में चंद्रयान 3 पर पोस्टर सेमिनार आयोजित



**राजनंदगांव,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। राजनंदगांव विज्ञान के क्षेत्र में भारत सबसे बड़ा सिरमौर बन गया है देश के लोग चंद्रयान 3 के अपनी कक्षा में उतरने पर गौरवित महसूस कर रहे हैं 1.412अरब से ज्यादा की जनसंख्या वाले हमारे भारत में वह कर दिखाया जिसका डंका विश्व में बज रहा है चंद्रयान-3 के चंद्रमा में पहुंचने पर और उसके 14 दिन लगातार कक्षा में रहकर वह सारे काम करना है जिससे आने वाले समय में चंद्रमा से देश के विकास में एक नई दिशा तय होगी चाहे खनिज के क्षेत्र में हो चाहे भूविज्ञान के क्षेत्र में हर तरफ इससे विकास को बल मिलेगा इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 के लिए जो मेहनत की उसके लिए निश्चित थी भारत के तमाम लोग उन वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दे रहे हैं और इसी विषय को लेकर विधि महाविद्यालय राजनंदगांव में भी प्राचार्य डॉक्टर अलका चौहान के दिशा निर्देशन पर चंद्रयान 3 पर एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें विधि के छात्रों ने चंद्रयान-3 की सफलता और उसके महत्व को लेकर पोस्टर तैयार कराया गया था विधि विद्यालय के छात्रों ने इसमें बढ़कर हिस्सा लिया और इसमें विधि महाविद्यालय के प्रथम वर्ष से विधि के फाइनल ईयर के छात्रों ने भी इसमें अपने हिस्सेदारी और सेमिनार के माध्यम से उन्होंने पोस्ट तो बने ही उसकी उपयोगिता को लेकर भी उन्होंने अपने विचार भी व्यक्त किए कार्यक्रम का सफल संचालन प्राचार्य अलका चौहान के निर्देशन पर अधिवक्ता आदित्य श्रीवास्तव अधिवक्ता मैडम चांदनी गुप्ता और अधिवक्ता अतुल सोनी सर के साथ विद्यालय के समस्त स्टॉफ और विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन रहा है।

# आईबी ग्रुप ने तिलोई, अमेठी उत्तर प्रदेश में किया नए पोल्ट्री फीड प्लांट एवं हैचरी का शुभारम्भ



**राजनांदगांव,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। 160 करोड़ के निवेश से 600 टीडीपी की उत्पादन क्षमता और 3 लाख ब्रॉयलर चिक्स के साथ आई.बी. ग्रुप पूरी करेगा नॉर्थ रीजन की पोल्ट्री डिमांड ।

आई.बी. ग्रुप ने आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने के क्रम में एबिस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्रा0 लि0 द्वारा आज दिनांक 25.08.2023 को अमेठी के नवखेड़ा ग्राम में अत्याधुनिक तकनीकों से लैस पोल्ट्री फीड प्लान्ट का भव्य उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती स्मृति ईरानी , सांसद अमेठी, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मंत्री, भारत सरकार, मयंकेश्वर शरण सिंह, विधायक - तिलोई, राज्य मंत्री चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन, बहादुर अली संस्थापक एवं प्रबंध निर्देशक आई.बी. ग्रुप एवं जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति थे ।

आई.बी. ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बहादुर अली एवं संस्थापक एवं चेयरमेन सुल्तान अली ने प्लांट की स्थापना इस सोच के साथ की है कि राज्य विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बने और निकट क्षेत्र के उद्यमियों के लिए एक उदाहरण के तौर पर उभरे। अमेठी जिले में स्थापित किये गए इस अत्याधुनिक पोल्ट्री फीड प्लांट एवं हैचरी से क्षेत्र एवं निवासियों को निम्न लाभ होगा-

प्लांट के सुचारू संचालन के लिए सभी सहायक उद्योग बनाए जाएंगे, उद्यमी बनाए जाएंगे जिससे रोजगार सृजन होगा। आईबी ग्रुप द्वारा 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्ति तथा आर्थिक उत्थान । आईबी ग्रुप द्वारा 2,500 से अधिक लोगों के लिए अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होगा उत्तरप्रदेश के मक्का, सोया, बाजरा व धान किसानों को लाभ मिलेगा। भविष्य में इस प्लान्ट में पशु आहार एवं मत्स्य आहार भी शुरू करने की योजना प्रस्तावित है।

अमेठी जिले के विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आई.बी. ग्रुप ने बहुत ही कम समय में इस इकाई का निर्माण कार्य संपन्न कर प्लांट तैयार कर लिया। उत्तर प्रदेश में उद्यमियों के बीच यह इकाई एक उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

नए प्लांट की उद्घाटन समारोह में बात करते हुए कंपनी के एम.डी. श्री बहादुर अली ने कहा, च्आई.बी. ग्रुप देश के मान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सोच जमीनी स्तर से विकास को प्राथमिकता के साथ जुड़ा है। मोदी सरकार ने भारतीय पोल्ट्री को आगे बढ़ाने के 2006 से 2022 तक आई.बी. ग्रुप की सोच को पूर्ण सहयोग दिया है। इस सोच के तहत आई.बी. ग्रुप को यूपी का सबसे बड़ा पोल्ट्री फीड प्लांट और हैचरी इकाई स्थापित करने का सौभाग्य मिला है। इससे स्थानीय रोजगार पैदा करने की अपार संभावनाएं हैं साथ ही इस क्षेत्र के मक्का और सोया उत्पादक किसानों को भी लाभ होगा।

आज यहाँ के होनहार युवा किसानों से बातचीत के बाद यूपी में पोल्ट्री उद्योग के विकास में मेरा विश्वास कई गुना बढ़ गया है। आई.बी. ग्रुप उत्तर प्रदेश में युवा और नए पोल्ट्री किसानों को व्यावसायिक अवसर और प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे उनकी आजीविका में सुधार होगा और उत्तर प्रदेश को क्षेत्र में एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाया जा सकेगा।ज्ज

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जी माननीय केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मन्त्री भारत सरकार ने आई.बी. ग्रुप के एम.डी. तथा समस्त आई.बी. ग्रुप को शुभकामनाएं दी और कहा कि च्देश की जी0डी0पी0 बढ़ाने हेतु पोल्ट्री उद्योग को सबल बनाना नितान्त आवश्यक है। मैं बहादुर अली जी का आभार व्यक्त करती हूँ कि आई.बी. ग्रुप जैसी बड़ी पोल्ट्री कंपनी ने छत्तीसगढ़ जैसे दूर राज्य में व्यवसाय करते हुए भी उत्तर प्रदेश के अमेठी क्षेत्र को व्यवसाय के लिए चुना है। आप जिस परिवर्तन की सोच के साथ यहाँ आयें है और क्षेत्र के लोगों को रोजगार के जो अवसर प्रदान किये है इसके लिए मैं आपका हृदय से धन्यवाद करती हूँ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदया विशेष अथिति के साथ सुश्री शान्या छाबरा सीडीओ लखनऊ, राजेश अग्रहरि अध्यक्ष जिला पंचायत, राजीव पाठक जीएम जिला उद्योग केंद्र, जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

# नागपुर खंडेलवाल समाज द्वारा राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन की टीम का भव्य स्वागत सत्कार



**राजनांदगांव,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन बना सेवा के क्षेत्र में प्रेरणा की मिसाल ।विशेष अतिथि के रूप में संस्कारधानी राजनांदगांव खंडेलवाल वैश्य समाज के समाज के कार्यकारिणी सदस्य एवं लायंस क्लब आफ राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री दिलीप खंडेलवाल जी का नागपुर समाज की ओर से स्वागत किया गया । राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अनेक सेवा कार्यों को एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए 15 माह के अंतराल में तीन अखिल भारतीय आयोजन ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न कर खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन राजनांदगांव ने जो कीर्तिमान संपूर्ण खंडेलवाल समाज में स्थापित किए हैं उन्हें प्रेरणा पद मानते हुए नागपुर खंडेलवाल समाज द्वारा राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष शरद खंडेलवाल एवं उपाध्यक्ष पंकज खंडेलवाल , प्रियंक खंडेलवाल, सह सचिव अतुल खंडेलवाल विशेष आमंत्रित सदस्य सौरभ खंडेलवाल, अनुराग खंडेलवाल कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश खंडेलवाल , प्रतीक खंडेलवाल ,राम खंडेलवाल , यश खंडेलवाल ,,पराग खंडेलवाल ,अंकेश खंडेलवाल अखिलेश खंडेलवाल ,कुशल खंडेलवाल , शिवम् खंडेलवाल , ऋषभ खंडेलवाल , प्रियांशु खंडेलवाल , सौरभ खंडेलवाल विकास खंडेलवाल ,अंकेश खंडेलवाल शिवम खंडेलवाल , सी ए चिराग खंडेलवाल , एवं खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन की संपूर्ण टीम का बड़ी ही आत्मीयता से भव्य ऐतिहासिक स्वागत सत्कार होटल तुली इंपिरियल,रामदासपेठ में दिनांक 24 अगस्त 2023 नवरात्रि 7¬30 बजे किया गया द्य , इस दौरान नागपुर समाज के युवा समाज सेवी श्री मनीष खंडेलवाल महासभा के आजीवन संरक्षक श्री रामकिशन खंडेलवाल जी ,खण्डेलवाल सेवा समिति के अध्यक्ष श्री दिलीप खंडेलवाल , खण्डेलवाल भवन समिति के अध्यक्ष श्री जितेंद्र खंडेलवाल ,महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संगीता खंडेलवाल व समाज बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष शरद खंडेलवाल ने नागपुर खंडेलवाल समाज का भव्य स्वागत के लिए अपनी टीम की ओर से आभार व्यक्त किया। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के विशेष आमंत्रित सदस्य सौरभ खंडेलवाल ने दी।

# नाग पंचमी के पावन अवसर पर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता संपन्न



■ खिलाड़ियों में लक्ष्य को पाने का ललक ( जज्बा )होना जरूरी:मनीष गौतम

**राजनांदगांव,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। नागपंचमी पर्व पर नवोदित बॉडी बिल्डरों ने किया अपनी सुगठित मांसपेशियों का प्रदर्शन नवोदित खिलाड़ियों को मिला सम्मान नागपंचमी पर्व पर राष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुआ सम्मान राजनांदगांव. 23 अगस्त. नागपंचमी के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी एक्सपर्ट जिम में व्यायाम उपकरणों की पूजा कर वहां अभ्यासरत नवोदित बॉडी बिल्डरों के बीच रोमांचक बॉडी बिल्डिंग (शरीर सौष्ठव) प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीष गौतम, अध्यक्ष शहर कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ, श्रीमती प्रतिभा बंजारे एल्डरमेन नगर निगम राजनांदगांव, श्रीमती अंजू बंजारे सचिव महिला प्रकोष्ठ जिला सतनामी सेवा समिति, कुन्दन गेण्ड्रे समाजसेवी, पंकज गौतम वरिष्ठ कलाकार के गरिमामयी उपस्थिति में नवोदित खिलाडियों ने संगीत की धुन में अपने अपने शरीर के मांसपेशियों का कलात्मक प्रदर्शन कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी खिलाड़ियों को एक्सपर्ट जिम के तरफ से टी-शर्ट, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों अनिकेत साहू, प्रवीण पटेल, आकाश सारथी, भागवत साहू, आकाश रजक, पीयुष देवांगन, रोहन रजक, चेतन साहू, शिवा सेन, अभय खरे, यशवंत भारती, चंदन निर्मलकर, निखिल साहू, विनय सोनी, टोमन मारकंडे, अजीम मुल्ला रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव गोपेन्द्र बंजारे व तामेश्वर बंजारे ने किया। पूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं शहर कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनीष गौतम ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों में लक्ष्य को पाने का ललक होना जरूरी है। इक्कीस सौ रूपये की नगद राशि व्यायाम शाला के खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार दिया। राष्ट्रीय शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान हुआ। उक्त जानकारी समिति के सचिव गोपेन्द्र बंजारे द्वारा दिया गया।

# कृष्ण वल्लभ गोस्वामी ने पास की आईआईटी मद्रास द्वारा आयोजित बीएस की प्रवेश परीक्षा



■ नगर के नीरज विद्या मंदिर का छात्र है कृष्ण वल्लभ गोस्वामी

■ आईआईटी मद्रास में डाटा सांईस के बैचलर डिग्री के लिए हुआ चयन

**डोंगरगांव,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के होनहार युवा व नीरज विद्या मंदिर के छात्र कृष्ण वल्लभ गोस्वामी का चयन आईआईटी मद्रास में डाटा सांईस के बैचलर डिग्री प्रोग्राम के लिए हुआ है। उन्होने आईआईटी मद्रास द्वारा मुख्य परीक्षा के पूर्व परीक्षा पात्रता हेतु चारों एसांइनमेंट का प्रथम बार में ही निर्धारित समयावधि में सफलता पूर्णकर पात्रता परिक्षा पास किया था। जिसके उपरांत भारतीय प्रौद्गिकी संस्थान मद्रास ने चयन प्रक्रिया के द्वितीय चरण में अतंराष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजन किया था जिसमें उन्होने सफलता प्राप्त की है। कृष्ण वल्लभ गोस्वामी संभवत: जिले के एकमात्र छात्र है जिन्होने इस परीक्षा को पास कर आईआईटी मद्रास के उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है। नई शिक्षा नीति के ड्यूल डिग्री अध्यन कार्यक्रम में आइआईटी मद्रास इस पाठ्यक्रम के अंतरगत प्रथम वर्ष में फाउंडेशन, द्वितीय वर्ष में डिप्लोमा, तीसरे साल में बीएससी और अंतिम वर्ष में स्नातक की डिग्री प्रदान किया जाना है। आपको बता दे कि, कृष्ण वल्लभ गोस्वामी क्षेत्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य स्व डा. चैतन्य राम गोस्वामी के परपौत्र तथा प्रेस क्लब डोगरगांव के अध्यक्ष प्रेम गोस्वमी के पुत्र है तथा डा अवध किशोर गोस्वामी, भगवताचार्य विनोद बिहारी गोस्वमी , प्रो. डा. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी व इंजी. देवेन्द्र गोस्वामी दादाजी है। उनके चयन होने पर क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद इन्जी. नीरज बाजपेयी, नीरज विद्या मंदिर परिवार, प्रेस क्लब डोंगरगांव के सदस्यों व परिजनों सहित इष्टमित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# भाजपाईयों ने थामा कांग्रेस का दामन, विधायक छन्नी साहू की मौजूदगी में हुआ प्रवेश

■ अलग-अलग ग्रामों में भूमिपूजन कार्यक्रमों में भी शामिल हुईं



**राजनांदगांव,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को अपने दौरे के बीच खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने अलग-अलग ग्रामों में लगभग 17 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इन कार्यक्रमों के बीच ग्राम करेठी में भाजपा पदाधिकारियों के साथ युवाओं ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन में व विधायक की मौजूदगी में कांग्रेस पर आस्था जताते हुए पार्टी में प्रवेश किया। श्रीमती साहू ने सभी का स्वागत किया। युवाओं के पार्टी प्रवेश पर उन्होंने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के दिलो-दिमाग में कांग्रेस की भरोसे की सरकार की छाप है।

कांग्रेस प्रवेश करने वाले युवाओं ने कहा कि ङ्क स्थानीय विधायक छन्नी साहू की कार्यकुशलता, सरलता से वे काफी प्रभावित हुए हैं। वे हमेशा ही अपने लोगों के बीच मौजूद रहतीं हैं। उन्होंने वीआईपी कल्चर को तोड़ा है और अपनी सादगी के साथ जनता का दिल जीता है। उन्होंने कहा कि - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की योजनाओं ने प्रदेश में बड़ा बदलाव लाया है। उन्होंने वास्तविक सुधारों और उत्थान की दिशा में काम किया है। इन्हीं सब पहलुओं पर गौर करते हुए उन्होंने कांग्रेस प्रवेश का निर्णय लिया है।

ग्राम गिदर्री, संबलपुर और बरबसपुर में लोकार्पण, भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्रीमती साहू ने इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि ङ्क मैं निरंतर आप लोगों के बीच मौजूद रहीं हूं। आप सभी की मांगों पर यह निर्माण कार्य शुरु हो रहे हैं। जल्द ही इसके पूरा होने के बाद आपको इसका समुचित लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने इन सौगातों पर हर्षित होकर कांग्रेस सरकार और विधायक का आभार व्यक्त किया है।

ग्राम पंचायत गिदर्री में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्रीमती साहू ने शिरकत करते हुए वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की। पंचायत प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। विधि विधान पूर्वक अर्चना कर श्रीमती साहू 5 लाख की लगात से हाई मास्क लाइट का लोकार्पण किया। वही 2.50 लाख रुपए की लागत से कला मंच के निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया। इसी तरह ग्राम संबलपुर में उन्होंने पांच लाख की लागत से तैयार किए जाने वाले सामुदायिक भवन का भी भूमिपूजन ग्रामीणों की मौजूदगी में किया। ग्राम बरबसपुर में भी 4 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण होना है जिसकी आधारशीला श्रीमती साहू ने रखी।

इन आयोजनों के दौरान विधायक छन्नी साहू ने कहा कि ङ्क कांग्रेस शासन में विकास की बयार हर ओर बह रही है। जमीनी स्तर पर ठोस काम हुआ है जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। सरकार की योजनाओं ने सभी को आर्थिक रुप से सक्षम बनाया ही है बल्कि बड़ी राहत भी दी है। उन्होंने कहा कि ङ्क खुज्जी के विकास के लिए विधायक निधि से बड़ी रकम खर्च की गई है। इसके अलावा ग्रामीणों की आवश्यक मांगों पर प्रयास कर सरकार से स्वीकृतियां लाकर यहां राशि खर्च की जा रही है। इससे सड़क, भवन और दूसरे जरुरी निर्माण कार्य किए गए हैं और किए जा रहे हैं।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी, जनपद सदस्य देव पन्द्रों, ओमप्रकाश पडौती, विधायक प्रतिनिधि मिथलेश ठाकुर, सरपंच रूपेश साहू, सरपंच चंद्रकला, प्रताप धावड़े, भवभूति साहू, महेंद्र साहू, चमरा राम, विष्णु गौतम, कन्हैया लाल, जनक राम, मुकेश, गोपी राम, झूमुक कुंवर, तुका राम, मोहन लाल, तिलक, भागवत राम, बरसादी राम, तोरण लाल, हरी राम घरड़े, तनु, अर्जुन पूरी, गुनूराम, लालसिंह, बीसोह साहू, तुलू राम, दशरथ सिंह, गोपाल सिंह, समारू राम, सोहन, दर्शन लाल, सुंदर लाल, सुग्रीव, रंजीत, आसकरण ठाकुर, रामसाय, मोहित, ईश्वरी, पुष्पा सिन्हा, भूषण साहू, चिन्ता राम साहू, जोहन पटेल, लोभ राम, दौलत भुआर्य सहित पंचायत प्रतिनिधिगण व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

कांग्रेस पर जताई आस्था, हुआ स्वागत

इधर, विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करेठी में 30 युवाओं ने विधायक छन्नी साहू की मौजूदगी में कांग्रेस प्रवेश कर लिया। इनमें भाजपा के बूथ अध्यक्ष , बीएलओ भी शामिल हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन में श्रीमती साहू के साथ ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन व अब्दुल खान, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी की मौजूदगी में सभी को गमछा पहनाकर संगठन में उनका स्वागत किया गया। युवाओं ने बताया कि वे कांग्रेस सरकार की नीतियों और योजनाओं के समर्थक हैं। इसी विचारधारा से प्रेरित होकर उन्होंने कांग्रेस प्रवेश का निर्णय लिया है। कांग्रेस प्रवेश करने वालों में संतोष साहू, छबिलाल, कमलेश साहू, तामेश्वर, लिलेन्द्र, टुम्मनलाल, डेविड सोनटापर, भीमराव वीरकर, मोहनलाल, हेमन्त, दिलीप कुमार, देवा वामन, रमेश दास मानिकपुरी, चन्द्रहास चंद्रवंशी, उमेश वामन, दीपेंद्र निषाद, लुकेश्वर सेन, सोहन वामन, हेमराज सेंदुर, कमलेश चंद्रावंशी, चुमेश कर्सी, हुकुमचन्द, जगेन्द्र कुमार सहित अन्य युवा शामिल हैं।

उल्टा पुल्टा

चिंटू- तू पागल है क्या?
मिंटू- क्यों, क्या हुआ?
चिंटू- ये तूने मेरी कैसी फोटो खींच दी। लड़की वालों को भेजनी थी। इसमें पीछे कुत्ता आ गया।
मिंटू- हां तो भाई बता देना उन्हें की तू आगे वाला है।

# लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को रूद्री पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। प्रार्थी राजकमल कामठे पिता मोहन लाल कामडे उम्र 21 साल निवासी भेन्ड्रा, थाना भखारा जिला धमतरी द्वारा शुक्रवार 25 अगस्त को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने गांव के डाकेश कुमार साहू एवं चुनेश्वर साहू के साथ मोटर सायकल में बैठकर करीबन 1 बजे दोपहर घूमने रुद्री बैराज आये थे कि पुल के उपर तीनों बैठकर बातचीत कर रहे थे कि उसी समय एक लड़की आयी और बोली तुम लोग क्यों यहां गाली गलौच कर रहे हो बोलने लगी तभी प्रार्थी हम लोग आपस में मजाक कर रहे हैं दीदी बोलने पर उसी समय एक लड़की और एक लड़का उन लोगो के पास आकर अपने पास रखे धारदार चाकू निकालकर दिखाकर तीनों को डरा धमका कर चुनेश्वर साहू के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किये प्रार्थी को जब में रखे मोबाईल फोन वन प्लस जिसमें जियो कंपनी का सीम 7488171946,



आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध दर्ज

ब्लूटूथ हेडफोन रियलमी कंपनी एवं चुनेश्वर साहू के जेब में रखे रेडमी मोबाईल जिसमें जियो कंपनी का सिम 7000056296 लगा हुआ था, फोन को रख लिये तथा जेब में रखे नगदी रकम 100/- रूपये निकाल लिए।

प्रार्थी एवं उसके दोस्तो को डरा धमकाकर मोबाईल फोन ब्लूटूथ हेडफोन रियलमी कंपनी एवं पैसे को लूट कर ले गये कि प्रार्थी के लिखित आवेदन पर अज्ञात 3 आरोपियों का कृत्य अपराध सदर धारा का पाये जाने से थाना सिविल लाईन रूद्री में अपराध क्र.85/23 धारा 394 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा उक्त मामले में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. धमतरी के.के.वाजपेयी के नेतृत्व में थाना प्रभारी रुद्री द्वारा त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपियों को घटना दिनांक को ही हनुमान मंदिर केनाल नहर रूद्री के पास से तीनों आरोपियों अमन तिवारी पिता दीपक तिवारी उम्र 21 वर्ष साकिन टिकरापारा थाना सिटी कोतवाली धमतरी, शहजादी बानो पति परवेज खान उम्र 23 साल साकिन विवेकानंद कॉलोनी अटल आवास थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी, रूकसाना बानो पिता मोहम्मद रजा उम्र 20 वर्ष साकिन विवेकानंद कॉलोनी अटल अवास थाना सिटीकोतवाली धमतरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रूद्री निरी. सन्नी दुबे, सउनि. भीष्म अवस्थी, अरविंद नेताम, आरक्षक योगेश नाग, गिरधारी निशाद, रोशन सेन मआर. शबा मेमन, वासनी साह, सरोजबाला साहू एवं शक्ति टीम के केशर मंडावी, महेश्वरी सिदार, प्राची गुप्ता, लक्ष्मी नागवंशी का विशेष योगदान रहा।

# जिले के पलारी, बलौदाबाजार, भाटापारा में आज कांग्रेस का संकल्प शिविर

**बलौदाबाजार,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के तीनों विधानसभा बलौदाबाजार, भाटापारा व कसडोल के पलारी में कांग्रेस का संकल्प शिविर 27 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। जिसमे सभी बूथों से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिले के तीनों विधानसभाओं में संकल्प शिविर रविवार 27 अगस्त को सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। जिसमें मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नगरीय प्रशासन एवं श्रममंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया व प्रभारी मंत्री उमेश पटेल शामिल होंगे। बलौदाबाजार विधानसभा का शिविर नवीन कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में, भाटापारा के कृषि उपज मंडी में व कसडोल विधानसभा का संकल्प शिविर पलारी के कृषि उपज मंडी में किया जाएगा।

सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, शिव डहरिया, उमेश पटेल होंगे शामिल

श्री ठाकुर ने बताया कि पलारी में मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों का आगमन 11 बजे होगा। बलौदाबाजार में 1.30बजे व भाटापारा में 3 बजे मुख्यमंत्री शिविर में शामिल होंगे। इसके साथ ही सभी तीनो शिवर में मुख्य वक्ता के रुप मे बलौदाबाजार में राजेश तिवारी, व वाणी राव, भाटापारा में मुख्य वक्ता गिरीश देवांगन व विकास उपाध्याय तथा पलारी में विनोद वर्मा व विनयशील होंगे जो कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल तीनो शिविरों में कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की जीत के निष्ठा ईमानदार व समर्पण की शपथ दिलाएंगे। जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने बताया संकल्प शिविर के लिए कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल व अन्य अतिथियों के आगमन से निश्चित तौर पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा। इस बार 75 पार के लक्ष्य के साथ प्रदेश में भुपेश की भरोसे वाली सरकार दुबारा बनाने कृत संकल्पित हैं। जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से शिविर में शामिल होने की अपील करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# प्रभारी शैलजा का स्वागत



**महासमुंद,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा, सह प्रभारी चंदन यादव व सप्तगिरी उल्का का महासमुंद विधानसभा कांग्रेस से युवा दावेदार निखिलकांत साहू प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस के नेतृत्व में महासमुंद विधानसभा आगमन पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष बादल मक्कड़, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष शाहबाज राजवानी और सैकड़ों युवा समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया।

# कांग्रेस प्रवेश करने वालों का संसदीय सचिव ने गमछा पहनाकर किया स्वागत

**महासमुंद,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस की नीतियों व क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम बनपचरी के युवाओं ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कांग्रेस प्रवेश करने वालों सभी युवाओं का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। शनिवार को ग्राम बनपचरी के युवाओं ने हनी चंद्राकर के नेतृत्व में संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान युवाओं ने



कांग्रेस की नीतियों व क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश की इच्छा जताई। बाद इसके उद्धव नेताम, देवनारायण ध्रुव, नवीन उइके, लोकेश विश्वकर्मा, वेदप्रकाश ध्रुव, इथलेश ध्रुव, चंद्रनारायण ध्रुव, मोरध्वज ध्रुव, टुकेश्वर ध्रुव, प्यारेलाल, देव कुमार, नीलकंठ ध्रुव, उमाशंकर ध्रुव, शकुमार ध्रुव, नेहरू ध्रुव, लोकनाथ ध्रुव, दामोदर ध्रुव, रंजन कुंभकार आदि ने कांग्रेस प्रवेश किया। कांग्रेस प्रवेश करने वाले सभी युवाओं का संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार कार्य कर रही है। उससे छत्तीसगढ़ की जनता का समुचित विकास हो रहा है। जिससे लोग स्वस्फूर्त होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्रवीण साहू को प्रदेश कांग्रेस के सचिव बनाए जाने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

**नवापारा राजिम,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के अनुसंशा पर प्रवीण साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव बनाये जाने पर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने बधाई दी है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव बनाये जाने पर प्रवीण साहू ने कहा कि हमने हमेशा प्रदेश सहित पार्टी के हित के लिए ही कार्य किया है और आगे भी पार्टी हित सर्वोपरी होगा. उन्होंने मुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित विधायक धनेन्द्र साहू का आभार व्यक्त किया. श्रीसाहू को बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, ड़ामन साहू,नवापारा मंडी



अध्यक्ष गोपेश ध्रुव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य दानीराम साहू, श्रवण चंद्रकार, सदस्य कृषक कल्याण बोर्ड,नवापारा ग्रामीण ब्लाक काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरधारी साहू,किसान काँग्रेस कमेटी के महामंत्री राजू शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमति अरुणा शुक्ला भूपेंद्र साहू जनपद सदस्य अभनपुर, अध्यक्ष महिला काँग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, श्रीमती शिला कण्डरा, सरपँच संघ के अध्यक्ष शशि प्रकाश साहू, सरपँच भागवत साहू फुलेश्वर ध्रुव सरपंच,अक्षय साहू सरपंच डमेश साहू सरपंच, ज्ञान चंद यादव सरपंच,सोहन देवांगन सरपंच,सतीष ध्रुव सरपंच, बिसेलाल साहू सरपंच, होस लाल साहू सरपंच, चंदन बघेल सरपंच,शेष नारायण सिन्हा सरपंच,सोसायटी अध्यक्ष,तारा चंद साहू,सोसायटी अध्यक्ष, आसुतोष तिवारी,सोसायटी अध्यक्ष खेमराम साहू,सोसायटी अध्यक्ष फुलदाश मानिकपुरी, सोसायटी अध्यक्ष राधेस्यांम बंजारे, सोसायटी अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, सोसायटी अध्यक्ष चंद्रहाश साहू, सोसायटी अध्यक्ष अयोध्या गिलहरे,सोसायटी अध्यक्ष भुवन साहू सोसायटी अध्यक्ष, गनपत साहू,,कृष्णा चक्रधारी,सदस्य माटी कला बोर्ड, गोपाल साहू,पुरषोत्तम साहू, संजीव गिरी गोश्वामी पूर्व सरपंच,पूर्व सरपंच दया राम जांगड़े, लालजी साहू,विजय यदु, हिमांचल पाल,कामता यादव,राम सेवक साहू, पुष्पा साहू,छाया भारती,मोहन देवांगन, केवल मांडले, थनेश्वर साहू,संजू साहू,सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थे.

# टायर फटने से ट्रक पलटी, ड्रायवर घायल

**नवापारा राजिम,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम नवागांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से 30 फिट नीचे गिरकर पलट गई। मिली

पुल से 30 फीट नीचे गिरकर पलट गई

जानकारी अनुसार गुरुवार को गरियाबंद डिवीजन से जलाऊ चट्टे से भरा एक ट्रक रायपुर के लिए रवाना हुआ। जैसे ही नवागांव पुलिया के पास पहुंचा कंडक्टर साइड का टायर फट गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित हो गया और पुलिया की रेलिंग तोड़ता हुआ ट्रक नीचे गिर गया। ट्रक जलाऊ लकड़ी से भरा था इस हादसे में ट्रक बुरी तरह से



क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची। दुर्घटना में जनहानि नहीं हुई है। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। ड्राइवर को 108 द्वारा नवापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

थाने से मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम नवागांव के पुलिया में गुरुवार रात्रि 9 बजे जलाऊ लकड़ी से भरा एक ट्रक सीजी 09 बी 0483 कंडक्टर साइड का टायर अचानक फट जाने से अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गया। इस हादसे में ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि जनहानि नहीं हुई।

# दलदली रास्ता पारकर स्कूली छात्र-छात्राएं स्कूल जाने मजबूर

**राजिम,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम रावड़ विकास से कोसो दूर हैं, एक तरफसरकार विकास की बातें करते हुए नही थकती और वाहवाही लूट रही है वहीं दूसरी तरफ रावड़ गांव में चलने के लिये सड़क नसीब ना होना किस विकास को दर्शाता हैं। जमीनी स्तर पर देखा जाय तो इस गांव के लोग और यँहा पढ़ने वाले स्कूली छात्र छात्राएं दलदली युक्त रास्ता को पारकर स्कूल पहुँचते हैं। क्योंकि थोड़े से बरसात में ही गांव की गलियों में जगह जगह गड्ढे, पानी जमाव व कीचड़ युक्त रास्ता किसी खतरे से कम नही है



कभी भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटने का खतरा बना रहता है।जहाँ एक तरफ सरकार हर गांव हर गली में विकास की गंगा बहाने की बात करता है और वंही दूसरी तरफ शहर से लगे हुये गांव की स्थिति इस प्रकार बदतर बना हुआ है।

ग्रामवासी घासी सोनी ने बताया कि इस समस्या से शासन एवं पंचायत प्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया. ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सरपंच हलधर साहू को 5-6 व्यक्तिगत रूप से एवं सार्वजनिक रूप से अवगत कराने के बाद भी मौन धारण ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भटगांव में किसान सेवा सप्ताह सम्मान समारोह आयोजित

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। किसान सेवा सम्मान समारोह का आयोजन नगर भटगांव के जिला सहकारी बैंक व भटगांव सोसाइटी मे रखा गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने सहकारी बैंक के अंतर्गत आने वाले 60 किसानो का फुलमाला श्रीफल व गमछा देकर सम्मान किया। विधायक व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने अपने किसान भाईयो को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस की सरकार मे चहुंमुखी विकास हो रहा है, अभी तक 15 च्ंिटल धान खरीदते थे जिसे अब 20 च्ंिटल किया गया है। इससे पहले बैंक मे कर्जदार किसानो को डिफाल्टर कहा जाता था लेकिन अब ऐसा नही है हमारी कांग्रेस सरकार आते ही सबसे पहले किसान हित मे मे फैसला लेकर किसानो का कर्ज माफी किया। अब सरकार किसानो का सम्मान व मान बढ़ा रहा है।



इन्होने कहा कि पहले 2500 रूपये मे खरीदे फिर 2640 रूपये मे और अब 2800 रूपये मे किसानो का धान खरीदी होगा। कांग्रेस की सरकार आते ही किसान हित मे हर 5 किलोमीटर मे धान खरीदी केन्द्र खोला गया। वही नये नये सोसायटी बनाया गया ताकि किसानो को सुविधा है सके। पहले किसान खेती को धारा का खेती कहते थे लेकिन कांग्रेस सरकार बनने पर किसानो के चेहरे खिल उठे है उनको अपनी फसल का वाजीब दाम मिल रहा है। अब किसान भाई अपना खेती अधिया या रेघा न देकर खुद मेहनत कर फसल पैदा कर रहे है और मुनाफा की खेती कर रहेहै। 12 लाख किसान से 18 लाख किसान और अब 26 लाख किसान छत्तीसगढ़ मे खेती कर रहे है। किसानो की संख्या हमारे प्रदेश मे बढ़े है कांग्रेस की अच्छे किसान निति से जुड़ कर अब किसानो की संख्या बढ़ रही है। भूमिहिन किसानो को 7 हजार रूपया दिया जा रहा है। बिजली की बिल हाफकर दी गई है। सिचाई की व्यवस्था को पहली प्राथमिकता देते हुए कहा कि अब क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा बहुत जल्द मिलने वाली है। विधायक राय ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से किसानो को खुस करते हुए किसानो के मुख से आखिल बोलवा ही दिये कि भूपेश है तो भरोसा है।और सभी किसान भाईयो ने एक स्वर मे कहा भूपेश है तो भरोसा है। वही इस सम्मान समारोह मे एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, तहसीलदार कुर्रे, शाखा प्रबंधक रामरतन रत्नाकर, नगर पंचायत भटगांव उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, सहदेव सिंह सिदार ब्लाक उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बिलाइगढ, मंडी अध्यक्ष तारा देवांगन, द्वारिका देवांगन, घस्सु खान, छत्रसाल साहू, भागीरथी चन्द्रा रामकुमार साहू, प्रमोद साहू तोषराम साहू, सोसाइटी अध्यक्ष छेदीलाल साहू सहित सभी सोसायटी के अध्यक्ष व क्षेत्र के किसान भाई उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. अनंत राम बर्छिहा जयंती समारोह कल आयोजित

**बलौदाबाजार,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। छतीसगढिया सर्व समाज महासंघ एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.अंनत राम बर्छिहा जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में आगामी 28 अगस्त 2023 दिन सोमवार को प्रात: 11बजे से छतीसगढ़ की ऐतिहासिक स्थल माँ कौशल्या की जन्मभूमि चंदखुरी बस्ती में आयोजित किया गया है।

ज्ञात हो कि विलुप्त इतिहास के पन्नो में दबे कोहिनूर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.अंनत राम बर्छिहा की जयंती एवं सामाजिक समरसता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। स्व.बर्छिहा जी एक सामाजिक समरसता आंदोलन के प्रणेता थे, उन्होंने 1932 में जब इस क्षेत्र में छुआछूत बहुत व्यापक रूप में माना जाता था, लोगों में एक दूसरे के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भाव नही था। लेकिन वे इस बहिस्कार से डरे नही बल्कि संघर्ष किये, जिसके परिणाम स्वरूप 1937 में इस छत्तीसगढ़ में बरार क्षेत्र के पचेड़ा विधान मंडल से प्रथम विधायक निर्वाचित हुऐ, उसके बाद उन्होंने समाज में समरता का भाव स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अपने अंतिम सांस तक दबे कुचले गरीब मजदूर किसानों के लिए संघर्ष करते रहे। ऐसे व्यक्तिवय के जयंती के अवसर पर समिति ने निर्णय लिया है कि उनके जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा, इसी के परिणाम स्वरूप छतीसगढिया सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्षों को आमंत्रित कर समाज में समभाव स्थापित करना तथा छतीसगढ़ के समाज को संगठनात्मक स्थिति मे खड़े करके जागरूक करने के उद्देश्य से इस आयोजन में मुख्य रूप से विभिन्न समाज प्रमुखो को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में रमेश यदु प्रदेश अध्यक्ष छतीसगढिया सर्व समाज महासंघ एवं सर्व यादव महासंघ, राजेंद्र पटेल नायक, प्रदेश अध्यक्ष मरार पटेल समाज, अजय चौहान संयोजक सर्व गाडा समाज, उमाकांत वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अ.भा.



कु.छ. महासंघ एवं महासचिव छतीसगढिया सर्व समाज, रमेश पटेल लोधी संरक्षक लोधी समाज एवं कोषाध्यक्ष छतीसगढिया सर्व समाज, राजेंद्र भतपहरी प्रांताध्यक्ष प्रगतिशील छ. ग. सतनामी समाज, बी.एस.रावटे प्रांताध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, रूपेंद्र कुमार नागरची प्रांताध्यक्ष नागर्ची समाज, निखिल नेताम उपाध्यक्ष गोंडवाना गोड़ महासंघ,आंनद निषाद प्रदेश अध्यक्ष निषाद केवट समाज,ओमप्रकाश मानिकपुरी, प्रांताध्यक्ष मानिकपुरी पनिका समाज, चोवाराम वर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष छ. ग.मनवा कूर्मि छतीसगढ़ समाज, कृष्णा रायकर, प्रदेश अध्यक्ष अहिवार समाज ,विश्राम निर्मलकर प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय रजक धोबी समाज, सेवकराम देवांगन संरक्षक देवांगन, कोस्टा समाज, टी. आर. बारीक महामंत्री मटाकुल बारीक समाज, हरिलाल देवदास प्रदेश अध्यक्ष सेरिया गाड़ा देवदास ,त्रिलोकी राम साहू, प्रांताध्यक्ष हरदिया साहू समाज, टहल राम साहू, प्रदेश अध्यक्ष छ. ग.साहू समाज, अशोक नायक प्रदेश अध्यक्ष छतीसगढ़ गाडा समाज, महतो प्रांताध्यक्ष छ. ग.गड़रिया समाज, चन्द्रपाल धनगर प्रांताध्यक्ष धनगर समाज, आर.आर.चन्द्रा प्रदेश अध्यक्ष छ.ग.चूड़ामणि रौठार, प्रदेश अध्यक्ष राठौर समाज, युवराज सिंहा, प्रदेश अध्यक्ष कलार समाज, गिरधारी साहू प्रदेश अध्यक्ष कोलता समाज, तरुण कुम्भकार समाज, शिव सारथी प्रदेश अध्यक्ष सारथी समाज, फनेंद्र भोई प्रदेश अध्यक्ष सँवरा समाज, हरवंश सिंग मिरी प्रदेश अध्यक्ष कँवर समाज, हेमंत कोशरिया प्रदेश अध्यक्ष महार समाज, शारदा सोनकर प्रदेश अध्यक्ष सोनकर समाज, देवनाथ नेताम, प्रदेश अध्यक्ष छतीसगढ़ नागरची समाज, प्रदेश पटेल हरदिहा मरार समाज, छत राम जलतारे प्रदेश अध्यक्ष कहार समाज, शामिल होने। उपरोक्त जानकारी आयोजन समिति के सदस्य मीडिया प्रभारी राजेन्द्र वर्मा तोषी एवं महेश वर्मा ने दी।

# मुझे पद से हटाने की जा रही साजिश : भामिनी

**महासमुंद,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रवेश से मना किया तो मुझे षड्यंत्र कर पद से हटाने की साजिश की जा रही है। पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा के तहत मेरे खिलाफ षड्यंत्र किया जा रहा। पूर्व में भी अनेक बार ऐसे किया जा चुका है। यदि नियम विरुद्ध असंवैधानिक रूप से मेरे विरुद्ध कार्रवाई की जाती है तो एसडीएम कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय का भाजपा द्वारा घेराव किया जाएगा। उक्त बातें बेलसोंडा सरपंच भामिनी पोखर चंद्राकर ने प्रेस वार्ता में कहीं।



श्रीमती भामिनी ने आरोप लगाया कि एक तिलकधारी कांग्रेसी नेता लगातार मुझ पर कांग्रेस प्रवेश के लिए दबाव बना रहा है। और ऐसा न करने पर वह मेरे खिलाफ लगातार षड्यंत्र रच रहा है। पहले मुझे पद से हटाने अविश्वास प्रस्ताव लाया गया जिसमें वह सफल नहीं हुआ तो मुझे परेशान करने समय असमय ऑडिटर जांच कराई गई । फर्जी शिकायत कर कर मुझे निलंबित कराया गया। पंचायत की बैठक में मुझ पर जानलेवा हमला कराया गया जिसकी शिकायत पर राजनीतिक संरक्षण के कारण अपराध दर्ज नहीं की गई। जब थाने का घेराव किया गया तब एफआईआर दर्ज हुई पर दोषियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई। प्रेस वार्ता में उपस्थित पूर्व विधायक डॉ.चोपड़ा ने कहा कि शराब की बिक्री सट्टा अवैध रेत खनन और डीएमएफ की राशि के दुरुपयोग पर कार्रवाई होनी चाहिए। पर इन मामलों में शासन ने मौन धारण रखा वहींए उल्टे जहां भाजपा की सरपंच है। उन पर दबाव बनाकर उन्हें या तो पद से हटाने के लिए षडयंत्र किया जा रहा है या उन्हें कांग्रेस प्रवेश के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरपंच के खिलाफ कोई भी नियम असंवैधानिक कार्रवाई होती है तो 28 अगस्त को एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय का भाजपा घेराव करेगी पत्रकार वार्ता के दौरान पांच बलराम चंद्राकर, श्रीमती सरस्वती साहू, प्रेम प्रकाश साहू व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## कसडोल से बालसमुंद पलारी के लिए आज रवाना होंगे कावड़ यात्री

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा के तत्वावधान में आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा रविवार को प्रात: 10 बजे कसडोल के बजरंग चौक से डोंगरीडीह के लिए रवाना होंगे। साथ में लवन के कावड़ यात्री भी डोंगरीडीह पहुंचकर कसडोल के कावड़ यात्रियों के साथ सम्मिलित होंगे।



# जिले के 151 नोडल अधिकारियों ने किया स्कूलों का निरीक्षण

### कलेक्टर ने नहरगांव हाईस्कूल, आंगनबाड़ी, पीडीएस दुकान व उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया अवलोकन

**गरियाबंद,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार, शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम तथा बोर्ड परीक्षा में मेरिट के लक्ष्य को लेकर जिले के स्कुलो में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इन गतिविधियो की जमीनी हकीकत जानने शनिवार को जिले के सभी 151 हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियो ने संबंधित स्कुलों औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को अच्छे पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नही इसकी भी तस्दीक की। जानकारी के मुताबिक ये नोडल अधिकारी हरेक माह अब स्कूलों का निरीक्षण करेंगे।



शनिवार को निरीक्षण के दौरा अधिकारियो ने बच्चों की मोटिवेशनल क्लास भी और उन्हे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा ने नहरगांव के हाई स्कूल में कक्षा दसवीं के बच्चों को विज्ञान का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बच्चों को ओम के नियम, विद्युत आवेश आदि के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही बच्चों से विभिन्न सवाल पूछे तथा उनकी पढ़ाई के बारे में जाना। कलेक्टर ने बच्चों को बोर्ड में अच्छे नंबर लाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान एसडीएम गरियाबंद भूपेंद्र साहू, नोडल अधिकारी मनोज केला एवं आर एस साहू सहित सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

**आंगनबाड़ी निरीक्षण –**

हाई स्कुल के बाद कलेक्टर नहरगांव के आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। केंद्र में छोटे बच्चों के पढ़ने, खेलने और खाने की सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने खेल खेल में बच्चों के बेसिक ज्ञान को भी परखा। खिलौनों उठाकर विभिन्न प्रकार के रंगों के बारे में पूछा। बोर्ड पर लिखे शब्दों और वर्णमाला के बारे में पूछा। बच्चों ने भी बड़ी ही मासूमियत और चहकते हुए अल्फाबेट और रंगों को पहचान करके ऊंची आवाज में बोल के सुनाया। यहां कलेक्टर ने बच्चों को स्नेह करते हुए उन्हें चॉकलेट भी दी। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से वितरित किए जाने वाले पूरक पोषण आहारों के बारे में जानकारी ली। बच्चों, गर्भवती – शिशुवती महिलाओं तथा कुपोषण स्तर की जानकारी लेकर नियमित पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए।

**उप स्वास्थ्य केंद्र और पीडीएस दुकान निरीक्षण –**

कलेक्टर ने नहरगांव में पीडीएस दुकान और उपस्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। पीडीएस दुकान से खाद्यान्न वितरण और हितग्राहियों की संख्या की जानकारी ली। नमक, शक्कर, चना और चांवल के स्टॉक और ऑनलाइन एंट्री से संबंधित पुछताछ की। पीडीएस दुकान में रखे गए खाद्यान सामग्रियों का भौतिक मिलान करवाया। हितग्राहियों को नियमित राशन वितरण करने के निर्देश दिए। फिर उप स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। मरीजों के इलाज के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। छुटे हुए सभी लोगो के आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के भी निर्देश केन्द्र प्रभारी को दिए।

# सावन का आखरी सोमवार कल



**नवापारा राजिम,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। सावन के 8वे एवम आखरी सोमवार को भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव के मंदिर सहित आसपास के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा. जिसमे प्रमुख मंदिरों में कुलेश्वर महादेव, राधाकृष्ण मंदिर, चमेश्वरधाम, पटेश्वरधाम एवं अन्य मंदिरों में बोल बम के नारे लगाते जल अर्पण कर गूंज सबसे ज्यादा भीड़ कुलेश्वर महादेव में देखी जाती है, जहां भक्तों को घंटों इंतजार के बाद कुलेश्वरनाथ के दर्शन हो पाते है। दर्शन पश्चात लोमस ऋषि आश्रम में प्रसाद ग्रहण कर अपने गंतव्य को जाते है सावन माह पृषोत्तम मास से लोमस ऋषि आश्रम में कुलेश्वर नाथ सेवा समिति द्वारा चल रहे भंडारे में हजारों भक्तजन भोजन प्रसादी ले रहे है। समिति के सदस्यों का कहना है कि नवापारा के लोगो द्वारा तनमन से सेवा भाव से व्यवस्था में सहयोग दे रहे है सावन का आखरी सोमवार को 10 हजार लोग विशाल भंडारा में भोजन करेंगे. वहीं नगर में जगह-जगह शिव भक्तों का स्वल्पाहार भी लोगों द्वारा रखा जाएगा। कई श्रद्धालु लोमस ऋषि आश्रम कुलेश्वर महादेव के दर्शन करने के पश्चात भक्त पंचकोशी धाम दर्शन के लिए रवाना होते है। इस दौरान कुलेश्वर महादेव नदी क्षेत्र में मेले सा माहौल रहता है।

- बड़ी संख्या में कांवरिए व भक्तजन ग्रहण करेंगे लोमश ऋषि आश्रम में भोजन प्रसादी
- पुरूषोत्तम मास से कुलेश्वरनाथ सेवा समिति व्दारा प्रतिदिन चल रहा भोजन भण्डारा

## चरौदा बांध का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अद्वैत गिरी गोस्वामी व अरिमर्दन गिरी गोस्वामी के नाम किया जाए

### नामकरण करने हेतु परिवारजन ने किया विधायक से मुलाकात



**बागबाहरा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत स्थित केशव जलाशय (चरौदा बांध) 1958 से निर्मित है। जिससे क्षेत्र के लगभग 14 -15 गांवों के खेतों में सिंचाई होती है। जिसका नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. अद्वैत गिरी गोस्वामी एवं अरिमर्दन गिरी गोस्वामी के नाम पर नामकरण हेतु उनके परिवारजनों ने द्वारिकाधीश यादव संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी से मुलाकात करके आवेदन देकर मांग किया है। विधायक यादव ने उक्त जलाशय का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर करने हेतु पूर्ण आश्वासन दिया है। तथा इस मांग पत्र को मुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री को भी प्रेषित किया है। संसदीय सचिव यादव से मुलाक़ात के दौरान चित्रसेन गिरी, कुबेर प्रकाश गिरी, रोमांतक गिरी, सुभाष गिरी, संजय गिरी, शेखर गिरी एवं अखिलेश गिरी आदि उपस्थित थे।

## बसना विस से पुरन्दर मिश्रा ने पेश की दावेदारी



**पिथौरा,** 26 अगस्त। आगामी विधान सभा चुनाव के लिये महासमुंद जिला के बसना विधानसभा सीट से छत्तीसगढ़ सर्व ओड़िया समाज के प्रांताध्यक्ष व प्रदेश उत्कल ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री पुरन्दर मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के पर्यवेक्षक के सामने अपनी दावेदारी पेश किया। भाजपा पर्यवेक्षक श्री धरमलाल कौशिक आज महासमुंद जिला के स्थिति को जानने, कार्यकर्ताओं के मनोभाव को समझने के लिये महासमुंद आये हुये थे जहां पर छत्तीसगढ़ के 35 लाख उत्कल समाज को एक सूत्र में पिरोने वाले उत्कल ध्वज वाहक पुरन्दर मिश्रा ने बसना विधान सभा से अपनी दावेदारी पेश किया। विदित हो कि गत दिनों उत्कल समाज के विभिन्न जातियों के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन कर उत्कल भाषी प्रभाव वाले विधानसभाओं में विभिन्न दलों से जुड़े समाज के कार्यकर्ताओं को विधानसभा में प्रतिनिधित्व देने का प्रस्ताव रखा था। लम्बे समय से राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में कार्य करने काले पुरन्दर मिश्रा के बसना विधान सभा से दावेदारी पर समाज उनके साह खड़ा है। छत्तीसगढ़ सर्व ओड़िया समाज के अन्य कार्यकर्ता भी अपने अपने क्षेत्र से चुनाव लड़ने हेतु विभिन्न राजनीतिक दलों से दावेदारी कर रहे हैं उनका समाज समर्थन करता है।

## प्रेरणा रही पिथौरा का गौरव



**पिथौरा,** 26 अगस्त। छत्तीसगढ़ कलार समाज कौड़िया परिछेत्र पिथौरा के मंडलेश्वर पुनीत भैया एवं कलार समाज महिला मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला के बिटिया प्रेरणा (प्राची) सिन्हा को गुरुघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर से एमएससी केमेस्ट्री आर्गेनिक स्पेशलाइजेशन में 90 फीसदी अंक प्राप्ति के साथ पूरे यूनिवर्सिटी केमेस्ट्री विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर बहुत बहुत बधाई उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं अपने गृह ग्राम सरकड़ा में अपने रिजल्ट लेकर प्रथम बार घर आगमन पर सिन्हा परिवार व अपने रिस्तेदारो द्वार प्रेरणा सिन्हा का भव्य स्वागत किया क्या गया जिससे भविष्य में परिवार के सभी बच्चों को इनसे प्रेरणा मिल सके।

## कोई मतदाता न छूटे को लेकर अभियान



**नवापारा राजिम,** 26 अगस्त। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा, रायपुर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के अंतर्गत अध्ययनरत नवीन मतदाताओं एवं युवाओं को कोई मतदाता न छूटे अभियान के तहत लोकसभा/विधानसभा की मतदाता सूची में पंजीकरण कराने के लिये स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह एवं योगेश कुमार देवांगन द्वारा वोटर हेल्पलाईन एप के द्वारा आन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु 24 अगस्त 2023 से 25 अगस्त 2023 तक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ऑफ्लाइन मोड के माध्यम से भी छात्राओं ने मतदाता सूची में अपना पंजीकरण कराया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता प्रसारित करना है। इस कार्यशाला के माध्यम से 100 से अधिक छात्राओं का पंजीकरण कराया गया। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री एल.एम. यादव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अविनाश बने प्रदेश कांग्रेस सचिव



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के पूर्व अध्यक्ष एवम वर्तमान जनपद सदस्य अविनाश मिश्रा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश सचिव बनाया गया। अविनाश मिश्रा ने अपनी नियुक्ति के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का आभार व्यक्त किया है।

## हथियार लहरा कर राहगीरों को डराने वाले युवक गिरफ्तार



**खरोरा,** 26 अगस्त। खरोरा नया बस स्टैण्ड में एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार चाकू रखकर लहराते हुए आने जाने वाले राहगीरो को डरा धमका रहा है। जिसकी सूचना थाना खरोरा में दी गई तस्दीक हेतु सहायक उप निरीक्षक सुरेश चंद्र यादव द्वारा पेट्रोलिंग आरक्षक 2074 हरिशंकर यादव, आरक्षक 2826 रिषी टंडन की टीम तैयार कर थाना प्रभारी महोदय के आदेशानुसार रवाना होकर ग्राम खरोरा नया बस स्टैण्ड पहुंच कर जहां पर आरोपी उत्तम उर्फ पुरुषोत्तम ठाकुर को अपने पास चाकू रखकर लहराते हुए घुमते हुए घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक स्टील का धारदार चाकू गवाहो के समक्ष जप्त कर थाना खरोरा के अपराध क्रमांक 589/2023 धारा 15, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी उत्तम उर्फ पुरूषोत्तम पिता पुनित राम ठाकुर उम्र 19 साल साकिन भीमखोज संतोषी नगर थाना खल्लारी जिला महासमुंद को गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय रायपुर रवाना किया गया है।

## प्रतिबंधित डिस्पोजल झिल्ली डंप कर रहे कुछ व्यापारी

**नवापारा राजिम,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। प्रतिबंधित डिस्पोजल झिल्ली डंप करने और खपाने से अंचल के व्यापारी सहित नगर में कुछ व्यापारी बाज नहीं आ रहे है। नगरपालिका अपनी जबाबदारी नही दिखाने से व्यापारियों के हौसले बुलंद है इसके बाद भी शहर के कुछ व्यापारी अधिक कमाई के चक्कर में नियम कायदों को नजर अंदाज कर इसकी बिक्री करने और माल को अधिक मात्रा में डंप करने से बाज नहीं आ रहे है। सालभर में कभी कभार कार्यवाही कर खाना पूर्ति कर छोड़ देने के कारण जहां देखो खुलेआम बाजारों,होटलों,डेलिनिड्स पान ठेलो ,ढाबों में इसे खपाया जा रहा है कार्यवाही की जाती तो झिल्ली डिस्पोजल जप्त करते तो शायद बरसात में नालिया जाम नही होती जिससे नाली का पानी नाली की जगह सड़को,गलियों में नही बहता। विदित हो कि मानव जीवन के साथ साथ पर्यावरण की सेहत को लेकर झिल्ली और डिस्पोजल पर शासन व्दारा प्रतिबंध लगाया गया है और यह प्रतिबंध लगे भी काफी समय हो रहा है। यही वजह है कि नगरपालिका को बार बार अभियान चलाकर ऐसे व्यापारियों की दुकानों, गोदामों से प्रतिबंधित सामग्री जप्ती की कार्यवाही करनी चाहिए.

## रक्षाबंधन पर भद्रा का भूत, 31 को मनाएं : पं. श्यामशंकर

**नवापारा राजिम**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। इस वर्ष भाई-बहनों का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन फिर भद्राकाल के कारण दो तिथियों में उलझकर रह गया है। किन्तु रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हमें भद्रा के भूत से भयभीत नहीं होना है क्योंकि आगामी 30 अगस्त को रात 9.02 बजे से 31 अगस्त गुरूवार प्रात: 7.05 बजे बहने भाई के कलाई में राखी बांध सकेंगी। चूंकि 30 अगस्त को भद्राकाल है। जिसमे राखी बांधना अशुभ माना गया है।रक्षाबंधन पर बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी आयु की कामना करती है वही भाई अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है।भाई बहन के पवित्र त्यौहार ने इस बार 30 अगस्त के दिन सावन पूर्णिमा का भद्रा का साया होने से दिन भर राखी बांधना अशुभ माना गया है। फलस्वरुप भद्रा की समाप्ति 30 अगस्त रात्रि 9.02 के बाद से रक्षा सूत्र बांधने का शुभ मुहूर्त माना गया है। यह क्रम 31अगस्त को सूर्योदय प्रात: 5 बजे से सुबह 7.05 बजे तक जारी रहेगा। अर्थात बहने अपने भाईयों के कलाइयो में 31 अगस्त को अल सुबह राखी बांध सकेंगी। शास्त्र के अनुसार भद्रा काल में सभी शुभ कार्य वर्जित माने गए हैं। नगर सहित अंचल के प्रख्यात ज्योतिष श्यामशंकर राधारमन उपाध्याय महाराज के अनुसार 31 अगस्त गुरुवार को रक्षा सूत्र बांधना व रक्षाबंधन पर्व मानना लोगों के लिए कल्याणकारी रहेगा।

## रेड अंडर 19 की टीम में सूर्यकांत का चयन



**सिमगा,** 26 अगस्त। छत्तीसगढ़ रेड अंडर 19 की टीम में सिमगा के सूर्यकांत तिवारी का हुआ चयन।सूर्यकांत तिवारी जिसका वन डे, और स्त्रड्ढ4ह्य के कई प्रैक्टिस मैच खेला जाना है। पहला वन डे मैच 4 सितंबर से पांडिचेरी में खेला जाएगा जिसके लिए टीम 2 सितंबर से रायपुर से रवाना होगी। सूर्यकांत के चयन पर परिवार जनों एवं सिमगा नगर वासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है।

## बीईओ आरंग ने कराई निष्पक्ष मतदान की शपथ व जागरूकता के लिए प्रेरित

**आरंग,** 26 अगस्त। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर कलेक्टर एवम अनुविगायीय अधिकारी राजस्व अतुल विश्वकर्मा आरंग के निर्देशों पर प्रकाश डालते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन पी कुर्रे ने अरुंधती देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में संकुलों से आए शिक्षकों को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलवाई और कहा कि उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के माध्यम से जागरूकता के लिए के लिए भाषण, निबंध, क्विज, गीत संगीत, स्लोगन,वादविवाद एवं प्रार्थना सभा में जागरूकता नारे, विद्यार्थियों का अपने पालक गण, परिजनों को प्रेरित करना आदि गतिविधियां करवाकर लोकतंत्र के प्रति हम अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर हम सबको पोस्टल बैलेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए इस अवसर पर स्वीप प्रभारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव ने प्रोजेक्टर के माध्यम से तीन जागरूकता गीत भी प्रस्तुत किए तथा कार्यक्रम में सीएसी गण परमेश्वर चतुर्वेदानी, अमित अग्रवाल,पोखन साहू,नूतन मंडल एवं व्याख्याता लोकेश्वर साहू, कमलेश साहू, सुरेश देवांगन, आशा रानी भगत, एम रावते, हेमलता यादव ,प्रदीप मार्टिन एवम शिक्षक गण नितिन मिश्रा, एंजेलिना पीटर, यशवंत साहू, केसरी ढिढी, रोशनी प्रधान, तनुजा साहू, गिरधारी लाल, संध्या चंद्राकर, संगीता चंद्राकर, छत्रपति चंद्राकर, राजेश स्वर्णकर, जागेश्वर चंद्राकर, लीलामति पटेल, अनुसुइया साहू ,पूर्णिमा साहू, श्वेता पाल, पुरुषोत्तम साहू, धर्मेंद्र दीवान, अश्रिता प्रधान, प्रेरणा चंद्राकर, चमेली ध्रुव, रूप किरण गहरवाल, सावित्री साहू, ज्योति मिंज, रेणुका साहू, खिरोदनी साहू, मेघनाथ सिन्हा, मुरारी लाल सोनी आदि की सहभागिता रही।




## घर में घुसकर जबरदस्ती शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। चौकी बिरेझर क्षेत्रांतर्गत प्रार्थिया द्वारा बिरेझर चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 अगस्त को घर में अकेली थी उसी समय ओमकार साहू पिता धनी राम साहू,उम्र 25 वर्ष निवासी मौरीकला, थाना-कुरूद,जिला-धमतरी घर में जबरदस्ती घुसकर प्रार्थिया से शारीरिक संबंध बनाया गया एवं यह बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया गया कि प्रार्थिया के रिपोर्ट पर आरोपी ओमकार साहू के कृत्य अपराध क्र.536/23 धारा 450,376, 506 भादवि0 का घटित करना पाये जाने से अपराध धारा का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा महिला संबंधी मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. कुरूद कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में चौकी बिरेझर प्रभारी उनि. उमाकांत तिवारी एवं टीम द्वारा आरोपी कि त्वरित पतासाजी कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि. उमाकांत तिवारी, सउनि. जगदीश सोनवानी, दक्ष साहू, आर. भूपेंद्र पदमशाली, जितेंद्र चंद्राकर का विशेष योगदान रहा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### दलदली रास्ता पारकर...

करके बैठे है। लेकिन न ही प्रशासन और न ही पंचायत प्रतिनिधियों के कान में जूं तक नही हुआ।सभी कुम्भकर्णी निद्रा में सोये हुय किसी अप्रिय घटना की राह देख रहे है। ग्रामवासी घासी सोनी, तोरण निषाद, खुमान निषाद, दिलीप साहू, राकेश साहू, मनहरण सेन, निर्मल साहू, चम्पू साहू, दूज राम साहू, होमनारायन साहू, कनक साहू,शेखर साहू, घनश्याम सोनी, टीकम साहू, किशन साहू, विजय साहू, आदि ग्रामीण उपस्थिति थे।

## मुख्य शाखा प्रबंधक ने पेंशनरों का सहयोग करने दिया आश्वासन

**बलौदाबाजार,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के द्वारा शुक्रवार 25 अगस्त को पेंशनर्स मीट का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर के पेंशनर्स एसोसिएशन एवम पेंशनधारी कल्याण संघ के सौ से अधिक सदस्य उपस्थित थे।

एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष एस डी पड़वार ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार दुबे का स्वागत करते हुए पेंशनर्स की समस्या बताते हुए कहा कि आहरण काउंटर पर भीड़ अधिक होने के कारण बुजुर्ग पेंशनरों को कतार में आना पड़ता है जो उनके लिए कष्ट कारक होता है अत: वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउंटर खोल जाय। इसी तरह जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के समय अति बुजुर्गों को आना संभव नही होता है अत: उनके लिए ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे उन्हें बैंक न आना पड़े। मुख्य शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार दुबे ने दोनों मांगों को स्वीकार करते हुए व्यवस्था दी कि अलग काउंटर दिया जाएगा और यदि अशक्त व्यक्ति मोबाइल से भी वीडियो कॉलिंग से अपने होने की जानकारी देते हैं तो उसे मान्य कर लिया जाएगा।मुख्य शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार दुबे ने पेंशनरों के हित की प्रमुख योजनाओं पर भी विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि अपनी पेंशन के प्रति सजग रहें और अपने बच्चों को अपना ए टी एम कार्ड भावना वश न दें व अपने खाते के प्रति सजग रहें। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों से उससे होने वाले नुकसानों को समझाया। इस अवसर पर अवार्ड स्टाफएम्प्लाइज यूनियन रीजन 5 के रीजनल सेक्रेटरी व कार्यक्रम के विशेष अतिथि जॉन गुलशन बारला ने भी पेंशनरों के हित मे बताया कि बलौदाबाजार रीजन में महासमुंद, बलौदाबाजार, बेमेतरा व कबीरधाम ये 4 जिले आते हैं और इन 4 जिलों की 42 एस बी आई शाखाओं में से किसी भी शाखा के पेंशनरों को कोई परेशानी आती है तो वे अपने जिला अध्यक्ष एस एम पाध्ये के माध्यम से हम तक बात पहुंचाएं हम उसका त्वरित निराकरण करने का आश्वासन देते हैं उन्होंने कहा।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष एस एम पाध्ये, तहसील अध्यक्ष एस डी पड़वार,प्रांतीय महा मंत्री डी पी जैन,जिला अध्यक्ष कल्याण संघ जामवंत वर्मा,महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती लता कश्यप सहित दोनों संघों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो.एस एम पाध्ये ने किया व डी पी जैन ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन पंचशील नगर स्थित योग भवन में किया गया।

## अमेरा में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन




**अमेरा/बलौदाबाजार**, 26 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 21 अगस्त से 24 अगस्त तक ग्राम पंचायत अमेरा के मिनी स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के 16 प्रकार के पारंपरिक खेलों जैसे, खो-खो, कबड्डी, बांटी, भंवरा, पिट्ठूल, रस्साकसी, फुगड़ी, सांखली, लम्बी कूद, लँगड़ी दौड़, 100 मीटर दौड़, गिल्ली डंडा, गेड़ी दौड़, रस्सी कूद, बिल्लस व कुश्ती का खेल सम्पन्न हुआ। इसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत अमेरा के सरपंच लखेश्वरी साहू,सचिव परसराम साहू, युवा मितान क्लब के अध्यक्ष अरुण देवांगन, योगेश कुमार पटेल संकुल समन्वयक व रेफरी के रूप में ईश्वर लाल साहू (युवा खेल प्रभारी पलारी), हेमलता कनोजे, राजेश मांडले, आशीष ठाकुर, दीपमाला साहू, शिक्षक विद्याचरण वर्मा, मुकेश कुमार टण्डन, हेमराज हरबंश, मोहन लाल वर्मा, द्वारिका फेकर, बिहारी लाल साहू, भैलेंद्र रात्रे, संजय बंजारे, ममता वर्मा सेवक राम वर्मा, नेहा उपाध्याय, टाईमेश्वरी साहू, संजय वर्मा, धैर्य सर, तिरुपति नारायण पटेल व भरत लाल साहू आदि का विशेष सहयोग रहा।

## निधन

### नरेंद्र चंद्राकर



**महासमुंद,** 26 अगस्त। खल्लारी विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र चंद्राकर का दुखद निधन हो गया है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम सुबह 10 बजे गृह ग्राम चुरकी में किया जाएगा।


### रामकुमार मिश्रा



**अभनपुर,** 26 अगस्त। अभनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षक अभनपुर ऊरला निवासी रामकुमार मिश्रा 92 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल सवेरे 10.00 बजे निज निवास उरला से निकलेगी। वे दीनबंधु मिश्रा, प्रमोद मिश्रा व संजय मिश्रा वकील के पिता थे।



संकल्प शिविर
के आयोजन पर पधारे
आप सभी जनों का
हार्दिक अभिनन्दन है ....
श्रीमती शारदा सोनी
प्रदेश महासचिव - महिला कांग्रेस
वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेवी


मा.सोनिया गांधी
मा. प्रियंका गांधी
मा. कुमारी शैलजा
मा. टी.एस.सिंहदेव
मा. चरणदास महंत
मा. ताम्रध्वज साहू
संकल्प शिविर बलौदाबाजार
27 अगस्त 2023
भरोसा बरकरार-फिर से कांग्रेस सरकार
सुरेन्द्र शर्मा
शैलेश नितिन त्रिवेदी
विद्याभूषण शुक्ला
हितेन्द्र ठाकुर
संकल्प शिविर में पधार रहे अतिथियों का
हार्दिक अभिनंदन....हार्दिक स्वागत....
विक्रम गिरी
अध्यक्ष
ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण
बलौदाबाजार
रूपेश ठाकुर
अध्यक्ष
शहर कांग्रेस कमेटी
बलौदाबाजार


संकल्प शिविर
कसडोल विधानसभा
में पधारे
समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत
अभिनंदन
हितेन्द्र ठाकुर
भरोसे की
सरकार
फिर इस बार
रोहित साहू
सदस्य - तेलघानी विकास बोर्ड छ.ग. शासन
अध्यक्ष - तह.साहू समाज पलारी
उपाध्यक्ष - जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार
उपसरपंच - ग्राम पंचायत लटेरा
विधानसभा कसडोल,मो.9926886381
सुनील कुर्रे
गुरूदयाल यादव
रामप्रसाद


विधानसभा कसडोल
संकल्प
शिविर में
मुख्यमंत्री मान. श्री भूपेश बघेल जी
एवं समस्त अतिथियों का
पलारी नगर में हार्दिक
स्वागत अभिनंदन
भरोसा बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार
प्रवीण कुमार धुरंधर
सभापति
कृषि विभाग जनपद पंचायत पलारी


छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र,
ऊर्जावान, किसान हितैषी
मान. मुख्यमंत्री
श्री भूपेश बघेल जी
व कार्यकर्ताओं
का स्वागत
अभिनंदन
मा. कुमारी शैलजा जी
छ.ग. कांग्रेस प्रभारी
मा. श्री दीपक बैज जी
छ.ग. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष
मा.श्री सतीश अग्रवाल जी
सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन
संतोष अग्रवाल
ब्लॉक कांग्रेस शहर उपाध्यक्ष भाटापारा


भाटापारा धान की
नगरी में पधारे किसान पुत्र
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री व कार्यकर्ताओं
का स्वागत अभिनंदन
संतोष सोनी
महामंत्री
सचिन शर्मा
सुशील शर्मा
मंडी अध्यक्ष
सौजन्य :- एक शुभचिंतक


अन्नपूर्णा नगरी भाटापारा में
संकल्प शिविर में पधारे किसान पुत्र
माननीय श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री एवं समस्त
कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार...
राधेश्याम शर्मा (जग्गा भैया)
समाज सेवी भाटापारा
विनीत:- समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता विधानसभा भाटापारा


भरोसे की सरकार
अब की बार
75 पार
हैं तैयार
हम
बलौदाबाजार विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर में
पधार रहें समस्त अतिथियों
एवं कांग्रेसजनों का
हार्दिक स्वागत अभिनंदन
शैलेश नितिन त्रिवेदी
अध्यक्ष
छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम
विक्रम गिरी
रूपेश सिंह ठाकुर
भुनेश्वर वर्मा
देवा टण्डन
बलदाऊ साहू
हितेन्द्र ठाकुर
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा